Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

व्यापादित।

अहिहर सक [अभि+हृ] लेना। उठाना। अक. शोभना। प्रतिभास होना, लगना।

अहिहर न [दे] देवकुल, पुराना देवमन्दिर। वल्मीक।

अहिहव सक [अभि+भू] पराभव करना।

अहिहाण न [दे. अभिधान] वर्णन, प्रशंसा।

अहिहाण देखो **अभिहाण**।

अहिहू देखो **अहिहव**।

अहिहूअ वि [अभिभूत] परास्त।

अही सक [अधि+इ] पढ़ना।

अही स्त्री. नागिन।

अहीकरण न [अधिकरण] कलह, झगड़ा।

अहीगार देखो **अहिगार**।

अहीण वि [अधीन] आयत्त।

अहीण वि [अहीन] अन्यून, पूर्ण।

अहीय देखो **अहिय** = अधिक।

अहीय वि [अधीत] पठित।

अहीरग वि [अहीरक] तन्तु-रहित (फलादि)।

अहीरु वि [अभीरु] निडर।

अहीलास देखो **अहिलास**।

अहीसर पुं [अधीश्वर] परमेश्वर।

अहुआसेय वि [अहुताशेय] अग्नि के अयोग्य।

अहुणा अ [अधुना] अभी, इस समय, आज-कल।

अहुणि (पै) देखो **अहुणा**।

अहुलण वि [अमार्जक] अनाशक।

अहुल्ल वि [अफुल्ल] अविकसित।

अहुवंत वकृ [अभवत्] न होता हुआ।

अहूण देखो **अहीण** = अहीन।

अहूव वि [अभूत] जो न हुआ हो। °**पुव्व** वि [°पूर्व] जो पहले कभी न हुआ हो।

अहे अ [अधस्] नीचे। °**कम्म** न [कर्मन्] आधाकर्म, भिक्षा का एक दोष। °**काय** पुं. शरीर का निचला हिस्सा। °**चर** वि. बिल आदि में रहने वाले सर्प वगैरह जन्तु। °**तारग** पुं [°तारक] पिशाच-विशेष। °**दिसा** स्त्री [°दिक्] नीचे की दिशा। °**लोग** पुं [°लोक] पाताल-लोक। °**वाय** पुं [°वात] नीचे बहनेवाला वायु। अपानवायु, पर्दन। °**वियड** वि [°विकट] भित्त्यादिरहित स्थान, खुला स्थान। °**सत्तमा** स्त्री [°सप्तमी] सातवीं या अन्तिम नरकभूमि। देखो **अहो** = अधस्।

अहे देखो **अह** = अथ।

अहेउ पुं [अहेतु] सत्य हेतु का विरोधी, हेत्वाभास। वि. कारणरहित, नित्य। °**वाय** पुं [°वाद] आगमवाद, जिसमें तर्क—हेतु को छोड़कर केवल शास्त्र ही प्रमाण माना जाता हो ऐसा वाद।

अहेकम्म पुंन [अधःकर्मन्] अधोगति में ले जाने वाला कर्म। भिक्षा का आधाकर्म दोष।

अहेसणिज्ज वि [यथैषणीय] संस्काररहित, कोरा।

अहेसर पुं [अहरीश्वर] सूर्य।

अहो देखो **अह** = अधस्। °**करण** न. कलह। °**गइ** स्त्री [°गति] नरक या तिर्यग्योनि। अवनति। °**गामि** वि [°गामिन्] दुर्गति में जानेवाला। °**तरण** न. झगड़ा। °**मुह** वि [°मुख] अधोमुख, अवनत मुख, लज्जित। °**लोइय** वि[°लौकिक]पाताल लोक से सम्बन्ध रखने वाला। °**हि** वि [°अवधि] नीचे दर्जा का अवधिज्ञान वाला। पुंस्त्री. नीचे दर्जा का अवधिज्ञान, अवधिज्ञान का एक भेद।

अहो अ [अहनि] दिवस में।

अहो अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय—आश्चर्य। शोक। आमन्त्रण, संबोधन। वितर्क। प्रशंसा। असूया, द्वेष। दीनता। °**दाण** न [°दान] आश्चर्य-कारक दान। °**पुरिसिगा**, °**पुरिसिया** स्त्री [°पुरुषिका] अभिमान। °**विहार** पुं. संयम का आश्चर्यजनक अनुष्ठान।

अहो° पुंन [अहन्] दिवस। °**णिस**, **निस**,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निसि न [°निश] रात और दिन, दिन-रात। °रत्त पुं [°रात्र] दिन और रात्रि परिमित काल, आठ प्रहर। चार-प्रहर का समय। °राइया स्त्री [°रात्रिकी] ध्यान-प्रधान अनुष्ठान-विशेष। °राइंदिय न [°रात्रिन्दिव] दिनरात।

अहोरण न [दे] उत्तरीय वस्त्र, चादर।

आ

आ पुं [आ] प्राकृत वर्णमाला का द्वितीय स्वर-वर्ण। इन अर्थों का सूचक अव्यय—अ. मर्यादा, सीमा। अभिविधि, व्याप्ति। थोड़ापन, चारों ओर। अधिकता, विशेषता। स्मरण। आश्चर्य। क्रियाशब्द के योग में अर्थविस्तृति और विपर्यय। वाक्य की शोभा के लिए भी इसका प्रयोग होता है। पादपूर्ति में प्रयुक्त किया जाता अव्यय।

आ अ. नीचे।

आ अ. [आस्] इन अर्थों का सूचक अव्यय—खेद। दुःख। गुस्सा।

आ सक [या] जाना।

आअ वि [दे] बहुत। लम्बा। विषम, कठिन। न. लोहा। मुसल।

आअ वि [आगत] आया हुआ।

आअअ वि [आगत] आया हुआ।

आअअ वि [आयत] लम्बा, विस्तीर्ण।

आअंछ सक [कृष्] खींचना। जोतना, चास करना। रेखा करना।

आअंतुअ देखो आगंतुय।

आअंब वि [आताम्र] थोड़ा लाल।

°आअंब पुं [कादम्ब] हंस।

आअक्ख सक [आ + चक्ष्] कहना, बोलना, उपदेश करना।

आअच्छ देखो आगच्छ।

आअड्ड अक [दे] परवश होकर चलना।

आअड्ड अक [व्या + पृ] काम में लगना।

आअड्डिअ वि [दे] दूसरे की प्रेरणा से चला हुआ।

आअत्ति देखो आयइ।

आअद देखो आगय।

आअम देखो आगम।

आअर सक [आ + दृ] आदर करना, सत्कार करना।

आअर न [दे] ऊखल। कूर्च।

आअल्ल पुं [दे] रोग। वि. चंचल। देखो आयल्लया।

आअल्लि } स्त्री [दे] झाड़ी, लताओं से
आअल्ली } निबिड प्रदेश।

आअव्व अक [वेप्] काँपना।

आआमि देखो आगामि।

आआस देखो आयंस।

आइ सक [आ + दा] ग्रहण करना, लेना।

आइ पुं [आदि] प्रथम। प्रभृति। समीप। प्रकार, भेद। अवयव, अंश। प्रधान, मुख्य। उत्पत्ति। संसार। °गर वि [°कर] आदि प्रवर्त्तक। पुं. भगवान् ऋषभदेव। °गुण पुं. सहभावी गुण। °णाह पुं [°नाथ] भगवान् ऋषभदेव। °तित्थियर पुं [°तीर्थंकर] भगवान् ऋषभदेव। °देव पुं. भगवान् ऋषभदेव। °म पुं. प्रथम। °मूल न. मुख्य कारण। °मोक्ख पुं [°मोक्ष] संसार से छुटकारा, मोक्ष। शीघ्र ही मुक्त होने वाली आत्मा। °राय पुं [°राज] भगवान् ऋषभदेव। °वराह पुं. कृष्ण, नारायण।

आइ वि [आदिन्] खानेवाला।

आइ स्त्री [आजि] संग्राम।

आइअंतिय देखो अच्चंतिय।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आइं अ [दे] वाक्य की शोभा के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला अव्यय।

आइंखणा, आइंखणिया, आइंखिणिया स्त्री [दे] देवता-विशेष, कर्ण पिशाचिका देवी। डोमिनी, चांडाली।

आइंग न [दे] वाद्य-विशेष।

आइंच देखो आयंच।

आइंच देखो अक्कम = आ + क्रम्।

आइंचवार पुं [आदित्यवार] रविवार।

आइंचिय वि [आदित्यिक] आदित्य-सम्बन्धी।

आइंछ देखो आअंछ।

आइक्ख सक [आ + चक्ष्] कहना, उपदेश देना।

आइक्खग वि [आख्यायक] कहनेवाला, वक्ता।

आइक्खण न [आख्यान] कथन, उपदेश।

आइक्खिया स्त्री [आख्यायिका] वार्ता, कहानी। एक प्रकार की मैली विद्या, जिससे चाण्डालिनी भूत-काल आदि की परोक्ष बातें कहती है।

आइग्ग वि [आविग्न] उद्विग्न, खिन्न।

आइग्घ सक [आ + घ्रा] सूंघना।

आइच्च अ [दे] कोईबार।

आइच्च पुं [आदित्य] सूर्य। लोकान्तिक देव-विशेष। न. देवविमान-विशेष। पुं. तन्निवासी देव। वि. आद्य। सूर्य-सम्बन्धी। °गइ पुं [°गति] राक्षस वंश के एक राजा का नाम। °जस पुं [°यशस्] भरत चक्रवर्ती का एक पुत्र, जिससे इक्ष्वाकु वंश की शाखारूप सूर्य-वंश की उत्पत्ति हुई थी। °पभ न [°प्रभ] इस नाम का एक नगर। °पीढ न [°पीठ] भगवान् ऋषभदेव का एक स्मृतिचिह्न—पाद-पीठ। °रक्ख पुं [°रक्ष] इस नाम का लङ्का का एक राजपुत्र। °रय पुं [°रजस्] वानर वंश का एक विद्याधर राजा।

आइज्ज देखो आएज्ज।

आइज्जमाण वकृ [आर्द्रीक्रियमाण] भींजाया जाता।

आइट्ठ वि [आदिष्ट] उक्त, उपदिष्ट। विव-क्षित।

आइट्ठ वि [आविष्ट] अधिष्ठित, आश्रित।

आइट्ठि स्त्री [आदिष्टि] धारणा।

आइड्ढि स्त्री [आत्मर्द्धि] आत्मा की शक्ति।

आइड्ढिय वि [आत्मर्द्धिक] आत्मीय शक्ति-सम्पन्न।

आइड्ढिय वि [आकृष्ट] खींचा हुआ।

आइण्ण देखो आइन्न।

आइत्त वि [आदीप्त] थोड़ा प्रकाशित—ज्वलित।

आइत्त वि [आयत्त] अधीन, वशीभूत।

आइत्तु वि [आदातृ] ग्रहण करने वाला।

आइत्थ न [आतिथ्य] अतिथि-सत्कार।

आइदि स्त्री [आकृति] आकार।

आइद्ध वि [आविद्ध] प्रेरित। छूआ हुआ। पहना हुआ।

आइद्ध वि [आदिग्ध] व्याप्त।

आइन्न वि [आकीर्ण] व्याप्त, भरा हुआ। पुं. वस्त्रदायक कल्पवृक्ष।

आइन्न वि [आचीर्ण] आचरित, विहित।

आइन्न वि [आदीर्ण] उद्विग्न, खिन्न।

आइन्न पुं [दे] कुलीन घोड़ा।

आइप्पण न [दे] आटा। घर की शोभा के लिए जो चूना आदि की सफेदी दी जाती है वह। चावल के आटा का दूध। घर का मण्डन—भूषण।

आइय (अप) वि [आयात] आया हुआ।

आइय वि [आचित] एकत्रीकृत। व्याप्त। ग्रथित, गुम्फित।

आइय वि [आदृत] आदरप्राप्त।

आइयण न [आदान] ग्रहण।

आइयणया स्त्री [आदान] उपादान।

आइरिय देखो आयरिय = आचार्य।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आइल वि [आविल] कलुष, अस्वच्छ।

आइल्ल } वि [आदिम] प्रथम।
आइल्लिय }

आइवाहिअ पुं [आतिवाहिक] देव-विशेष, जो मृत जीव को दूसरे जन्म में ले जाने के लिए नियुक्त है।

आइवाहिग पुं [आतिवाहिक] मार्गदर्शक।

आइस सक [आ + दिश्] आदेश करना, हुकुम करना।

आइसण वि [दे] परित्यक्त।

आईण वि [आदीन] बहुत गरीब। न. दूषित भिक्षा।

आईण पुं [दे] जातिमान् अश्व।

आईण न [आजिन] चमड़े का बना हुआ वस्त्र। पुं. द्वीप-विशेष। समुद्र-विशेष। °भद्द पुं [°भद्र] आजिन-द्वीप का अधिष्ठाता देव। °महाभद्द पुं [°महाभद्र] देखो पूर्वोक्त अर्थ। °महावर पुं. आजिन और आजिनवर नामक समुद्र का अधिष्ठाता देव। °वर पुं. द्वीप-विशेष। समुद्र-विशेष। आजिन और आजिनवर समुद्र का अधिष्ठाता देव। °वरभद्द पुं [°वरभद्र] आजिनवरद्वीप का अधिष्ठाता देव। °वरमहाभद्द पुं [°वरमहाभद्र] देखो अनन्तर उक्त अर्थ। °वरोभास पुं [°वरावभास] द्वीप-विशेष। समुद्र-विशेष। °वरोभासभद्द पुं [°वरावभासभद्र] उक्त द्वीप का अधिष्ठायक देव। °वरोभासमहाभद्द पुं [°वरावभासमहाभद्र] देखो पूर्वोक्त अर्थ। °वरोभासमहावर पुं [°वरावभासमहावर] अजिनवराभास नामक समुद्र का अधिष्ठाता देव। °वरोभासवर [°वरावभासवर] देखो अनन्तरोक्त अर्थ।

आईनीइ स्त्री [आदिनीति] सामरूप पहली राजनीति।

आईय देखो आइ = आदि।

आईय वि [आतीत] विशेष-ज्ञात। संसार में घूमनेवाला।

आईल पुंन [आचील] पान का थूकना।

आईव अक [आ + दीप्] चमकना।

आईसर पुं [आदीश्वर] भगवान् ऋषभदेव।

आउ स्त्री [दे] पानी। इस नाम का एक नक्षत्र-देव। °काय, °क्काय पुं [°काय] जल का जीव। °काइय, °क्काइय पुं [°कायिक] जल का जीव। °जीव पुं. जल का जीव। °बहुल वि. जल-प्रचुर। रत्नप्रभा पृथिवी का तृतीय काण्ड।

आउ अ [दे] अथवा।

आउ } न [आयुष्] आयु, जीवनकाल। वय। आयु के कारणभूत कर्म-पुद्गल। °क्काल पुं [°काल] मृत्यु। °क्खय पुं [°क्षय] मरण। °क्खेम न [°क्षेम] आयु-पालन, जीवन। °विज्जा स्त्री [°विद्या] चिकित्साशास्त्र। °व्वेय पुं [°वेद] चिकित्सा-शास्त्र।
आउअ }

आउंच सक [आ + कुञ्चय्] संकुचित करना, समेटना।

आउंचिअ वि [आकुञ्चित] संकुचित। उठाकर धारण किया हुआ।

आउंजि वि [आकुञ्चिन्] संकुचनेवाला। निश्चल।

आउंट देखो आउट्ट = आ-वर्त्तय्।

आउंट अक [आ + कुञ्च्] संकोचना।

आउंटण न [आकुण्टन] आवर्जन।

आउंबालिय वि [दे] आप्लावित, डुबाया हुआ, पानी आदि द्रवपदार्थ से व्याप्त।

आउक्क } देखो आउ = आयुष्।
आउग }

आउच्छ सक [आ + प्रच्छ्] आज्ञा लेना। अनुज्ञा लेना।

आउच्छणा स्त्री [आप्रच्छना] प्रश्न।

आउच्छिय वि [आपृष्ट] जिसकी आज्ञा ली गई हो वह।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आउज्ज देखो आओज्ज = आतोद्य ।

आउज्ज पुं [आवर्ज] सम्मुख करना । शुभ क्रिया ।

आउज्ज वि [आवर्ज्य] सम्मुख करने योग्य ।

आउज्ज वि [आयोज्य] सम्बन्ध करने योग्य ।

आउज्जिय वि [आतोद्यिक] वाद्य बजानेवाला ।

आउज्जिय वि [आयोगिक] उपयोगवाला, सावधान ।

आउज्जिया स्त्री [आवर्जिका] क्रिया, व्यापार । °करण न. शुभ व्यापार-विशेष ।

आउज्जीकरण न [आवर्जीकरण] शुभ व्यापार-विशेष ।

आउट्ट सक [आ + वृत्] करना । भूलाना । व्यवस्था करना । अक. सम्मुख होना, तत्पर होना । निवृत्त होना । घूमना ।

आउट्ट सक [आ + कुट्ट्] छेदन करना, हिंसा करना ।

आउट्ट वि [आवृत्त] निवृत्त, पीछे फिरा हुआ । भ्रामित, भुलाया हुआ । ठीक-ठीक व्यवस्थित । कृत, विहित ।

आउट्ट, आउट्टिअ } वि [आदृत] आदर-युक्त ।

आउट्टण न [आवर्त्तन] आराधन, सेवा, भक्ति । अभिमुख होना, तत्पर होना । इच्छा । घूमाना, भ्रमण । निवृत्ति । करना, क्रिया, कृति ।

आउट्टणया स्त्री [आवर्त्तनता] अपायज्ञान ।

आउट्टावण न [आवर्त्तन] अभिमुख करना, तत्पर करना ।

आउट्टि स्त्री [आकुट्टि] हिंसा, मारना । निर्दयता ।

आउट्टि स्त्री [आवृत्ति] देखो आउट्टण = आवर्तन । बार-बार करना, पुनः-पुनः क्रिया ।

आउट्टि वि [आकुट्टिन्] मारनेवाला, हिंसक । अकार्य-कारक ।

आउट्टि वि [दे] साढ़े तीन ।

आउट्टिम वि [आकुट्ट्य] कूटकर बैठाने योग्य (जैसे सिक्के में अक्षर) ।

आउट्टिय देखो आउट्ट = आवृत्त ।

आउट्टिय पुं [आकुट्टिक] दण्ड-विशेष ।

आउट्टिय वि [आकुट्टित] छिन्न, विदारित ।

आउट्टिया स्त्री [आकुट्टिका] पास में आकर करना ।

आउट्ठ वि [आतुष्ट] संतुष्ट ।

आउड सक [आ + जोडय्] सम्बन्ध करना, जोड़ना ।

आउड सक [आ + कुट्] कूटना, पीटना । ताडन करना, आघात करना ।

आउड सक [लिख्] लिखना ।

आउड्ड अक [मस्ज्] मज्जन करना, डूबना । तल्लीन होना ।

आउण्ण वि [आपूर्ण] पूर्ण, भरपूर, व्याप्त ।

आउत्त वि [आयुक्त] उपयोग वाला, सावधान । न. पुरीषोत्सर्ग । पुं. गाँव का नियुक्त किया हुआ मुखिया ।

आउत्त वि [आगुप्त] संक्षिप्त । संयत ।

आउत्थ वि [आत्मोत्थ] आत्म-कृत ।

आउर वि [आतुर] रोगी । उत्कण्ठित । पीडित ।

आउर न [दे] युद्ध । वि. बहुत । गरम ।

आउल सक [आकुलय्] व्याप्त करना । व्यग्र करना । दुःखी करना । संकीर्ण करना । प्रचुर करना ।

आउलि स्त्री [आतुलि] वृक्ष-विशेष ।

आउलीकर सक [आकुली + कृ] देखो आउल = आकुलय् ।

आउलीभूअ वि [आकुलीभूत] घबड़ाया हुआ ।

आउल्लय न [दे] जहाज चलाने का काष्ठमय उपकरण ।

आउस अक [आ + वस्] रहना, वास करना ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आउस सक [आ + क्रुश्] आक्रोश करना, शाप देना, निष्ठुर वचन बोलना ।
आउस सक [आ + मृश्] छूना ।
आउस सक [आ + जुष्] सेवा करना ।
आउस न [दे] कूर्च । क्षुरकर्म ।
आउस देखो आउ = आयुष् ।
आउस } वि [आयुष्मत्] दीर्घायु ।
आउसंत }
आउस्स देखो आउस = आ + क्रुश् ।
आउस्स पुं [आक्रोश] दुर्वचन, असभ्य वचन ।
आउस्सिय वि [आवश्यक] जरूरी । °करण न. मन, वचन और काया का शुभ व्यापार । मोक्ष के लिए प्रवृत्ति ।
आउह न [आयुध] शस्त्र । विद्याधर वंश के एक राजा का नाम । °घर न [°गृह] शस्त्र-शाला । °घरसाला स्त्री [°गृहशाला] देखो अनन्तर-उक्त अर्थ । °घरिय वि [°गृहिक] आयुधशाला का अध्यक्ष—प्रधान कर्मचारी । °गार न. शस्त्रगृह ।
आउहि वि [आयुधिन्] योद्धा, शस्त्रधारक ।
आऊड अक [दे] जुए में पण करना ।
आऊडिय न [दे] द्यूत-पण, जुए में की जाती प्रतिज्ञा ।
आऊर सक [आ + पूरय्] भरना, पूर्ति करना, भरपूर करना ।
आऊरिय वि [आपूरित] भरा हुआ, व्याप्त ।
आऊसिय वि [आयूषित] प्रविष्ट । संकुचित ।
आएज्ज वि [आदेय] ग्रहण करने के योग्य उपादेय । °णाम न [°नामन्] कर्म-विशेष, जिसके उदय से किसी का कोई भी वचन ग्राह्य माना जाता है ।
आएस वि [ऐष्यत्] आगामी, भविष्य में होने वाला ।
आएस पुं [आदेश] अपेक्षा । प्रकार, रीति । वि. नीचे देखो ।
आएस } पुं [आदेश] उपदेश, शिक्षा ।
आएसम } आज्ञा, हुकुम । विवक्षा, सम्मति । अतिथि । निर्देश । प्रमाण । इच्छा । दृष्टान्त । सूत्र, ग्रन्थ, शास्त्र । उपचार, आरोप । शिष्ट-सम्मत ।
आएस देखो आवेस ।
आएसण न [आदेशन, आवेशन] लोहा वगैरह का कारखाना, शिल्पशाला ।
आएसिय वि [आदेशिक] आदेश सम्बन्धी । विवाह आदि के जिमन में बचे हुए वे खाद्य-पदार्थ जिनको श्रमणों में बाँट देने का संकल्प किया गया हो ।
आओ अ [दे] अथवा ।
आओग पुं [आयोग] लाभ । अत्यधिक सूद के लिए करजा देना । परिकर, सरंजाम । अर्थो-पार्जन का साधन ।
आओग्ग पुं [आयोग्य] परिकर, सरंजाम ।
आओज्ज पुंन [आयोग्य] बाजा ।
आओज्ज वि [आयोज्य] सम्बन्ध-योग्य ।
आओड सक [आ + खोटय्] प्रवेश कराना, घुसेड़ना ।
आओडण न [आकोलन] मजबूत करना ।
आओडिअ वि [दे] ताडित ।
आओध अक [आ + युध्] लड़ना ।
आओस सक [आ + क्रुश्, क्रोशय्] आक्रोश करना, शाप देना ।
आओस पुं [दे] प्रदोष-समय, सन्ध्या-काल ।
आओसणा स्त्री [आक्रोशना] निर्भर्त्सना, तिरस्कार ।
आओहण न [आयोधन] युद्ध ।
आंत वि [अन्त्य] अन्त का ।
आकंख सक [आ + काङ्क्ष्] इच्छना ।
आकंद अक [आ + क्रन्द्] रोना, चिल्लाना ।
आकंप अक [आ + कम्प्] थोड़ा काँपना । तत्पर होना । आराधन करना । आवर्जन करना । थोड़ा चलना, प्रसन्न करना ।
आकड्ढ पुं [आकर्ष] खिंचाव । °विकड्ढि स्त्री [°विकृष्टि] खींच-तान ।
आकड्ढिय वि [दे] बाहर निकाला हुआ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आकण्णण न [आकर्णन] श्रवण ।

आकंदि देखो आकिंदि ।

आकम्हिय वि [आकस्मिक] अकस्मात् होनेवाला, बिना ही कारण होनेवाला ।

आकर पुं. खान । समूह ।

आकस देखो आगस ।

आकार देखो आगार ।

आकास देखो आगास ।

आकासिय वि [दे] पर्याप्त, काफी ।

आकिइ स्त्री [आकृति] स्वरूप, आकार ।

आकिंचण न [आकिञ्चन्य] निस्पृहता, निष्परिग्रहता ।

आकिंचणिय } देखो आकिंचण ।
आकिंचण्ण }

आकिट्ठि स्त्री [आकृष्टि] आकर्षण ।

आकिंदि देखो आकिड ।

आकुंच सक [आ + कुञ्चय्] संकोच करना ।

आकुट्ठ न [आक्रुष्ट] आक्रोश । वि. जिस पर आक्रोश किया गया हो वह ।

आकुल देखो आउल ।

आकूय न [आकूत] इङ्गित, इशारा । अभिप्राय ।

आकेवलिय वि [आकेवलिक] असम्पूर्ण ।

आकोडण न [आकोटन] कूट कर घुसेड़ना ।

आकोस देखो अक्कोस = आक्रोश ।

आकोसाय अक [आकोशाय्] विकसित होना ।

आक्कंद (मा) देखो आकंद ।

आखंच (अप) सक [आ + कृष्] पीछे खींचना ।

आखंडल पुं [आखण्डल] इन्द्र । °धणुह न [°धनुष्] इन्द्रधनुष । °भूइ पुं [°भूति] भगवान् महावीर के मुख्य शिष्य गौतम-स्वामी ।

आगइ स्त्री [आगति] आगमन ।

आगइ देखो आकिइ ।

आगंतगार } न [आगन्त्रगार] धर्मशाला,
आगंतार } मुसाफिरखाना ।

आगंतु वि [आगन्तृ] आनेवाला ।

आगंतुग } वि. [आगन्तुक] आनेवाला ।
आगंतुय } अतिथि । कृत्रिम, अस्वाभाविक ।

आगंप सक [आ + कम्पय्] कँपाना, हिलाना ।

आगच्छ सक [आ + गम्] आना, आगमन करना ।

आगत देखो आगय ।

आगत्ती स्त्री [दे] कूप-तुला ।

आगम सक [आ + गम्] आना, आगमन करना । जानना ।

आगम पुं. समागम । ज्ञान, जानकारी । आगमन । शास्त्र, सिद्धान्त । °कुसल वि [°कुशल] सिद्धान्तों का जानकार । °ज्ज वि [°ज्ञ] शास्त्रों का जानकार । °णीइ स्त्री [°नीति] आगमोक्त विधि । °ण्णु वि [°ज्ञ] शास्त्रों का जानकार । °परतंत वि [°परतन्त्र] सिद्धान्त के अधीन । °बलिय वि [°बलिक] सिद्धान्तों का अच्छा जानकार । °ववहार पुं [°व्यवहार] सिद्धान्तानुमोदित व्यवहार ।

आगम सक [आ + गम्] प्राप्त करना ।

आगमिय वि [आगमिक] शास्त्र-सम्बन्धी, शास्त्र-प्रतिपादित । शास्त्रोक्त वस्तु को ही माननेवाला ।

आगमिस्स वि [आगमिष्यत्] आगामी, होनेवाला । आनेवाला ।

आगमिस्सा स्त्री [आगमिष्यन्ती] भविष्यकाल ।

आगमेस } देखो आगमिस्स ।
आगमेसि }

आगय वि [आगत] आया हुआ । उत्पन्न ।

आगर देखो आकर = आकर ।

आगरि वि [आकरिन्] खान का मालिक, खान का काम करनेवाला ।

आगरिस पुं [आकर्ष] ग्रहण, उपादान । खिंचाव । ग्रहण कर छोड़ देना । प्राप्ति ।

आगरिस सक [आ + कृष्] खींचना ।

आगरिसग वि [आकर्षक] खींचनेवाला । पुं. लौह-चुम्बक ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आगरिसणी स्त्री [आकर्षणी] विद्या-विशेष ।
आगल सक [आ + कलय्] जानना । लगाना। पहुँचाना । संभावना करना ।
आगल्ल वि [आग्लान] ग्लान, बीमार ।
आगस सक [आ + कृष्] खींचना ।
आगह देखो आगाह ।
आगहिअ वि [आगृहीत] संगृहीत ।
आगाढ वि. प्रबल, दुःसाध्य । अपवाद, खास कारण । अत्यन्त गाढ । °जोग पुं [°योग] योग-विशेष, गणि-योग । °पण्ण न [°प्रज्ञ] शास्त्र, आगम । °सुय न [°श्रुत] आगम-विशेष ।
आगामि वि [आगामिन्] आनेवाला ।
आगार सक [आ + कराय्] बुलाना, आह्वान करना । त्याग करना ।
आगार न. गृह । वि. गृहस्थ । °त्थ वि [°स्थ] गृही ।
आगार पुं [आकार] अपवाद । इंगित, चेष्टा-विशेष । आकृति, रूप ।
आगारिय वि [आगारिक] गृहस्थ-सम्बन्धी ।
आगाल पुं. समान प्रदेश में रहना । सम भाव से रहना । उदीरणा-विशेष ।
आगास पुंन [आकाश] आकाश, अन्तराल । °गमा स्त्री. विद्या-विशेष, जिसके बल से आकाश में गमन कर सकता है । °गामि वि [°गामिन्] आकाश में गमन करने वाला, पक्षि-प्रभृति । °जोइणी स्त्री [°योगिनी] पक्षिविशेष । °त्थिकाय पुं [°ास्तिकाय] आकाश-प्रदेशों का समूह, अखण्ड आकाश-द्रव्य । °थिग्गलन [दे] मेघरहित आकाश का भाग । °फलिह, °फालिय पुं [°स्फटिक] निर्मल स्फटिक-रत्न । °फालिया स्त्री [°फालिका] एक मीठा द्रव्य । °इवाइ वि [°ातिपातिन्] विद्या आदि के बल से आकाश में गमन करनेवाला ।
आगासिय वि [आकाशित] आकाश को प्राप्त ।
आगासिय वि [आकर्षित] खींचा हुआ ।
आगासिया स्त्री [आकाशिकी] आकाश में गमन करने की लब्धि-शक्ति ।
आगाह सक [अव + गाह्] अवगाहन करना, स्नान करना ।
आगिइ स्त्री [आकृति] आकार, रूप, मूर्ति ।
आगिट्ठि स्त्री [आकृष्टि] आकर्षण ।
आगी देखो आगिइ ।
आगु पुं [आकु] इच्छा ।
आघं देखो आघव । 'सूत्रकृतांग' सूत्र के प्रथम श्रुतस्कन्ध का दसवाँ अध्ययन ।
आघंस सक [आ + घृष्] घर्षण करना ।
आघंस सक [आ + घृष्] थोड़ा घिसना ।
आघंस वि [आघर्ष] जल के साथ घिसकर जो पिया जा सके वह ।
आघयण न [दे] वध-स्थान ।
आघव सक [आ + ख्या] कहना, उपदेश देना । ग्रहण करना ।
आघवइत्तु वि [आख्यायक] वक्ता, उपदेशक ।
आघविय वि [दे] गृहीत, स्वीकृत ।
आघवेत्तग वि [आख्यापयितृक] उपदेष्टा, वक्ता ।
आघस सक [आ + घस्] थोड़ा घिसना ।
आघा सक [आ + ख्या] कहना ।
आघा सक [आ + घ्रा] सूंघना ।
आघाय वि [आख्यात] कथित । न. उक्ति, कथन ।
आघाय पुं [आघात] एक नरक-स्थान । विनाश ।
आघाय पुं [आघात] वध । चोट, प्रहार ।
आघाव देखो आघव ।
आघुट्ठ वि [आघुष्ट] घोषित, जाहिर किया हुआ ।
आघुम्म अक [आ + घूर्ण्] डोलना, हिलना,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

काँपना, चलना ।
आघोस सक [आ + घोषय्] घोषणा करना, ढिंढोरा पिटवाना ।
आचक्ख सक [आ + चक्ष्] कहना ।
आचरिय वि [आचरित] अनुष्ठित, विहित । न. आचरण ।
आचाम सक [आ+चामय्] चाटना, खाना, पीना ।
आचार देखो आयार = आचार ।
आचारिअ देखो आयरिय = आचार्य ।
आचिक्ख सक [आ + चक्ष्] कहना ।
आचुण्णिअ वि [आचूर्णित] चूर-चूर किया हुआ ।
आचेलक्क न [आचेलक्य] वस्त्र का अभाव । वि. आचार-विशेष ।
आच्छेदण न [आच्छेदन] नाश । वि. नाशक ।
आजाइ देखो आयाइ ।
आजि देखो आइ = आजि ।
आजीरण पुं [आजीरण] स्वनामख्यात एक जैन मुनि ।
आजीव } पुं. आजीविका । जैन साधु के
आजीवग } लिए भिक्षा का एक दोष—गृहस्थ को अपनी जाति, कुल आदि की समानता बतलाकर उससे भिक्षा ग्रहण करना । गोशालक मत का अनुयायी साधु । धन का समूह ।
आजीवग पुं [आजीवक] धन का गर्व । सकल जीव । देखो आजीवय ।
आजीवण न [आजीवन] जीवन-निर्वाह का उपाय । जैन साधु के लिए भिक्षा का एक दोष ।
आजीवय देखो आजीवग ।
आजीविय वि [आजीविक] गोशालक के मत का अनुयायी ।
आजीविया स्त्री [आजीविका] निर्वाह । जैन साधु के लिए भिक्षा का एक दोष ।
आजुत्त वि [आयुक्त] अप्रमादी ।
आजुज्झ अक [आ + युध्] लड़ना ।
आजुह न [आयुध] हथियार ।
आजोज्ज देखो आओज्ज ।
आडंबर पुं. आटोप, ऊपरी दिखाव । वाद्य की आवाज । यक्ष-विशेष । न. यक्ष का मन्दिर ।
आडंबर पुं [आडम्बर] पटह ।
आडंबरिल्ल वि [आडम्बरवत्] आडम्बरी ।
आडविय वि [दे] चूर्णित, चूर-चूर किया हुआ ।
आडविय वि [आटविक] जंगल में रहनेवाला, जंगली ।
आडह सक [आ + दह्] चारों ओर से जलाना ।
आडह सक [आ + धा] स्थापन करना, नियुक्त करना ।
आडाडा स्त्री [दे] बलात्कार । जबरदस्ती ।
आडासेतीय पुं [आडासेतीक] पक्षि-विशेष ।
आडि स्त्री [आटि] पक्षि-विशेष । मत्स्य विशेष ।
आडियत्तिय पुं [दे] शिविका-वाहक पुरुष ।
आडुआल सक [दे] मिश्र करना, मिलाना ।
आडुआलि पुं [दे] मिश्रता, मिलावट ।
आडोय देखो आडोव = आटोप ।
आडोलिय वि [दे] रुद्ध, रोका हुआ ।
आडोव सक [आ + टोपय्] आडम्बर करना । पवन द्वारा फुलाना ।
आडोविअ वि [दे] आरोपित, गुस्सा किया हुआ ।
आडोविअ वि [आटोपिक] आटोपवाला, स्फारित ।
आढई स्त्री [आढकी] वनस्पति-विशेष ।
आढग पुंन [आढक] चार प्रस्थ (सेर) का एक परिमाण । चार सेर परिमित चीज ।
आढत्त वि [दे] आक्रान्त ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आढत्त वि [आरब्ध] शुरू किया हुआ, प्रारब्ध ।
आढप्प° देखो आढव ।
आढय देखो आढग ।
आढव सक [आ + रभ्] शुरू करना ।
आढा सक [आ + दृ] आदर करना, मानना ।
आढिअ वि [आदृत] सत्कृत, सम्मानित ।
आढिअ वि [दे] अभीष्ट । गणनीय, माननीय । अप्रमत्त, उद्युक्त । गाढ़, निबिड ।
आण सक [ज्ञा] जानना ।
आण सक [आ + णी] ले आना ।
आण पुं [आन] श्वासोच्छ्वास । श्वास के पुद्गल ।
°आण देखो जाण = यान ।
आणंछ देखो आअंछ ।
आणंतरिय न [आनन्तर्य] अविच्छेद, व्यवधान का अभाव । अनुक्रम ।
आणंद अक [आ + नन्द्] खुश होना ।
आणंद सक [आ + नन्दय्] खुश करना ।
आणंद पुं [आनन्द] अहोरात्र का सोलहवाँ मुहूर्त । एक देवविमान । हर्ष । भगवान् शीतलनाथ के मुख्य-शिष्य । पोतनपुर नगर का एक राजा, जो भगवान् अजितनाथ का मातामह था । भावी छठवाँ बलदेव । नाग-कुमार जातीय देवों के स्वामी धरणेन्द्र के एक रथ-सैन्य का अधिपति देव । मुहूर्त-विशेष । भगवान् ऋषभदेव का एक पुत्र । भगवान् महावीर के एक साधु शिष्य का नाम । भगवान् महावीर के दस मुख्य उपासकों (श्रावक-शिष्य) में पहला । देव-विशेष । राजा श्रेणिक के एक पौत्र का नाम । 'उपास-गदसा' सूत्र का एक अध्ययन । 'अणुत्तरोप-पातिकदसा' सूत्र का सातवाँ अध्ययन । 'निरयावली' सूत्र का एक अध्ययन । ब. देश-विशेष । °पुर न. नगर-विशेष । °रक्खिय पुं [°रक्षित] स्वनामख्यात एक जैन साधु ।
आणंदण न [आनन्दन] खुशी । वि. खुश करनेवाला, आनन्ददायक ।
आणंदवड / आणंदवस } पुं [दे] पहली बार की रजस्वला का रक्त वस्त्र ।
आणंदा स्त्री [आनन्दा] देवी-विशेष, मेरु की पश्चिम दिशा में स्थित रुचक पर्वत पर रहने वाली एक दिक्कुमारी । इस नाम की एक पुष्करिणी ।
आणंदिय वि [आनन्दित] हर्षप्राप्त । रामचन्द्र के भाई भरत के साथ दीक्षा लेने वाला एक राजा ।
आणक्ख सक [परि + ईक्ष] परीक्षा करना ।
आणच्छ देखो आअंछ ।
आणट्ठ वि [आनष्ट] सर्वथा नष्ट ।
आणण न [आनन] मुख ।
आणण न [आनयन] लाना ।
आणत्त वि [आज्ञप्त] जिसको हुकुम दिया गया हो वह ।
आणत्ति स्त्री [आज्ञप्ति] आज्ञा, हुकुम । °अर वि [°कर] आज्ञाकारक, नौकर । °किंकर वि. नौकर । °हर वि. आज्ञावाहक, संदेश-वाहक ।
आणत्थ न [आनर्थ्य] अनर्थता ।
आणप (अशो) देखो आणव = आ + ज्ञपय् ।
आणपाण देखो आणापाण ।
आणप्प वि [आज्ञाप्य] आज्ञा करने योग्य ।
आणम अक [आ + अन्] श्वास लेना ।
आणमणी देखो आणवणी ।
आणय पुंन [आनत] देवलोक-विशेष । पुं. उस देवलोकवासी देव ।
आणय पुंन [आनत] एक देवविमान ।
आणयण न [आनयन] लाना, आनना ।
आणव सक [आ + ज्ञपय्] आज्ञा देना, फरमाना ।
आणव देखो आणाव = आ + नायय् ।
आणवण न [आनायन] मँगवाना ।
आणवणिय वि [आज्ञापनिक] आज्ञा फरमाने

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वाला।

आणवणिया स्त्री [आज्ञापनिका, आनायनिका] देखो दोनों आणवणी।

आणवणी स्त्री [आज्ञापनी] क्रिया-विशेष, हुकुम करना। हुकुम करने से होनेवाला कर्मबन्ध।

आणवणी स्त्री [आनायनी] क्रिया-विशेष, मँगवाना। मँगवाने से होनेवाला कर्म-बन्ध।

आणा स्त्री [आज्ञा] आदेश, हुकुम। उपदेश। निर्देश। आगम, सिद्धान्त। सूत्र की व्याख्या। °**ईसर** पुं [°**ईश्वर**] आज्ञा फरमाने वाला मालिक। °**जोग** पुं [°**योग**] आज्ञा का सम्बन्ध। शास्त्र के अनुसार कृति। °**रुइ** स्त्री [°**रुचि**] सम्यक्त्व-विशेष। वि. आगमों पर श्रद्धा रखने वाला। °**व** वि [°**वत्**] आज्ञा मानने वाला। °**वत्त** न [°**पत्र**] आज्ञा-पत्र, हुकुमनामा। °**ववहार** पुं [°**व्यवहार**] व्यवहार-विशेष। °**विजय** न [°**विचय**, °**विजय**] धर्मध्यान-विशेष, जिसमें आज्ञा—आगम के गुणों का चिन्तन किया जाता है।

आणाइ पुं [दे] पक्षी।

आणाइत्त वि [**आज्ञावत्**] आज्ञा माननेवाला।

आणाइय वि [**आनायित**] मंगाया हुआ।

आणापाण पुं [**आनप्राण**] श्वासोच्छ्वास। श्वासोच्छ्वास-परिमित समय। °**पज्जत्ति** स्त्री [°**पर्याप्ति**] श्वासोच्छ्वास लेने की शक्ति।

आणापाणु स्त्री [**आनप्राण**] ऊपर देखो।

आणापाणुय पुं [**आनप्राणक**] श्वासोच्छ्वास-परिमित काल।

आणाम पुं [**आनाम**] श्वास, अन्तःश्वास।

आणामिय वि [**आनामित**] थोड़ा नमाया हुआ। अधीन किया हुआ।

आणाल पुं [**आलान**] बन्धन। हाथी बाँधने की रज्जु—डोरी। जहाँ पर हाथी बाँधा जाता है वह स्तम्भ, कील। °**क्खंभ**, °**खंभ** पुं [°**स्तम्भ**] जहाँ हाथी बाँधा जाता है वह स्तम्भ।

आणाव देखो **आणव** = आ + ज्ञपय्।

आणाव सक [आ + नायय्] मँगवाना।

आणाव (अप) सक [आ + नी] लाना।

आणावण न [**आनायन**] दूसरे से मँगवाना।

आणावण न [**आज्ञापन**] आज्ञा, हुकुम।

आणि देखो **आणी**।

आणिअ वि [**आनीत**] लाया हुआ।

आणिअ [दे] देखो **आढिअ**।

आणिक्क वि [दे] टेढ़ा, वक्र।

आणिक्क न [दे] तिर्यक् मैथुन।

आणी सक [आ + नी] लाना।

आणीय वि [**आनीत**] लाया हुआ।

आणुअ न [दे] आकार, आकृति।

आणुओगिअ वि [**आनुयोगिक**] व्याख्याकर्ता।

आणुकंपिय वि [**आनुकम्पिक**] दयालु, कृपालु।

आणुगामि वि [**अनुगामिन्**] नीचे देखो।

आणुगामिय वि [**आनुगामिक**] अनुसरण करनेवाला। न. अवधिज्ञान का एक भेद।

आणुगुण्ण न [**आनुगुण्य**] औचित्य, अनुरूपता। अनुकूलता।

आणुधम्मिय वि [**आनुधर्मिक**] सर्वधर्म-सम्मत।

आणुपाणु देखो **आणापाणु**।

आणुपुव्व न [**आनुपूर्व्य**] अनुक्रम, परिपाटी।

आणुपुव्वी स्त्री [**आनुपूर्वी**] क्रम, परिपाटी। °**णाम** न [°**नामन्**] नामकर्म का एक भेद।

आणुलोमिअ वि [**आनुलोमिक**] अनुलोम, अनुकूल, मनोहर।

आणुवित्ति स्त्री [**अनुवृत्ति**] अनुसरण।

आणूग पुंन [**अनूप**] सजलप्रदेश।

आणूव पुं [दे] श्वपच, डोम।

आणे सक [आ + नी] लाना, ले आना।

आणे सक [**ज्ञा**] जानना।

आणेसर देखो **आणा-ईसर**।

आत देखो **आय** = आत्मन्।

आतंब देखो **आयंब** = आताम्र।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आतित्थ देखो आइत्थ ।
आत्त देखो अत्त = आत्मन् ।
आत्त देखो अत्त = आत्त ।
आत्त वि [आत्मीय] स्वकीय ।
आदंस देखो आयंस ।
आद (शौ) देखो अत्त = आत्मन् ।
आद देखो आइ = आ + दा ।
आदण्ण वि [दे] आकुल, व्याकुल, घबड़ाया हुआ ।
आदयाण वि [आददान] ग्रहण करता हुआ ।
आदर देखो आयर = आ+दृ ।
आदरिस देखो आयंस ।
आदाउ वि [आदातृ] ग्रहण करनेवाला ।
आदाण देखो आयाण ।
आदाण न [आर्द्रंहण] गरम किया हुआ (जल, तैल आदि) ।
आदाणिय न [आदानीय] लाभ, नफा ।
आदि देखो आइ = आदि ।
आदिच्च देखो आइच्च ।
आदिच्छा स्त्री [आदित्सा] ग्रहण करने की इच्छा ।
आदिज्ज देखो आएज्ज ।
आदिट्ठ देखो आइट्ठ ।
आदित्त देखो आइच्च ।
आदित्तु वि [आदातृ] ग्रहण करनेवाला ।
आदिय सक [आ + दा] ग्रहण करना ।
आदिल्ल देखो आइल्ल ।
आदी स्त्री. इस नाम की एक महानदी ।
आदीण वि [आदीन] बहुत गरीब । न. दूषित भिक्षा । °भोइ वि [°भोजिन्] दूषित भिक्षा को लेनेवाला ।
आदीणिय वि [आदीनिक] अत्यन्त दीन-सम्बन्धी ।
आदु (शौ) देखो अदु ।
आदेज्ज देखो आएज्ज ।
आदेस देखो आएस = आदेश ।
आदेस पुं [आदेश] व्यपदेश, व्यवहार । देखो आएस = आदेश ।
आधरिस सक [आ + धर्षय्] परास्त करना, तिरस्कारना ।
आधा देखो आहा ।
आधार देखो आहार = आधार ।
आधोरण पुं. हस्तिपक, महावत ।
आपण देखो आवण ।
आपण्ण देखो आवण्ण ।
आपत्ति स्त्री. प्राप्ति ।
आपाइय वि [आपादित] जिसकी आपत्ति की गई हो वह । उत्पादित । जनित ।
आपायण न [आपादन] संपादन ।
आपीड पुं. शिरोभूषण ।
आपीण देखो आवीण ।
आपुच्छ सक [आ + प्रच्छ्] आज्ञा लेना, सम्मति लेना ।
आपुट्ठ वि [आपृष्ट] जिसकी आज्ञा या सम्मति ली गई हो वह ।
आपुण्ण वि [आपूर्ण] पूर्ण, भरपूर ।
आपूर पुं. पूरनेवाला ।
आपूर देखो आऊर ।
आपेड, आपेड्ड, आपेल्ल देखो आपीड ।
आप्पण न [दे] पिष्ट, आटा ।
आफंस पुं [आस्पर्श] अल्प स्पर्श ।
आफर पुं [दे] द्यूत ।
आफाल सक [आस्फालय्] आस्फालन करना, आघात करना । देखो अप्फाल ।
आफुण्ण वि [दे] आक्रान्त ।
आफोडिअ न [आस्फोटित] हाथ पछाड़ना ।
आबंध सक [आ + बन्ध्] मजबूत बाँधना ।
आबंध पुं [आबन्ध] सम्बन्ध, संयोग ।
आबद्ध वि. बँधा हुआ ।
आबाहा स्त्री [आबाधा] अल्प बाधा । अन्तर ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मानसिक पीड़ा।

आभंकर पुं [आभङ्कर] ग्रह-विशेष। न. विमान-विशेष। °पभंकर न [°प्रभङ्कर] विमान-विशेष।

आभक्खाण देखो अब्भक्खाण।

आभट्ठ वि [आभाषित] उक्त। संभाषित।

आभरण न. आभूषण।

आभव्व वि [आभव्य] होने योग्य, संभाव्य।

आभा स्त्री. प्रभा, कान्ति, तेज।

आभागि वि [आभागिन्] भोक्ता।

आभार पुं. बोझ, भार।

आभास सक [आ + भाष्] कहना, संभाषण करना।

आभास पुं. जो वास्तविक में वह न होकर उसके समान लगता हो। विपरीत।

आभासिय पुं [आभाषिक] इस नाम का एक म्लेच्छ देश। उसमें रहनेवाली म्लेच्छ जाति। एक अन्तर्द्वीप। उसमें रहनेवाला।

आभिओइय देखो आभिओगिय।

आभिओग पुं [आभियोग्य] किंकरस्थानीय देव-विशेष। नौकर। नौकरी।

आभिओगा स्त्री [आभियोग्या] आभियोगिक भावना।

आभिओगि वि [आभियोगिन्] किंकर-स्थानीय देव।

आभिओगिय वि [आभियोगिक] मन्त्र आदि से आजीविका चलानेवाला। नौकर स्थानीय देव-विशेष। वशीकरण, दूसरे को वश में करने का मन्त्रादि-कर्म।

आभिओगिय वि [आभियोगित] वशीकरण आदि से संस्कृत।

आभिओग्ग देखो आभिओग।

आभिग्गहिअ वि [आभिग्रहिक] अभिग्रह-सम्बन्धी। न. मिथ्यात्वविशेष।

आभिग्गहिय वि [आभिग्रहिक] प्रतिज्ञा से सम्बन्ध रखनेवाला। प्रतिज्ञा का निर्वाह करने-वाला। न. मिथ्यात्व-विशेष।

आभिणंदिय पुं [आभिनन्दित] श्रावण मास।

आभिट्ट, आभिड्डिय वि [दे] प्रवृत्त।

आभिणिबोहिग देखो आभिणिबोहिय।

आभिणिबोहिय न [आभिनिबोधिक] इन्द्रिय और मन से होनेवाला प्रत्यक्षज्ञान-विशेष।

आभिप्पाइअ वि [आभिप्रायिक] अभिप्राय-वाला।

आभिसेक्क वि [आभिषेक्य] अभिषेक के योग्य। मुख्य।

आभीर, आभीरिय पुं [आभीर] एक शूद्र-जाति, अहीर।

आभूअ वि [आभूत] उत्पन्न।

आभेडिय [दे] देखो आभिट्ट।

आभोइअ वि [आभोगित] देखा हुआ।

आभोग पुं. विलोकन, देखना। प्रदेश, स्थान। उपकरण, साधन। प्रतिलेखन। उपयोग, ख्याल। विस्तार। ज्ञान, जानना। देखो आभोय = आभोग।

आभोगि वि [आभोगिन्] परिपूर्ण। °णी स्त्री [°नी] मानसिक निर्णय उत्पन्न कराने-वाली विद्या-विशेष।

आभोय सक [आ + भोगय्] देखना। जानना। ख्याल करना।

आभोय पुं [आभोग] सर्प का फण। देखो आभोग।

आम अ. अनुमति-प्रकाशक अव्यय—हाँ।

आम अ [भवत्] आप।

आम पुं. रोग, पीड़ा। वि. अपक्व, कच्चा। अशुद्ध, अपवित्र। °जर पुं [°ज्वर] अजीर्ण से उत्पन्न बुखार।

आमइ वि [आमयिन्] रोगी।

आमं अ [आम] स्वीकार-सूचक अव्यय—हाँ। अतिशय।

आमंड न [दे] कृत्रिम आमलक।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आमंडण न [दे] भाण्ड।
आमंत सक [आ + मन्त्रय्] आह्वान करना, सम्बोधन करना। अभिनन्दन करना।
आमंतण न [आमन्त्रण] आह्वान, सम्बोधन। °वयण न [°वचन] सम्बोधन-विभक्ति।
आमंतणी स्त्री [आमन्त्रणी] सम्बोधन की भाषा, आह्वान की भाषा। आठवीं सम्बोधन-विभक्ति।
आमघाय पुं [अमाघात] अमारि-प्रदान, हिंसा-निवारण।
आमज्ज सक [आ + मृज्] एक बार साफ करना।
आमद्द पुं [आमर्द] संघर्ष, आघात।
आमय पुं. रोग, दर्द। °करणी स्त्री. विद्या-विशेष।
आमय वि [आमत] सम्मत।
आमराय पुं [आमराज] एक प्रसिद्ध राजा।
आमरिस पुं [आमर्ष] स्पर्श।
आमल पुंन [आमलक] आमला का फल।
आमलई स्त्री [आमलकी] आमला का पेड़।
आमलकप्पा स्त्री [आमलकल्पा] नगरी विशेष।
आमलग पुं [आमरक] चारों ओर से मारना। विपाक-श्रुत का एक अध्ययन।
आमलग } पुंन [आमलक] आमला का पेड़।
आमलय } आमला का फल।
आमलय न [दे] नूपुर-गृह, नूपुर रखने का स्थान।
आमसिण वि [आमसृण] थोड़ा चिकना। उल्लसित।
आमिल्ल सक [आ + मुच्] छोड़ना।
आमिस न [आमिष] मांस, नैवेद्य। वि. मनोहर, सुन्दर। आसक्ति का कारण, आहार, फलादि भोज्य वस्तु।
आमुंच सक [आ + मुच्] छोड़ना। उतारना। पहनना।

आमुक्क वि [आमुक्त] त्यक्त। उतारा हुआ। परिहित।
आमुट्ठ वि [आमृष्ट] स्पृष्ट। उलटा किया हुआ।
आमुय सक [आ + मुच्] छोड़ना, त्यागना।
आमुस सक [आ + मृश्] थोड़ा या एक बार स्पर्श करना।
आमेडणा स्त्री [आम्रेडना] विपर्यस्त करना।
आमेल पुं [दे] लट, जटा।
आमेल पुं [आपीड़] फूलों की माला, जो मुकुट पर धारण की जाती है, शिरोभूषण।
आमेल्ल देखो आमेल = आपीड़।
आमोअ अक [आ + मुद्] खुश होना।
आमोअ पुं [दे. आमोद] खुशी।
आमोअ पुं [आमोद] सुगन्ध।
आमोअ पुं [आमोद] वाद्य-विशेष।
आमोअअ वि [आमोदक] सुगन्ध उत्पन्न करनेवाला। आनन्द-जनक।
आमोअअ वि [आमोदद] सुगन्ध देनेवाला।
आमोक्ख पुं [आमोक्ष] मोक्ष।
आमोक्खा स्त्री [आमोक्ष] छुटकारा। परित्याग।
आमोड पुं [दे] जूट, लट, समूह।
आमोडग न [आमोटक] वाद्य-विशेष। फूलों से बालों का एक प्रकार का बन्धन।
आमोडण न [आमोटन] थोड़ा मोड़ना।
आमोडिअ वि [आमोटित] मर्दित।
आमोद } देखो आमोअ।
आमोय }
आमोय पुं [आमोक] कूड़े का पुञ्ज।
आमोरअ वि [दे] विशेषज्ञ।
आमोस पुं [आमर्श, °र्ष] स्पर्श।
आमोस पुं [आमोष] चोर।
आमोसग वि [आमोषक] चोर। चोरों की एक जाति।
आमोसहि पुं [आमर्शौषधि] लब्धि-विशेष,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जिसके प्रभाव से स्पर्श मात्र से ही सब रोग नष्ट होते हैं।

आय पुं. लाभ, प्राप्ति, फायदा। वनस्पति-विशेष। कारण, हेतु। अध्ययन। गमन।

आय पुं [आय] अध्ययन, शास्त्रांश-विशेष।

आय वि [आज] अज-सम्बन्धी। बकरे के बाल से उत्पन्न (वस्त्रादि)।

आय वि [आगत] आया हुआ (काल)।

आय वि [आत्त] गृहीत।

आय पुं [आगस्] पाप। अपराध।

आय पुंस्त्री [आत्मन्] आत्मा, जीव। निज, स्वयं। शरीर। ज्ञान आदि आत्मा के गुण। °गुत्त वि [°गुप्त] जितेन्द्रिय। °जोगि वि [°योगिन्] मुमुक्षु, ध्यानी। °ट्ठि वि [°र्थिन्] मुमुक्षु। °तंत वि [°तन्त्र] स्वाधीन। °तत्त न [°तत्त्व] परम पदार्थ, ज्ञानादि रत्न-त्रय। °प्पमाण वि [°प्रमाण] साढ़े तीन हाथ का परिमाण वाला। °प्पवाय न [°प्रवाद] बारहवें जैन अङ्ग ग्रन्थ का एक भाग, सातवाँ पूर्व। °भाव पुं. आत्म-स्वरूप। निज-अभिप्राय। विषयासक्ति। °य पुं [°ज] पुत्र, लड़का। °रक्ख वि [°रक्ष] अङ्गरक्षक। °व वि [°वत्] ज्ञानादि आत्मगुणों से सम्पन्न। °हम्म वि [°घ्न] आत्मा को अधोगति में ले जानेवाला। देखो आहाकम्म।

आय° देखो आवइ।

आयइ स्त्री [आयति] भविष्य काल।

आयइजणग न [आयतिजनक] तपश्चर्या-विशेष।

आयंक पुं [आतङ्क] दुःख। पीड़ा। दुःसाध्य आशु-घाती रोग।

आयंकि वि [आतङ्किन्] रोगी।

आयंगुल न [आत्माङ्गुल] परिमाण का एक भेद।

आयंच सक [आ + तञ्च्] सींचना।

आयंचणिया स्त्री [आतञ्चनिका] कुम्भकार का पात्र-विशेष, जिसमें वह पात्र बनाने के समय मिट्टीवाला पानी रखता है।

आयंचणी स्त्री [आतञ्चनी] ऊपर देखो।

आयंत वि [आचान्त] जिसने आचमन किया हो वह।

आयंतम वि [आत्मतम] आत्मा को खिन्न करनेवाला।

आयंतम वि [आत्मतमस्] अज्ञानी, अजान। क्रोधी।

आयंदम वि [आत्मदम] आत्मा को शान्त रखनेवाला, मन और इन्द्रियों का निग्रह करनेवाला। अश्व आदि को संयत रहने को सिखानेवाला।

आयंप पुं [आकम्प] काँपना, हिलना। कँपानेवाला।

आयंब अक [वेप्] काँपना, हिलना।

आयंब, आयंबिर } वि [आताम्र] थोड़ा लाल।

आयंबिल न [आचाम्ल] तपो-विशेष, आम्बिल। °वड्ढमाण न [°वर्धमान] तपश्चर्या-विशेष।

आयंबिलिय वि [आचाम्लिक] आम्बिल-तप का कर्त्ता।

आयंभर, आयंभरि } वि [आत्मम्भरि] स्वार्थी।

आयंव अक [आ + कम्प्] काँपना, हिलना।

आयंस पुं [आदर्श] दर्पण। बैल आदि के गले का भूषण-विशेष। °मुह पुं [°मुख] एक अन्तर्द्वीप। उसके निवासी मनुष्य।

आयक्ख देखो आइक्ख।

आयग वि [आजक] देखो आय = आज।

आयज्झ अक [वेप्] काँपना, हिलना।

आयट्ट सक [आ + वर्त्तय्] घुमाना। उबालना।

आयड्ढ सक [आ + कृष्] खींचना।

आयड्ढण न [आकर्षण] आकर्षण, खिंचाव।

आयड्ढि स्त्री [आकृष्टि] ऊपर देखो।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आयड्ढि पुं [दे] विस्तार ।
आयण्ण सक [आ + कर्णय्] सुनना ।
आययंत वकृ [आददत्] ग्रहण करता हुआ ।
आयत्त वि. अधीन, स्ववश ।
आयम सक [आ + चम्] आचमन करना, कुल्ला करना ।
आयमण न [आचमन] शुद्धि, शौच ।
आयमिअ देखो आगमिअ ।
आयमिणी स्त्री [आयमिनी] विद्या-विशेष ।
आयय वि [आयत] लम्बा, विस्तृत । पुं. मोक्ष ।
आयय सक [आ + दद्] ग्रहण करना ।
आययण न [आयतन] प्रकटीकरण । उपादान कारण । घर । आश्रय, स्थान । देव-मन्दिर । धार्मिक जनों का एकत्र होने का स्थान । कर्म-बन्ध का कारण । निर्णय, निश्चय । निर्दोष स्थान ।
आयर सक [आ + चर्] आचरना, करना ।
आयर पुं [आकर] खानि, खान । समूह ।
आयर देखो आयार = आचार ।
आयर पुं [आदर] सत्कार, सम्मान । परिग्रह, असन्तोष । ख्याल, संभाल ।
आयरंग पुं [आयरङ्ग] इस नाम का एक म्लेच्छ राजा ।
आयरण न [आचरण] प्रवृत्ति, अनुष्ठान ।
आयरणा स्त्री [आचरणा] परम्परा का रिवाज ।
आयरणा स्त्री [आचरणा] आचरण, अनुष्ठान ।
आयरिय वि [आचरित] अनुष्ठित, विहित, कृत । न. शास्त्र-सम्मत चाल-चलन ।
आयरिय पुं [आचार्य] गण का नायक, मुखिया । उपदेशक, गुरू, शिक्षक । अर्थ पढ़ाने वाला ।
आयरिस देखो आयंस ।
आयल्ल अक [लम्ब्] व्याप्त होना । लटकना ।
आयल्लया स्त्री [दे] बेचैनी । देखो आअल्ल ।
आयल्लिय वि [दे] आक्रान्त, व्याप्त ।
आयव पुं [आतपवत्] अहोरात्र का २४वाँ मुहूर्त ।
आयव वि [आतप] उद्योत, प्रकाश । ताप, घाम । न. मुहूर्त-विशेष । °णाम न [°नामन्] नामकर्म का एक भेद ।
आयवत्त न [आतपत्र] छत्र, छाता ।
आयवत्त पुं [आर्यावर्त्त] हिन्दुस्तान ।
आयवा स्त्री [आतपा] सूर्य की एक अग्र-महिषी—पटरानी । इस नाम का 'ज्ञाता-धर्मकथा' सूत्र का एक अध्ययन ।
आयस वि. लौह-निर्मित ।
आयसी स्त्री. लोहे का कोश ।
आया देखो आय = आत्मन् ।
आया सक [आ + या] आना, आगमन करना ।
आया सक [आ + दा] ग्रहण करना ।
आयाइ स्त्री [आजाति] उत्पत्ति, जन्म । जाति, प्रकार । आचार, आचरण । °ट्ठाण न [°स्थान] संसार, जगत् । 'आचाराङ्ग' सूत्र के एक अध्ययन का नाम ।
आयाइ स्त्री [आयाति] आगमन । उत्पत्ति, गर्भ से बाहर निकलना । आयति, भविष्य काल ।
आयाण पुंन [आदान] ग्रहण, स्वीकार । इन्द्रिय । जिसका ग्रहण किया जाय वह, ग्राह्य वस्तु । कारण, हेतु । आदि, प्रथम ।
आयाण न [आदान] संयम, चरित्र । वि. आदेय, उपादेय । °पय न [°पद] ग्रन्थ का प्रथम शब्द ।
आयाण न [आयान] आगमन । अश्व का एक आभरण-विशेष ।
आयाम सक [आ+यमय्] लम्बा करना ।
आयाम सक [आ + यम्] शुद्धि करना ।
आयाम सक [दा] देना, दान करना ।
आयाम पुं. लम्बाई, दैर्घ्य ।
आयाम पुं [दे] बल ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आयाम न [आचाम्ल] तपो-विशेष। आयम्बिल।

आयाम न [आचाम] अवस्रावण, चावल आदि का पानी।

आयामणया स्त्री [आयामनता] लम्बाई।

आयामि वि [आयामिन्] लम्बा।

आयामुही स्त्री [आयामुखी] इस नाम की एक नगरी।

आयाय वि [आयात] आया हुआ।

आयार सक [आ+कारय्] बुलाना, आह्वान करना।

आयार पुं [आकार] आकृति, रूप। इङ्गित, इशारा।

आयार पुं [आकार] 'अ' अक्षर।

आयार पुं [आचार] आचरण, अनुष्ठान। चाल-चलन, रीत-भात। बारह जैन अङ्गग्रन्थों में पहला ग्रन्थ। निपुण शिष्य। °क्खेवणी स्त्री [°क्षेपणी] कथा का एक भेद। °भंडग, °भंडय न [°भाण्डक] ज्ञानादि का उपकरण—साधन।

आयारिमय न [आचारिमक] विवाह के समय दिया जाता एक प्रकार का दान।

आयारिय वि [आकारित] आहूत। न. आह्वान-वचन, आक्षेप-वचन।

आयाव सक [आ+तापय्] सूर्य के ताप में शरीर को थोड़ा तपाना। शीत, आतप आदि को सहन करना।

आयाव पुं [आताप] असुरकुमार-जातीय देव-विशेष।

आयाव पुं [आताप] आतप-नामकर्म।

आयावग वि [आतापक] शीत आदि को सहन करनेवाला।

आयावण न [आतापन] एक बार या थोड़ा आतप आदि को सहन करना। °भूमि स्त्री. शीतादि सहन करने का स्थान।

आयावल, आयावलय } पुं [दे] सबेरे का तड़का, बालातप।

आयास सक [आ+यासय्] तकलीफ देना, खिन्न करना।

आयास पुं. तकलीफ, परिश्रम, खेद। परिग्रह, असन्तोष। °लिवि स्त्री [°लिपि] लिपि-विशेष।

आयास देखो आयंस।

आयास देखो आगास। °तिलय न [°तिलक] नगर-विशेष।

आयासइत्तिअ वि [आयासयितृ] तकलीफ देनेवाला।

आयासतल न [आकाशतल] चन्द्रशाला, घर के ऊपर की खुली छत।

आयासतल न [दे] प्रासाद का पृष्ठ भाग।

आयासलव न [दे] नीड़।

आयाहम्म वि [आत्मघ्न] आत्मविनाशक। न. आधाकर्म दोष।

आयाहिण न [आदक्षिण] दक्षिण पार्श्व से भ्रमण करना। °पयाहिण वि [°प्रदक्षिण] दक्षिण पार्श्व से भ्रमण कर दक्षिण पार्श्व में स्थित होनेवाला। °पयाहिणा स्त्री [°प्रदक्षिणा] दक्षिण पार्श्व से परिभ्रमण, प्रदक्षिणा।

आयु देखो आउ = आयुष्।

आर पुं. इह-लोक, यह जन्म। मनुष्यलोक। नुकीली लोहे की कील। न. गृहस्थपन।

आर पुं. मंगल-ग्रह। चौथा नरक का एक नरकावास। वि. पूर्व का।

°आरअ वि [कारक] कर्ता।

आरओ अ [आरतस्] पूर्व, पहले। समीप में, शुरू करके, पीछे से।

आरंदर वि [दे] अनेकान्त। संकट, व्याप्त।

आरंभ सक [आ+रभ्] शुरू करना। हिंसा करना।

आरंभ पुं [आरम्भ] शुरूआत, प्रारम्भ। जीव-हिंसा, वध। जीव, प्राणी। पाप-कर्म। °य वि [°ज] पाप-कार्य से उत्पन्न। °विणय पुं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[°विनय] आरम्भ का अभाव। °विणइ वि [°विनयिन्] आरम्भ से विरत।

आरंभग } पुं [आरम्भक] ऊपर देखो।
आरंभय } वि. शुरू करनेवाला। हिंसक पाप-कर्म करनेवाला।

आरंभिअ पुं [दे] माली।

आरंभिया स्त्री [आरम्भिकी] हिंसा से सम्बन्ध रखनेवाली क्रिया। हिंसक क्रिया से होनेवाला कर्म-बन्ध।

आरक्ख न [आरक्ष्य] कोतवाल का ओहदा, कोतवाली, आरक्षकता।

आरक्ख वि [आरक्ष] रक्षण करनेवाला। पुं. कोतवाल।

आरक्खग वि [आरक्षक] रक्षण करनेवाला। त्राता। पुं. क्षत्रियों का एक वंश। वि. उस वंश में उत्पन्न।

आरक्खि वि [आरक्षिन्] रक्षक, त्राता।

आरक्खिग } वि [आरक्षिक] रक्षक,
आरक्खिय } त्राता। पुं. कोतवाल।

आरज्झ सक [आ + राध्] आराधन करना।

आरज्झ वि [आराध्य] पूज्य, माननीय।

आरड सक [आ + रट्] चिल्लाना। रोना।

आरडिअ न [दे] विलाप, क्रन्दन। वि. चित्र-युक्त।

आरण पुं. देवलोक-विशेष। उस देवलोक का निवासी देव। पुंन. एक देवविमान।

आरण न [दे] होठ। फलक।

आरणाल न [आरनाल] कांजी, साबूदाना।

आरणाल न [दे] कमल।

आरण्ण वि [आरण्य] जंगली, जंगल-निवासी।

आरण्णग } वि [आरण्यक] जंगली, जंगल-
आरण्णय } निवासी, जंगल में उत्पन्न। न. शास्त्र-विशेष, उपनिषद्-विशेष।

आरण्णिय वि [आरण्यिक] जंगल में बसनेवाला (तापस आदि)।

आरत वि. थोड़ा रक्त। अत्यन्त अनुरक्त।

आरत्तिय न [आरात्रिक] आरती।

आरद्ध वि [आरब्ध] शुरू किया हुआ (काल)।

आरद्ध वि [दे] बढ़ा हुआ। सतृष्ण, उत्सुक। घर में आया हुआ।

आरब देखो आरव।

आरभ देखो आरंभ = आ + रभ्।

आरभड न [आरभट] नृत्य का एक भेद। इस नाम का एक मुहूर्त्त। एक तरह की नाट्यविधि। °भसोल न. नाट्यविधि-विशेष।

आरभडा स्त्री [आरभटा] प्रतिलेखना-विशेष।

आरभिय न [आरभित] नाट्यविधि-विशेष।

आरय वि [आरत] उपरत। अपगत।

आरय वि [आऽरत] उपरत, सर्वथा निवृत्त।

आरव पुं. शब्द, आवाज, ध्वनि।

आरव पुं [आरब] इस नाम का एक प्रसिद्ध म्लेच्छ-देश। वि. अरब देश में उत्पन्न, अरब देश का निवासी।

आरविंद वि [आरविन्द] कमल-सम्बन्धी।

आरस सक [आ + रस्] चिल्लाना, बूम मारना।

आरसिय पुं [आदर्श] दर्पण।

आरह देखो आरभ।

आरहंत } वि [आर्हत] अर्हन् का, जिन-
आरहंतिय } देव सम्बन्धी।

आरा स्त्री. लोहे की सलाई, पैने में डाली जाती लोहे की खीली।

आरा अ [आरात्] अर्वाक्, पहले। पूर्व-भाग।

आराइअ वि [दे] गृहीत, स्वीकृत। प्राप्त।

आराडि स्त्री [आराटि] चीत्कार, चिल्लाहट।

आराडी स्त्री [दे] देखो आरडिअ।

आराम पुंन. बगीचा, उपवन।

आरामिअ पुं [आरामिक] माली।

आराव पुं [आराव] शब्द, आवाज।

आराह सक [आ + राधय्] सेवा करना, भक्ति करना। ठीक-ठीक पालन करना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आराह वि [आराध्य] आराधन-योग्य ।

आराहग वि [आराधक] आराधन करने वाला । मोक्ष का साधक ।

आराहण न [आराधन] सेवना । अनशन ।

आराहणा स्त्री [आराधना] आवश्यक, सामयिक आदि षट्-कर्म ।

आराहणी स्त्री [आराधनी] भाषा का एक प्रकार ।

आराहिय वि [आराधित] सेवित, परिपालित । अनुरूप, योग्य ।

आरिट्ठ वि [दे] गत, गुजरा हुआ ।

आरिय न [आऋत] आगमन ।

आरिय देखो अज्ज = आर्य ।

आरिय वि [आरित] सेवित ।

आरिय वि [आकारित] आहूत ।

आरिया देखो अज्जा = आर्या ।

आरिल्ल वि [दे] पहले जो उत्पन्न हुआ हो ।

आरिस वि [आर्ष] ऋषि-सम्बन्धी ।

आरिहय देखो आरहंत ।

आरुग्ग देखो आरोग्ग = आरोग्य ।

आरुट्ठ वि [आरुष्ट] क्रुद्ध, रुष्ट ।

आरुण्ण (अप) सक [आ + श्लिष्] आलिङ्गन करना ।

आरुभ देखो आरुह = आ + रुह् ।

आरुवणा देखो आरोवणा ।

आरुस सक [आ + रुष्] क्रोध करना, रोष करना ।

आरुह सक [आ + रुह्] ऊपर चढ़ना, ऊपर बैठना ।

आरुह वि [आरुह] उत्पन्न, उद्भूत, जात ।

आरुहण न [आरोहण] आरोपण, ऊपर चढ़ाना ।

आरुहिय वि [आरोपित] स्थापित । ऊपर बैठाया हुआ ।

आरुहिय } वि [आरूढ] ऊपर चढ़ा हुआ ।
आरूढ } कृत, विहित ।

आरेइअ वि [दे] मुकुलित, संकुचित । भ्रान्त । मुक्त । रोमाञ्चित ।

आरेण अ. समीप । पहले । प्रारम्भ कर ।

आरोअ अक [उत् + लस्] विकसित होना, उल्लास पाना ।

आरोअणा देखो आरोवणा ।

आरोइअ [दे] देखो आरेइअ ।

आरोग्ग सक [दे] भोजन करना ।

आरोग्ग न [आरोग्य] एकासन तप ।

आरोग्ग न [आरोग्य] नीरोगता । वि. रोग-रहित । पुं. एक ब्राह्मणोपासक का नाम ।

आरोग्गरिअ वि [दे] रँगा हुआ ।

आरोद्ध वि [दे] प्रवृद्ध, बढ़ा हुआ । गृहागत ।

आरोय न [आरोग्य] क्षेम, कुशल । नीरोगता ।

आरोल सक [पुञ्ज्] एकत्र करना ।

आरोव सक [आ + रोपय्] ऊपर चढ़ाना, ऊपर बैठाना । स्थापन करना ।

आरोवण न [आरोपण] ऊपर चढ़ाना । सम्भावना ।

आरोवणा स्त्री [आरोपणा] ऊपर चढ़ाना । प्रायश्चित्त-विशेष । प्ररूपणा, व्याख्या का एक प्रकार । प्रश्न, पर्यनुयोग ।

आरोस पुं [आरोष] म्लेच्छ देश-विशेष । वि. उस देश का निवासी ।

आरोसिअ वि [आरोषित] कोपित, रुष्ट किया हुआ ।

आरोह सक[आ + रुह्]ऊपर चढ़ना, बैठना ।

आरोह सक [आ + रोहय्] ऊपर चढ़ाना ।

आरोह पुं. सवार । हाथी, घोड़ा आदि पर चढ़नेवाला । ऊँचाई । लम्बाई ।

आरोह पुं [दे] स्तन, थन, चूँची ।

आरोहग वि [आरोहक] सवार होनेवाला । हाथी का रक्षक ।

आल न [दे] अनर्थक ।

आल न [दे]छोटा प्रवाह । वि. मृदु । आगत ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आल न. दोषारोपण।
°आल देखो काल।
°आल देखो जाल।
°आल देखो ताल।
आलइअ वि [आलगित] यथास्थान स्थापित, योग्य स्थान में रखा हुआ।
आलइअ वि [आलयिक] गृही, आश्रयवाला।
आलइय वि [आलगित] पहना हुआ।
आलंकारिय वि [आलङ्कारिक] अलंकार-शास्त्र-ज्ञाता। अलंकार-सम्बन्धी। अलंकार के योग्य।
आलंकिअ वि [दे] पंगु किया हुआ।
आलंद न [आलन्द] समय का परिमाण-विशेष, पानी से भींजा हुआ हाथ जितने समय में सूख जाय उतने से लेकर पाँच अहोरात्र तक का काल।
आलंदिअ वि [आलन्दिक] उपर्युक्त समय का उल्लंघन न कर कार्य करनेवाला।
आलंब सक [आ + लम्ब्] आश्रय करना, सहारा लेना।
आलंब न [दे] भूमि-छत्र, वनस्पति-विशेष जो वर्षा में होता है।
आलंबण न [आलम्बन] आश्रय, आधार, जिसका अवलम्बन किया जाय वह। कारण, हेतु, प्रयोजन।
आलंभिय न [आलम्भिक] नगर-विशेष। भगवती सूत्र के ग्यारहवें शतक का बारहवाँ उद्देश।
आलंभिया स्त्री [आलम्भिका] नगरी-विशेष।
आलक्क पुं [दे] पागल कुत्ता।
आलक्ख सक [आ+लक्षय्] जानना। चिह्न से पहिचानना।
आलग्ग वि [आलग्न] लगा हुआ, संयुक्त।
आलत्त वि [आलपित] सम्भाषित, आभाषित।
आलत्तय देखो अलत्त।
आलत्थ पुं [दे] मोर।
आलद्ध वि [आलब्ध] संसृष्ट। संयुक्त। स्पृष्ट, छुआ हुआ। मारा हुआ।
आलप्प वि [आलाप्य] कहने के योग्य, निर्वचनीय।
आलभ सक [आ + लभ्] प्राप्त करना।
आलभण न [आलभन] विनाशन।
आलभिया स्त्री [आलभिका] नगरी-विशेष।
आलय पुंन. घर, स्थान।
आलय पुंन. बौद्धदर्शन-प्रसिद्ध विज्ञान-विशेष।
आलयण न [दे] शय्या-गृह।
आलव सक [आ + लप्] कहना, बातचीत करना। थोड़ा या एक बार कहना।
आलवाल न. कियारी, थाँवला।
आलस वि. आलसी, सुस्त। °त्त न [°त्व] आलस, सुस्ती।
आलसिय वि [आलसित] आलसी, मन्द।
आलसुय देखो आलसिय।
आलस्स पुंन [आलस्य] सुस्ती।
आलाअ देखो आलाव।
आलाण देखो आथाल।
आलाणिय वि [आलानित] नियन्त्रित, मजबूती से बाँधा हुआ।
आलाव पुं [आलाप] सम्भाषण, बातचीत। अल्प भाषण। प्रथम भाषण। एक बार की उक्ति।
आलावक देखो आलावग।
आलावग पुं [आलापक] परिच्छेद, ग्रन्थ का अंश-विशेष।
आलावण न [आलापन] बाँधने का रज्जु आदि साधन, बन्धन-विशेष। °बंध पुं [°बन्ध] बन्ध-विशेष।
आलावणी स्त्री [आलापनी] वाद्यविशेष।
आलास पुं [दे] बिच्छू।
आलाहि देखो अलाहि।
आलि पुं [अलि] भ्रमर।
आलि देखो आली।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आलिंग सक [आ + लिङ्ग्] आलिङ्गन करना।

आलिंग पुं [आलिङ्ग] वाद्य-विशेष।

आलिंग वि [आलिङ्ग्य] आलिङ्गन करने योग्य। पुं. वाद्य-विशेष।

आलिंगण न [आलिङ्गन] आलिंगन, भेंट। °वट्टि स्त्री [°वृत्ति] गाल या कपोल का उपधान—तकिया, शरीर-प्रमाण उपधान।

आलिंगणिया स्त्री [आलिङ्गनिका] देखो आलिंगणवट्टि।

आलिंगिणी स्त्री [आलिङ्गिनी] जानु आदि के नीचे रखने का तकिया।

आलिंद पुं [आलिन्द] बाहर के दरवाजे के चौकट्ठे का एक हिस्सा।

आलिंप सक [आ + लिप्] पोतना, लेप करना।

आलिंपण न [आलेपण] लेप करना, विलेपन। जिसका लेप होता है वह चीज।

आलिगा देखो आवलिआ।

आलित्त न [आलित्र] जहाज चलाने का काष्ठ-विशेष।

आलित्त वि [आलिप्त] खरण्टित, खरड़ा हुआ। लिपा हुआ।

आलित्त वि [आदीप्त] चारों ओर से जला हुआ। न. आग लगनी, आग से जलना।

आलिद्ध वि [आश्लिष्ट] आलिंगित।

आलिद्ध वि [आलीढ] आस्वादित।

आलिसंदग पुं [दे. आलिसन्दक] धान्य-विशेष।

आलिसिंदय पुं[दे.आलिसिन्दक] ऊपर देखो।

आलिह सक [स्पृश्] छूना।

आलिह सक [आ + लिख्] विन्यास करना, स्थापन करना। चित्र करना, चितरना या चित्र बनाना।

आली सक [आ + ली] लीन होना, आसक्त होना। आलिंगन करना। निवास करना।

आली स्त्री. पंक्ति, श्रेणी। सखी। वनस्पति-विशेष।

आलीढ वि [आलीढ] आसक्त। न. आसन-विशेष।

आलीढ पुंन. योद्धा का युद्ध समय का आसन-विशेष।

आलीण वि [आलीन] लीन, आसक्त, तत्पर। आलिंगित, आश्लिष्ट।

आलीयग वि [आदीपक] जलानेवाला, आग सुलगानेवाला।

आलील न [दे] समीप का भय।

आलीवग देखो आलीयग।

आलीवण न [आदीपन] आग लगाना।

आलीविय वि [आदीपित] आग से जलाया हुआ।

आलु पुंन. कन्द-विशेष।

आलुई स्त्री [आलुकी] वल्ली-विशेष।

आलुंख सक [दह्] जलाना, दाह देना।

आलुंख सक [स्पृश्] छूना।

आलुंघ सक [स्पृश्] छूना।

आलुंप सक [आ + लुम्प्] हरण करना।

आलुंप वि. अपहारक।

आलुगा स्त्री [दे] घटी, छोटा घड़ा।

आलुयार वि [दे] निरर्थक, व्यर्थ।

आलेक्ख, आलेक्खिय } वि [आलेख्य] चित्रित।

आलेट्ठुं, आलेट्ठुअं } आसिलिस का हेकृ.।

आलेव पुं [आलेप] विलेपन, लेप।

आलेसिय वि [आश्लेषित] आलिंगन कराया हुआ।

आलेह पुं [आलेख] चित्र।

आलोअ सक [आ + लोक्] देखना, विलोकन करना।

आलोअ सक [आ + लोच्] देखाना। गुरू को अपना अपराध कह देना। विचार

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करना। आलोचना करना।

आलोअ पुं [आलोक] तेज, प्रकाश। विलोकन, अच्छी तरह देखना। पृथ्वी का समान-भाग। गवाक्षादि प्रकाशस्थान। जगत्, संसार। ज्ञान।

आलोअग } वि [आलोचक] आलोचना
आलोअय } करनेवाला।

आलोअण न [आलोकन] विलोकन, दर्शन, निरीक्षण।

आलोअणा स्त्री [आलोचना] देखना, बतलाना। प्रायश्चित्त के लिए अपने दोषों को गुरू को बता देना। विचार करना।

आलोइत्तु वि [आलोकयितृ] देखने वाला, द्रष्टा।

आलोइल्ल वि [आलोकवत्] प्रकाश-युक्त।

आलोग देखो आलोअ = आलोक। °नयर न [°नगर] नगर-विशेष।

आलोच देखो आलोअ = आ + लोच्।

आलोड सक [आ + लोडय्] हिलोरना, मन्थन करना।

आलोयण न [आलोकन] गवाक्ष।

आलोल सक. देखो आलोड।

आलोव सक [आ + लोपय्] आच्छादित करना।

आलोव देखो आलोअ = आलोक।

आव वि [यावत्] जितना।

आव अ [यावत्] जब तक, जब लग। °कह वि [°कथ] देखो °कहिय। °कहं अ [°कथम्] यावज्जीव। °कहा स्त्री [°कथा] जीवन-पर्यन्त। °कहिय वि [°कथिक] यावज्जीविक, जीवन-पर्यन्त रहनेवाला।

आव पुं [आप] प्राप्ति, लाभ। जल का समूह। °बहुल न. देखो आउ-बहुल।

आव सक [आ + या] आना, आगमन करना।

आवआस सक [उप + गूह्] आलिंगन करना।

आवइ स्त्री [आपद्] आपत्ति।

आवंग पुं [दे] अपामार्ग, वृक्ष-विशेष, लटजीरा।

आवंडु वि [आपाण्डु] थोड़ा सफेद, फीका।

आवंडुर वि [आपाण्डुर] ऊपर देखो।

आवंत देखो जावंत।

आवग्गण न [आवलगन] अश्व पर चढ़ने की कला।

आवच्चेज्ज वि [अपत्यीय] अपत्य-स्थानीय।

आवज्ज देखो आओज्ज।

आवज्ज अक [अ + पद्] प्राप्त होना, लागू होना।

आवज्ज सक [आ + वर्ज्] सम्मुख करना। प्रसन्न करना।

आवज्ज सक [आ + पद्] प्राप्त करना।

आवज्ज वि [आवर्ज] प्रीत्युत्पादक।

आवज्जण न [आवर्जन] सम्मुख करना। प्रसन्न करना। उपयोग, ख्याल। उपयोग-विशेष। व्यापार-विशेष।

आवज्जिय वि [आवर्जित] प्रसन्न किया हुआ। अभिमुख किया हुआ। °करण न. व्यापार-विशेष।

आवज्जिय देखो आउज्जिय = आतोद्यिक।

आवज्जीकरण न [आवर्जीकरण] उपयोग-विशेष या व्यापार-विशेष का करना, उदीरणावलिका में कर्म-प्रक्षेप रूप व्यापार।

आवट्ट अक [आ + वृत्] चक्र की तरह घूमना, फिरना। विलीन होना। सक. शोषण करना, सुखाना। पीड़ना, दुःखी करना।

आवट्ट देखो आवत्त।

आवट्टिआ स्त्री [दे] नवोढ़ा। परतन्त्र स्त्री।

आवड देखो आवत्त = आवर्त्त।

आवड सक [आ + पत्] पास में आना, आगमन करना। आ लगना। गिरना।

आवणवीहि स्त्री [आपणवीथि] हट्ट-मार्ग, बाजार। रथ्या-विशेष, एक तरह का मुहल्ला।

आवडिअ वि [दे] संगत, सम्बद्ध। सार,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मजबूत ।
आवण पुं [आपण] हाट । बाजार ।
आवणिय पुं [आपणिक] सौदागर, व्यापारी ।
आवण्ण वि [आपन्न] आपत्ति-युक्त । प्राप्त । °सत्ता स्त्री [°सत्त्वा] गर्भवती स्त्री ।
आवण्ण वि [आपन्न] आश्रित ।
आवत्त सक [आ + वृत्] आना ।
आवत्त अक [आ + वृत्] परिभ्रमण करना । बदलना । चक्राकार घूमना । सक. पठित पाठ को याद करना । घुमाना ।
आवत्त पुं [आवर्त्त] चक्राकार परिभ्रमण । मुहूर्त्त-विशेष । महाविदेह क्षेत्रस्थ एक विजय (प्रदेश) का नाम । एक खुरवाला पशु-विशेष । एक लोकपाल का नाम । पर्वतविशेष । मणि का एक लक्षण । ग्राम-विशेष । शारीरिक चेष्टा-विशेष, कायिक व्यापार-विशेष । °कूड न [°कूट] पर्वत-विशेष का शिखर-विशेष । °यंत वकृ [°यमान] दक्षिण की तरफ चक्राकार घूमनेवाला ।
आवत्त पुंन [आवर्त्त] एक तरह का जहाज । न. लगातार २५ दिनों का उपवास ।
आवत्त न [आतपत्र] छत्र, छाता ।
आवत्तण न [आवर्त्तन] चक्राकार भ्रमण । °पेढ़िया स्त्री [°पीठिका] पीठिका-विशेष ।
आवत्तय पुं [आवर्त्तक] देखो आवत्त । वि. चक्राकार भ्रमण करनेवाला ।
आवत्ता स्त्री [आवर्त्ता] महाविदेह-क्षेत्र के एक विजय (प्रदेश) का नाम ।
आवत्ति स्त्री [आपत्ति] दोष-प्रसंग । कष्ट । उत्पत्ति ।
आवत्ति स्त्री [आपत्ति] प्राप्ति ।
आवदि स्त्री [आवृत्ति] आवरण ।
आवय पुं [आवर्त] देखो आवत्त ।
आवय देखो आवड ।
आवया स्त्री [आपगा] नदी ।
आवया स्त्री [आपद्] विपद्, दुःख ।
आवर सक [आ + वृ] आच्छादन करना ।
आवरण न. ढकनेवाला, तिरोहित करनेवाला । वास्तु-विद्या ।
आवरिसण न [आवर्षण] सिंचन । सुगन्ध जल की वृष्टि ।
आवरेइया स्त्री [दे] करिका, मद्य परोसने का पात्र-विशेष ।
आवलण न [आवलन] मोड़ना ।
आवलि स्त्री. पङ्क्ति । पुं. एक विद्यार्थी का नाम ।
आवलिआ स्त्री [आवलिका] श्रेणी । परिपाटी । समय-विशेष, एक सूक्ष्म काल-परिमाण । °पविट्ठ वि [°प्रविष्ट] श्रेणी से व्यवस्थित । °बाहिर वि [बाह्य] विप्रकीर्ण, श्रेणि-बद्ध नहीं रहा हुआ ।
आवलिय वि [आवलित] वेष्टित ।
आवली स्त्री. पंक्ति । रावण की एक कन्या का नाम ।
आवस सक [आ + वस्] रहना, वास करना ।
आवसह पुं [आवसथ] घर, आश्रय, स्थान । मठ, संन्यासियों का स्थान ।
आवसहिय पुं [आवसथिक] गृहस्थ, गृही । संन्यासी ।
आवसिय, आवस्सग, आवस्सय वि [आवश्यक] अवश्य-कर्त्तव्य, जरूरी । न. सामयिकादि धर्मानुष्ठान, नित्य-कर्म । जैन ग्रन्थ-विशेष, आवश्यक सूत्र । °णुओग पुं [°ानुयोग] आवश्यक सूत्र की व्याख्या ।
आवस्सय पुंन [आपाश्रय] ऊपर देखो । आश्रय ।
आवस्सिया स्त्री [आवश्यकी] सामाचारी-विशेष, जैन साधु का अनुष्ठान-विशेष ।
आवह सक [आ + वह्] धारण करना, वहन करना ।
आवह वि. धारण करनेवाला ।
आवा सक [आ + पा] पीना । भोग में लाना,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उपभोग करना ।

आवाइया स्त्री [आवापिका] प्रधान होम ।

आवाग पुं [आपाक] आवा, मिट्टी के पात्र पकाने का स्थान ।

आवाड पुं [आपात] भीलों की एक जाति ।

आवाणय न [आपाणक] दूकान ।

आवाय पुंन [आपात] अभ्यागम, आगमन ।

आवाय देखो आवाग ।

आवाय पुं [आपात] प्रारम्भ । प्रथम मिलन । तुरन्त । पतन । सम्बन्ध, संयोग ।

आवाय पुं [आवाप] आवा, मिट्टी के पात्र पकाने का स्थान । आलवाल । प्रक्षेप, फेंकना । शत्रु की चिन्ता । बोना, वपन ।

आवायण न [आपादन] सम्पादन ।

आवाल देखो आलवाल ।

आवाल } न [दे] जल के निकट का
आवालय } प्रदेश ।

ओअंदणा स्त्री [आच्छेदना] नाश। जबरदस्ती छीनना।
ओअक्ख सक [दृश्] देखना।
ओअग्ग सक [वि + आप्] व्याप्त करना।
ओअग्गिअ वि [दे] अभिभूत। न. केश वगैरह को एकत्रित करना।
ओअग्घिअ } वि [दे] सूंघा हुआ।
ओअघिअ }
ओअण्ण वि [अवनत] नमा हुआ।
ओअत्त वि [अपवृत्त] उलटा किया हुआ।
ओअत्तअ वि [अपवर्त्तितव्य] अपवर्त्तनयोग्य। त्यागने योग्य।
ओअम्मअ वि [दे] अभिभूत।
ओअर सक [अव + तृ] जन्म-ग्रहण करना। नीचे उतरना।
ओअरण न [उपकरण] साधन।
ओअरय पुं [अपवरक] कमरा, कोठरी।
ओअरिअ वि [औदरिक] पेटू, उदर भरने मात्र की चिन्ता करनेवाला।
ओअरिया स्त्री [अपवरिका] कोठरी, छोटा कमरा।
ओअल्ल देखो ओवट्ट = अप + वृत्।
ओअल्ल अक [अव + चल्] चलना।
ओअल्ल पुं [दे] खराब आचरण। काँपना। गौओं का बाड़ा। वि. पर्यस्त, प्रक्षिप्त। लम्बमान। जिसकी आँखें निमीलित होती हों वह।
ओअल्लअ वि [दे] विप्रलब्ध, प्रतारित।
ओअव सक [साधय्] साधना। वश में करना। जीतना।
ओआअ पुं [दे] ग्रामाधीश। आज्ञा। हस्ति वगैरह को पकड़ने का गर्त्त। वि. अपहृत।
ओआअव पुं [दे] अस्त-समय।
ओआर सक [अप + वारय्] ढाँकना।
ओआर पुं [अपकार] अनिष्ट, क्षति।
ओआर पुं [अवतार] अवतारण। देहान्तरधारण। उत्पत्ति। प्रवेश। उतारना।
ओआर देखो उवयार।
ओआल पुं [दे] छोटा प्रवाह।
ओआली स्त्री [दे] खड्ग का दोष। पंक्ति।
ओआवल पुं [दे] सुबह का सूर्यताप।
ओआस देखो अवगास।
ओआस देखो उववास।
ओआहिअ वि [अवगाहित] जिसका अवगाहन किया गया हो वह।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओइंध सक [आ + मुच्] छोड़ देना। फेंक देना। उतार कर रख देना।
ओइण्ण वि [अवतीर्ण] उतरा हुआ।
ओइत्त, ओइत्तण न [दे] परिधान। वस्त्र।
ओइल्ल वि [दे] आरूढ।
ओउंठण न [अवगुण्ठन] घूंघट।
ओउल्लिय वि [दे] पुरस्कृत, आगे किया हुआ।
ओऊल न [अवचूल] लटकता हुआ वस्त्राञ्चल। देखो ओचूल।
ओं अ [ओम्] प्रणव। मुख्य मन्त्राक्षर।
ओंकार पुं [ओङ्कार] 'ओं' अक्षर।
ओंगण अक [क्वण्] अव्यक्त आवाज करना।
ओंघ देखो उंघ।
ओंडल न [दे] केश-गुम्फ। केश रचना।
ओंदुर देखो उंदुर।
ओंबाल सक [छादय्] ढकना।
ओंबाल सक [प्लावय्] डुबाना। व्याप्त करना।
ओकंबण देखो उक्कंबण।
ओकच्छिया देखो उक्कच्छिआ।
ओकड्ढ वि [अपकृष्ट] खींचा हुआ। न. अपकर्षण।
ओकड्ढग देखो उक्कड्ढग।
ओकरग पुं [अवकरक] विष्ठा।
ओक्कस सक [अव + कृष्] निमग्न होना। खींचना। बह जाना।
ओक्कंत वि [अवक्रान्त] निराकृत। पराजित।
ओक्कंदी देखो उक्कंदी।
ओक्कणी स्त्री [दे] यूका।
ओक्किअ न [दे] वास, बसन, अवस्थान। वमन।
ओक्खंच सक [आ + कृष्] खींचना।
ओक्खंड सक [अव + खण्डय्] तोड़ना।
ओक्खंडिअ वि [दे] आक्रान्त।
ओक्खंद देखो अवक्खंद।
ओक्खल देखो उऊखल।
ओक्खली [दे] देखो उक्खली।
ओक्खमाण (शौ) वि [भविष्यत्] भावी।
ओक्खिण्ण वि [दे] अवकीर्ण। खण्डित। ढका हुआ। पार्श्व में शिथिल।
ओक्खित्त वि [अवक्षिप्त] फेंका हुआ।
ओखंच देखो ओक्खंच।
ओगम देखो अवगम।
ओगय वि [उपगत] प्राप्त।
ओगर देखो ओग्गर।
ओगलिअ वि [अवगलित] गिरा हुआ, खिसका हुआ।
ओगसण न [अपकसन] ह्रास।
ओगहिअ वि [अवगृहीत] उपात्त, गृहीत।
ओगाढ वि [अवगाढ] आश्रित। अधिष्ठित। व्याप्त। निमग्न। गहरा।
ओगास पुं [अवकाश] जगह। मार्ग।
ओगाह सक [अव + गाह्] पाँव से चलना। अवगाहन करना।
ओगाहणा स्त्री [अवगाहना] आधार-भूत, आकाश-क्षेत्र। शरीर। शरीर-परिमाण। अवस्थान, अवस्थिति। °णाम न [°नामन्] कर्म-विशेष। °णाम पुं [°नाम] अवगाहनात्मक परिणाम।
ओगाहिम वि [अवगाहिम] पक्वान्न।
ओगिज्झ, ओगिण्ह सक [अव + ग्रह्] आश्रय लेना। अनुज्ञा-पूर्वक ग्रहण करना। जानना। उद्देश करना। लक्ष्य कर कहना।
ओगिण्हण न [अवग्रहण] सामान्य ज्ञान-विशेष, अवग्रह।
ओगिण्हणया स्त्री [अवग्रहणता] ऊपर देखो। मन से जानना।
ओगुंडिय वि [अवगुण्डित] लिप्त।
ओगुट्ठि स्त्री [अपकृष्टि] अपकर्ष, हलकाई।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओगूहिय वि [अवगूहित] आलिङ्गित।
ओग्गर पुं [ओगर] व्रीहिविशेष।
ओग्गह देखो उग्गह।
ओग्गह सक [प्रति + इष्] ग्रहण करना।
ओग्गहण देखो ओगिण्हण। °पट्टग पुंन [°पट्टक] जैन साध्वियों के पहनने का एक गुह्याच्छादक वस्त्र।
ओग्गहिय वि [अवगृहीत] अवग्रह का विषय। अनुज्ञा से गृहीत। बद्ध। देने के लिए उठाया हुआ।
ओग्गारण न [उद्गारण] उद्गार।
ओग्गाल पुं [दे] छोटा प्रवाह।
ओग्गाल सक [रोमन्थाय्] चबाई हुई वस्तु को पुनः चबाना।
ओग्गाह देखो उग्गाह = उद् + ग्राहय्।
ओग्गिअ वि [दे] अभिभूत।
ओग्गीअ पुं [दे] हिम।
ओग्घ देखो उग्घड।
ओग्घसिय वि [अवघर्षित] प्रमार्जित।
ओघ पुं. समूह। संसार। अविच्छेद। सामान्य। °सण्णा स्त्री [°संज्ञा] सामान्य ज्ञान। °ादेस पुं [°ादेश] सामान्य विवक्षा। देखो ओह = ओघ।
ओघट्टिद (शौ) वि [अवघट्टित] आहत।
ओघसर पुं [दे] घर का जल-प्रवाह। अनर्थ। खराबी, नुकसान।
ओघसिय देखो ओग्घसिय।
ओघाययण न [ओघायतन] परम्परा से पूजा जानेवाला स्थान। तलाब में पानी जाने का साधारण रास्ता।
ओघेत्तव्व ओगिण्ह का कृ.।
ओचार पुं [दे. अपचार] धान्य रखने की बड़ी कोठी। मिट्टी का पात्र-विशेष।
ओचिदी (शौ) स्त्री [औचिती] उचितता।
ओचुंब सक [अव = चुम्ब्] चुम्बन करना।
ओचुल्ल न [दे] चूल्हा का एक भाग।
ओचूल } देखो ओऊल। मुख से हटा
ओचूलग } शिथिल (वस्त्र)।
ओच्चय देखो अवचय।
ओच्चिया स्त्री [अवचायिका] तोड़ कर (फूलों को) इकट्ठा करनेवाली।
ओच्चेल्लर न [दे] ऊषर-भूमि। जघन के रोम।
ओच्छअ } वि [अवस्तृत] आच्छादित।
ओच्छइय } निरुद्ध।
ओच्छंदिअ वि [दे] अपहृत। व्यथित।
ओच्छण्ण वि [अवच्छन्न] आच्छादित। अवष्टब्ध, आक्रान्त। देखो ओच्छन्न।
ओच्छत्त न [दे] दन्त धावन, दतवन।
ओच्छर (शौ) सक [अव + स्तृ] बिछाना। आच्छादित करना।
ओच्छविय } वि [अवच्छादित] आच्छा-
ओच्छाइय } दित।
ओच्छाय सक [अव + छादय्] आच्छादन करना।
ओच्छाहिय देखो उच्छाहिय।
ओच्छिअ न [दे] केश-विवरण।
ओच्छिण्ण वि [अवच्छिन्न] आच्छादित।
ओच्छुंद सक [आ + क्रम्] आक्रमण करना। गमन करना।
ओच्छुण्ण वि [आक्रान्त] दबाया हुआ। उल्लंघित।
ओच्छोअअ न [दे] घर की छत के प्रान्त भाग से गिरता पानी।
ओजिग्घ अक [घ्रा] तृप्त होना।
ओज्जर वि [दे] भीरु।
ओज्जल देखो उज्जल।
ओज्जल्ल वि [दे] बलवान्।
ओज्जाअ पुं [दे] गर्जित। गर्जारव।
ओज्झ वि [दे] मैला।
ओज्झमण न [दे] पलायन।
ओज्झर पुं [निर्झर] झरना।
ओज्झरिअ [दे] देखो उज्झरिअ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओज्झरी स्त्री [दे] आंत का आवरण।
ओज्झा सक [अप+ध्या] खराब चिन्तन करना।
ओज्झा देखो अउज्झा।
ओज्झाय देखो उवज्झाय।
ओज्झाय वि [दे] दूसरे को प्रेरणा कर हाथ से लिया हुआ।
ओज्झावग देखो उवज्झाय।
ओट्ठ पुं [ओष्ठ] अधर।
ओट्टिय वि [औष्ट्रिक] उष्ट्र-सम्बन्धी, उष्ट्र के बालों से बना हुआ।
ओडड्ढ वि [दे] रागी।
ओड्ड पुं [ओड्र] उत्कल देश। वि. उत्कल देश का निवासी।
ओड्डिअ वि [ओड्रीय] उत्कलदेशीय।
ओड्ढण न [दे] ओढ़न, उत्तरीय।
ओड्ढिगा स्त्री [दे] ओढ़नी।
ओढण न [दे] अवगुण्ठन।
ओण देखो ऊण = ऊन।
ओणंद सक [अव+नन्द्] अभिनन्दन करना।
ओणम अक [अव+नम्] नीचे नमना।
ओणय वि [अवनत]नमा हुआ। न. नमस्कार।
ओणल्ल अक [अव+लम्ब्] लटकना।
ओणविय वि [अवनमित] नमाया हुआ।
ओणाम सक [अव+नमय्] नीचे नमाना।
ओणामणी स्त्री [अवनामनी] एक विद्या, जिसके प्रभाव से वृक्ष वगैरह स्वयं फलादि देने के लिए अवनत होते हैं।
ओणिअत्त अक [अपनि+वृत्] पीछे हटना। वापिस आना।
ओणिमिल्ल वि [अवनिमीलित] मुद्रित। मूंदा हुआ।
ओणियट्ट देखो ओणिअत्त।
ओणियव्व पुं [दे] वल्मीक, चींटियों का खुदा हुआ मिट्टी का ढेर।
ओणीवी स्त्री [दे] नीवी, कटि-सूत्र।
ओणुणअ वि [दे] अभिभूत।
ओण्णिद्द न [औन्निद्रय] निद्रा का अभाव।
ओण्णिय वि [औणिक] ऊन का बना हुआ।
ओणेज्ज वि [उपनेय] साँचे में ढाल कर बना हुआ फूल आदि, साँचे से बनता मोम का पुतला।
ओत्तलहअ पुं [दे] विटप।
ओत्ताण देखो उत्ताण।
ओत्थ सक [स्थग्] ढकना।
ओत्थअ वि [अवस्तृत] फैला हुआ। आच्छादित।
ओत्थअ वि [दे] अवसन्न, खिन्न।
ओत्थइअ देखो ओच्छइय।
ओत्थर देखो ओच्छर।
ओत्थर पुं [दे] उत्साह।
ओत्थरिअ वि [दे] आक्रान्त। जो आक्रमण करता हो वह।
ओत्थल्ल देखो उत्थल्ल = उत् + स्तृ।
ओत्थल्लपत्थल्ला देखो उत्थल्लपत्थल्ला।
ओत्थाडिय वि [अवस्तृत] बिछाया हुआ।
ओत्थार सक [अव+स्तारय्] आच्छादित करना।
ओदइग } पुंन [औदयिक] उदय, कर्म-
ओदइय } विपाक। वि. उदय निष्पन्न। पुं कर्मोदय रूप भाव। वि. उदय होने पर होनेवाला।
ओदन्न न [औदात्य] उदात्तता। श्रेष्ठता।
ओदज्ज न [औदार्य] उदारता।
ओदण न [ओदन] भात।
ओदरिय वि [औदरिक] पेट भरा, पेट भरने के लिए ही जो साधु हुआ हो वह।
ओदहण न [अवदहन] तप्त किये हुये लोहे के कोश वगैरह से दागना।
ओदारिय न [औदार्य] उदारता।
ओद्द वि [आर्द्र] गीला।
ओद्दंपिअ वि [दे] आक्रान्त। नष्ट।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओद्धंस सक [अव + ध्वंस्] गिराना। हटाना। हराना।
ओधाव सक [अव + धाव्] पीछे दौड़ना।
ओधुण देखो अवधुण।
ओधूअ वि [अवधूत] कम्पित।
ओधूसरिअ वि [अवधूसरित] धूसर रंग वाला, हलका पीला रंगवाला।
ओनडिय वि [अवनटित] अवगणित तिरस्कृत।
ओपल्ल वि [दे] अपदीर्ण, कुण्ठित।
ओप्प वि [दे] सृष्ट, ओप दिया हुआ।
ओप्प सक [अर्पय्] अर्पण करना।
ओप्पा स्त्री [दे] शाण आदि पर मणि वगैरह का घर्षण करना।
ओप्पाइय वि [औत्पातिक] उत्पात-सम्बन्धी।
ओप्पिअ वि [दे] शाण पर घिसा हुआ।
ओप्पील पुं [दे] समूह।
ओप्पुंसिअ } देखो उप्पुसिअ।
ओप्पुसिअ }
ओबद्ध वि [अवबद्ध] बँधा हुआ। अवसन्न।
ओबुज्झ सक [अव + बुध्] जानना।
ओब्भालण देखो उब्भालण।
ओभग्ग वि [अवभग्न] भग्न, नष्ट।
ओभावणा स्त्री [अपभ्राजना] लोक-निन्दा।
ओभास अक [अव + भास्] प्रकाशना।
ओभास सक [अव + भाष्] याचना करना।
ओभास पुं [अवभास] प्रकाश। महाग्रह-विशेष।
ओभासण न [अवभासन] प्रकाशन, उद्योतन। आविर्भाव। प्राप्ति।
ओभुग्ग वि [अवभुग्न] वक्र।
ओभेडिय वि [अवमुक्त] छुड़ाया हुआ। रहित किया हुआ।
ओम वि [अवम] असार।
ओम वि [अवम] कम। लघु। न. दुर्भिक्ष। °कोट्ठ वि [°कोष्ठ] जिसने कम खाया हो वह। °चेलग, °चेलय वि [°चेलक] जीर्ण और मलिन वस्त्र धारण करनेवाला। °रत्त पुं [°रात्र] ज्योतिष की गिनती के अनुसार जिस तिथि का क्षय होता है वह। अहोरात्र।
ओमइल्ल वि [अवमलिन] मलिन।
ओमंथ [दे] देखो ओमत्थ।
ओमंथिय वि [अवमस्तिक] शीर्षासन से स्थित।
ओमंस वि [दे] अपसृत, अपगत।
ओमज्जण न [अवमज्जन] स्नान-क्रिया।
ओमज्जायण पुं [अवमज्जायन] ऋषि-विशेष।
ओमज्जिअ वि [अवमार्जित] स्पर्शित।
ओमट्ठ वि [अवमृष्ट] स्पृष्ट।
ओमत्थ वि [दे] नत, अधोमुख।
ओमल्ल न [निर्माल्य] निर्माल्य, देवोच्छिष्ट द्रव्य।
ओमल्ल वि [दे] घनीभूत। कठिन, जमा हुआ।
ओमाण पुं [अपमान] अपमान, तिरस्कार।
ओमाण न [अवमान] जिससे क्षेत्र वगैरह का माप किया जाता है वह, हस्त, दण्ड वगैरह मान। जिसका माप किया जाता है वह क्षेत्रादि।
ओमाय वि [अवमित] परिमित, मापा हुआ।
ओमाल देखो ओमल्ल = निर्माल्य।
ओमाल अक [उप + माल्] शोभना। सक. सेवा करना। पूजा करना।
ओमालिअ देखो ओमल्ल = निर्माल्य।
ओमालिआ स्त्री [अवमालिका] चिमड़ी या मुरझाई हुई माला।
ओमास पुं [अवमर्श] स्पर्श।
ओमिण सक [अव + मा] मापना। मान करना।
ओमिणण न [दे] प्रोंखनक। वर के लिए सासू की ओर से किया हुआ न्योछावर।
ओमिय वि [अवमित] परिच्छिन्न, परिमित।
ओमील अक [अव + मील्] मुद्रित होना, बन्द होना।
ओमीस वि [अवमिश्र] मिश्रित। समीपस्थ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

न. सामीप्य।
ओमुक्क वि [अवमुक्त] परित्यक्त।
ओमुग्ग देखो उम्मुग्ग।
ओमुच्छिअ वि [अवमूर्च्छित] महा-मूर्च्छा को प्राप्त।
ओमुद्धग वि [अवमूर्धक] अधोमुख।
ओमुय सक [अव + मुच्] पहनना।
ओमोय पुं [ओमोक] आभरण।
ओमोयर वि [अवमोदर] भूख की अपेक्षा न्यून भोजन करनेवाला।
ओमोयरिय न [अवमोदरिक] न्यून भोजनत्व। दुर्भिक्ष, अकाल।
ओम्माय पुं [उन्माद] उन्मत्तता।
ओय न [ओजस्] विषम संख्या—जैसे एक, तीन, पाँच आदि। आहार-विशेष, अपनी उत्पत्ति के समय जीव प्रथम जो आहार लेता है वह। बल। प्रकाश। उत्पत्ति-स्थान में आहृत पुद्गलों का समूह। आर्तव, ऋतु-धर्म।
ओय वि [ओकस्] गृह।
ओय वि [ओज] एक, असहाय। मध्यस्थ, उदासीन। पुं. विषम राशि।
ओयंसि वि [ओजस्विन्] बलवान्। तेजस्वी।
ओयट्टण न [अपवर्त्तन] पीछे हटना।
ओयड्ढ सक [अप + कृष्] खींचना।
ओयड्ढिया } स्त्री [दे] ओढ़नी। चादर,
ओयड्ढी } दुपट्टा।
ओयण देखो ओदण।
ओयत्त वि [अववृत्त] अवनत, अधोमुख।
ओयत्त सक [अप + वर्तय्] खाली करने के लिए नमाना।
ओयत्तण न [अपवर्तन] खिसकाना।
ओयविय वि [दे] परिकर्मित।
ओया स्त्री [ओजस्] शक्ति। प्रकाश। माता का शुक्र-शोणित।
ओयाइअ देखो उवयाइय।
ओयाय वि [उपयात] समीप पहुँचा हुआ।
ओयार सक [अव + तारय्] नीचे उतारना।
ओयार पुं [अवतार] घाट, तीर्थ।
ओयारग वि [अवतारक] उतारनेवाला। प्रवृत्ति करनेवाला।
ओयारण देखो उयारण।
ओयावइत्ता अ [ओजयित्वा] बल दिखा कर। चमत्कार दिखा कर। विद्या आदि का सामर्थ्य दिखा कर।
ओर वि [दे] सुन्दर। समीप।
ओरंपिअ वि [दे] आक्रान्त। नष्ट। पतला किया हुआ, छिला हुआ।
ओरत्त वि [दे] गर्विष्ठ। कुसुम्भ से रक्त। विदारित।
ओरद्ध देखो अवरद्ध = अपराद्ध।
ओरम अक [उप + रम्] निवृत्त होना।
ओरल्ली स्त्री [दे] लम्बी और मधुर आवाज।
ओरस सक [अव + तॄ] नीचे उतरना।
ओरस वि [उपरस] स्नेह-युक्त।
ओरस वि [औरस] स्व-पुत्र। हृदयोत्पन्न।
ओरस्स वि [औरस्य] हृदयोत्पन्न, आभ्यन्तरिक।
ओराल देखो उराल।
ओराल न [औदार] नीचे देखो।
ओरालिय न [औदारिक] शरीर-विशेष, मनुष्य और पशुओं का शरीर। वि. शोभायमान। औदारिक शरीरवाला। °**णाम** न [°नामन्] औदारिक शरीर का हेतुभूत कर्म।
ओरालिय वि [दे] व्यास। उपलिप्त। पोंछा हुआ। प्रसारित।
ओराली देखो ओरल्ली।
ओरिंकिय न [अवरिङ्कित] महिष की आवाज।
ओरिल्ल पुं [दे] दीर्घ काल।
ओरी [दे] समीप।
ओरुंज न [दे] क्रीडा-विशेष।
ओरुंभिय वि [उपरुद्ध] आवृत्त।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओरुण्ण वि [अवरुदित] रोया हुआ ।
ओरुद्ध वि [अवरुद्ध] रुका हुआ, बन्द किया हुआ ।
ओरुभ सक [अव + रुह्] उतरना । उतारना ।
ओरुम्मा अक [उद् + वा] सूखना ।
ओरुह देखो ओरुभ ।
ओरोध देखो ओरोह = अवरोध ।
ओरोह देखो ओरुभ ।
ओरोह पुं [अवरोध] अन्तःपुर की स्त्री । नगर के दरवाजा का अवान्तर द्वार । संघात ।
ओलअ पुं [दे] बाज पक्षी । अपलाप, निह्नव ।
ओलअणी स्त्री [दे] नवोढा ।
ओलइअ वि [दे. अवलगित] शरीर में सटा हुआ, परिहित । लगा हुआ ।
ओलइणी स्त्री [दे] प्रिया, स्त्री ।
ओलंड सक [उत् + लङ्घ्] उल्लंघन करना ।
ओलंब पुं [अवलम्ब] नीचे लटकना । सहारा ।
ओलंबण न [अवलम्बन] सहारा । °दीव पुं [°दीप] शृङ्खला-बद्ध दीपक ।
ओलंबिय वि [उल्लंबित] लटकाया हुआ ।
ओलंभ पुं [उपालम्भ] उलाहना ।
ओलक्खिअ वि [उपलक्षित] पहिचाना हुआ ।
ओलग्गि (अप) देखो ओलग्गि ।
ओलग्ग सक [अव + लग्] पीछे लगना । सेवा करना ।
ओलग्ग वि [अवरुग्ण] ग्लान, बीमार । दुर्बल ।
ओलग्ग वि [अवलग्न] पीछे लगा हुआ ।
ओलग्ग [दे] देखो ओलुग्ग ।
ओलावअ पुं [दे] बाज पक्षी ।
ओलि देखो ओली = आली ।
ओलिंदअ पुं [अलिन्दक] बाहर के दरवाजे का प्रकोष्ठ ।
ओलिंप सक [दे] खोलना । [?लिप्] ।
ओलिंप सक [अव + लिप्] लीपना ।
ओलिंभा स्त्री [दे] उपदेहिका, दीमक ।
ओलित्त वि [अवलिप्त, उपलिप्त] लीपा हुआ ।
ओलित्ती स्त्री [दे] खड्ग आदि का एक दोष ।
ओलिप्प न [दे] हास, हँसी ।
ओलिप्पंती स्त्री [दे] खड्ग आदि का एक दोष ।
ओलिह सक [अव + लिह्] आस्वादन करना ।
ओली सक [अव + ली] आगमन करना । नीचे आना । पीछे आना ।
ओली स्त्री [आली] श्रेणी ।
ओली स्त्री [दे] कुलाचार ।
ओलुंकी स्त्री [दे] बालकों की एक प्रकार की क्रीडा ।
ओलुंड सक [वि + रेचय्] झरना, टपकना, बाहर निकलना ।
ओलुंप पुं [अवलोप] मसलना ।
ओलुंपअ पुं [दे] तवा का हाथा ।
ओलुग्ग वि [अवरुग्ण] रोगी । भग्न, नष्ट ।
ओलुग्ग वि [दे] सेवक । बल-हीन । निस्तेज ।
ओलुग्गाविय वि [दे] बीमार । विरह, पीड़ित ।
ओलुट्ट वि [दे] असंघटमान । मिथ्या ।
ओलेहड वि [दे] अन्यासक्त । तृष्णा-पर । प्रवृद्ध ।
ओलोअ देखो अवलोअ ।
ओलोट्ट सक [अप + लुट्] पीछे लौटना ।
ओलोयण न [अवलोकन] देखना । गवाक्ष । खोज, दृष्टि ।
ओल्ल पुं [दे] पति । स्वामी । दण्डप्रतिनिधि पुरुष, राजपुरुष-विशेष ।
ओल्ल देखो उल्ल = आर्द्र । आर्द्रय् ।
ओल्लट्टण पुं [अवलट्टन] एक नरक-स्थान ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओल्लणी स्त्री [दे] मार्जिता, इलायची, दालचीनी आदि मसाला से संस्कृत दधि ।
ओल्लरण न [दे] स्वाप, सोना ।
ओल्लरिअ वि [दे] सुप्त ।
ओल्लविद (शौ) नीचे देखो ।
ओल्लिअ वि [आर्द्रित] आर्द्र किया हुआ ।
ओल्ली स्त्री [दे] पनक, काई ।
ओल्हव सक [वि + ध्यापय्] बुझाना । ठण्ढा करना ।
ओव न [दे] हाथी वगैरह को बाँधने के लिए किया हुआ गर्त्त ।
ओवअण न [अवपतन] नीचे गिरना ।
ओवइणी स्त्री [अवपातिनी] विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से स्वयं नीचे आता है या दूसरे को नीचे उतारता है ।
ओवइय वि [अवपतित] नीचे आया हुआ । आ पड़ा हुआ, आ डटा हुआ । न. पतन ।
ओवइय पुंस्त्री [दे] तीन इन्द्रियवाला एक क्षुद्र जन्तु ।
ओवइय वि [औपचयिक] उपचित, परिपुष्ट ।
ओवगारिय वि [औपकारिक] उपकार करनेवाला उपकारार्थक ।
ओवग्ग सक [अप + क्रम्] व्याप्त करना । ढकना ।
ओवग्ग सक [उप + वल्ग्, आ + क्रम्] आक्रमण करना । पराभव करना ।
ओवग्गहिय वि [औपग्रहिक] जैन साधुओं का एक प्रकार का उपकरण, जो कारण-विशेष से थोड़े समय के लिए लिया जाता है ।
ओवग्गिअ वि [दे. उपवल्गित] अभिभूत । आक्रान्त ।
ओवघाइय वि [औपघातिक] उपघात करनेवाला, पीड़ा उत्पन्न करनेवाला ।
ओवच्च सक [उप + व्रज्] पास जाना ।
ओवट्ट अक [अप + वृत्] पीछे हटना । कम होना, ह्रास-प्राप्त होना ।
ओवट्ट पुं [अपवर्त्त] ह्रास, हानि । भागाकार।
ओवट्टिअ न [दे] चाटु, खुशामद ।
ओवट्ठ वि [अनवृष्ट] जिसने वृष्टि की हो वह ।
ओवट्ठ पुं [दे. अववर्ष] वृष्टि ।
ओवट्ठिइअ वि [औपस्थितिक] उपस्थिति के योग्य, नौकर ।
ओवड अक [अव + पत्] गिरना ।
ओवडण न [अवपतन]अधःपात । झम्पापात ।
ओवड्ढ वि [उपार्ध] आधे के करीब । °ोमोयरिया स्त्री [°ावमोदरिका] बारह कवल का ही आहार करना, तप-विशेष ।
ओवड्ढि वि [अपवृद्धि] ह्रास ।
ओवड्ढा स्त्री [दे] ओढ़नी का एक भाग ।
ओवण न [उपवन] बगीचा, आराम ।
ओवणिहिय पुं [औपनिहित, औपनिधिक] समीपस्थ भिक्षा को लेनेवाला साधु ।
ओवणिहिया स्त्री [औपनिधिकी] आनुपूर्वी-विशेष ।
ओवत्त सक [अप + वर्त्तय्] उलटा करना । फिराना । फेंकना ।
ओवत्त वि [अपवृत्त] फिराया हुआ ।
ओवत्थाणिय वि [औपस्थानिक] सभा का कार्य करनेवाला नोकर ।
ओवम देखो ओवम्म ।
ओवमिय वि [औपमिक] उपमा-सम्बन्धी ।
ओवमिय, ओवम्म न [औपम्य] उपमा । उपमान, प्रमाण ।
ओवय सक [अव + पत्] नीचे उतरना । आ पड़ना ।
ओवयण न [दे. अवपदन] प्रोङ्खणक, चुमना ।
ओवयाइयय वि [औपयाचितक] मनौती से प्राप्त किया हुआ ।
ओवयारिय वि [औपचारिक] उपचार-सम्बन्धी ।
ओवर पुं [दे] समूह ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओववाइय वि [औपपातिक] एक जन्म से दूसरे जन्म में जाने वाला। जिसकी उत्पत्ति होती हो वह। पुं. संसारी, प्राणी। देव या नारक जीव का शरीर। जैन आगम-ग्रन्थ विशेष, औपपातिक सूत्र।

ओवसग्गिय वि [औपसर्गिक] उपसर्ग से सम्बन्ध रखने वाला, उपद्रव—समर्थ रोगादि। शब्द-विशेष, प्र, परा आदि अव्यय रूप शब्द।

ओवसमिअ पुंन [औपशमिक] उपशम। वि. उपशम से उत्पन्न।

ओवसेर न [दे] चन्दन। वि. रति-योग्य।

ओवस्सय देखो उवस्सय।

ओवह सक[अव + वह्]बह जाना। डूबना।

ओवहारिअ वि [औपहारिक] उपहार-सम्बन्धी।

ओवहिय वि [औपधिक] माया से गुप्त विचरनेवाला।

ओवाअअ पुं [दे] जल-समूह की गरमी।

ओवाइय देखो ओववाइय।

ओवाइय देखो उवयाइय।

ओवाइय वि [आवपातिक] सेवा करनेवाला।

ओवाडण न [अवपाटन] विदारण। नाश।

ओवाडिय वि [अवपाटित] विदारित।

ओवाय सक [उप + याच्] मनौती करना।

ओवाय पुं [अवपात] सेवा। भक्ति। गर्त्त, गड्ढा। नीचे गिरना।

ओवाय वि [औपाय] उपाय-जन्य। उपाय-सम्बन्धी।

ओवार सक [अप + वारय्] ढकना।

ओवारि न [दे] धान्य भरने का एक प्रकार का लम्बा कोठा, गोदाम।

ओवारिअ वि [दे] राशिकृत।

ओवास अक [अव + काश्] शोभना। जगह मिलना।

ओवास पुं [अवकाश] अवकाश, खाली जगह।

ओवास पुं [उपवास] उपवास।

ओवासंतर पुंन [अवकाशान्तर] आकाश।

ओवाह सक [अव + गाह्] अवगाहना।

ओवाहिअ वि [अपवाहित] नीचे गिराया हुआ। घुमाकर नीचे डाला हुआ।

ओविअ वि [दे] आरोपित। मुक्त। छीना हुआ। न. खुशामद। रोदन। वि. परिकर्मित। खचित, व्याप्त। उज्ज्वालित, शृङ्गारित। देखो उविय।

ओविद्ध वि [अपविद्ध] प्रेरित, आहत। नीचे गिराया हुआ।

ओवील सक [अव + पीडय्] पीड़ा पहुँचाना, मार-पीट करना।

ओवीलय देखो उव्वीलय।

ओवुब्भमाण देखो ओवह का कवकृ.।

ओवेहा स्त्री [उपेक्षा] उपदर्शन। अवधीरण।

°ओव्वण देखो जोव्वण।

ओव्वत्त अक [अप + वृत्] पीछे फिरना। लौटना। अवनत होना।

ओव्वत्त वि [अपवृत्त] पीछे फिरा हुआ। नमा हुआ।

ओव्वेव्व देखो उव्वेव।

ओस देखो ऊस = ऊष।

ओस पुं [दे] देखो ओसा। °चारण पुं. हिम के अवलम्बन से जानेवाला साधु।

ओसक्क सक [अव + ष्वष्क्] कम करना। पीछे हटना, अपसरण करना। पलायन करना। उदीरण करना, उत्तेजित करना। नियत काल से पहले करना।

ओसक्क वि [दे. अवष्वष्कित] अपसृत, पीछे हटा हुआ।

ओसट्ट अक [वि + सृप्] फैलना।

ओसट्ट वि [दे] विकसित, प्रफुल्लित।

ओसडिअ वि [दे] आकीर्ण, व्याप्त।

ओसढ न [औषध] दवा, इलाज।

ओसढिअ वि [औषधिक] वैद्य, चिकित्सक।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओसण न [दे] उद्वेग, खेद।

ओसण्ण वि [अवसन्न] खिन्न। शिथिल, ढीला। निमग्न। न. एकान्त।

ओसण्ण वि [दे] त्रुटित, खण्डित।

ओसण्णं अ [दे] प्रायः।

ओसत्त वि [अवसक्त] सम्बद्ध, संयुक्त।

ओसधि देखो ओसहि।

ओसद्ध वि [दे] गिराया हुआ।

ओसप्पिणी स्त्री [अवसर्पिणी] दश कोटाकोटि सागरोपमपरिमित काल-विशेष, जिसमें सर्व पदार्थों के गुणों की क्रमशः हानि होती जाती है।

ओसम सक [उप + शमय्] उपशान्त करना।

ओसर अक [अव + तृ] नीचे आना। अवतरना।

ओसर अक [अप + सृ] अपसरण करना, पीछे हटना। सरकना, खिसकना, फिसलना।

ओसर सक [अव + सृ] आना, तीर्थंकर आदि महापुरुष का पधारना।

ओसर पुं [अवसर] अवसर, समय। अन्तर।

ओसरण न [अवसरण] जिन-देव का उपदेश स्थान। साधुओं का एकत्रित होना।

ओसरण न [अपसरण] हटना, दूर होना। वि. दूर करनेवाला।

ओसरिअ वि [दे] आकीर्ण, व्याप्त। आँख के इशारे से संकेतित या इंगित। अधोमुख। न. आँख का इशारा।

ओसरिअ वि [उपसृत] सम्मुखागत।

ओसरिआ स्त्री [दे] अलिन्दक, बाहर के दरवाजे का प्रकोष्ठ।

ओसव पुं [उत्सव] उत्सव, आनन्द-क्षण।

ओसव देखो ओसम।

ओसविय वि [उच्छ्रयित] ऊँचा किया हुआ।

ओसव्विअ वि[दे]शोभा-रहित। न. अवसाद।

ओसह न [औषध] दवाई, भैषज।

ओसहि°, ही स्त्री [ओषधि] वनस्पति। नगरी-विशेष। °महिहर पुं [°महिधर] पर्वत-विशेष।

ओसहिअ वि [आवसथिक] चन्द्रार्घ-दानादि व्रत को करनेवाला।

ओसा स्त्री [दे] ओस। हिम।

ओसाअ पुं [दे] प्रहार की पीड़ा।

ओसाअ पुं [अवश्याय] हिम, ओस।

ओसाअंत वि [दे] जँभाई खाता हुआ आलसी। बैठला। वेदना-युक्त।

ओसाअण वि [दे] जमीन का मालिक। आपोशान।

ओसाण न [अवसान] अन्त। समीपता। गुरु के समीप स्थान, गुरु के पास निवास।

ओसाणिहाण वि [दे] विधि-पूर्वक अनुष्ठित।

ओसाय पुं [अवश्याय] ओस।

ओसायण न [अवसादन] परिशाटन, नाश।

ओसार सक [अप + सारय्] दूर करना।

ओसार पुं [दे] गो-वाट, गो-बाड़ा।

ओसार देखो ऊसार = उत्सार।

ओसार पुं [अवसार] कवच, बख्तर।

ओसारिअ वि [अवसारित] अवलम्बित, लटकाया हुआ।

ओसास (अप) देखो ओवास = अवकाश।

ओसिअ वि [दे] अबल। अपूर्व।

ओसिअ वि [उषित] बसा हुआ, रहा हुआ। व्यवस्थित।

ओसिअंत वकृ. [अवसीदत्]पीड़ा पाता हुआ।

ओसिंघिअ वि [दे] सूँघा हुआ।

ओसिंचित्तु वि [अपसेचयितृ] अपसेक करनेवाला।

ओसिक्खिअ न [दे] गति-व्याघात। अरति-निहित।

ओसित्त वि [अवसिक्त] भिगाया हुआ, सिक्त।

ओसित्त वि [दे] उपलिप्त।

ओसिय वि [अवसित] पर्यवसित। उपशान्त। जीत, पराभूत।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओसिरण न [दे] व्युत्सर्जन, परित्याग।
ओसीअ वि [दे] अधो-मुख।
ओसीर देखो उसीर।
ओसीस अक [अप + वृत्] पीछे हटना। घूमना, फिरना।
ओसीस वि [अप + वृत्त] अपवृत्त।
ओसुअ वि [उत्सुक] उत्कण्ठित।
ओसुंखिअ वि [दे] उत्प्रेक्षित, कल्पित।
ओसुंभ सक [अव + पातय्] गिरा देना। नष्ट करना।
ओसुक्क सक [तिज्] तीक्ष्ण करना, तेज करना।
ओसुक्क वि [अवशुष्क] सूखा हुआ।
ओसुक्ख अक [अव + शुष्] सूखना।
ओसुद्ध वि [दे] विनिपतित। विनाशित।
ओसुय न [औत्सुक्य] उत्सुकता।
ओसोयणी, ओसोवणिया, ओसोवणी स्त्री [अवस्वापनी] विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से दूसरे को गाढ़ निद्राधीन किया जा सकता है।
ओस्सक्क पुं [अवष्वष्क] अपसर्पण, पीछे हटना।
ओस्सा [दे] देखो ओसा।
ओस्साड पुं [अवशाट] नाश।
ओह देखो ओघ।
ओह सक [अव + तॄ] नीचे उतरना।
ओह पुंन [ओघ] उत्सर्ग, सामान्य नियम। सामान्य। प्रवाह। सलिल-प्रवेश। आस्रव-द्वार। संसार। °**सूय** न [°श्रुत] शास्त्र-विशेष।
ओहंक पुं [दे] हास, हँसी।
ओहंजलिया स्त्री [दे] क्षुद्र जन्तु-विशेष, चतुरिन्द्रिय जीव-विशेष।
ओहंतर वि [ओघतर] संसार पार करने-वाला।
ओहंस पुं [दे] चन्दन। जिसपर चन्दन घिसा जाता है वह शिला।
ओहट्ट अक [अप + घट्ट्] कम होना, ह्रास पाना। पीछे हटना। सक. हटाना, निवृत्त करना। निषेध करना।
ओहट्ट पुं [दे] अवगुण्ठन। नीवी, कटि-वस्त्र। वि. अपसृत, पीछे हटा हुआ।
ओहट्ट, ओहट्टय वि [अपघट्टक] निवारक, हटाने-वाला, निषेधक।
ओहट्टिअ वि [दे] दूसरे को दबाकर हाथ से गृहीत।
ओहट्ठ पुं [दे] हास, हँसी।
ओहट्ठ वि [अवघृष्ट] घिसा हुआ।
ओहड वि [अपहृत] नीचे लाया हुआ।
ओहडणी स्त्री [दे] अर्गला।
ओहत्त वि [दे] अवनत।
ओहत्थिअ वि [अपहस्तित] परित्यक्त, दूर किया हुआ।
ओहय वि [उपहत] उपघात-प्राप्त।
ओहय वि [अवहत] विनाशित।
ओहर सक [अप + हृ] अपहरण करना।
ओहर अक [अव + हृ] टेढ़ा होना, वक्र होना। सक. उलटा करना। फिराना।
ओहर न [उपगृह] छोटा गृह। कोठरी।
ओहरण न [दे] विनाशन, हिंसा। असम्भव अर्थ की सम्भावना। अस्त्र। वि. आघ्रात।
ओहरिअ वि [दे. अपहृत] फेंका हुआ। नीचे गिराया हुआ। उतारा हुआ। अपनीत।
ओहरिस वि [दे] आघ्रात। पुं. चन्दन घिसने की शिला।
ओहल देखो उऊखल।
ओहल सक [अव + खल्] घिसना।
ओहली स्त्री [दे] ओघ, समूह।
ओहस सक [उप + हस्] उपहास करना।
ओहसिअ न [दे] वस्त्र। वि. धूत, कम्पित।
ओहाइअ वि [दे] अधो-मुख।
ओहाइअ वि [अवधावित] चरित्र से भ्रष्ट।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओहाडण न [अवघाटन] प्रायश्चित्त-विशेष। ढकना, पिधान।

ओहाडणी स्त्री [दे. अवघाटनी] पिधानी। एक प्रकार की ओढ़नी।

ओहाडिय वि [अवघाटित] पिहित। स्थगित।

ओहाण न [उपधान] स्थगन, ढकना।

ओहाण न [अवधान] उपयोग, ख्याल।

ओहाण न [अवधावन] अवक्रमण, पीछे हटना।

ओहाम सक [तुलय्] तौलना, तुलना करना।

ओहामिय वि [दे] अभिभूत। तिरस्कृत। बन्द किया हुआ, स्थगित।

ओहार सक [अव + धारय्] निश्चय करना। °व वि [°वत्] निश्चयवाला। नियम करना।

ओहार पुं [दे] कच्छप। नदी वगैरह के बीच की शुष्क जगह, द्वीप। अंश, विभाग। जल-चर-जन्तु-विशेष।

ओहारइत्तु वि [अवहारयितृ] निश्चय करने-वाला।

ओहारइत्तु वि [अवहारयितृ] दूसरे पर मिथ्या-भियोग लगानेवाला।

ओहारणी स्त्री [अवधारणी] निश्चयात्मक भाषा।

ओहारिणी स्त्री [अवधारिणी] ऊपर देखो।

ओहाव सक [आ + क्रम्] आक्रमण करना।

ओहाव अक [अव + धाव्] पीछे हटना। दीक्षा को छोड़ देना।

ओहावण न [अवभावन] अपमान, अपकीर्ति।

ओहावणा स्त्री [अपहापना] लाघव।

ओहावणा स्त्री [अपभावना] तिरस्कार।

ओहाविअ वि [अपभावित] तिरस्कृत। ग्लान।

ओहास पुं [अवहास, उपहास] हँसी।

ओहासण न [अवभाषण] याचना। विशिष्ट भिक्षा।

ओहासिय वि [अवभाषित] याचित।

ओहि पुंस्त्री [अवधि] मर्यादा, सीमा। रूपी-पदार्थ का अतीन्द्रिय ज्ञान-विशेष। °जिण पुं [°जिन] अवधिज्ञानवाला साधु। °णाण न [°ज्ञान] अवधिज्ञान। °णाणावरण न [°ज्ञानावरण] अवधिज्ञान का प्रतिबन्धक कर्म। °दंसण न [°दर्शन] रूपी वस्तु का अतीन्द्रिय सामान्य ज्ञान। °दंसणावरण न [°दर्शनावरण] अवधिदर्शन का आवारक कर्म। °मरण न. मरण-विशेष।

ओहिअ वि [अवतीर्ण] उतरा हुआ।

ओहिअ वि [औधिक] औत्सर्गिक, सामान्य रूप से उक्त।

ओहिण्ण वि [अपभिन्न] रोका हुआ।

ओहित्थ न [दे] विषाद। रभस, वेग। वि. विचारित।

ओहिर देखो ओहीर।

ओहिर देखो ओहर = अप + हृ।

ओहीअंत वि [अवहीयमान] क्रमशः कम होता हुआ।

ओहीण वि [अवहीन] पीछे रहा हुआ। गुजरा हुआ।

ओहीर अक [नि + द्रा] निद्रा लेना।

ओहीर अक [सद्] खिन्न होना।

ओहीरिअ वि [अवधीरित] तिरस्कृत, परिभूत।

ओहीरिअ वि [दे] उद्गीत। अवसन्न, खिन्न।

ओहुअ वि [दे] अभिभूत।

ओहुंज देखो उवहुंज।

ओहुड वि [दे] विफल।

ओहुप्पंत वि [आक्रम्यमाण] जिसपर आक्रमण किया जाता हो वह।

ओहुर वि [दे] अवनत, अवाङ्मुख। खिन्न। स्रस्त, ध्वस्त।

ओहुल्ल वि [दे] खिन्न। अवनत।

ओहूणण न [अवधूनन] कम्प। उल्लङ्घन। अपूर्व करण से भिन्न ग्रन्थि का भेद करना।

ओहूय वि [अवधूत] उल्लङ्घित।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क

क पुं [क] प्राकृत वर्ण-माला का प्रथम व्यञ्जनाक्षर, जिसका उच्चारण-स्थान कण्ठ है। ब्रह्मा। किये हुये पाप का स्वीकार। न. पानी। सुख। देखो °अ = क।

क देखो किं।

कअवंत देखो कय-व = कृतवत्।

कइ वि. ब. [कति] कितना। °अ वि [°क] कतिपय। °अव वि [°पय] कतिपय। °इ अ [°चित्] कईएक। °त्थ वि [°थ] कौन संख्या का ?। °वइय, °वय, °वाह वि [°पय] कईएक। °वि अ [°अपि] कईएक। °विह वि [°विध] कितने प्रकार का।

कइ वि [कृतिन्] विद्वान्। पुण्यवान्।

कइ अ [कचित्] कहीं, किसी जगह में।

कइ अ [कदा] कब, किस समय ?

कइ पुं [कपि] बन्दर। °दीव पुं [°द्वीप] द्वीप-विशेष, वानर-द्वीप। °द्धय, °धय पुं [°ध्वज] वानर-द्वीप के एक राजा का नाम। अर्जुन। °हसिअ न [°हसित] स्वच्छ आकाश में अचानक बिजली का दर्शन। वानर के समान विकृत मुँह का हँसना।

°कइ देखो कवि = कवि। °अर (अप) पुं [कवि] श्रेष्ठ कवि। °मा स्त्री [°त्व] कवित्व। °राय पुं [°राज] श्रेष्ठ कवि। 'गउडवहो' नामक प्राकृत काव्य के कर्ता वाक्पतिराज-नामक कवि।

कइअ वि [क्रयिक] खरीदने वाला।

कइअंक, कइअंकसइ } पुं [दे] निकर।

कइअव न [कैतव] कपट, दम्भ।

कइआ अ [कदा] कब, किस समय ?

कइउल्ल वि [दे] थोड़ा।

कइंद पुं [कवीन्द्र] श्रेष्ठ कवि।

कइकच्छु स्त्री [कपिकच्छु] वृक्ष-विशेष, केवाँच, कौंछ, कवाछ।

कइगई स्त्री [कैकयी] राजा दशरथ की एक रानी।

कइत्थ पुं [कपित्थ] कैथ का पेड़। फल-विशेष।

कइम वि [कतम] बहुत में से कौन सा ?

कइयव्व देखो कइअव।

कइयहा (अप) अ [कदा] कब, किस समय ?

कइयाइ अ [कदाचित्] किसी समय में।

कइर देखो कयर = कतर।

कइर पुं [कदर] वृक्ष-विशेष।

कइरव न [कैरव] कमल। कुमुद।

कइरविणी स्त्री [कैरविणी] कुमुदिनी, कमलिनी।

कइलास पुं [कैलास, °श] स्वनाम-ख्यात पर्वत-विशेष। मेरु पर्वत। देव-विशेष, एक नाग-राज। °सय पुं [°शय] महादेव। देखो केलास।

कइलासा स्त्री [कैलासा, °शा] देव-विशेष की एक राजधानी।

कइल्लबइल्ल पुं [दे] स्वच्छन्द-चारी बैल।

कइविया स्त्री [दे] बरतन-विशेष, पीकदान।

कइस (अप) वि [कीदृश] कैसा।

कईआ (अप) देखो कइआ।

कईवय देखो कइवय।

कईस पुं [कवीश] श्रेष्ठ कवि।

कईसर पुं [कवीश्वर] उत्तम कवि।

कउ पुं [क्रतु] यज्ञ।

कउ (अप) अ [कुतः] कहाँ से।

कउअ वि [दे] मुख्य। पुंन. चिह्न।

कउच्छेअय पुं [कौक्षेयक] पेट पर बँधी हुई तलवार।

कउड न [दे. ककुद] देखो कउह = ककुद।

कउरअ, कउरव } पुं [कौरव] कुरु देश का राजा। पुंस्त्री. कुरु वंश में उत्पन्न। वि.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कुरु (देश या वंश) से सम्बन्ध रखनेवाला। कुरु देश में उत्पन्न।

कउल न [दे] करीष, गोइँठा का चूर्ण।

कउल न [कौल] तान्त्रिक मत का प्रवर्त्तक ग्रन्थ, कौलोपनिषद् वगैरह। वि. शक्ति का उपासक। तान्त्रिक मत को जाननेवाला। तान्त्रिक मत का अनुयायी। देवता-विशेष।

कउलव देखो कउरव।

कउसल पुंन [कौशल] चतुराई। कुशलता, दक्षता।

कउह न [दे] नित्य।

कउह पुंन [ककुद] बैल के कन्धे का कुब्बड़। सफेद छत्र वगैरह राज-चिह्न। पर्वत का अग्रभाग, टोंच। वि. प्रधान, मुख्य।

कउहा स्त्री [ककुभ्] दिशा। शोभा, कान्ति। चम्पा के पुष्पों की माला। इस नाम की एक रागिणी। शास्त्र। विकीर्ण केश।

कउहि वि [ककुदिन्] वृषभ।

कए } कएणं } अ [कृते] निमित्त, लिए। कएण }

कएल्ल वि [कृत] किया हुआ।

कओ अ [कुतः] कहाँ से ?। °हुत्त क्रिवि [दे] किस तरफ।

कओ अ [क] कहाँ, किस स्थान में।

कओण्ह वि [कदुष्ण] थोड़ा गरम।

कओल देखो कवोल।

कं अ [कम्] उदक।

कंइ अ [दे] किससे।

कंक पुं [कङ्क] पक्षि-विशेष। एक प्रकार का मजबूत और तीक्ष्ण लोहा। वृक्ष-विशेष। °पत्त न [°पत्र] एक प्रकार का बाण, जो उड़ता है। °लोह पुंन. एक प्रकार का लोहा। °वत्त देखो °पत्त।

कंकइ पुं [कङ्कति] वृक्ष-विशेष, नागबला-नामक ओषधि।

कंकड पुं [कङ्कट] वर्म, कवच।

कंकडुअ } कंकडुग } पुं [काङ्कटुक] दुर्भेद्य माष, उरद की एक जाति, जो कभी पकती ही नहीं।

कंकण न [कङ्कण] कँगन।

कंकण पुं [दे] चतुरिन्द्रिय जन्तु की एक जाति।

कंकणी स्त्री [कङ्कण] हाथ का आभरण-विशेष।

कंकति पुं [कङ्कति] ग्राम-विशेष।

कंकतिज्ज पुंस्त्री [काङ्कतीय] माघराज वंश में उत्पन्न।

कंकय पुं [कङ्कत] नागबला-नामक ओषधि। सर्प की एक जाति। पुंस्त्री. कंघा।

कंकलास पुं [कृकलास] कर्कोट, साँप की एक जाति।

कंकसी स्त्री [दे] कंघी।

कंकाल न [कङ्काल] चमड़ी और मांस रहित अस्थि-पञ्जर।

कंकावंस पुं [कङ्कावंश] वनस्पति-विशेष।

कंकिल्लि देखो कंकेल्लि।

कंकुण देखो कंकण = दे।

कंकेलि पुं [कङ्केलि] अशोक वृक्ष।

कंकेल्लि पुं [दे. कङ्केल्लि] अशोक वृक्ष।

कंकोड न [दे. कर्कोट] ककरैल, एक प्रकार की सब्जी। पुं. एक नागराज। साँप की एक जाति।

कंकोल पुं [कङ्कोल] शीतल-चीनी के वृक्ष का एक भेद। न. उस वृक्ष का फल। देखो कक्कोल।

कंख सक [काङ्क्ष्] वाञ्छना।

कंखा स्त्री [काङ्क्षा] अभिलाप। आसक्ति। अन्य धर्म की चाह अथवा उसमें आसक्ति रूप सम्यक्त्व का एक अतिचार। °मोहणिज्ज न [°मोहनीय] कर्म-विशेष।

कंगणी स्त्री [दे] वल्ली-विशेष, कांगनी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कंगु स्त्रीन [कङ्गु] धान्य-विशेष, काँगन। वल्ली-विशेष।

कंगुलिया स्त्री [दे. कङ्गुलिका] जिन-मन्दिर की एक बड़ी आशातना, जिन-मन्दिर में या उसके नजदीक लघु या वृद्ध नीति का करना।

कंचण पुंन[काञ्चन]एक देव-विमान। वि.सुवर्ण का। °पह न [°प्रभ] रत्न-विशेष। वि. रत्न-विशेष का बना हुआ। °पायव पुं [°पादप] वृक्ष-विशेष।

कंचण पुं [काञ्चन] वृक्ष-विशेष। स्वनाम-ख्यात एक श्रेष्ठी। न. सुवर्ण। °उर न[°पुर] कलिंग देश का एक मुख्य नगर। °कूड न [°कूट] सौमनस-नामक वक्षस्कार पर्वत का एक शिखर। देवविमान-विशेष। रुचक पर्वत का एक शिखर। °केअई स्त्री [°केतकी] लता-विशेष। °तिलय न [°तिलक] इस नाम का विद्याधरों का एक नगर। °त्थल न [°स्थल] स्वनामख्यात एक नगर। °बलाणग न [°बलानक] चौरासी तीर्थों में एक तीर्थ का नाम। °सेल पुं [°शैल] मेरुपर्वत।

कंचणग पुं [काञ्चनक] पर्वत-विशेष। काञ्चनक पर्वत का निवासी देव।

कंचणा स्त्री [कञ्चना] स्वनामख्यात एक स्त्री।

कंचणार पुं [कञ्चनार] वृक्ष-विशेष।

कंचणिया स्त्री [काञ्चनिका] रुद्राक्ष-माला।

कंचा (पै) देखो कण्णा।

कंचि } कंची } स्त्री [काञ्चि, °ञ्ची] स्वनाम-ख्यात एक देश। कटि-मेखला। स्वनाम-ख्यात एक नगर।

कंची स्त्री [दे] मुशल के मुँह में रखी जाती लोहे की एक वलयाकार चीज।

कंचीरय न [दे] पुष्प-विशेष।

कंचीरय न [काञ्चीरत] सुरत-विशेष।

कंचु } कंचुअ } पुं [कञ्चुक] स्त्री का स्तनाच्छादक वस्त्र। साँप की केंचली। वर्म, कवच। वृक्ष-विशेष। वस्त्र।

कंचुइ पुं [कञ्चुकिन्] अन्तःपुर का प्रतीहार। साँप। जव। चना। जुआर, जोन्हरी। वि. जिसने कवच धारण किया हो वह।

कंचुइअ वि [कञ्चुकित] कञ्चुकवाला।

कंचुइज्ज पुं [कञ्चुकीय] अन्तःपुर का प्रतीहार।

कंचुइज्जंत वि [कञ्चुकायमान] कञ्चुक की तरह आचरण करता।

कंचुग देखो कंचुअ।

कंचुगि देखो °कंचुइ।

कंचुलिआ स्त्री [कञ्चुलिक] चोली।

कंछुल्ली स्त्री [दे] कण्ठाभरण।

कंजिअ न [काञ्जिक] काञ्जिक।

कंट देखो कंटग।

कंटअंत वि [कण्टकायमान] कण्टक जैसा। पुलकित होता।

कंटइअ वि [कण्टकित] कण्टकवाला। रोमाञ्चित, पुलकित।

कंटइज्जंत देखो कंटअंत।

कंटइल पुं [कण्टकिल] एक जाति का बाँस। वि. कण्टकों से व्याप्त।

कंटउच्चि वि [दे] कण्ट प्रोत।

कंटकिल्ल देखो कंटइअ।

कंटग } कंटय } पुं [कण्टक] काँटा। रोमाञ्च। शत्रु। वृश्चिक की पूँछ। शल्य। दुःखोत्पादक वस्तु। ज्योतिष-शास्त्र-प्रसिद्ध एक कुयोग। °बोंदिया स्त्री [°दे] कण्टक-शाखा।

कंटाली स्त्री [दे] वनस्पति-विशेष, कण्टकारिका, भटकटैया।

कंटिय वि [कण्टिक] कण्टकवाला। वृक्ष-विशेष।

कंटिया स्त्री [कण्टिका] वनस्पति-विशेष।

कंटी स्त्री [दे] कण्ठिका, पर्वत के नजदीक की भूमि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कंटुल्ल } [दे] देखो कंकोड = (दे)।
कंटोल }

कंठ पुं [दे] सूकर। मर्यादा।

कंठ पुं [°कण्ठ] गला, घाँटी। समीप। अञ्चल। °दरखलिअ वि [°दरस्खलित] गद्गद्। °मुरय न [°मुरज] आभरण-विशेष। °मुरवी स्त्री. गले का एक आभरण। मुही° स्त्री [°मुखी] गले का एक आभूषण। °सुत्त न [°सूत्र] सुरत-बन्ध-विशेष। गले का एक आभूषण।

कंठ वि [कण्ठ्य] कण्ठ से उत्पन्न। सरल।

कंठकुंची स्त्री [दे] वस्त्र वगैरह के अञ्चल में बँधी हुई गाँठ। गले में लटकती हुई लम्बी नाडी-ग्रन्थि।

कंठदीणार पुं [दे] छिद्र। विवर।

कंठमल्ल न [दे] ठठरी, मृत-शिबिका। यान-पात्र, वाहन।

कंठमाल पुंस्त्री [कण्ठमाल] रोग-विशेष।

कंठय पुं [कण्ठक] स्वनाम-ख्यात एक चौर-नायक।

कंठाकंठि अ [कण्ठाकण्ठि] गले-गले में ग्रहण कर।

कंठाल वि [कण्ठवत्] बड़ा गलावाला।

कंठिअ पुं [दे] चपरासी, प्रतीहार।

कंठिआ स्त्री [कण्ठिका] गले का एक आभूषण।

कंठीरअ } पुं [कण्ठीरव] सिंह। शार्दूल।
कंठीरव }

कंड सक [कण्ड्] व्रीहि वगैरह का छिलका अलग करना। खींचना। खुजवाना। साफ-सुथरा करना।

कंड न [काण्ड] अंगुल का असंख्यातवाँ भाग।

कंड पुंन [काण्ड] लाठी। निन्दित समुदाय। पानी। पर्व। वृक्ष का स्कन्ध। वृक्ष की शाखा। वृक्ष का वह एक भाग, जहाँ से शाखाएँ निकलती हैं। ग्रन्थ का एक भाग। गुच्छ। अश्व। प्रेत, पितृ और देवता के यज्ञ का एक हिस्सा। रीढ़, पृष्ठ भाग की लम्बी हड्डी। खुशामद। प्रशंसा। गुप्तता। एकान्त। तृण-विशेष। निर्जन पृथ्वी। अवसर, प्रस्ताव। समूह। बाण। देव-विमान-विशेष। पर्वत वगैरह का एक भाग। खण्ड। अवयव। °च्छारिय पुं [°छारिक] इस नाम का एक ग्राम। एक ग्रामनायक। देखो कंडग, कंडय।

कंड पुं [दे] फेन, फीन। वि. दुर्बल। विपन्न।

कंडइअ देखो कंटइअ।

कंडइज्जंत देखो कंटइज्जंत।

कंडग न [कण्डक] संख्यातीत संयम-स्थान-समुदाय। विभाग, पर्वत आदि का एक भाग।

कंडग पुंन [काण्डक] देखो कंड = काण्ड। संयम श्रेणि-विशेष। इस नाम का एक ग्राम। देखो कंडय।

कंडण न [कण्डन] व्रीहि वगैरह को साफ करना।

कंडपंडवा स्त्री [दे] परदा।

कंडय पुंन [काण्डक] देखो कंड = काण्ड तथा कंडग। राक्षसों का चैत्य वृक्ष। तावीज़, गण्डा, यन्त्र।

कंडरीय पुं [कण्डरीक] महापद्म राजा का एक पुत्र, पुण्डरीक का छोटा भाई, जिसने वर्षों तक जैनी दीक्षा का पालन कर अन्त में उसका त्याग कर दिया था।

कंडरीय वि [कण्डरीक] अशोभन। अप्रधान।

कंडलि } स्त्री [कन्दरिका] गुफा।
कंडलिआ }

कंडवा स्त्री [कण्डवा] वाद्य-विशेष।

कंडार सक [उत् + कॄ] खुदना, छील-छाल कर ठीक करना।

कंडावेल्ली स्त्री [काण्डवल्ली] वनस्पति-विशेष।

कंडियायण न [कण्डिकायन] वैशाली (बिहार) का एक चैत्य।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कंडिल्ल पुं [काण्डिल्य] काण्डिल्य गोत्र का प्रवर्त्तक ऋषि-विशेष। पुंस्त्री. काण्डिल्य गोत्र में उत्पन्न। न. गोत्र-विशेष, जो माण्डव्य गोत्र की एक शाखा है। °ायण पुं [°ायन] स्वनाम-ख्यात ऋषि-विशेष।

कंडु देखो कंडू।

कंडु देखो कंदु।

कंडुअ सक [कण्डूय्] खुजवाना।

कंडुअ पुं [कान्दविक] हलवाई।

कंडुअ } पुं [कन्दुक] गेंद।
कंडुग }

कंडुज्जुय वि [काण्डर्जु] बाण की तरह सीधा।

कंडुयग वि [कण्डूयक] खुजानेवाला।

कंडुयण न [कण्डूयन] खुजली। खुजवाना।

कंडुयय देखो कंडुयग।

कंडुरु पुं [कण्डुरु] स्वनाम-ख्यात एक राजा, जिसने रामचन्द्र के भाई भरत के साथ जैनी दीक्षा ली थी।

कंडू स्त्री [कण्डू] खुजवाना। रोग-विशेष।

कंडूइ स्त्री [कण्डूति] ऊपर देखो।

कंडूय देखो कंडुअ = कण्डूय्। कंडूयइ।

कंडूर पुं [दे] बक, बगुला।

कंडूल वि [कण्डूल] खाजवाला, कण्डू-युक्त।

कंत सक [कृत्] काटना, छेदना। कातना।

कंत वि [कान्त] मनोहर। अभिलषित। पुं. पति। देव-विशेष। न. कान्ति।

कंत वि [क्रान्त] गत।

कंता स्त्री [कान्ता] स्त्री। रावण की एक पत्नी का नाम। एक योगदृष्टि।

कंतार न [कान्तार] जंगल। दुष्ट, दूषित। निराश्रय। पागल। जल-फलादि-रहित अरण्य।

कंति स्त्री [कान्ति] तेज। शोभा, सौन्दर्य। इस नाम की रावण की एक पत्नी। अहिंसा। इच्छा। चन्द्र की एक कला। °पुरी स्त्री. नगरी-विशेष। °म, °ल्ल वि [°मत्] कान्ति-युक्त।

कंति स्त्री [क्रान्ति] परिवर्तन। गमन।

कंतु पुं [दे] काम, कामदेव।

कंथक पुं [कन्थक] अश्व की एक जाति।

कंथा स्त्री [कन्था] कथड़ी, गुदड़ी, पुराने वस्त्र से बना हुआ ओढ़ना।

कंथार पुं [कन्थार] वृक्ष-विशेष।

कंथारिया } स्त्री [कन्थारिका, °री] वृक्ष-
कंथारी } विशेष। °वण न [°वन] उज्जैन के समीप का एक जंगल, जहाँ अवन्ती-सुकुमार-नामक जैन मुनि ने अनशन व्रत किया था।

कंथेर पुं [कन्थेर] वृक्ष-विशेष।

कन्थेरी स्त्री [कन्थेरी] कण्टकमय वृक्ष-विशेष।

कंद अक [क्रन्द्] काँदना, रोना।

कंद वि [दे] दृढ़। मत्त। न. आच्छादन।

कंद पुं [क्रन्द, क्रन्दित] व्यन्तर देवों की एक जाति।

कंद पुं [कन्द] जमीकन्द, सूरन, शकरकन्द, बिलारीकन्द, ओल, गाजर, लहसुन वगैरह। मूल। छन्द-विशेष।

कंद पुं [स्कन्द] कार्त्तिकेय।

कंदणया स्त्री [क्रन्दनता] मोटे स्वर से चिल्लाना।

कंदप्प पुं [कन्दर्प] कामदेव। कामोद्दीपक हास्यादि। देव-विशेष। काम-सम्बन्धी कषाय। वि. कामी।

कंदप्प वि [कान्दर्प] कान्दर्प-सम्बन्धी।

कंदप्पिय पुं [कान्दर्पिक] मजाक करनेवाला भाण्ड वगैरह। भाण्ड-प्राय देवों की एक जाति। हास्य वगैरह भाण्ड कर्म से आजीविका चलानेवाला। वि. काम-सम्बन्धी।

कंदर न [कन्दर] रन्ध्र। गुहा। गुफा।

कंदरा } स्त्री [कन्दरा] गुहा, गुफा।
कंदरी }

कंदल पुं [कन्दल] अंकुर। लता-विशेष। कन्द-विशेष।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कंदल न [दे] कपाल।

कंदलग पुं [कन्दलक] एक खुरवाला जानवर-विशेष।

कंदलिअ } वि [कन्दलित] अंकुरित।
कंदलिल्ल }

कंदली स्त्री [कन्दली] लता-विशेष। अंकुर।

कंदली स्त्री [कन्दली] कन्द-विशेष।

कंदविय पुं [कान्दविक] हलवाई।

कंदिंद पुं [कन्देन्द्र क्रन्दितेन्द्र] क्रन्दित-नामक देव-निकाय का इन्द्र।

कंदिय पुं [क्रन्दित] वाणव्यन्तर देवों की एक जाति। न. रोदन, आक्रन्द।

कंदी स्त्री [दे] मूला।

कंदु पुंस्त्री [कन्दु] एक प्रकार का बरतन, जिसमें माण्ड वगैरह पकाया जाता है, हाँडा।

कंदुअ पुं [कन्दुक] गेंद। वनस्पति-विशेष।

कंदुइअ पुं [कान्दविक] हलवाई।

कंदुक देखो कंदुअ।

कंदुग देखो कंदुअ।

कंदुट्ट न [दे] देखो कंदोट्ट।

कंदुब्वय पुंन [दे] कन्द-विशेष।

कंदुय देखो कंदुइअ।

कंदोइय देखो कंदुइअ।

कंदोट्ट न [दे] नील कमल।

कंध देखो खंध = स्कन्ध।

कंधरा स्त्री [कन्दरा] ग्रीवा।

कंधार पुं [दे] ग्रीवा का पिछला भाग।

कंप अक [कम्प्] काँपना।

कंप पुं [कम्प] अस्थैर्य, चलन, हिलन।

कंपड पुं [दे] पथिक।

कंपण न [कम्पन] कम्प, हिलन। रोग-विशेष। °वाइअ वि [°वातिक] कम्प वायु नामक रोगवाला।

कंपिल्ल वि [कम्पवत्] काँपनेवाला, अस्थिर।

कंपल्लि पुं [काम्पिल्य] यदुवंशीय राजा अन्धकवृष्णि के एक पुत्र का नाम। न. पंजाब देश का एक नगर। °पुर न. नगर-विशेष।

कंब वि [कम्र] कामुक। सुन्दर।

कंब° देखो कंबा।

कंबर पुं [दे] विज्ञान।

कंबल पुंन [कम्बल] कामरी। पुं. स्वनाम-ख्यात एक बलीवर्द। गौ के गले का चमड़ा, सास्ना, गलकम्बल, लहर।

कंबा स्त्री [कम्बा] यष्टि, लकड़ी।

कंबि } स्त्री [कम्बि, °म्बी] दर्वी, कड़छी।
कंबी } लीला-यष्टि, छड़ी।

कंबिया स्त्री [कम्बिका] पुस्तक का पुट्ठा।

कंबु पुं [कम्बु] शङ्ख। इस नाम का एक द्वीप। पर्वत-विशेष। न. एक देव-विमान। °ग्गीव न [°ग्रीव] एक देव-विमान।

कंबोय पुं [कम्बोज] देश-विशेष।

कंबोय वि [काम्बोज] कम्बोज देश में उत्पन्न।

कंभार पुं. ब. [कश्मीर] इस नाम का एक प्रसिद्ध देश। °जम्म न [जन्मन्] कुंकुम, केसर। देखो कम्हार।

कंभूर (अप) ऊपर देखो।

कंस पुं. राजा उग्रसेन का एक पुत्र, श्रीकृष्ण का मातुल। महाग्रह-विशेष। काँसा। °णाभ पुं [°नाभ] ग्रह-विशेष। °वण्ण पुं [°वर्ण] ग्रह-विशेष। °वण्णाभ पुं [°वर्णाभ] ग्रह-विशेष। °संहारण पुं. कृष्ण, विष्णु।

कंस न [कांस्य] कांसा। वाद्य-विशेष। परिमाण-विशेष। प्याला। °ताल न. वाद्य-विशेष। °पत्ती, °पाई स्त्री [°पात्री] कांसा का बना हुआ पात्र-विशेष। °पाय न [°पात्र] कांसा का बना हुआ पात्र।

कंसार पुं [दे] कसार, एक प्रकार की मिठाई।

कंसारी स्त्री [दे] त्रीन्द्रिय क्षुद्र जन्तु की एक जाति।

कंसाल पुं [कांस्याल] वाद्य-विशेष।

कंसाला स्त्री [कंसताला, कांस्यताला] वाद्य का एक प्रकार का निर्घोष।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कंसालिया स्त्री [कांस्यतालिका] एक प्रकार का वाद्य ।

कंसिअ पुं [कांस्यिक] कसेरा, कँसारी, कांस्य-कार । वाद्य-विशेष ।

कंसिआ स्त्री [कंसिका] ताल । वाद्य-विशेष ।

ककाणि पुंस्त्री [दे] मर्म स्थान ।

ककुध } देखो कउह = ककुद ।
ककुभ }

ककुह देखो कउह = ककुद । हरिवंश का एक राजा ।

ककुहा देखो कउहा ।

कक्क पुं [कल्क] उद्वर्तन-द्रव्य । न. पाप । माया, कपट । °गरुग न [°गुरुक] माया, कपट ।

कक्क पुंन [कल्क] चन्दन आदि उद्वर्तन द्रव्य । प्रसूति-रोग आदि में किया जाता क्षार-पातन । लोध्र आदि से उद्वर्तन । °कुरुया स्त्री [°करुका] माया, कपट ।

कक्क पुं [कर्क] चक्रवर्त्ती का एक देव-कृत प्रासाद । कर्क राशि ।

कक्कंध पुं [कर्कन्ध] ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष ।

कक्कंधु स्त्री [कर्कन्धु] बैर का वृक्ष ।

कक्कड पुं [कर्कट] कर्कराशि । न. जलजन्तु-विशेष, कुलीर । ककड़ी । हृदय की एक प्रकार की वायु ।

कक्कडच्छ पुं [कर्कटाक्ष] ककड़ी, खीरा ।

कक्कडिया } स्त्री [कर्कटिका, °टी] ककड़ी
कक्कडी } (खीरा) का गाछ ।

कक्कणा स्त्री [कल्कना] पाप । माया ।

कक्कब पुं [दे] गुड़ बनाते समय की इक्षु-रस की एक अवस्था ।

कक्कर पुं [कर्कर] कंकर, पत्थर । वि. कठिन । कर्कर आवाजवाला ।

कक्करणया स्त्री [कर्करणता] दोषोद्भावन, दोषोद्भावनगर्भित प्रलाप ।

कक्कराइय न [कर्करायित] कर्कर की तरह आचरित । दोषोच्चारण ।

कक्कस वि [कर्कश] कठोर । प्रखर, चण्ड । तीव्र, प्रगाढ । अनिष्ट । निष्ठुर । चबा-चबा कर कहा हुआ वचन ।

कक्कस } पुं [दे] दध्योदन, दरम्ब ।
कक्कसार }

कक्कसेण पुं [कर्कसेन] अतीत उत्सर्पिणीकाल में उत्पन्न एक स्वनामख्यात कुलकर पुरुष ।

कक्कारुआ स्त्री [कर्कारुका] कूष्माण्डवल्ली, कोंहड़ा का गाछ ।

कक्किकड पुं [दे] कृकलास, गिरगिट ।

कक्कि पुं [कल्किन्] भविष्य में होनेवाला पाट-लिपुत्र का एक राजा ।

कक्किय न [कल्किक] मांस ।

कक्केअण पुंन [कर्केतन] रत्न की एक जाति ।

कक्केरअ पुं [कर्केरक] मणि-विशेष की एक जाति ।

कक्कोड न [कर्कोट] ककरैल, कक्कोडा । देखो कक्कोडय ।

कक्कोडई स्त्री [कर्कोटकी] ककोड़े का वृक्ष, ककरैल का गाछ ।

कक्कोडय न [कर्कोटक] देखो कक्कोड । पुं. अनुवेलन्धर-नामक एक नाग-राज । उसका आवास पर्वत ।

कक्कोल पुं [कङ्कोल] शीतल-चीनी के वृक्ष का एक भेद । न. फल-विशेष, जो सुगन्धित होता है । देखो कंकोल ।

कक्कोली स्त्री [कङ्कोली] वृक्ष-विशेष ।

कक्ख देखो कच्छ = कक्ष ।

कक्खग वि [कक्षाग] कक्षा-प्राप्त । पुं. कक्षा का केश ।

कक्खड देखो कक्कस ।

कक्खड वि [दे] पीन, पुष्ट ।

कक्खडंगी स्त्री [दे] सखी ।

कक्खल [दे] देखो कक्कस ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कक्खा देखो कच्छा = कक्षा ।

कग्घाड पुं [दे] अपामार्ग, चिरचिरा, लट-जीरा । किलाट, दूध की मलाई ।

कग्घायल पुं [दे] किलाट, दूध का विकार, दूध की मलाई ।

कच्च न [दे. कृत्य] कार्य ।

कच्च (पै) देखो कज्ज ।

कच्च न [काच] काच, शीशा ।

कच्चंत वि [कृत्यमान] पीड़ित किया जाता ।

कच्चरा स्त्री [दे] कचरा, कच्चा खरबूजा । कचरा को सुखाकर, तलकर और मसाला डालकर बनाया हुआ खाद्य-विशेष ।

कच्चवार पुं [दे] कतवार, कूड़ा ।

कच्चाइणी स्त्री [कात्यायनी] देवी-विशेष, चण्डी ।

कच्चायण पुं [कात्यायन] स्वनाम-ख्यात ऋषि-विशेष । न. कौशिक गोत्र की शाखा-रूप एक गोत्र। पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न ।

कच्चायणी स्त्री [कात्यायनी] पार्वती ।

कच्चि अ [कच्चित्] इन अर्थों का सूचक अव्यय—प्रश्न । मण्डल । अभिलाप । हर्ष ।

कच्चु (अप) ऊपर देखो ।

कच्चूर पुं [कर्चूर] वनस्पति-विशेष, कचूर, काली हलदी ।

कच्चोल } पुंन [कच्चोलक] पात्र-विशेष,
कच्चोलय } प्याला ।

कच्छ पुं [कक्ष] काँख, कखरी । वन । तृण । शुष्क तृण । वल्ली । शुष्क काष्ठों वाला जंगल । राजा वगैरह का जनानखाना । हाथी को बांधने की डोर । पार्श्व, बाजू । ग्रह-भ्रमण । कक्षा । द्वार । गूगल । विभीतक वृक्ष । घर की भीत । स्पर्धा का स्थान । जल-प्राय देश ।

कच्छ पुं. ब.स्वनाम-ख्यातदेश । जलप्राय देश । कच्छा, लँगोट । इक्षु वगैरह की वाटिका । महाविदेह वर्ष में स्थित एक विजय-प्रदेश । तट । नदी के जल से वेष्टित वन । भगवान् ऋषभदेव का एक पुत्र । कच्छ-विजय का एक राजा । कच्छ-विजय का अधिष्ठायक देव । पार्श्ववर्ती प्रदेश । राजा वगैरह के उद्यान के समीप का प्रदेश । दोधक छंद का एक भेद । °कूड न [°कूट] माल्यवन्त नामक वक्षस्कार पर्वत का एक शिखर । कच्छ-विजय के विभाजक वैताढय पर्वत के दक्षिणोत्तर पार्श्व-वर्ती दो शिखर । चित्रकूट पर्वत का एक शिखर । °ाहिव पुं [°ाधिप] कच्छ देश का राजा । °ाहिवइ पुं [°ाधिपति] कच्छ देश का राजा ।

कच्छ पुंन. नदी के पास की नीची जमीन । मूला आदि की बाड़ी ।

कच्छकर पुं [दे] काछिआ, सब्जी बेचने-वाला ।

कच्छगावई स्त्री [कच्छकावती] महाविदेह वर्ष का एक विजय-प्रदेश ।

कच्छट्टी स्त्री [दे] काछौटी, लँगोटी ।

कच्छभ पुं [कच्छप] कूर्म । राहु । °रिंगिय न [°रिङ्गित] गुरु-वन्दन का एक दोष, कछुए की तरह चलते हुए वन्दन करना ।

कच्छभाणिया स्त्री [दे] जल में होनेवाली वनस्पति-विशेष ।

कच्छभी स्त्री [कच्छपी] कूर्मी । वाद्य-विशेष । नारद की वीणा । पुस्तक-विशेष ।

कच्छर पुं [दे] पङ्क ।

कच्छरी स्त्री [कच्छुरी] गुच्छ-विशेष ।

कच्छव (अप) पुं [कच्छ] स्वनाम-प्रसिद्ध देश-विशेष ।

कच्छव देखो कच्छभ ।

कच्छवी देखो कच्छभी ।

कच्छह देखो कच्छभ ।

कच्छा स्त्री [कक्षा] विभाग । उरो-बन्धन, हाथी के पेट पर बाँधने की रज्जु । काँख । श्रेणी । कमर पर बाँधने का वस्त्र । जनान-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खाना। संशय-कोटि। स्पर्धा-स्थान। घर की भीत। प्रकोष्ठ।

कच्छा स्त्री. कटि-मेखला। °वई स्त्री [°वती] देखो कच्छगावई। °वईकूड न [°वतीकूट] महाविदेह वर्ष में स्थित ब्रह्मकूट पर्वत का एक शिखर।

कच्छादब्भ पुं [दे. कक्षादर्भ] रोग-विशेष।

कच्छु स्त्री [कच्छू] खुजली, खाज। खाज को उत्पन्न करनेवाली औषधि, कपिकच्छु। °ल, °ल्ल वि [°मत्] खाज रोगवाला।

कच्छुट्टिया स्त्री [दे. कच्छपटिका] कछोटी। लँगोटी।

कच्छुरिअ वि [दे] इर्षित। न. ईर्ष्या।

कच्छुरिअ वि [कच्छुरित] व्याप्त, खचित।

कच्छुरी स्त्री [दे] कपिकच्छु, केवाँच।

कच्छुल पुं. गुल्म-विशेष।

कच्छुल्ल पुं. स्वनामख्यात एक नारद-मुनि।

कच्छू देखो कच्छु।

कच्छोटी स्त्री [दे] कछौटी, लँगोटी।

कज्ज वि [कार्य] जो किया जाय वह। करने-योग्य। न. प्रयोजन। कारण। काम। °जाण वि [°ज्ञ] कार्य को जाननेवाला। °सेण पुं [°सेन] अतीत उत्सर्पिणीकाल में उत्पन्न स्वनामख्यात एक कुलकर पुरुष।

कज्जआ (शौ) स्त्री [कन्यका] कन्या।

कज्जउड पुं [दे] अनर्थ।

कज्जमाण वि [क्रियमाण] जो किया जाता हो वह।

कज्जल न. काजल। सुरमा। °प्पभा स्त्री [°प्रभा] सुदर्शना-नामक जम्बू-वृक्ष की उत्तर दिशा में स्थित एक पुष्करिणी।

कज्जलइअ वि [कज्जलित] काजलवाला। श्याम।

कज्जलंगी स्त्री [कज्जलाङ्गी] कज्जल-गृह, दीप के ऊपर रखा जाता पात्र, जिसमें काजल इकट्ठा होता है।

कज्जला स्त्री. इस नाम की एक पुष्करिणी।

कज्जलाव अक [ब्रुड्] डूबना।

कज्जलिअ देखो कज्जलइअ।

कज्जव, कज्जवय पुं [दे] विष्ठा, मैला। तृण वगैरह का समूह, कूड़ा।

कज्जिय वि [कार्यिक] कार्यार्थी, प्रयोजनार्थी।

कज्जोवग पुं [कार्योपग] अठासी महाग्रहों में एक ग्रह का नाम।

कज्झाल न [दे] सेवाल।

कटरि (अप) अ [कटरे] इन अर्थों का द्योतक अव्यय—आश्चर्य। प्रशंसा।

कटार (अप) न [दे] छुरी।

कट्ट सक [कृत्] काटना, छेदना।

कट्ट वि [कृत्त] काटा हुआ, छिन्न।

कट्ट न [कष्ट] दुःख। वि. कष्ट-कारक।

कट्टर पुंन [दे] कढ़ी में डाला हुआ घी का बड़ा।

कट्टर न [दे] खण्ड, अंश, टुकड़ा।

कट्टराय न [दे] छुरी।

कट्टारी स्त्री [दे] छुरी।

कट्टिअ वि [कर्तित] काटा हुआ, छेदित।

कट्टु वि [कर्तृ] कर्त्ता।

कट्टु अ [कृत्वा] करके।

कट्टोरग पुं [दे] कटोरा। प्याला, पात्र-विशेष।

कट्ठ न [कष्ट] दुःख; पीड़ा। पाप। वि. कष्ट-दायक। °हर न [°गृह] कठघरा।

कट्ठ न [काष्ठ] काठ, लकड़ी। पुं. राजगृह नगर का निवासी एक स्वनाम-ख्यात श्रेष्ठी। °कम्मंत न [°कर्मान्त] लकड़ी का कार-खाना। °करण न. श्यामक-नामक गृहस्थ के एक खेत का नाम। °कार पुं. काष्ठ-कर्म से जीविका चलानेवाला। °कोलंब पुं [°कोलम्ब] वृक्ष की शाखा के नीचे झुकता हुआ अग्र-भाग। °खाय पुं [°खाद] कीट-विशेष, घुण। °दल न. रहर की दाल। °पाउया स्त्री [°पादुका] खड़ाऊँ। °पुत्त-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लिया स्त्री [°पुत्तलिका] कठपुतली। °पेज्जा स्त्री [°पेया] मूँग वगैरह का क्वाथ। घृत से तली हुई तण्डुल की राब। °महु न [°मधु] पुष्प-मकरन्द। °मूल न. द्विदल धान्य। °हार पुं. त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष। °हारय पुं [°हारक] कठहरा।

कट्ठ वि [कृष्ट] विलिखित, चासा हुआ।

कट्ठण न [कर्षण] आकर्षण।

कट्ठहार पुं [काष्ठहार] कठहरा।

कट्ठा स्त्री [काष्ठा] दिशा। हद। अठारह निमेष। प्रकर्ष।

कट्ठिअ पुं [दे] चपरासी, प्रतीहार।

कट्ठिअ वि [काष्ठित] काठ से संस्कृत भीत वगैरह।

कट्ठिण देखो कढिण।

कट्ठेअ वि [काष्ठेय] देखो कट्ठिअ—काष्ठित।

कट्ठोल देखो कट्ठ = कृष्ट।

कड वि [दे] क्षीण। मृत, विनष्ट।

कड पुं [कट] गण्ड-स्थल, गाल। तृण। चटाई। लकड़ी। बांस। तृण-विशेष। छिला हुआ काष्ठ। °च्छेज्ज न [°च्छेद्य] कला-विशेष। °तड न [°तट] कटक का एक भाग। गण्ड-तल। °पूयणा स्त्री [°पूतना] व्यन्तरी-विशेष।

कड वि [कृत] किया हुआ। रचित। पुंन. सत्ययुग। चार की संख्या। °जुग न [°युग] सत्य-युग, १७२८००० वर्षों का यह युग होता है। °जुम्म पुं [°युग्म] सम राशि-विशेष, चार से भाग देने पर जिसमें कुछ भी शेष न बचे ऐसी राशि। °जुम्मकडजुम्म पुं [°युग्मकृतयुग्म] राशि-विशेष। °जुम्मकलिओय [°युग्मकल्योज] राशि-विशेष। °जम्मतेओग पुं [°युग्मत्र्योज] राशि-विशेष। °जुम्मदावरजुम्म पुं.[°जुग्मद्वापर-युग्म] राशि-विशेष। °जोगि वि [योगिन्] कृत-क्रिय। गीतार्थ, ज्ञानी। तपस्वी। °वाइ पुं [°वादिन्] जगत्कर्तृत्ववादी। °इ पुं [°दि] देखो °जोगि। देखो कय = कृत।

कडअल्ल पुं [दे] दौवारिक।

कडअल्ली स्त्री [दे] कण्ठ, गला।

कडइअ पुं [दे] स्थपति।

कडइअ वि [कटकित] वलय की तरह स्थित।

कडइल्ल पुं [दे] दौवारिक।

कडंगर न [कडङ्गर] तुष, छिलका, भूसा।

कडंत न [दे] मूली। मुसल।

कडंतर न [दे] पुराना सूर्प आदि उपकरण।

कडंतरिअ वि [दे] विदारित, विनाशित।

कडंब पुं [कडम्ब] वाद्य-विशेष।

कडंबा पुंस्त्री [कदम्बा] वाद्य-विशेष।

कडंभुअ न [दे] कुम्भग्रीव-नामक पात्र-विशेष। घड़े का कण्ठ-भाग।

कडक देखो कडग।

कडकडा स्त्री. अनुकरण शब्द-विशेष, कड़-कड़ आवाज।

कडकडिअ वि [कडकडित] जिसने कड़-कड़ आवाज किया हो वह, जीर्ण।

कडकडिर वि [कडकडायितृ] कड़-कड़ आवाज करनेवाला।

कडक्किय न [कडक्कित] कड़कड़ आवाज।

कडक्ख पुं [कटाक्ष] कटाक्ष, भाव-युक्त दृष्टि, आँख का संकेत।

कडक्ख सक [कटाक्षय्] कटाक्ष करना।

कडग पुंन [कटक] कड़ा, वलय। यवनिका। पर्वत का मूल भाग। पर्वत का मध्य भाग। पर्वत का सम भूमि। पर्वत का एक भाग। शिविर, सेना के रहने का स्थान। पुं. देश-विशेष। देखो कडय।

कडच्छु स्त्री [दे] कर्छी, चमची, डोई।

कडण न [कदन] मार डालना। नाश करना। मर्दन। पाप। युद्ध। विह्वलता।

कडण न [कटन] घर की छत। घर पर छत डालना। चटाई आदि से घर के पार्श्व

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भागों का किया जाता आच्छादन।

कडणा स्त्री [कटना] घर का अवयव-विशेष।

कडणी स्त्री [कटनी] मेखला।

कडतला स्त्री [दे] लोहे का एक प्रकार का हथियार, जो एक धारवाला और वक्र होता है।

कडत्तरिअ वि [दे] देखो कडंतरिअ।

कडद्दरिअ वि [दे] छिन्न, काटा हुआ। न. छिद्रता।

कडप्प पुं [दे, कटप्र] समूह, कलाप। वस्त्र का एक भाग।

कडमड पुंन [दे] उद्वेग।

कडय न [कटक] ऊख आदि की यष्टि।

कडय देखो कडग लश्कर। पुं. काशी देश का एक राजा। °वई स्त्री [°वती] राजा कटक की एक कन्या।

कडयड पुं [कडकड] कड़-कड़ आवाज।

कडयडिय वि [दे] परावर्तित, फिराया हुआ।

कडसक्करा स्त्री [दे] बाँस की सलाई।

कडसार न [कटसार] मुनि का एक उपकरण, आसन।

कडसी स्त्री [दे] श्मशान।

कडहू पुं [कटभू] वृक्ष-विशेष।

कडा स्त्री [दे] कड़ी, सिकड़ी, जंजीर की लड़ी।

कडार न [दे] नारिकेल।

कडार पुं. तामड़ा वर्ण, भूरा रंग। वि. कपिल वर्णवाला।

कडाली स्त्री [दे. कटालिका] घोड़े के मुँह पर बांधने का एक उपकरण।

कडाह पुं [कटाह] लोहे का पात्र, लोहे की बड़ी कड़ाही। वृक्ष-विशेष। पाँजर की हड्डी। शरीर का एक अवयव।

कडाहपल्हत्थिअ न [दे] दोनों पार्श्वों को घुमाना-फिराना।

कडि स्त्री [कटि] कमर। वृक्षादि का मध्य भाग। °तड न [°तट] कटि-तट। मध्य भाग। °पट्टय न [°पट्टक] धोती। °पत्त न [°पत्र] सर्पादि वृक्ष की पत्ती। पसली कमर। °यल न [°तल] कटि-प्रदेश। °ल्ल न [°टीय] देखो कडिल्ल (दे) का दूसरा अर्थ। °वट्टी स्त्री [°पट्टी] कमर का पट्टा, कमर-पट्टा। °वत्थ न [°वस्त्र] धोती, कमर में पहनने का कपड़ा। °सुत्त न [°सूत्र] कमर का आभूषण, मेखला। °हत्थ पुं [°हस्त] कमर पर रखा हुआ हाथ।

कडि वि [कटिन्] चटाईवाला।

कडिअ वि [कटित] कट—चटाई से आच्छादित। कट से संस्कृत। एक दूसरे में मिला हुआ।

कडिअ वि [दे] प्रीणित।

कडिखंभ पुं [दे] कमर पर रखा हुआ हाथ, कमर में किया हुआ आघात।

कडिण पुंन [दे] तृण-विशेष।

कडित्त देखो कलित्त।

कडिभिल्ल न [दे] शरीर के एक भाग में होनेवाला कुष्ठ-विशेष।

कडिल्ल वि [दे] छिद्र-रहित। न. कटि-वस्त्र, धोती वगैरह। वन। वि. गहन। आशीर्वाद। पुं. प्रतीहार। विपक्ष, शत्रु। कटाह। उपकरण-विशेष।

कडी देखो कडि।

कडु } पुं [कटुक] कडुआ, तिक्त। वि.
कडुअ } तीता। अनिष्ट। भयंकर। निष्ठुर। स्त्री. कुटकी।

कडुअ (शौ) अ [कृत्वा] करके।

कडुआल पुं [दे] घण्टा, घण्ट। छोटी मछली।

कडुइय वि [कटुकित] कड़ुआ किया हुआ। दूषित।

कडुइया स्त्री [कटुकी] वल्ली-विशेष, कुटकी।

कडुच्छय } पुंस्त्री [दे] देखो कडच्छु।
कडुच्छु }

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कडुयाविय वि [दे] प्रहृत, जिस पर प्रहार किया गया हो वह। व्यथित, पीड़ित। पराभूत। भारी विपद् में फँसा हुआ।

कडूइद (शौ) वि [कटूकृत] कटुक किया हुआ।

कडेवर न [कलेवर] शरीर।

कड्ढ सक [कृष्] खींचना। चास करना। रेखा करना। पढ़ना। उच्चारण करना।

कड्ढ पुं [कर्ष] आकर्षण।

कड्ढण न [कर्षण] खींचाव। वि. खींचनेवाला, आकर्षक।

कड्ढाविय वि [कर्षित] खींचवाया हुआ, बाहर निकलवाया हुआ।

कड्ढिअ वि [दे] बाहर निकला हुआ।

कड्ढोकड्ढ न [कर्षापकर्ष] खींचातान।

कढ सक [क्वथ्] क्वाथ करना। उबालना। गरम करना।

कढकढकढेंत वि [कडकडायमान] कड़-कड़ आवाज करता।

कढिअ न [दे] कढ़ी।

कढिआ स्त्री [दे] कढ़ी, भोजन-विशेष।

कढिण वि [कठिन] कठिन, कर्कश, परुष। न. तृण-विशेष। पर्ण।

कढोर वि [कठोर] कठिन, निष्ठुर। पुं. इस नाम का एक राजा।

कण सक [क्वण] आवाज करना।

कण सक [कण्] आवाज करना।

घंघलिअ वि [दे] घबड़ाया हुआ।

घंघोर वि [दे] भ्रमण-शील।

घंचिय पुं [दे] तेली, घांची।

घंट पुंस्त्री. घण्टा, कांस्य-निर्मित वाद्य-विशेष।

घंटिय पुं [घण्टिक] चाण्डाल का कुल-देवता, यक्ष-विशेष।

घंटिय पुं [घाण्टिक] घण्टा बजानेवाला।

घंटिया स्त्री [घण्टिका] छोटी घण्टी। किंकिणी, घुंघरू। आभरण-विशेष।

घंस पुं [घर्ष] घर्षण, घिसन।

घक्कूण देखो घे का संकृ.।

घग्घर न [दे] घघरा, लहँगा।

घग्घर पुं [घर्घर] शब्द-विशेष। खोखला गला। खोखली आवाज। न. श्याद्रल, शैवाल या सेवार वगैरह का समूह।

घट्ट सक. छूना। हिलना, चलना। संघर्ष करना। आहत करना।

घट्ट सक [घट्टय्] हिलाना, प्रेरित करना।

घट्ट अक [भ्रंश्] भ्रष्ट होना।

घट्ट पुं [दे] कुसुम्भ रंग से रँगा हुआ वस्त्र। नदी का घाट। वेणु, बाँस।

घट्ट पुं. शर्कराप्रभा-नामक नरक-भूमि का एक नरकावास। पुंन. जमाव। समूह, जत्था। वि. निबिड।

घट्टंसुअ न [दे. घटचंशुक] बूटेदार कौसुम्भ वस्त्र।

घट्टण वि [घट्टन] चालक, हिला देनेवाला। न. स्पर्श करना। चलाना, हिलाना।

घट्टणग पुं [घट्टनक] पात्र वगैरह को चिकना करने के लिए उस पर घिसा जाता एक

प्रकार का पत्थर।

घट्टणया, घट्टणा स्त्री [घट्टना] आघात। चलन, हिलन। विचार। पृच्छा। पीड़ा। स्पर्श।

घट्टय देखो घट्ट।

घट्ठ वि [घृष्ट] घिसा हुआ।

घड सक [घट्] चेष्टा करना। करना, बनाना। अक. परिश्रम करना। संगत होना।

घड सक [घटय्] जोड़ना। निर्माण करना। संचालन करना।

घड पुं [घट] कुम्भ। °कार पुं. कुम्भकार। °चेडिया स्त्री [°चेटिका] पानी भरनेवाली दासी, पनहारिन। °दास पुं. पानी भरनेवाला नौकर, पनिहारा। °दासी स्त्री. पनिहारी।

घड वि [दे] बनाया हुआ।

घडइअ वि [दे] संकुचित।

घडग पुं [घटक] छोटा घड़ा।

घडगार देखो घड-कार।

घडचडग पुं [घटचटक] एक हिंसा-प्रधान सम्प्रदाय।

घडण स्त्रीन [घटन] घटना। सम्बन्ध।

घडणा स्त्री [घटना] संयोग।

घडय देखो घडग।

घडा स्त्री [घटा] समूह।

घडाघडी स्त्री [दे] गोष्ठी, सभा, मण्डली।

घडाव सक [घटय्] बनाना। बनवाना। संयुक्त करना।

घडि° स्त्री [घटी] देखो घडिआ = घटिका। °मंतय, °मत्तय न [°मात्रक] छोटे घड़े के आकार का पात्र-विशेष। °जंत न [°यन्त्र] रेंहट।

घडिअघडा स्त्री [दे] गोष्ठी, मण्डली।

घडिआ स्त्री [घटिका] छोटा घड़ा। घड़ी, मुहूर्त। °लय न. घण्टागृह।

घडिआ, घडी स्त्री [दे] गोष्ठी, मण्डली।

घडुक्कय पुं [घटोत्कच] भीम का पुत्र।

घडुब्भव वि [घटोद्भव] घट से उत्पन्न। पुं. अगस्त्य मुनि।

घढ न [दे] थूहा, टीला, स्तूप।

घण पुं [घन] बादल। हथौड़ा। गणित-विशेष, तीन अंकों का पूरण करना, जैसे दो का घन आठ होता है। वाद्य का शब्द-विशेष। कांस्यताल वगैरह। वि. दृढ़, ठोस। अविरल, निबिड़, निश्छिद्र, सान्द्र। प्रगाढ़। अधिक। कठिन, तरलता-रहित, स्त्यान। न. देवविमान-विशेष। पिण्ड। वाद्य-विशेष। °उदहि देखो घणोदहि। °णिचिय वि [°निचित] अत्यन्त निबिड़। °तव न [°तपस्] तपश्चर्या-विशेष। °दंत पुं [°दन्त] इस नाम का एक अन्तर्द्वीप। उसका निवासी मनुष्य। °माल न. वैताढ्य पर्वत पर स्थित विद्याधर-नगर-विशेष। °मुइंग पुं [°मृदङ्ग] मेघ की तरह गम्भीर आवाजवाला वाद्य-विशेष। °रह पुं [°रथ] एक जैन मुनि। °वाउ पुं [°वायु] स्त्यान वायु, जो नरक पृथिवी के नीचे है। °वाय पुं [°वात] देखो °वाउ। °वाहण पुं [°वाहन] विद्याधरों के राजा का नाम। °विज्जुआ स्त्री [°विद्युता] दिक्कुमारी देवी। °समय पुं. वर्षा ऋतु।

घणंगुल पुंन [घनाङ्गुल] परिमाण-विशेष। सूची से गुना हुआ प्रतरांगुल।

घणघणाइय न [घनघनायित] रथ की घनघनाहट या गड़गड़ाहट, अव्यक्त शब्द-विशेष।

घणवाहि पुं [दे] इन्द्र।

घणसंमद्द पुं [घनसंमर्द] ज्योतिष-प्रसिद्ध योग विशेष।

घणसार पुं [घनसार] कपूर। °मंजरी स्त्री. एक स्त्री का नाम।

घणा स्त्री [घना] धरणेन्द्र की एक अग्र-महिषी।

घणा स्त्री [घृणा] घृणा, गर्हा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

घणिय न [घनित] गर्जना।

घणोदहि पुं [घनोदधि] पत्थर की तरह कठिन जल-समूह। °वलय न. वलयाकार कठिन जल-समूह।

घण्ण पुं [दे] उर। वि. रंगा हुआ। मार डालने-योग्य।

घत्त सक [क्षिप्] फेंकना, डालना। प्रेरणा।

घत्त सक [ग्रह्] ग्रहण करना।

घत्त सक [गवेषय्] ढूंढ़ना, अनुसन्धान करना।

घत्त सक [यत्] यत्न करना।

घत्त वि [घात्य] मार डालने-योग्य।

घत्ता स्त्री [घत्ता] छन्द-विशेष।

घत्ताणंद न [घत्तानन्द] छन्द-विशेष।

घत्ति अ [दे] शीघ्र।

घत्तु वि [घातुक] घातक, जल्लाद।

घत्थ वि [ग्रस्त] गृहीत, पकड़ा हुआ। भक्षित, निगला हुआ, कवलित। आक्रान्त, अभिभूत।

घम्म पुं [घर्म] गरमी, सन्ताप। पसीना।

घम्मा स्त्री [घर्मा] पहली नरक-पृथिवी।

घम्मोई स्त्री [दे] तृण-विशेष।

घम्मोडी स्त्री [दे] मध्याह्न काल। मच्छर। ग्रामणी नामक-तृण।

घय न [घृत] घी। °आसव पुं [°आश्रव] जिसका वचन घी की तरह मधुर लगे ऐसा लब्धिमान् पुरुष। °किट्ट न. घी का मैल। °किट्टिया स्त्री [°किट्टिका] घी का मैल। °गोल न [°गोल] घी और गुड़ की बनी हुई एक प्रकार की मिठाई, मिष्टान्न-विशेष। °घट्ट पुं. घी का मैल। °पुन्न पुं [°पूर्ण] घेवर। °पूर पुं. घेवर मिष्टान्न-विशेष। °पूसमित्त पुं [°पुष्यमित्र] एक जैन मुनि, आर्यरक्षित सूरि का एक शिष्य। °मंड पुं [°मण्ड] ऊपर का घी, घृतसार। °मिल्लिया स्त्री [°इलिका] घी का कीट, क्षुद्र जन्तु-विशेष। °मेह पुं [°मेघ] घी के तुल्य पानी बरसनेवाली वर्षा। °वर पुं. द्वीप-विशेष। °सागर पुं. समुद्र-विशेष।

घयण पुं [दे] भाण्ड।

घयपूस पुं [घृतपुष्य] एक जैन महर्षि।

घर पुंन [गृह] मकान। °कुडी स्त्री [°कुटी] घर के बाहर की कोठरी। चौक के भीतर की कुटिया। स्त्री का शरीर। °कोइला, °कोइलिआ स्त्री [°कोकिला] छिपकली। °गोली स्त्री. गृह-गोधा। गोहिआ स्त्री [°गोधिका] छिपकली, जन्तु-विशेष। °जामाउय पुं [जामातृक] घर-जमाई। °त्थ पुं [°स्थ] संसारी। °नाम न [°नामन्] असली नाम, वास्तविक नाम। °वाडय न [°पाटक] ढकी हुई जमीन वाला घर। °वार न [°द्वार] घर का दरवाजा। °सउणि पुं [°शकुनि] पालतू जानवर। °समुदाणिय पुं [समुदानिक] आजीविक मत का अनुयायी साधु। °सामि [°स्वामिन्] घर का मालिक। °सामिणी स्त्री [°स्वामिनी] गृहिणी, स्त्री। °सूर [°शूर] झूठा शूर, घर में ही बहादुरी दिखानेवाला।

घरंगण न [गृहाङ्गण] चौक।

घरकूडी स्त्री [गृहकूटी] स्त्री-शरीर।

घरग देखो घर।

घरघंट पुं [दे] चटक, गौरैया पक्षी।

घरघरग पुं [दे] गला का आभूषण-विशेष।

घरट्ट पुं. जाँता, चक्की।

घरट्ट पुं [दे] पानी का चरखा।

घरट्टी स्त्री. तोप।

घरणी देखो घरिणी।

घरयंद पुं [दे] दर्पण, शीशा।

घरस पुं [दे. गृहवास] गृहस्थाश्रम।

घरसण देखो घंसण।

घरिंत वि [गृहवत्] घरवाला।

घरिणी स्त्री [गृहिणी] भार्या।

घरिल्ल पुं [गृहिन्] घरबारी।

घरिल्ला स्त्री [गृहिणी] पत्नी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

घरिल्ली स्त्री [दे. गृहिणी] गृहिणी ।
घरिस पुं [घर्ष] घर्षण, रगड़ ।
घरोइला स्त्री [दे] छिपकली ।
घरोल न [दे] गृह-भोजन-विशेष ।
घरोलिया, घरोली स्त्री [दे] गृहगोधिका, छिपकली ।
घलघल पुं. 'घल-घल' आवाज ।
घल्ल सक [क्षिप्] फेंकना, डालना, घालना ।
घल्ल वि [दे] अनुरक्त, प्रेमी ।
घल्लय, घल्लोय पुं [दे] द्वीन्द्रिय जीव की एक जाति ।
घल्लिअ वि [दे] घटित, निर्मित ।
घस सक [घृष्] घिसना, रगड़ना । मार्जन करना, सफा करना ।
घस स्त्रीन [दे] फाटवाली भूमि । शुषिर भूमि, क्षार भूमि ।
घसणिअ वि [दे] गवेषित ।
घसणी स्त्री [घर्षणी] टेढ़ी लकीर ।
घसा स्त्री [दे] पोली जमीन । भूमि-रेखा ।
घसिर वि [ग्रसितृ] बहुत खानेवाला ।
घसी स्त्री [दे] भूमि-राजि, लकीर । नीचे उतरना, अवतरण । [दे] जमीन का उतार, ढाल ।
घसुमर वि [घस्मर] खाने की आदतवाला ।
घाइ वि [घातिन्] नाशक, हिंसक । °**कम्म** न [°कर्मन्] ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अन्तराय ये चार कर्म । °**चउक्क** न [चतुष्क] पूर्वोक्त चार कर्म ।
घाइअ वि [घातित] मारित, विनाशित । घबाया हुआ । सामर्थ्यरहित ।
घाइआ स्त्री [घातिका] विनाश करनेवाली स्त्री, मारनेवाली स्त्री । घात, हत्या । घाव करना ।
घाइर वि [घ्रायिन्] सूंघनेवाला ।
घाउकाम वि [हन्तुकाम] मारने की इच्छा-वाला ।
घाड अक [भ्रंश्] च्युत होना ।
घाड पुं [घाट] मित्रता । मस्तक के नीचे का भाग ।
घाडिय वि [घाटिक] मित्र ।
घाडेरुय पुं [दे] खरगोश की एक जाति ।
घाण पुं [दे] घानी, कोल्हू । घान, चक्की आदि में एक बार डालने का परिमाण ।
घाण पुंन [घ्राण] नासिका । °**रिस** पुंन [°र्शस्] पीनस रोग ।
घाणिंदिय न [घ्राणेन्द्रिय] नासिका ।
घाय सक [हन्] मारना, विनाश करना ।
घाय सक [घातय्] मरवाना, दूसरे द्वारा मार डालना, विनाश करवाना ।
घाय पुं [घात] गमन, प्रहार, वार । नरक । हत्या, विनाश । संसार ।
घायग वि [घातक] मार डालनेवाला, विनाशक ।
घायण पुं [दे] गायक ।
घायणा स्त्री [हनन] मारना, हिंसा, वध ।
घायय पुं [घातक] नरक-स्थान-विशेष ।
घायावणा स्त्री [घातना] मरवाना, दूसरे द्वारा मारना । लूटपाट मचवाना ।
घार अक [घारय्] विष का फैलना, विष के असर से बेचैन होना । सक. विष से बेचैन करना । विष से मारना ।
घार पुं [दे] दुर्ग ।
घारंत पुं [दे] घेवर ।
घारिया स्त्री [दे] मिष्टान्न-विशेष, घारी ।
घारी स्त्री [दे] पक्षि-विशेष । छन्द-विशेष ।
घास सक [घृष्] घिसना । पीड़ा करना ।
घास पुं. तृण ।
घास पुं [ग्रास] कवल । आहार ।
घास पुं [घर्ष] घर्षण, रगड़ ।
घासेसणा स्त्री [ग्रासैषणा] आहार-विषयक शुद्धि-अशुद्धि का पर्यालोचन ।
घि देखो घे ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

घिअ न [घृत] घी।
घिअ वि [दे] तिरस्कृत, अवधीरित।
घिं° } पुं [ग्रीष्म] ग्रीष्म-काल। गरमी,
घिंसु } अभिताप।
घिट्ठ वि [दे] कूबड़ा।
घिट्ठ वि [घृष्ट] घिसा हुआ, रगड़ा हुआ।
घिणा स्त्री [घृणा] जुगुप्सा, अरुचि। दया।
घिणिल्ल वि [घृणावत्] घृणावाला, नफरत करनेवाला।
घित्त (अप) वि [क्षिप्त] फेंका हुआ, डाला हुआ।
घित्तुमण वि [ग्रहीतुमनस्] ग्रहण करने की इच्छावाला।
घिस सक [ग्रस्] ग्रसना, निगलना, भक्षण करना।
घिसरा स्त्री [दे] मछली पकड़ने का जाल-विशेष।
घुंघुरुड पुं [दे] ढेर, समूह।
घुंट पुं [दे] घूंट।
घुग्घ } (अप) पुंन [घुग्घिका] बन्दर की
घुग्घिअ } चेष्टा।
घुग्घुच्छण न [दे] खेद, तकलीफ, परिश्रम।
घुग्घुरि पुं [दे] मेढ़क।
घुग्घुस्सुअ वि [दे] निःशंक होकर गया हुआ।
घुग्घुस्सुसय न [दे] आशंकायुक्त वाणी।
घुघुघुघुघुघ अक [घुघुघुघाय्] 'घुघु' आवाज करना, घूक या उल्लू का बोलना।
घुघुय अक [घुघूय्] ऊपर देखो।
घुट्टग पुं [घृष्टक] लिपे हुए पात्र को घिसने का पत्थर।
घुट्टघुणिअ न [दे] पहाड़ की बड़ी शिला।
घुट्ठ वि [घुष्ट] घोषित।
घुडुक्क अक [गर्ज्] गर्जारव करना।
घुण पुं. काष्ठ-भक्षक कीट, घुन।
घुणहुणिआ } स्त्री [दे] कर्णोपकर्णिका,
घुणाहुणी } कानाकानी।
घुणिय वि [घुणित] घुणों से विद्ध, घुना हुआ।
घुण्ण देखो घुम्म।
घुत्तिअ वि [दे] गवेषित।
घुन्न } देखो घुम्म।
घुम }
घुमघुमिय वि [घुमघुमित] जिसने 'घुमघुम' आवाज किया हो वह। न. 'घुम-घुम' ध्वनि।
घुम्म अक [घुर्ण्] घूमना, चक्राकार फिरना। भटकना।
घुयग पुं [दे] एक तरह का पत्थर, जो पात्र वगैरह को चिकना करने के लिए उस पर घिसा जाता है, खराद या चरखो।
घुरहुर देखो घुरुघुर।
घुरुक्क अक [दे] गरजना।
घुरुक्कार पुं [घुरुत्कार] सूअर आदि की आवाज।
घुरुघुर अक [घुरुघुराय्] घुरघुराना। व्याघ्र वगैरह का बोलना।
घुरुघुरि पुं [दे] मण्डूक।
घुरुघुरु } देखो घुरुघुर।
घुरुहुर }
घुल देखो घुम्म।
घुलघुल अक [घुलघुलाय्] 'घुल-घुल' आवाज करना।
घुलिकि स्त्री [दे] हाथी की आवाज।
घुल्ला स्त्री [दे] कीट-विशेष, द्वीन्द्रिय जन्तु की एक जाति।
घुसण देखो घुसिण।
घुसल सक [मथ्] मथना, विलोड़ना।
घुसिण न [घुसृण] कुंकुम, केसर।
घुसिणल्ल वि [घुसृणवत्] कुंकुमवाला।
घुसिणिअ वि [दे] गवेषित।
घुसिम न [दे] घुसृण, कुंकुम।
घुसिरसार न [दे] अवस्नान, विवाह के अवसर में स्नान के पहले लगाया जाता मसूरादि का पिसान, उबटन।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

घुसुल देखो घुसल ।

घूअ पुंस्त्री [घूक]उलूक । स्त्री. घूई । °रि पुं. कौआ ।

घूणाग पुं [घूणाक] स्वनाम-ख्यात सन्निवेश-विशेष, ग्राम-विशेष ।

घूरा स्त्री [दे] जंघा । खलका, शरीर का अवयव विशेष ।

घे देखो गह = ग्रह ।

घेउर पुंन [दे] घेवर, घृतपूर, मिष्टान्न-विशेष ।

घेक्कूण घे का संकृ. ।

घेत्तुमण वि [ग्रहीतुमनस्] ग्रहण करने की इच्छावाला ।

घेप्प°
घेप्पंत } घे का वकृ. ।
घेप्पमाण

घेवर [दे] देखो घेउर ।

घोट्ट } सक [पा] पीना, पान करना ।
घोट्टय

घोड देखो घुम्म ।

घोड
घोडग } पुंस्त्री [घोट, °क] अश्व । पुं. कायोत्सर्ग का एक दोष । °रक्खग पुं [°रक्षक] अश्वपाल । °गीव
घोडय
[°ग्रीव] अश्वग्रीव-नामक प्रतिवासुदेव, नृप-विशेष । °मुह न [°मुख] जैनेतर शास्त्र-विशेष ।

घोडिय पुं [दे] मित्र ।

घोडी स्त्री [घोटी] घोड़ी । वृक्ष-विशेष ।

घोण न [घोण] घोड़े की नाक ।

घोणस पुं [घोनस] एक प्रकार का साँप ।

घोणा स्त्री. नाक । घोड़े की नाक । सूअर का मुख-प्रदेश ।

घोर अक [घुर्] निद्रा में 'घुर-घुर' आवाज करना ।

घोर वि [दे] विनाशित । पुं. गोध ।

घोर वि. भयंकर, विकट । निर्दय ।

घोरि पुं [दे] शलभ-पशु की एक जाति ।

घोल देखो घुम्म ।

घोल सक [घोलय्] घिसना, रगड़ना । मिलाना । मर्दन करना ।

घोल न [दे] कपड़े से छाना हुआ दही ।

घोलणा स्त्री [घोलना] पत्थर वगैरह का पानी की रगड़ से गोलाकार होना ।

घोलवड न [दे] दहीबड़ा ।

घोलाविअ वि [घोलित] मिश्रित किया हुआ ।

घोलिअ न [दे] शिलातल । हठ-कृत ।

घोलिअ वि [घूर्णित] घुमाया हुआ । अत्यन्त लीन ।

घोलिअ वि [घोलित] आम की तरह घोला हुआ ।

घोस सक [घोषय्] घोषणा करना । घोखना । जोर-जोर से बोल कर पढ़ना या रटना ।

घोस पुं [घोष] ऊँची आवाज । अहीरों का महल्ला, अहीर टोली । गोष्ठ, गौओं का बाड़ा । स्तनितकुमार देवों की दक्षिण दिशा का इन्द्र । उदात्त आदि स्वर-विशेष । अनुनाद । न. देव-विमान-विशेष । °सेण पुं [°सेन] सातवें वासुदेव का पूर्वजन्म का धर्म-गुरु, एक जैन मुनि ।

घोस न [घोष] लगातार ग्यारह दिनों का उपवास ।

घोसय न [दे] दर्पण रखने का उपकरण-विशेष ।

घोसाडई स्त्री [घोषातकी] लता-विशेष ।

घोसाडिया देखो घोसाडई ।

घोसालई } स्त्री [दे] शरद् ऋतु में होने-
घोसाली } वाली लता-विशेष ।

घोसावण न [घोषण] घोषणा ।

च

च पुं. तालु-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष ।

च अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय-और, तथा ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुनः। निश्चय। भेद, विशेष। अतिशय, आधिक्य। सम्मति। पाद-पूर्ति। अथवा।

चआ स्त्री [त्वक्] चमड़ी।

चइअ वि [शकित] जो समर्थ हुआ हो।

चइअ देखो चविअ।

चइअ वि [त्यक्त] मुक्त, परित्यक्त।

चइअ वि [त्याजित] छुड़वाया हुआ।

चइअ चय = त्यज् } का संकृ.।
चइअ चु }

चइइअ देखो चेइअ।

चइत्त देखो चेइअ।

चइत्त पुं [चैत्र] चैत्र मास।

चइद (शौ) वि [चकित] भीत, शंकित।

चउ वि [चतुर्] चार, संख्या-विशेष। °आलीस स्त्रीन [°चत्वारिंशत्] चौआलीस। °कट्ठ न [°काष्ठा] चारों दिशा। °कट्ठी स्त्री [°काष्ठी] चोकठा। द्वार का ढाँचा। °क्कोण वि [°कोण] चार कोणवाला, चतुरस्र। °ग न. देखो चउक्क = चतुष्क। °गइ स्त्री [°गति] नरक, तिर्यग्, मनुष्य और देव की योनि। °गइअ वि [°गतिक] चारों गति में भ्रमण करनेवाला। °गमण न [°गमन] चारों दिशाएँ। °गुण, °ग्गुण वि [°गुण] चौगुना। °चत्ता स्त्री [°चत्वारिंशत्] चौआलीस। °चरण पुं. चौपाया, चार पैर के जन्तु, पशु। °चूड पुं. विद्याधर वंश के एक राजा का नाम। °ट्ठ देखो °त्थ। °ट्ठाणवडिअ वि [°स्थानपतित] चार प्रकार का। °णउइ स्त्री [°नवति] चौरानबे। °णउय वि [°नवत] चौरानबेवाँ। °णवइ देखो °णउइ। °ण्ण देखो °पन्न। °तिस, °तीस न [°त्रिंशत्] चौतीस। °तीसइम देखो °त्तीसइम। °तीसा स्त्री. देखो °तीस। °त्तालीस वि [°चत्वारिंश] चौआलीसवाँ। °त्तीसइम वि [°त्रिंश] चौतीसवाँ। न. सोलह दिनों का लगातार उपवास। °त्थ वि [°थ] चौथा। पुंन. उपवास। °त्थचउत्थ पुंन [°थचतुर्थ] एक-एक उपवास। °त्थभत्त न [°थभक्त] एक दिन का उपवास। °त्थभत्तिय वि [°थभक्तिक] जिसने एक उपवास किया हो वह। °त्थिमंगल न [°थीमङ्गल] वधू-वर के समागम का चतुर्थ दिन, जिसके बाद जामाता अकेला अपने घर जाता है, चौठारी। °त्थी स्त्री [°थी] चौथी। सम्प्रदान-विभक्ति। तिथि-विशेष। °दंत देखो °द्दंत। °दस त्रि. ब. [°दशन्] चौदह। °दसपुव्वि पुं [°दशपूर्विन्] चौदह पूर्व ग्रन्थों का ज्ञानवाला मुनि। °दसम वि. देखो °द्दसम। °दसहा अ [°दशधा] चौदह प्रकार से। °दसी स्त्री [°दशी] चतुर्दशी-तिथि। °द्दंत पुं [°दन्त] इन्द्र का हाथी। °द्दस देखो °दस। °द्दसपुव्वि देखो °दसपुव्वि। °द्दसम वि [°दश] चौदहवाँ। पुंन. लगातार छः दिनों का उपवास। °द्दसी देखो °दसी। °द्दसुत्तरसय वि [°दशोत्तरशततम] एक सौ चौदहवाँ। °द्दह देखो °दस। °द्दही देखो °दसी। °द्दिसं, °द्दिसिं अ [°दिश्] चारों दिशाओं की तरफ, चारों दिशाओं में। °द्धा अ [°धा] चार प्रकार से। °नाण न [°ज्ञान] मति, श्रुत, अवधि और मनःपर्यव ज्ञान। °नाणि वि [°ज्ञानिन्] मति वगैरह चार ज्ञानवाला। °पण्णइम वि [°पञ्चाश] चौवनवाँ। न. लगातार छब्बीस दिनों का उपवास। °पन्न, °पन्नास स्त्रीन [°पञ्चाशत्] चौवन। °पन्नासइम वि [°पञ्चाशत्तम] चौवनवाँ। °पय देखो °प्पय। °पाल न. सूर्याभ देव का प्रहरण-कोश। °पइया, °प्पइया स्त्री [°पदिका] छन्द-विशेष। जन्तु-विशेष की एक जाति। °प्पई स्त्री [°पदी] देखो °पइया। °प्पन्न देखो °पन्न। °प्पय पुंस्त्री [°पद] चौपाया प्राणी, पशु। न. ज्योतिष प्रसिद्ध एक स्थिरकरण।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

°प्पह पुं [°पथ] चौराहा। °प्पुड वि [°पुट] चार पुटवाला, चौसर, चौपड़। °प्फाल वि [°फाल] देखो °प्पुड। °ब्बाहु वि [°बाहु] चार हाथवाला। पुं. चतुर्भुज, श्रीकृष्ण। °ब्भुअ [°भुज] देखो °बाहु। °भंग पुंन. चार प्रकार, चार विभाग। °भंगी स्त्री [°भङ्गी] चार प्रकार, चार विभाग। °भाइया स्त्री [°भागिका] चौसठ पल का एक नाप। °मट्टिया स्त्री [°मृत्तिका] कपड़े के साथ कूटी हुई मिट्टी। °मंडलग न [°मण्डलक] लग्न-मण्डप। °मासिअ देखो चाउम्मासिअ। °मुह, °म्मुह पुं [°मुख] ब्रह्मा, विधाता। वि. चार मुँहवाला, चार द्वारवाला। °वग्ग पुंन [°वर्ग] चार वस्तुओं का समुदाय। °वण्ण स्त्रीन [°पञ्चाशत्] चौवन। °वार वि [°द्वार] चार दरवाजेवाला (गृह)। °विह वि [°विध] चार प्रकार का। °वीस स्त्रीन [°विंशति] चौबीस। °वीसइ (अप)। स्त्री [°विंशति] चौबीस। °वीसइम वि [°विंशतितम] चौबीसवाँ। न. ग्यारह दिनों का लगातार उपवास। °व्वग्ग देखो °वग्ग। °व्वार पुंन [°वार] चार दफा। °व्विह देखो °विह। °व्वीस देखो °वीस। °व्वीसइम देखो °वीसइम। °सट्ठि स्त्री [°षष्टि] चौसठ। °सट्ठिम वि [°षष्टितम] चौसठवाँ। °स्सट्ठि देखो °सट्ठि। °स्साल न [°शाल] चार शालाओं से युक्त घर। °हट्ट पुंन [°हट्ट] बाजार। °हत्तर वि [°सप्तत] चौहत्तरवाँ। °हत्तरि स्त्री [°सप्तति] चौहत्तर। °हा अ [°धा] चार प्रकार से। देखो चो°।

चउक्क न [चतुष्क] चौकड़ी, चार वस्तुओं का समूह।

चउक्क [दे. चतुष्क] चौक, चौराहा। आँगन।

चउक्कर पुं [दे] कार्तिकेय।

चउक्कर वि [चतुष्कर] चतुर्भुज।

चउक्किआ स्त्री [दे. चतुष्किका] आँगन, छोटा चौक।

चउज्झाइया स्त्री [दे] नाप-विशेष।

चउड पुं [चोड] देश-विशेष।

चउद देखो चउ-दस।

चउद्दह वि [चतुर्दश] चौदहवाँ।

चउपंचम वि [चतुष्पञ्च] चार या पाँच।

चउपाडिवय न [चतुष्प्रतिपत्] चार पड़वा या परिवा तिथियाँ।

चउप्पाय पुं [चतुष्पाद] एक दिन का उपवास।

चउप्फल वि [चतुष्फल] चौगुना।

चउबोल स्त्रीन [चौबोल] छन्द-विशेष।

चउम्मुह पुं [चतुर्मुख] दो दिन का उपवास।

चउर वि [चतुर] निपुण, होशियार।

चउरंग वि [चतुरङ्ग] चार अंगवाला, चार विभागवाला (सैन्य वगैरह)। न. चार अंग, चार प्रकार।

चउरंगय न [चतुरङ्गक] एक तरह का जुआ।

चउरंगि वि [चतुरङ्गिन्] चार विभागवाला (सैन्य वगैरह)। स्त्री. °णी।

चउरंत वि [चतुरन्त] चार सीमाओंवाला। पुं. संसार। स्त्री. °ता [°ता] पृथिवी।

चउरंत न [चतुरन्त] पहिया।

चउरंस वि [चतुरस्र] चतुष्कोण, चार कोणवाला।

चउरंसा स्त्री [चतुरंसा] छन्द-विशेष।

चउरचिंध पुं [दे] सातवाहन, राजा शालिवाहन।

चउरय पुं [दे] चबूतरा, गाँव का सभा-स्थान।

चउरस्स देखो चउरंस।

चउराणण वि [चतुरानन] चार मुँहवाला। पुं. ब्रह्मा, विधाता।

चउरासी, चउरासीइ स्त्री [चतुरशीति] संख्या-विशेष, चौरासी की संख्या।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चउरासीइम वि [चतुरशीतितम] चौरासीवाँ।

चउरासीय स्त्रीन [चतुरशीति] चौरासी।

चउरिंदिय वि [चतुरिन्द्रिय] त्वक्, जिह्वा, नाक और चक्षु इन चार इन्द्रियवाला।

चउरिमा स्त्री [चतुरिमन्] चतुराई, निपुणता।

चउरिया } स्त्री [दे] लग्न-मण्डप।
चउरी }

चउरुत्तरसय वि [चतुरुत्तरशततम] एक सौ चारवाँ।

चउवीस वि [चतुर्विंश] चौबीसवाँ।

चउवीसिगा स्त्री [चतुर्विंशिका] समय-मान-विशेष, चौबीस तीर्थङ्कर जितने समय में होते हैं उतना काल—एक उत्सर्पिणी या एक अवसर्पिणी-काल।

चउवेद }
चउवेय } वि [चतुर्वेद] चारों वेदों का ज्ञाता, चौबे।
चउव्वेद }

चउसट्ठिआ स्त्री [चतुःषष्टिका] रसवाली चीज तौलने का एक नाप, चार पल का एक माप।

चउसर वि [दे] चौसर, चार सरा (लड़ी) वाला (हार आदि)।

चउहत्थ पुं [चतुर्हस्त] श्रीकृष्ण।

चउहार पुं [चतुराहार] चार प्रकार का आहार, अशन, पान, खादिम और स्वादिम।

चओर पुंन [दे] पात्र-विशेष।

चओर } पुंस्त्री. [चकोर] पक्षि-विशेष।
चओरग }

चओवचइय वि [चयोपचयिक] वृद्धि-हानि-वाला।

चंकम } अक [चङ्क्रम्] बार-बार चलना। इधर-उधर घूमना। बहुत भटकना। टेढ़ा चलना। चलना-फिरना।
चंकम्म }

चंकार पुं [चकार] च वर्ण, 'च' अक्षर।

चंग वि [दे. चङ्ग] सुन्दर।

चंग क्रिवि [दे] अच्छा, ठीक।

चंगदेव पुं [चङ्गदेव] हेमाचार्य का गृहस्थावस्था का नाम।

चंगवेर पुंन [दे] काठ का तख्ता। पुं. काठ का बना हुआ छोटा पात्र-विशेष।

चंगिम पुंस्त्री [दे. चङ्गिमन्] सौन्दर्य, श्रेष्ठता।

चंगेरी स्त्री [दे] टोकरी, चंगेली, डलिया, कठारी, तृण आदि का बना पात्र-विशेष।

चंच देखो चंछ।

चंच पुं [चञ्च] पङ्कप्रभा नरक-पृथिवी का एक नरकावास। न. देवविमान-विशेष।

चंचपुड पुंन [दे] आघात, अभिघात।

चंचप्पर न [दे] असत्य।

चंचरीअ पुं [चञ्चरीक] भ्रमर।

चंचल वि [चञ्चल] चपल, चञ्चल। पुं. रावण के एक सुभट का नाम।

चंचला स्त्री [चञ्चला] चञ्चल स्त्री। छन्द-विशेष।

चंचा स्त्री [चञ्चा] नरकट की चटाई। चमरेन्द्र की राजधानी, स्वर्ग-नगरी-विशेष। घास का पुतला।

चंचाल (अप) देखो चंचल।

चंचु स्त्री [चञ्चु] चोंच, पक्षी का ठोर।

चंचुच्चिय न [दे. चञ्चुरित, चञ्चूच्चित] कुटिल गमन, टेढ़ी चाल।

चंचुमालइय वि [दे] रोमाञ्चित।

चंचुय पुं [चञ्चुक] अनार्य देश-विशेष। उस देश का निवासी मनुष्य।

चंचुर वि [चञ्चुर] चपल, चञ्चल।

चंछ सक [तक्ष्] छिलना।

चंड सक [पिष्] पीसना।

चंड देखो चंद।

चंड वि [चण्ड] प्रबल, उग्र, प्रखर, तीव्र। भयानक। अति क्रोधी, क्रोध-स्वभावी। तेजस्वी। पुं. राक्षस वंश के एक राजा का नाम। क्रोध। °किरण पुं. सूर्य। °कोसिय

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुं [°कौशिक] एक सर्प, जिसने भगवान् महावीर को सताया था। °दीव पुं [°द्वीप] द्वीप-विशेष। °पज्जोअ पुं [°प्रद्योत] उज्जयिनी के एक प्राचीन राजा का नाम। °भाणु पुं [°भानु] सूरज। °रुद्द पुं [°रुद्र] प्रकृति-क्रोधी एक जैन आचार्य। °वडिंसअ पुं [°ावतंसक] नृप-विशेष। °वाल पुं [°पाल] नृप-विशेष। °सेण पुं [°सेन] एक राजा का नाम। °ालिय न [°ालीक] क्रोध-वश कहा हुआ झूठ।

चंडंसु पुं [चण्डांशु] सूर्य।

चंडण देखो चंदण।

चंडमा पुं [चन्द्रमस्] चाँद।

चंडा स्त्री. चमरादि इन्द्रों की मध्यम परिषद्। भगवान् वासुपूज्य की शासनदेवी।

चंडातक न [चण्डातक] चोली, लहँगा।

चंडार पुंन [दे] भण्डार।

चंडाल पुं [चण्डाल] वर्णसङ्कर जाति-विशेष। डोम।

चंडालिय वि [चाण्डालिक] चाण्डाल-सम्बन्धी, चण्डाल जाति में उत्पन्न।

चंडाली स्त्री [चण्डाली] चण्डाल-जातीय स्त्री। विद्या-विशेष।

चंडिअ वि [दे] कृत, छिन्न, काटा हुआ।

चंडिक्क पुंन [दे. चाण्डिक्य] रोष, क्रोध, रौद्रता।

चंडिज्ज पुं [दे] कोप, गुस्सा। वि. पिशुन, खल, दुर्जन।

चंडिम पुंस्त्री [चण्डिमन्] चण्डता, प्रचण्डता।

चंडिया स्त्री [चण्डिका] देखा चंडी।

चंडिल वि [दे] पीन, पुष्ट।

चंडिल पुं [चण्डिल] हजाम।

चंडी स्त्री [चण्डी] क्रोध-युक्त स्त्री, कर्कशा और उग्र स्त्री। पार्वती। वनस्पति-विशेष। °देवग वि [°देवक] चण्डी का भक्त।

चंद पुं [चन्द्र] चन्द्रमा। नृप-विशेष। दाशरथी राम। राम के एक सुभट का नाम। रावण का एक सुभट। राशि-विशेष। आह्लादक वस्तु। कपूर। स्वर्ण। पानी। एक जैन आचार्य। द्वीप-विशेष। राधावेध की पुतली का बायाँ नयन, आँख का गोला। न. देव-विमान-विशेष। रुचक पर्वत का एक शिखर। °अंत देखो °कंत। °उत्त देखो °गुत्त। °कंत पुं [°कान्त] मणि-विशेष। न. देव-विमान-विशेष। वि. चन्द्र की तरह आह्लादक। °कंता स्त्री [°कान्ता] नगरी-विशेष। एक कुलकर-पुरुष की पत्नी। °कूड न [°कूट] देवविमान-विशेष। रुचक पर्वत का एक शिखर। °गुत्त पुं [°गुप्त] मौर्यवंश का एक स्वनाम-विख्यात राजा। °चार पुं. चन्द्र की गति। °चूड, °चूल पुं [°चूड] विद्याधर वंश का एक स्वनाम-प्रसिद्ध राजा। °च्छाय पुं. अङ्ग देश का एक राजा, जिसने भगवान् मल्लिनाथ के साथ दीक्षा ली थी। °जसा स्त्री [°यशस्] एक कुलकर पुरुष की पत्नी। °ज्झय न [°ध्वज] देवविमान-विशेष। °णखा स्त्री [°नखा] रावण की बहिन का नाम। °णह पुं [°नख] रावण का एक सुभट। °णही देखो °णखा। °णागरी स्त्री [°नागरी] जैन मुनि-गण की एक शाखा। °दरिसणिया स्त्री [°दर्शनिका] उत्सव-विशेष, बच्चे के पहली बार के चन्द्र-दर्शन के उपलक्ष्य में किया जाता उत्सव। °दिण न [°दिन] प्रतिपदादि तिथि। °दीव पुं [°द्वीप] द्वीप-विशेष। °द्ध न [°ार्ध] आधा चन्द्र, अष्टमी तिथि का चन्द्र। °पडिमा स्त्री [°प्रतिमा] तप-विशेष। °पन्नत्ति स्त्री [°प्रज्ञप्ति] एक जैन उपाङ्ग ग्रन्थ। °पव्वय पुं [°पर्वत] वक्षस्कार पर्वत-विशेष। °पुर न. वैताढ्य पर्वत पर स्थित एक विद्याधर-नगर। °पुरी स्त्री. नगरी-विशेष, भगवान् चन्द्रप्रभ की जन्मभूमि। °प्पभ वि [°प्रभ]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चन्द्र के तुल्य कान्तिवाला। पुं. आठवें जिन-देव का नाम। चन्द्रकान्त मणि। एक जैन मुनि। न. देवविमान-विशेष। चन्द्र का सिंहासन। °प्पभा स्त्री[°प्रभा]चन्द्र की एक अग्र-महिषी। मदिरा-विशेष। इस नाम की एक राज-कन्या। इस नाम की एक शिविका जिसमें बैठकर भगवान् शीतलनाथ और महावीर स्वामी दीक्षा के लिए बाहर निकले थे। °प्पह देखो °प्पभ। °भागा स्त्री. एकनदी। °मंडल पुंन [°मण्डल] चन्द्र का मण्डल, चन्द्र का विमान। चन्द्र का बिम्ब। °मग्ग पुं [°मार्ग] चन्द का मण्डल-गति से परि-भ्रमण। चन्द्र का मण्डल। °मणि पुं. मणि-विशेष। °माला स्त्री. चन्द्राकार हार, चन्द्र-हार। छन्द-विशेष।°मालियास्त्री[°मालिका] वही पूर्वोक्त अर्थ।°मुही स्त्री [°मुखी] चन्द्र के समान आह्लादक मुखवाली स्त्री। सीता-पुत्र कुश की पत्नी। °रह पुं [°रथ] विद्या-धर वंश का एक राजा। °रिसि पुं[°ऋषि] एक जैन ग्रन्थकार मुनि। °लेस न [°लेश्य] देवविमान-विशेष। °लेहा स्त्री [°लेखा] चन्द्रकला। एक राज-पत्नी। °वडिंसग न [°ावतंसक] चन्द्र के विमान का नाम। देखो चंडवडिंसग। °वण्ण न [°वर्ण] एक देवविमान। °वयण वि [°वदन] चन्द्र के तुल्य आह्लादजनक मुँहवाला। पुं. राक्षस-वंश का एक राजा। °विकंप पुंन [°विकम्प] चन्द्र का विकम्प-क्षेत्र। °विमाण न [°विमान] चन्द्र का विमान। °विलासि वि [°विलासिन्] चन्द्र के तुल्य मनोहर। °वेग पुं. एक विद्याधर-नरेश। °संवच्छर पुं [°संवत्सर] चान्द्र मासों से निष्पन्न संवत्सर। °साला स्त्री [°शाला] अटारी। °सालिया स्त्री [°शालिका] अट्टालिका। °सिंग न [°शृङ्ग] देव-विमान-विशेष। °सिट्ठ न [°शिष्ट] एक देवविमान। °सिरी स्त्री [°श्री] द्वितीय कुलकर पुरुष की माँ का नाम। °सिहर पुं [°शिखर] विद्याधर वंश का एक राजा। °सूरदंसावणिया, °सूरपा-सणिया स्त्री [°सूरदर्शनिका] बालक का जन्म होने पर तीसरे दिन उसको कराया जाता चन्द्र और सूर्य का दर्शन और उसके उपलक्ष्य में किया जाता उत्सव। °सूरि पुं. स्वनामविख्यात एक जैन आचार्य। °सेण पुं [°सेन] भगवान् आदिनाथ का एक पुत्र। एक विद्याधर राज-कुमार। °सेहर पुं [°शेखर] भूप-विशेष। महादेव। °हास पुं. खड्ग-विशेष।

चंद पुं [चन्द्र] जिसमें अधिक मास न हो वह वर्ष। °उडु पुं [°ऋतु] कुछ अधिक उनसठ दिनों की एक ऋतु। °परिवेस पुं [°परिवेष] चन्द्र-परिधि। °प्पहा स्त्री [°प्रभा] देखो चंदप्पभा। °ावदी स्त्री [°ावती] एक नगरी।

चंद वि[चान्द्र] चन्द्र-सम्बन्धी। °कुल न. जैन मुनियों का एक कुल।

चंदअ देखो चंद = चन्द्र।

चंदइल्ल पुं [दे] मोर।

चंदंक पुं [चन्द्राङ्क] विद्याधर वंश का एक स्वनाम-प्रसिद्ध राजा।

चंदग [चन्द्रक] देखो चंद। °विज्झ, °वेज्झ न [°वेध्य] राधावेध।

चंदट्ठिआ स्त्री [दे] भुज, शिखर, कन्धा। गुच्छा।

चंदण पुं [चन्दन] एक देवविमान। रत्न की एक जाति। पुं. द्वीन्द्रिय जीव-विशेष, अक्ष का जीव।

चंदण पुंन [चन्दन] चन्दन का पेड़। न. चन्दन की लकड़ी। घिसा हुआ चन्दन। छन्द-विशेष। रुचक पर्वत का एक शिखर। °कलस पुं [°कलश] चन्दन-चर्चित कुम्भ, माङ्गलिक घट। °घड पुं [°घट] मंगल-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कारक घड़ा। °बाला स्त्री. एक साध्वी स्त्री, भगवान् महावीर की प्रथम शिष्या। °वइ पुं. [°पति] स्वनाम-ख्यात एक राजा।

चंदणग पुंन [चन्दनक] ऊपर देखो। पुं. द्वीन्द्रिय जन्तु-विशेष, जिसके कलेवर को जैन साधु लोग स्थापनाचार्य में रखते हैं।

चंदणा स्त्री [चन्दना] भगवान् महावीर की प्रथम शिष्या, चन्दनबाला।

चंदणि स्त्री [दे] आचमन, कुल्ला। °उयय न [°उदक] कुल्ला फेंकने की जगह।

चंदणी स्त्री [दे] चन्द्र की पत्नी, रोहिणी।

चंदम पुं [चन्द्रमस्] चाँद।

चंदरुद्द देखो चंड-रुद्द।

चंदवडाया स्त्री [दे] जिसका आधा शरीर ढका और आधा नंगा हो ऐसी स्त्री।

चंदा स्त्री [चन्द्रा] चन्द्र-द्वीप की राजधानी।

चंदाअव पुं [चन्द्रातप] चाँदनी। देखो चंदायय।

चंदाणण पुं [चन्द्रानन] ऐरवत क्षेत्र के प्रथम जिनदेव।

चंदाणणा स्त्री [चन्द्रानना] चन्द्र के तुल्य आह्लाद उत्पन्न करनेवाली, चन्द्रमुखी। शाश्वती जिन-प्रतिमा-विशेष।

चंदाभ वि [चन्द्राभ] चन्द्र के तुल्य आह्लाद-जनक। पुं. आठवाँ जिनदेव, चन्द्रप्रभ स्वामी। इस नाम का एक राज-कुमार। न. एक देव-विमान।

चंदायण न [चान्द्रायण] तप-विशेष, जिसमें चन्द्रमा के घटने-बढ़ने के अनुसार भोजन के कौर घटाने-बढ़ाने पड़ते हैं।

चंदायण न [चन्द्रायण] चन्द्र का छः-छः मास पर दक्षिण और उत्तर दिशा में गमन।

चंदायय देखो चंदाअव। आच्छादन-विशेष, वितान, चँदवा।

चंदालग न [दे] ताम्र का भाजन-विशेष।

चंदावत्त न [चन्द्रावर्त्त] एक देवविमान।

चंदाविज्झय देखो चंदग-विज्झ।

चंदिआ स्त्री [चन्द्रिका] चन्द्र की प्रभा।

चंदिकोज्जलीय वि [दे. चन्द्रिकोज्ज्वलित] चन्द्रकान्ति से उज्ज्वल बना हुआ।

चंदिण न [दे] चन्द्रप्रभा।

चंदिम देखो चंदम एक जैन मुनि।

चंदिमा स्त्री [चन्द्रिका] ज्योत्स्ना।

चंदिमाइय न [चान्द्रिक] 'ज्ञाताधर्मकथा' सूत्र का एक अध्ययन।

चंदिल पुं [चन्दिल] नापित।

चंदुत्तरवडिंसग न [चन्द्रोत्तरावतंसक] एक देवविमान।

चंदेरी स्त्री [दे] नगरी-विशेष।

चंदोज्ज } न [दे] कुमुद, चन्द्र-विकासी
चंदोज्जय } कमल।

चंदोत्तरण न [चन्द्रोत्तरण] कौशाम्बी नगरी का एक उद्यान।

चंदोयर पुं [चन्द्रोदर] एक राज-कुमार।

चंदोवग न [चन्द्रोपक] संन्यासी का एक उपकरण।

चंदोवराग पुं [चन्द्रोपराग] चन्द्र-ग्रहण।

चंद्र देखो चंद।

चंप सक [दे] चाँपना, दबाना।

चंप सक [चर्च्] चर्चा करना।

चंप सक [आ + रुह्] चढ़ना।

चंप देखो चंपय।

चंपग पुंन [चम्पक] एक देवविमान।

चंपग देखो चंपय।

चंपडण न [दे] प्रहार, आघात।

चंपय पुं [चंपक] चम्पा का पेड़। देव-विशेष। न. चम्पा का फूल। °माला स्त्री. छन्द-विशेष। चम्पा के फूलों का हार। °लया स्त्री [°लता] लताकार चम्पक वृक्ष। चम्पक वृक्ष की शाखा। °वण न [°वन] चम्पक वृक्षों की प्रधानतावाला वन।

चंपयवडिंसय पुं [चम्पकावतंसक] सौधर्म

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देवलोक में स्थित एक विमान।

चंपा स्त्री [चम्पा] अंग देश की राजधानी, नगरी-विशेष। °पुरी स्त्री. वही अर्थ।

चंपा स्त्री. देखो चंपय। °कुसुम न. चम्पा का फूल। °वण्ण वि [°वर्ण] चम्पा के फूल के तुल्य रंगवाला, सुवर्ण-वर्ण।

चंपारण (अप) पुं [चम्पारण्य] देश-विशेष, चंपारन, तिरहुत कमिश्नरी (बिहार) का एक जिला। चंपारन का निवासी।

चंपिअ न [दे] आक्रमण, दबाव।

चंपिज्जिया स्त्री [चम्पीया] जैन मुनिगण की एक शाखा।

चंभ पुं [दे] हल से विदारित भूमि-रेखा।

चकप्पा स्त्री [दे] त्वचा।

चकिद देखो चइद।

चकोर पुंस्त्री. चकोर पक्षी।

चक्क पुं [चक्र] चक्रवाक पक्षी, न. गाड़ी का पहिया। समूह। अस्त्र-विशेष। चक्राकार आभूषण, मस्तक का आभरण-विशेष। व्यूह-विशेष, सैन्य की चक्राकार रचना-विशेष। न. एक देवविमान। °कंत पुं [°कान्त] स्वयंभूरमण समुद्र का अधिष्ठाता देव। °जोहि पुं [°योधिन्] चक्र से लड़नेवाला योद्धा। वासुदेव, तीन खण्ड पृथिवी का राजा। °ज्झय पुं [°ध्वज] चक्र के निशानवाली ध्वजा। °पहु पुं [°प्रभु] चक्रवर्ती राजा। °पाणि पुं. चक्रवर्ती राजा, सम्राट्। वासुदेव, अर्ध-चक्रवर्ती राजा। °पुरा, °पुरी स्त्री [°पुरी] विदेह वर्ष की एक नगरी। °प्पहु देखो °पहु। °यर पुं [°चर] भिक्षुक। °रयण न [°रत्न] चक्रवर्ती राजा का मुख्य आयुध। °वइ पुं [°पति] सम्राट्। °वइ, °वट्टि पुं [°वर्तिन्] छः खण्ड भूमि का अधिपति राजा, सम्राट्। °वट्टित्त न [°वर्तित्व] सम्राट्पन, साम्राज्य। °वत्ति देखो °वट्टि। °विजय पुं. चक्रवर्ती राजा से जीतने-योग्य क्षेत्र-विशेष। °साला स्त्री [°शाला] तैलिक गृह। °सुह पुं [°शुभ, °सुख] मानुषोत्तर पर्वत का अधिपति देव। °सेण पुं [°सेन] स्वनाम-ख्यात एक राजा। °हर पुं [°धर] चक्रवर्ती राजा, सम्राट्। वासुदेव, अर्ध-चक्री राजा।

चक्कआअ देखो चक्कवाय।

चक्कंग पुं [चक्राङ्ग] पक्षि-विशेष।

चक्कणभय न [दे] नारंगी का फल।

चक्कणाहय न [दे] तरङ्ग, कल्लोल।

चक्कम } चक्कम्म } अक [भ्रम्] घूमना, भटकना।

चक्कम्मविअ वि [भ्रमित] घुमाया हुआ, फिराया हुआ।

चक्कय देखो चक्क।

चक्कल न [दे] कुण्डल। हिंडोला का पटिया। वि. वर्तुल, गोलाकार पदार्थ। विशाल, विस्तीर्ण।

चक्कलिअ वि [दे] चक्राकार किया हुआ। °भिण्ण वि [°भिन्न] गोलाकार खण्ड, गोल टुकड़ा।

चक्कवाई स्त्री [चक्रवाकी] चकवी।

चक्कवाग } चक्कवाय } पुं [चक्रवाक] चकवा।

चक्कवाल न [चक्रवाल] चक्राकार भ्रमण। मण्डल, चक्राकार पदार्थ, गोल वस्तु। गोल जलाशय। गोल जल-समूह, जल-राशि। आवश्यक कार्य, नित्य-कर्म। समूह, राशि, ढेर। पुं. पर्वत-विशेष। °विक्खंभ पुं [°विष्कम्भ] चक्राकार घेरा, गोल परिधि। °सामायारी स्त्री [°सामाचारी] नित्य-कर्म-विशेष।

चक्कवाला स्त्री [चक्रवाला] गोल पंक्ति, चक्राकार श्रेणी।

चक्काअ देखो चक्कवाय।

चक्काग न [चक्रक] चक्राकार वस्तु।

चक्कार पुं [चक्रार] राक्षस वंश का एक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

राजा, एक लंकापति । °बद्ध न. शकट ।

चक्कावाय पुंन. देखो चक्कवाय ।

चक्काह पुं [चक्राभ] सोलहवें जिन-देव का प्रथम शिष्य ।

चक्काहिव पुं [चक्राधिप] चक्रवर्ती राजा, सम्राट् ।

चक्काहिवइ पुं [चक्राधिपति] ऊपर देखो ।

चक्कि, चक्किय वि [चक्रिन्, चक्रिक] चक्रवाला, चक्र-विशिष्ट । पुं. चक्रवर्ती राजा, सम्राट् । तेली । कुम्भार । °साला स्त्री [°शाली] तेल बेचने की दूकान ।

चक्किय वि [चकित] भयभीत ।

चक्किय पुं [चाक्रिक] चक्र से लड़नेवाला योद्धा । भिक्षुक की एक जाति ।

चक्किया क्रि [शक्नुयात्] कर सके, समर्थ हो सके ।

चक्की स्त्री [चक्रा] छन्द-विशेष ।

चक्कुलंडा स्त्री [दे] सर्प की एक जाति ।

चक्केसर पुं [चक्रेश्वर] चक्रवर्त्ती राजा । विक्रम की तेरहवीं शताब्दी का एक जैन ग्रन्थकार मुनि ।

चक्केसरी स्त्री [चक्रेश्वरी] भगवान् आदिनाथ की शासनदेवी । एक विद्या-देवी ।

चक्कोडा स्त्री [दे] अग्नि-भेद, अग्नि-विशेष ।

चक्ख (अप) सक [आ+चक्ष्] कहना ।

चक्ख सक [आ+स्वादय्] चखना ।

चक्खडिअ न [दे] जीवितव्य, जीवन ।

चक्खिंदिय न [चक्षुरिन्द्रिय] आँख ।

चक्खु पुंन [चक्षुष्] नेत्र । पुं. इस नाम का एक कुलकर पुरुष । न. देखो नीचे °दंसण ज्ञान, बोध । दर्शन, अवलोकन । °कंत पुं [°कान्त] कुण्डलोद समुद्र का अधिष्ठाता देव । °कंता स्त्री [°कान्ता] एक कुलकर पुरुष की पत्नी । °दंसण न [°दर्शन] चक्षु से वस्तु का सामान्य ज्ञान । °दंसणवडिया स्त्री [°दर्शनप्रतिज्ञा] आँख से देखने का नियम, नयनेन्द्रिय का संयम । °दय वि. ज्ञानदाता ।°पडिलेहा स्त्री[°प्रतिलेखा]आँख से देखना । °परिन्नाण न [°परिज्ञान] रूपविषयक ज्ञान । °पह पुं [°पथ] नेत्र-मार्ग, नयनगोचर । °फास पुं [°स्पर्श] दर्शन, अवलोकन । °भीय वि [°भीत] अवलोकन मात्र से ही डरा हुआ । °म, °मंत वि [°मत्] लोचन-युक्त, आँखवाला । पुं. एक कुलकर पुरुष का नाम । °लोल वि.देखने का शौकीन, जिसकी नयनेन्द्रिय संयत न हो वह । °लोलुय वि [°लोलुप] वही पूर्वोक्त अर्थ । °ल्लोयणलेस्स वि[°लोकनलेश्य] सुरूप । °वित्तिहय वि[°वृत्तिहत] दृष्टि से अपरिचित । °स्सव पुं[°श्रवस्] साँप ।

चक्खुड्डुण न [दे] तमाशा ।

चक्खुय देखो चक्खुस ।

चक्खुरक्खणी स्त्री [दे] लज्जा ।

चक्खुस वि [चाक्षुष] आँख से देखने-योग्य वस्तु, नयन-ग्राह्य ।

चक्खुहर वि [चक्षुर्हर] दर्शनीय ।

चगोर देखो चुओर ।

चच्च सक [चर्च्] चन्दन आदि का विलेपन करना ।

चच्च पुं [चर्च] हेमाचार्य के पिता का नाम । समालम्भन, चन्दन वगैरह का शरीर में उपलेप ।

चच्चर न [चत्वर] चौरास्ता, चौराहा, चौक ।

चच्चरिअ पुं [दे. चञ्चरीक] भौंरा ।

चच्चरिया स्त्री [चर्चरिका] नृत्य-विशेष । देखो चच्चरी ।

चच्चरी स्त्री [चर्चरी] गीत-विशेष, एक प्रकार का गान । गानेवाली टोली । छन्द-विशेष । हाथ की ताली की आवाज ।

चच्चसा स्त्री [दे] वाद्य-विशेष ।

चच्चा स्त्री [दे] शरीर पर सुगन्धि पदार्थ का लगाना, विलेपन । तल-प्रहार, हाथ की

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ताली ।

चब्बार सक [उपा + लभ्] उपालम्भ देना, उलाहना देना ।

चच्चिक्क वि [दे] मण्डित, विभूषित । पुंन. विलेपन, चन्दनादि सुगन्धि वस्तु का शरीर पर मसलना ।

चच्चुप्प सक [अर्पय्] अर्पण करना, देना ।

चच्छ सक [तक्ष्] छिलना, काटना ।

चज्ज सक [दृश्] देखना, अवलोकन करना ।

चज्जा स्त्री [चर्या] आचरण, वर्तन । चलन, गमन । परिभाषा, संकेत ।

चट्टुअ देखो चट्टुअ ।

चट्ट सक [दे] चाटना ।

चट्ट पुंन [दे] भूख । पुं. विद्यार्थी । °साला स्त्री [°शाला] चटशाला, चटसार, छोटे बालकों की पाठशाला ।

चट्टु, चट्टुअ, चट्टुल } पुं [दे] दारु-हस्त, काठ की कलछी, परोसने का पात्र-विशेष ।

चड सक [आ + रुह्] चढ़ना, ऊपर बैठना ।

चड पुं [दे] शिखा ।

चडक्क पुंन [दे] चटका । शस्त्र-विशेष ।

चडक्कारि वि [चटत्कारिन्] 'चटत्' शब्द करनेवाला (पवन आदि) ।

चडग देखो चडय ।

चडगर पुं [दे] समूह, जत्था । आडम्बर ।

चडचड पुं. 'चड-चड' आवाज ।

चडचडचड अक [चडचडाय्] 'चड-चड' आवाज करना ।

चडड पुं [चटट] बिजली के गिरने की आवाज ।

चडपड अक [दे] चटपटाना, छटपटाना, क्लेश पाना ।

चडय पुंस्त्री [चटक] गौरैया पक्षी ।

चडवेला स्त्री. देखो चवेडा ।

चडावण न [आरोहण] चढ़ना ।

चडाविय वि [आरोहित] चढ़ाया हुआ, ऊपर स्थापित ।

चडाविय वि [दे] प्रेषित ।

चडिआर पुं. [दे] आडम्बर ।

चडु पुं [चटु] प्रिय वचन । व्रती का एक आसन । उदर । पुंन. खुशामद । °आर वि [°कार] खुशामद करनेवाला, खुशामदी । °आरअ वि [°कारक] खुशामदी ।

चडुकारि वि [चटुकारिन्] खुशामदी ।

चडुत्तरिया स्त्री [दे] उतरचढ़ । वाद-विवाद ।

चडुयारि देखो चडुकारि ।

चडुल वि [चटुल] चंचल, चपल । कंपवाला, हिलता हुआ ।

चडुलग वि [दे. चटुलक] खण्ड-खण्ड किया हुआ ।

चडुला स्त्री [दे] रत्न-तिलक, सोने की मेखला में लटकता हुआ रत्न-निर्मित तिलक ।

चडुलातिलय न [दे] ऊपर देखो ।

चडुलिया स्त्री [दे] अन्त भाग में जला हुआ घास का पूला, घास की आँटी ।

चड्ड सक [मृद्] मर्दन करना, मसलना ।

चड्ड सक [पिष्] पीसना ।

चड्ड सक [भुज्] भोजन करना ।

चड्ड न [दे] तैल-पात्र, जिसमें दीपक किया जाता है ।

चड्डण न [भोजन] भोजन । खाने की वस्तु ।

चड्डावल्ली स्त्री. इस नाम की एक नगरी ।

चढ देखो चड = आ + रुह् ।

चढ देखो चड ।

चण, चणअ } पुं [चणक] चना ।

चणइया स्त्री [चणकिका] मसूर ।

चणग देखो चणअ । °गाम पुं [°ग्राम] गौड़ देश का एक ग्राम । °पुर न. नगर-विशेष, राजगृह-नगर का असली नाम ।

चणयग्गाम देखो चणग-गाम ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चणोट्ठिया स्त्री [दे] गुञ्जा । देखो कोणेट्ठिया ।

चत्त पुंन [दे] तकली ।

चत्त वि [त्यक्त] छोड़ा हुआ । सूत की आँटी ।

चत्तर देखो चच्चर ।

चत्ता देखो चत्तालीसा ।

चत्ता स्त्री [चर्चा] शरीर पर सुगन्धी वस्तु का विलेपन । विचार, चर्चा ।

चत्ताल वि [चत्वारिंश] चालीसवाँ ।

चत्तालीस न [चत्वारिंशत्] चालीस । वि. चालीस वर्ष की उम्रवाली ।

चत्तालीसा स्त्री [चत्वारिंशत्] चालीस ।

चत्थरि पुंस्त्री [दे. चस्तरि] हास्य ।

चपेटा स्त्री [दे. चपेटा] तमाचा ।

चप्प सक [आ + क्रम्] आक्रमण करना, दबाना ।

चप्प सक [चर्च्] अध्ययन करना । कहना । भर्त्सना करना । चन्दन आदि से विलेपन करना ।

चप्पडग न [दे] काष्ठ-यन्त्र-विशेष ।

चप्परण न [दे] तिरस्कार, निरास ।

चप्पलअ वि [दे] असत्य । बहुत झूठ बोलने वाला ।

चप्पुडिया, चप्पुडी स्त्री [चप्पुटिका] चपटी, चुटकी, अंगुष्ठ के साथ अंगुली की ताली ।

चप्फल न [दे] शेखर-विशेष, एक तरह का शिरोभूषण । वि. असत्य, मिथ्याभाषी ।

चमक्क पुं [चमत्कार] विस्मय, आश्चर्य ।

चमक्क, चमक्कर सक [चमत् + कृ] विस्मित करना, आश्चर्यान्वित करना ।

चमक्कार पुं [चमत्कार] आश्चर्य, विस्मय ।

चमड, चमढ सक [भुज्] भोजन करना, खाना ।

चमढ सक [दे] मर्दन करना, मसलना । प्रहार करना । पीड़ना । निन्दा करना । आक्रमण करना । उद्विग्न करना ।

चमर पुं. पशु-विशेष, जिसके बालों का चामर या चँवर बनता है । पुं. पाँचवें जिनदेव का प्रथम शिष्य । दक्षिण दिशा के असुरकुमारों का इन्द्र । °चंच पुं [°चञ्च] चमरेन्द्र का आवास-पर्वत । °चंचा स्त्री [°चञ्चा] चमरेन्द्र की राजधानी, स्वर्गपुरी-विशेष । °पुर न. विद्याधरों का नगर-विशेष ।

चमर पुंन [चामर] चँवर, बालव्यजन । °धारी, °हारी स्त्री [°धारिणी] चामर बीजने या डोलानेवाली स्त्री ।

चमरी स्त्री. चमर-पशु की मादा, सुरही गाय ।

चमस पुंन. चमचा, कलछी, दर्वी ।

चमुक्कार पुं [चमत्कार] आश्चर्य, विस्मय । बिजली का प्रकाश ।

चमू स्त्री. सैन्य । सेना-विशेष, जिसमें ७२९ हाथी, ७२९ रथ, २१८७ घोड़े और ३६४५ पैदल हों ऐसा लश्कर ।

चम्म न [चर्मन्] छाल, त्वक्, चमड़ा । °किड वि [°किट] चमड़े से सीआ हुआ । °कोस, °कोसय पुं [°कोश, °क] चमड़े का बना हुआ थैला । एक तरह का चमड़े का जूता । °कोसिया स्त्री [°कोशिका] चमड़े की बनी हुई थैली । °खंडिय वि [°खण्डिक] चमड़े का परिधानवाला । सब उपकरण चमड़े का ही रखनेवाला । °ग वि [°क] चमड़े का बना हुआ चर्ममय । °पक्खि पुं [°पक्षिन्] चमड़े की पाँखवाला पक्षी । °पट्ट पुं. चमड़े का पट्टा, वर्ध्र । °पाय न [°पात्र] चमड़े का पात्र । °यर पुं [°कर] मोची । °रयण न [°रत्न] चक्रवर्ती का रत्न-विशेष, जिससे सुबह में बोये हुए शालि वगैरह उसी दिन पक कर खाने-योग्य हो जाते हैं । °रुक्ख पुं [°वृक्ष] वृक्ष-विशेष ।

चम्मट्ठि स्त्री [चर्मयष्टि] चर्मदण्ड, चमड़ा लगी हुई छड़ी ।

चम्मट्ठिअ अक [चर्मयष्टीय्] चर्म-यष्टि की

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तरह आचरण करना ।

चम्मट्ठिल पुं [**चर्मास्थिल**] पक्षि-विशेष ।

चम्मार पुं [**चर्मकार**] चमार ।

चम्मिय वि [**चर्मित**] चर्म में बँधा हुआ ।

चम्मेट्ठ पुं [**चर्मेष्ट**] चमड़े से वेष्टित पाषाण-वाला आयुध ।

चम्मेट्ठग पुंस्त्री [**चर्मेष्टक**] शस्त्र-विशेष ।

चय सक [**त्यज्**] त्याग करना ।

चय सक [**शक्**] सकना, समर्थ होना ।

चय अक [**च्यु**] मरना, एक जन्म से दूसरे जन्म में जाना ।

चय पुं [**चय**] देह । समूह । इकट्ठा होना । वृद्धि । ईंटों की रचना-विशेष ।

चय पुं [**च्यव**] जन्मान्तर-गमन ।

चयण न[**चयन**]इकट्ठाकरना। ग्रहण, उपादान।

चयण न [**त्यजन**] परित्याग ।

चयण न [**च्यवन**] मरण, जन्मान्तर-गमन । पतन, गिर जाना । °**कप्प** पुं [°**कल्प**] चारित्र वगैरह से गिरने का प्रकार । शिथिल साधुओं का विहार ।

चयण न [**च्यवन**] च्युति, भ्रंश, क्षय ।

चर सक [**चर्**] चलना, जाना । भक्षण करना । सेवना । जानना ।

चर पुं. गमन, गति । वर्तन । जङ्गम प्राणी । °**चर** वि. चलनेवाला ।

चरंती स्त्री. जिस दिशा में भगवान् जिनदेव वगैरह ज्ञानी पुरुष विचरते हों वह ।

चरग पुं [**चरक**] देखो **चर** = चर । यूथबन्ध घूमने वाले त्रिदण्डियों की एक जाति । दंश-मशकादि जन्तु ।

चरचरा स्त्री. 'चर-चर' आवाज ।

चरड पुं [**चरट**] लुटेरे की एक जाति ।

चरण पुंन. संयम, चारित्र । आचरण । न. व्रत, नियम । चरना, पशुओं का तृणादि-भक्षण । पद्य का चौथा हिस्सा । गमन, विहार । सेवन, आदर । पाद, पाँव । °**करण** न. संयम का मूल और उत्तर गुण । °**करणाणुओग** पुं [°**करणानुयोग**] संयम के मूल और उत्तर गुणों की व्याख्या । °**कुसील** पुं [°**कुशील**] शिथिलाचारी साधु । °**णय** [°**नय**] क्रिया को मुख्य माननेवाला मत । °**मोह** पुंन. चारित्र का आवारक कर्म-विशेष ।

चरम वि. अन्तिम, अन्त का, पर्यन्तवर्ती । जिसका विद्यमान भव अन्तिम हो वह । °**काल** पुं. मरणसमय । °**जलहि** पुं [°**जलधि**] अन्तिम समुद्र, स्वयंभूरमण समुद्र ।

चरमंत पुं [**चरमान्त**] सब से अन्तिम, सब से प्रान्त-वर्ती ।

चरय देखो **चरग** ।

चरि पुंस्त्री. पशुओं के चरने की जगह । चारा ।

चरिगा देखो **चरिया** = चरिका ।

चरित्त न [**चरित्र**] चरित, आचरण । व्यवहार । स्वभाव, प्रकृति ।

चरित्त न [**चरित्र**] जीवन-कथा, कहानी ।

चरित्त न [**चारित्र**] संयम, विरति, व्रत, नियम । °**कप्प** पुं [°**कल्प**] संयमानुष्ठान का प्रतिपादक ग्रन्थ । °**मोह** पुंन. संयम का आवारक कर्म । °**मोहणिज्ज** न [°**मोहनीय**] वही पूर्वोक्त अर्थ । °**चरित्त** न [°**चारित्र**] आंशिक संयम, श्रावक-धर्म । °**यार** पुं [°**चार**] संयम का अनुष्ठान । °**रिय** पुं [°**र्य**] चारित्र से आर्य, विशुद्ध चारित्रवाला, साधु, मुनि ।

चरिम देखो **चरम** ।

चरिय पुं [**चरक**] जासूस, दूत ।

चरिय न [**चरित**] चेष्टित, आचरण । जीवन-चरित । चरित्र-ग्रन्थ । सेवित, आश्रित ।

चरिया स्त्री [**चरिका**] परिव्राजिका, संन्यासिनी । किला और नगर के बीच का मार्ग ।

चरिया स्त्री [**चर्या**] आचरण, अनुष्ठान ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गमन, गति, विहार । गाड़ी ।
चरीया देखो चरिया = चर्या ।
चरु पुं. स्थाली-विशेष । पात्र-विशेष ।
चरुगिणय देखो चारुइणय ।
चरुल्लेव न [दे] नाम, आख्या ।
चल सक [चल्] चलना, गमन करना । अक. कांपना, हिलना ।
चल वि. चंचल । पुं. रावण का एक सुभट ।
चलचल वि. अस्थिर । पुं. घी में तली जाती हुई चीज का पहला तीन घाम ।
चलण पुं [चरण] पाँव, पाद । °मालिया स्त्री [°मालिका] पैर का आभूषण-विशेष । °वंदण न [°वन्दन] पैर पर सिर झुका कर प्रणाम ।
चलण न [चलन] चलना, गति, चाल, प्रथा, रिवाज ।
चलणाउह पुं [चरणायुध] कुक्कुट ।
चलणाओह पुं [दे. चरणायुध] ऊपर देखो ।
चलणिया, चलणी स्त्री [चलनिका, °नी] जैन साध्वियों को पहनने का कटि-वस्त्र ।
चलणी स्त्री [चलनी] साध्वियों का एक उपकरण । पैर तक का कौच ।
चलवलण न [दे] चटपटाई, चंचलता ।
चलाचल वि. चंचल, अस्थिर ।
चलिंदिय वि [चलेन्द्रिय] इन्द्रिय-निग्रह करने में असमर्थ, जिसकी इन्द्रियाँ काबू में न हों वह ।
चलिअ न [चलित] विकलता, अस्थैर्य, चंचलता । वि. चला हुआ, कम्पित । प्रवृत्त । विनष्ट ।
चल्ल देखो चल = चल् ।
चल्लणग न [दे] कटि-वस्त्र ।
चल्लि स्त्री [दे] नाचते समय की एक प्रकार की गति ।
चल्लि स्त्री [दे] मदन-वेदना ।
चव सक [कथय्] कहना, बोलना ।
चव अक [च्यु] मरना, जन्मान्तर में जाना । गिर जाना, पतन होना ।
चव पुं [च्यव] मौत ।
चवचव पुं. 'चव-चव' आवाज ।
चवल वि [चपल] चंचल, अस्थिर । आकुल, व्याकुल । पुं. रावण का एक सुभट ।
चवल पुं [दे] अन्न-विशेष, बोड़ा ।
चवलय पुं [दे] धान्य-विशेष ।
चवला स्त्री [चपला] बिजली ।
चविआ स्त्री [चविका] वनस्पति-विशेष ।
चविडा, चविला, चवेला स्त्री [चपेटा] तमाचा, थप्पड़ ।
चवेडी स्त्री [दे] श्लिष्ट कर-संपुट । संपुट, समुद्‌ग, डिब्बा ।
चवेण न [दे] वचनीय, लोकापवाद ।
चवेला देखो चविडा ।
चव्व सक [चर्व्] चबाना ।
चव्व (शौ) देखो चव्व = चर्व् ।
चव्वक्किअ वि [दे] धवलित, चूने से पोता हुआ ।
चव्वाइ देखो चव्वागि ।
चव्वाक, चव्वाग पुं [चार्वाक] नास्तिक, बृहस्पति का शिष्य, लोकायतिक ।
चव्वागि वि [चार्वाकिन्] चबानेवाला । दुर्व्यवहारी ।
चस सक [चष्] चखना ।
चसग, चसय पुं [चषक] दारू पीने का प्याला । प्याला । पक्षि-विशेष ।
चहुंतिया स्त्री [दे] चुटकी, चुटकीभर ।
चहुट्ट अक [दे] चिपकना, चिपटना, लगना ।
चहुट्ट वि [दे] निमग्न, लीन । चिपका हुआ ।
चहोड पुं [दे] एक मनुष्य-जाति ।
चाइ वि [त्यागिन्] त्याग करनेवाला । दानी, उदार । निःसंग, निरीह, संयमी ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चाइय वि [त्याजित] छोड़वाया हुआ ।
चाइय वि [शकित] जो समर्थ हुआ हो ।
चाउअंगी स्त्री [चार्वङ्गी] सुन्दर अंगवाली स्त्री ।
चाउंड पुं [चामुण्ड] राक्षस-वंश का एक राजा, एक लङ्का-पति ।
चाउकाल न [चतुष्काल] चार समय ।
चाउक्कोण वि [चतुष्कोण] चार कोनावाला, चतुरस्र ।
चाउग्घंट } वि [चतुर्घण्ट] चार घंटा
चाउघंट } वाला, चार घण्टाओं से युक्त ।
चाउज्जाम न [चातुर्याम] चार महाव्रत, साधु-धर्म—अहिंसा, सत्य, अस्तेय और अपरिग्रह ये चार साधु-व्रत ।
चाउज्जाय न [चातुर्जात] दालचीनी, तमालपत्र, इलायची और नागकेसर ।
चाउत्थिग } पुं [चातुर्थिक] रोग-विशेष,
चाउत्थिय } चौथे-चौथे दिन पर होनेवाला ज्वर ।
चाउद्दसिया स्त्री [चतुर्दशिका] चौदस ।
चाउद्दसी स्त्री [चतुर्दशी] ऊपर देखो ।
चाउद्दाह (अप) त्रि. ब. [चतुर्दशन्] चौदह।
चाउद्दिसि देखो चउ-द्दिसि ।
चाउप्पाय न [चतुष्पाद] चतुर्विध ।
चाउमास } पुंन [चातुर्मास] चौमासा ।
चाउम्मास } आषाढ़, कार्तिक और फाल्गुन मास की शुक्ल चतुर्दशी ।
चाउम्मासिअ वि [चातुर्मासिक] चार मास सम्बन्धी, जैसे आषाढ़ से लेकर कार्तिक तक के चार महीने से सम्बन्ध रखनेवाला । न. आषाढ़, कार्तिक और फाल्गुन मास की शुक्ल चतुर्दशी तिथि, पर्व-विशेष ।
चाउम्मासी स्त्री [चातुर्मासी] चार मास, चौमासा, आषाढ़ से कार्तिक, कार्तिक से फाल्गुन और फाल्गुन से आषाढ़ तक के चार महीने ।
चाउम्मासी स्त्री [चातुर्मासी] देखो चाउम्मासिअ ।
चाउरंग देखो चउरंग ।
चाउरंगिज्ज वि [चतुरङ्गीय] चार अंगों से सम्बन्ध रखनेवाला । न. 'उत्तराध्ययन' सूत्र का एक अध्ययन ।
चाउरंत देखो चउरंत ।
चाउरंत पुं [चातुरन्त] चक्रवर्ती राजा, सम्राट् । न. लग्न-मण्डप, चौरी ।
चाउरंत न [चातुरन्त] भारतवर्ष ।
चाउरंत न [चतुरन्त] चक्र, पहिया ।
चाउरक्क वि [चातुरक्य] चार बार परिणत । °गोखीर न [°गोक्षीर] चार बार परिणत किया हुआ गो-दुग्ध, जैसे कतिपय गौओं का दूध दूसरी गौओं को पिलाया जाय, फिर उनका अन्य गौओं को, इस तरह चार बार परिणत किया हुआ गो-दुग्ध ।
चाउल वि [दे] चावल का । पुं. तण्डुल ।
चाउल्लग न [दे] पुरुष का पुतला—कृत्रिम पुरुष ।
चाउवण्ण } वि [चातुर्वर्ण्य] चार वर्णवाला,
चाउव्वण्ण } चार प्रकार वाला । पुं. साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविका का समुदाय । न. ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार मनुष्य-जाति ।
चाउव्विज्ज } न [चातुर्वैद्य] चार प्रकार
चाउव्वेज्ज } की विद्या—न्याय, व्याकरण, साहित्य और धर्म-शास्त्र । पुं. चौबे, ब्राह्मणों का एक अल्ल-उपगोत्र या वर्ग ।
चाउस्साला स्त्री [चतुश्शाला] चारों तरफ के कमरों से युक्त घर ।
चाँउंडा स्त्री [चामुण्डा] स्वनाम-ख्यात देवी । °काउअ पुं [°कामुक] महादेव ।
चाग देखो चाय = त्याग ।
चाड वि [दे] मायावी, कपटी ।
चाडु पुंन [चाटु] प्रियवाक्य । खुशामद ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

°यार वि [°कार] खुशामदी ।
चाणक्क पुं [चाणक्य] राजा चन्द्रगुप्त का स्वनाम-प्रसिद्ध मन्त्री । एक मनुष्य-जाति ।
चाणक्की स्त्री [चाणक्यी] लिपि-विशेष ।
चाणिक्क देखो चाणक्क ।
चाणूर पुं. मल्ल-विशेष ।
चामर पुंन. बाल-व्यजन । छन्द-विशेष । °गाहि वि [°ग्राहिन्] चामर बीजनेवाला नौकर । °छायण न [°च्छायन] स्वाति नक्षत्र का गोत्र । °ज्झय पुं [°ध्वज] चामर-युक्त पताका । °धार वि [°धार] चामर बीजनेवाला ।
चामरच्छ न [चामरच्छ] गोत्र-विशेष ।
चामीअर न [चामीकर] सुवर्ण ।
चामुंडराय पुं [चामुण्डराज] गुजरात का चालुक्य वंश का एक राजा ।
चामुंडा देखो चाँउंडा ।
चाय देखो चय = शक् ।
चाय देखो चाव ।
चाय पुं [त्याग] छोड़ना, परित्याग । दान ।
चायग } पुं [चातक] चातकपक्षी ।
चायव }
चार सक [चारय्] चराना, खिलाना ।
चार पुं. गति, गमन, भ्रमण, परिभ्रमण । जासूस । कारागार । संचार, संचरण । अनुष्ठान, आचरण । ज्योतिष-क्षेत्र, आकाश ।
चार पुं [दे] पियाल वृक्ष, चिरौंजी का पेड़ । बन्धन स्थान । इच्छा, अभिलाष । न. फल विशेष, मेवा-विशेष । °वकय पुं [°क्रय] बेचनेवाले की इच्छानुसार दाम देकर खरीदना ।
चारग दे [चारक] देखो चार । [°पाल] पुं. [°पाल] जेलखाना का अध्यक्ष । °पालग पुं [°पालक] जेलर । °भंड न [°भाण्ड] कैदी को शिक्षा करने का उपकरण । °ाहिव पुं [°ाधिप] कैदखाना का अध्यक्ष ।
चारण पुं [दे] ग्रन्थि-च्छेदक, पाकेटमार ।
चारण पुं. आकाश में गमन करने की शक्ति रखनेवाले जैन मुनियों की एक जाति । स्तुति करनेवाली भाट जाति । एक जैन मुनि-गण ।
चारणिआ स्त्री [चारणिका] गणित-विशेष ।
चारभड पुं [चारभट] शूर पुरुष, लड़वैया ।
चारभड पुं [चारभट] लुटेरा ।
चारय देखो चारग ।
चारवाय पुं [दे] ग्रीष्म-ऋतु का पवन ।
चारहड देखो चारभड ।
चारहडी स्त्री [चारभटी] शौर्यवृत्ति, सैनिक-वृत्ति ।
चारागार न. कैदखाना ।
चारि स्त्री. चारा ।
चारि वि [चारिन्] प्रवृत्ति करनेवाला । चलनेवाला, गमन-शील ।
चारिअ वि [चारित] जिसको खिलाया गया हो वह । विज्ञापित, जताया हुआ ।
चारिअ पुं [चारिक] चर-पुरुष । पंचायत का मुखिया पुरुष, समुदाय का अगुआ ।
चारित्त देखो चरित्त = चारित्र ।
चारित्ति देखो चरित्ति ।
चारिया स्त्री [चर्या] आचरण, इधर-उधर गमन, जीविका । चेष्टा ।
चारी स्त्री. देखो चारि = चारि ।
चारु वि. सुन्दर, प्रवर । पुं. तीसरे जिनदेव का प्रथम शिष्य । न. शस्त्र-विशेष ।
चारुइणय पुं [चारुकिनक] देश-विशेष । वि. उस देश का निवासी ।
चारुणय पुं [चारुनक] ऊपर देखो ।
चारुवच्छि पुं. ब. [चारुवत्सि] देश-विशेष ।
चारुसेणी स्त्री [चारुसेनी] छन्द-विशेष ।
चाल सक [चालय्] चलाना, हिलाना, कँपाना । विनाश करना ।
चालण न [चालन] चलाना, हिलाना । विचार । शंका, प्रश्न, पूर्वपक्ष ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चालणा स्त्री [चालना] शंका, पूर्वपक्ष, आक्षेप।

चालणिया } स्त्री [चालनिका]।
चालणी } स्त्री [चालनी] आखा, छानने का पात्र चलनी या छलनी।

चालवास पुं [दे] सिर का भूषण-विशेष।

चालिर वि [चालयितृ] चलानेवाला। चलनेवाला।

चाली स्त्री [चत्वारिंशत्] चालीस।

चालीस स्त्रीन [चत्वारिंशत्] चालीस।

चालुक्क पुंस्त्री [चौलुक्य] चालुक्य वंश में उत्पन्न। पुं. गुजरात का प्रसिद्ध राजा कुमारपाल।

चाव सक [चर्व्] चबाना।

चाव पुं [चाप] धनुष।

चावल न [चापल] चंचलता।

चावल्ल न [चापल्य] ऊपर देखो।

चावाली स्त्री. ग्राम-विशेष।

चाविय वि [च्यावित] मरवाया हुआ।

चावेडी स्त्री [चापेटी] विद्या-विशेष, जिससे दूसरे को तमाचा मारने पर बीमार आदमी का रोग चला जाता है।

चावोण्णय न [चापोन्नत] विमान-विशेष, एक देव-विमान।

चास पुं [चाष] स्वर्ण-चातक, पपीहा, लहटोरवा।

चास पुं [दे] हल-विदारित भूमि-रेखा, खेती।

चाह सक [वाञ्छ्] चाहना। अपेक्षा करना। याचना।

चाहिणी स्त्री [चाहिनी] हेमाचार्य की माता का नाम।

चाहुआण पुं [चाहुयान] चौहान-वंश। पुंस्त्री. चौहान वंश में उत्पन्न।

चि देखो चिण।

चिअ अ [एव] निश्चय को बतलानेवाला अव्यय।

चिअ अ [इव] उपमा और उत्प्रेक्षा का सूचक अव्यय।

चिअ वि [चित] इकट्ठा किया हुआ। व्याप्त। पुष्ट, मांसल।

चिअ न [चित] ईंट आदि का ढेर।

चिअ देखो चित्त = चित्त।

चिआ स्त्री [त्विष्] कान्ति, तेज।

चिआ देखो चियगा।

चिइ स्त्री [चिति] उपचय, पुष्टि, वृद्धि। इकट्ठा करना। बुद्धि। भीत वगैरह बनाना। चिता। °कम्म न [°कर्मन्] वन्दन, प्रणाम-विशेष।

चिइ देखो चेइअ।

चिइगा देखो चियगा।

चिइच्छ सक [चिकित्स्] दवा करना, इलाज करना। संशय करना।

चिइच्छअ वि [चिकित्सक] दवा करनेवाला, इलाज करनेवाला। पुं. वैद्य।

चिइय चित का भू. कृ.।

चिउर पुं [चिकुर] केश। पीत रंग का गन्ध-द्रव्य-विशेष।

चिंच } सक [मण्डय्] विभूषित करना।
चिंचअ }

चिंचइअ वि [दे] चलित, चला हुआ।

चिंचणिआ }
चिंचणिगा } स्त्री [दे] देखो चिंचिणी।
चिंचणी }

चिंचणी स्त्री [दे] अन्न पीसने की चक्की।

चिंचा स्त्री [चञ्चा] तृण की बनाई हुई चटाई वगैरह। °पुरिस पुं [°पुरुष] तृण का मनुष्य, जो पशु, पक्षी आदि को डराने के लिए खेतों में गाड़ा जाता है।

चिंचा स्त्री [दे. चिञ्चा] इमली का पेड़।

चिंचिणिआ }
चिंचिणिचिंचा } स्त्री [दे] इमली का पेड़।
चिंचिणी }

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चिंचिल्ल सक [मण्डय्] अलंकृत करना ।

चिंत सक [चिन्तय्] चिन्ता करना, विचार करना । याद करना । ध्यान करना । अफसोस करना ।

चिंत वि [चिन्त्य] चिन्तनीय, विचारणीय ।

चिंतग वि [चिन्तक] चिन्ता करनेवाला, विचारक ।

चिंतण न [चिन्तन] विचार, पर्यालोचन । स्मरण, स्मृति ।

चिंतणिया स्त्री [चिन्तनिका] याद करना, चिन्तन करना ।

चिंतय वि [चिन्तक] चिन्ता करनेवाला ।

चिंतव देखो चिंत = चिंतय् ।

चिंता स्त्री. विचार, पर्यालोचन । अफसोस, शोक । ध्यान । स्मृति । इष्ट-प्राप्ति का सन्देह । °उर वि[°तुर] शोक से व्याकुल । °दिट्ठ वि [दृष्ट] विचार-पूर्वक देखा हुआ । °मइअ वि [°मय] चिन्ता-युक्त । °मणि पुं. मनोवाञ्छित अर्थ को देनेवाला रत्न-विशेष, दिव्यमणि । वीतशोक नगरी का एक राजा । °वर वि [°पर] चिन्ता-मग्न ।

चिंतायग } वि [चिन्तक] चिन्ता करनेवाला ।
चिंतावग }

चिंध न [चिह्न] लाञ्छन, निशानी । ध्वजा । °पट्ट पुं. निशानी रूप वस्त्र खण्ड । °पुरिस पुं [°पुरुष] दाढ़ी-मूँछ वगैरह पुरुष की निशानी वाला नपुंसक, हिंजड़ा । पुरुष का वेष धारण करनेवाली स्त्री वगैरह ।

चिंधाल वि [चिह्नवत्] चिह्न-युक्त ।

चिंधाल वि [दे] सुन्दर । मुख्य, प्रवर ।

चिंफुल्लणी स्त्री [दे] लहँगा ।

चिकिच्छ देखो चिइच्छ ।

चिकुर देखो चिउर ।

चिक्क वि [दे] अल्प । न. छींक ।

चिक्कण वि [चिक्कण] चिकना, स्निग्ध । निबिड । दुर्भेद्य, दुःख से छूटने-योग्य ।

चिक्का स्त्री [दे] थोड़ी चीज । सूक्ष्म छींटा ।

चिक्कार पुं [चीत्कार] चिल्लाहट, चिंघाड़ ।

चिक्किण देखो चिक्कण ।

चिक्खअण वि [दे] सहिष्णु ।

चिक्खल्ल पुं [दे] कीच ।

चिक्खल्लय न [चिक्खल्लक] काठियावाड़ का एक नगर ।

चिक्खिल्ल }
चिखल्ल } [दे] देखो चिक्खल्ल ।
चिखिल्ल }

चिगिचिगाय अक [चिकचिकाय्] चकचकाट करना, चमकना ।

चिगिच्छग देखो चिइच्छअ ।

चिगिच्छण न [चिकित्सन]चिकित्सा, इलाज ।

चिगिच्छय देखो चिइच्छअ ।

चिगिच्छा स्त्री [चिकित्सा] दवा, प्रतीकार, इलाज । °संहिया स्त्री [°संहिता] वैद्यकशास्त्र ।

चिच्च वि [दे] चिपटी नासिकावाला । न. सम्भोग ।

चिच्च वि [त्याज्य] छोड़ने-योग्य ।

चिच्चर वि [दे] चिपटी नासिकावाला ।

चिच्चा देखो चय = त्यज् ।

चिच्चि पुं.चीत्कार, चिल्लाहट, भयंकर आवाज ।

चिच्चि पुं [दे] अग्नि ।

चिट्ठं अ [दे] अत्यन्त ।

चिट्ठ अक [स्था] बैठना, स्थिति करना ।

चिट्ठ देखो चेट्ठ ।

चिट्ठइत्तु वि[स्थातृ]बैठनेवाला, ठहरनेवाला ।

चिट्ठण न [स्थान] खड़ा रहना ।

दूर न. असमीप । अतिशय, अत्यन्त । वि. दूरस्थित । व्यवहित, अन्तरित । °ग वि. दूरवर्ती । °गइ, °गइअ वि [°गतिक] दूर जानेवाला । सौधर्म आदि देवलोक में उत्पन्न होनेवाला । °तराग वि [°तर] अत्यन्त दूर । °त्थ वि [°स्थ] दूरस्थित, दूरवर्ती । °भविय पुं [°भव्य] दीर्घ काल में मुक्ति को प्राप्त करने की योग्यतावाला जीव । °य देखो °ग । °वत्ति वि [°वर्तिन्] दूर में रहनेवाला । °लइय वि [°लयिक] मुक्ति-गामी । °लय पुं. दूर-स्थित आश्रय । मोक्ष । मुक्ति का मार्ग ।
दूरंगइअ देखो दूर-गइअ ।
दूरंतरिअ वि [दूरान्तरित] अत्यन्त-व्यवहित ।
दूरचर वि. दूर रहनेवाला ।
दूराय सक [दूराय्] दूर स्थित की तरह मालूम होना, दूरवर्ती मालूम पड़ना ।
दूरीकय वि [दूरीकृत] दूर किया हुआ ।
दूरीहूअ वि [दूरीभूत] जो दूर हुआ हो ।
दूरुल्ल वि [दूरवत्] दूरस्थित, दूरवर्ती ।
दूलह देखो दुल्लह ।
दूस अक [दुष्] दूषित होना, विकृत होना ।
दूस सक [दूषय्] दोषित करना ।
दूस न [दूष्य] वस्त्र । तम्बू । °गणि पुं [°गणिन्] एक जैन आचार्य । °मित्त पुं [°मित्र] मौर्यवंश के नाश होने पर पाटलीपुत्र में अभिषिक्त एक राजा । °हर न [°गृह] पट-कुटी ।
दूसअ वि [दूषक] दोष प्रकट करनेवाला ।
दूसग वि [दूषक] दूषित करनेवाला । दोष देखनेवाला ।
दूसण न [दूषण] दोष, अपराध । कलंक, दाग । पुं. रावण की मौसी का लड़का । वि. दूषित करनेवाला ।
दूसम वि [दुष्षम] खराब, दुष्ट । पुं. काल-विशेष, पाँचवाँ आरा । °दूसमा देखो दुस्समदुस्समा । °सुसमा देखो दुस्समसुसमा ।
दूसमा देखो दुस्समा ।
दूसर देखो दुस्सर ।
दूसल वि [दे] अभागा ।
दूसह देखो दुस्सह ।
दूसहणीअ वि [दुस्सहनीय] दुस्सह, असह्य ।
दूसासण देखो दुस्सासण ।
दूसाहिअ वि [दौस्साधिक] दुसाध जाति में उत्पन्न, अस्पृश्य जाति का ।
दूसि पुं [दूषिन्] नपुंसक का एक भेद ।
दूसिअ वि [दूषित] दूषण-युक्त, कलङ्कयुक्त । पुं. एक प्रकार का नपुंसक ।
दूसिआ स्त्री [दूषिका] आँख का मैल ।
दूसुमिण देखो दुस्सुमिण ।
दूहअ वि [दुःखक] दुःख-जनक ।
दूहट्ट वि [दे] लज्जा से उद्विग्न ।
दूहय देखो दोधअ ।
दूहल वि [दे] मन्दभाग्य ।
दूहव देखो दुब्भग ।
दूहव सक [दुःखय्] दुभाना, दुःखी करना ।
दूहिअ वि [दुःखित] दुःख-युक्त ।
दे अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय—सम्मुख-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करण। सखी को आमन्त्रण।
दे अ. पाद-पूरक अव्यय।
देअ देखो देव।
देअर देखो दिअर।
देअराणी स्त्री [देवरपत्नी] देवरानी।
देई देखो देवी।
देउल न [देवकुल] देव-मन्दिर। °णाह पुं [°नाथ] मन्दिर का स्वामी। °वाडय पुंन [°पाटक] मेवाड़ का एक गाँव।
देउलिअ वि [दैवकुलिक] देव-स्थान का परिपालक।
देउलिया स्त्री [देवकुलिका] छोटा देव-स्थान।
देक्ख सक [दृश्] देखना, अवलोकन करना।
देक्खालिअ वि [दर्शित] दिखाया हुआ, बतलाया हुआ।
देख (अप) देखो देक्ख।
देट्ठ देखो दिट्ठ = दृष्ट।
देण्ण देखो दइण्ण।
देपाल पुं [देवपाल] एक मन्त्री का नाम।
देप्प देखो दिप्प = दीप्।
देर देखो दार = द्वार।
देव उभ [दिव्] जीतने की इच्छा करना। पण करना। व्यवहार करना। चाहना। आज्ञा करना। अव्यक्त शब्द करना। हिंसा करना।
देव पुंन.अमर, देवता। मेघ। आकाश। राजा। पुं. परमेश्वर, देवाधिदेव। साधु, मुनि, ऋषि। द्वीप-विशेष। समुद्र-विशेष। स्वामी, नायक। पूज्य। °उत्त वि [°उप्त] देव से बोया हुआ। देव-कृत। °उत्त वि [°गुप्त] देव से रक्षित। ऐरवत क्षेत्र के एक भावी जिनदेव। °उत्त पुं [°पुत्र] देव-पुत्र। °उल न [°कुल] देव-मन्दिर। °उलिया स्त्री [°कुलिका] छोटा देव-मन्दिर। °कन्ना स्त्री [°कन्या] देव-पुत्री। °कहकहय पुं [°कहकहक] देवताओं का कोलाहल। °किब्बिस पुं [°किल्बिष] चाण्डाल-स्थानीय देव-जाति। °किब्बिसिय पुं [°किल्बिषिक] एक अधम देव-जाति। °किब्बिसीया स्त्री [°किल्बिषीया] देखो देवकिब्बिसिया। °कुरा स्त्री. क्षेत्र-विशेष, वर्ष-विशेष। °कुरु पुं. वही अर्थ। °कुल देखो °उल। °कुलिय पुं [°कुलिक] पुजारी। °कुलिया देखो °उलिआ। °गइ स्त्री [°गति] देवयोनि। °गणिया स्त्री [°गणिका] देव-वेश्या, अप्सरा। °गिह न [°गृह] देव-मन्दिर। °गुत्त पुं [°गुप्त] एक परिव्राजक का नाम। एक भावी जिनदेव। °चंद पुं [°चन्द्र] एक जैन उपासक का नाम। सुप्रसिद्ध श्री हेमचन्द्राचार्य के गुरू का नाम। °च्चय वि [°ार्चक] देव की पूजा करनेवाला। पुं. मन्दिर का पुजारी। °च्छंदग न [°च्छन्दक] जिनदेव का आसन। °जस पुं [°यशस्] एक जैन मुनि। °जाण न [°यान] देव का वाहन। °जिण पुं [°जिन] एक भावी जिनदेव का नाम। °ड्ढि देखो देविड्ढि। °णाअअ पुं [°नायक] नीचे देखो। °णाह पुं [°नाथ] इन्द्र। परमेश्वर, परमात्मा। °तम न [°तमस्] एक प्रकार का अन्धकार। °त्थुइ, °थुइ स्त्री [°स्तुति] देव का गुणानुवाद। °दत्त पुं. व्यक्तिवाचक नाम। °दत्ता स्त्री. व्यक्ति-वाचक नाम। °दव्व न [°द्रव्य] देव-सम्बन्धी द्रव्य। °दार न [°द्वार] देव-गृह-विशेष का पूर्वीय द्वार, सिद्धायतन का एक द्वार। °दारु पुं. देवदार का पेड़। °दाली स्त्री. वनस्पति-विशेष, रोहिणी। °दिण्ण पुं [°दत्त] व्यक्ति-वाचक नाम, एक सार्थवाह-पुत्र। °दीव पुं [°द्वीप] द्वीप-विशेष। °दूस न [°दूष्य] देवता का वस्त्र, दिव्य वस्त्र। °देव पुं. परमेश्वर, परमात्मा। इन्द्र, देवों का स्वामी। °नट्टिया स्त्री [°नर्तिका] नाचनेवाली देवी, देव-नटी। °नयरी स्त्री [°नगरी] अमरावती, स्वर्ग-पुरी। °पडिक्खोभ पुं [°प्रतिक्षोभ] तमस्काय। °पलिक्खोभ पुं [°परिक्षोभ]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कृष्ण-राजि। °पव्वय पुं [°पर्वत] पर्वत-विशेष। °प्पसाय पुं [°प्रसाद] राजा कुमारपाल के पितामह का नाम। °फलिह पुं [°परिघ] अन्धकार। °भद्द पुं [°भद्र] देव-द्वीप का अधिष्ठाता देव। एक प्रसिद्ध जैनाचार्य। °भूमि स्त्री. स्वर्ग। मरण। °महाभद्द पुं [°महाभद्र] देवद्वीप का अधिष्ठाता देव। °महावर पुं.देव-नामक समुद्र का अधिष्ठायक देव-विशेष। °रइ पुं [°रति] एक राजा। °रक्ख पुं [°रक्ष] राक्षस-वंशीय एक राजकुमार। °रण्ण न [°रण्य] अन्धकार। °रमण न.सौभाञ्जनी नगरी का एक उद्यान। रावण का एक उद्यान। °राय पुं [°राज] इन्द्र। °रिसि पुं [°ऋषि] नारद मुनि। °लोअ, °लोग पुं [°लोक]स्वर्ग। देव-जाति। °लोगगमण न [°लोकगमन] स्वर्ग में उत्पत्ति। °वर पुं. देव-नामक समुद्र का अधिष्ठायक एक देव। °वहू स्त्री [°वधू] देवांगना, देवी। °संणत्ती स्त्री [°संज्ञप्ति] देव-कृत प्रतिबोध। देवता के प्रतिबोध से ली हुई दीक्षा। °संणिवाय पुं [°सन्निपात] देव-समागम। देव-समूह। देवों की भीड़। °सम्म पुं [°शर्मन्] इस नाम का एक ब्राह्मण। ऐरवत क्षेत्र में उत्पन्न एक जिनदेव। °साल न [°शाल] एक नगर का नाम। °सुंदरी स्त्री [°सुन्दरी] देवांगना, देवी। °सुय देखो °स्सुय। °सेण पुं [°सेन] शतद्वार नगर का एक राजा जिसका दूसरा नाम महापद्म था। ऐरवत क्षेत्र के एक जिनदेव। भरत-क्षेत्र के एक भावी जिनदेव के पूर्वभव का नाम। भगवान् नेमिनाथ का एक शिष्य, एक अन्तकृद् मुनि। °स्स न [°स्व] जिन-मन्दिर-सम्बन्धी धन। °स्सुय पुं [°श्रुत] भरत-क्षेत्र के छठवें भावी जिन-देव। °हर न [°गृह] देव-मन्दिर। °इदेव पुं [°तिदेव] अर्हन् देव। °णंद पुं [°नन्द] ऐरवत क्षेत्र में आगामी उत्सर्पिणी काल में उत्पन्न होनेवाले चौबीसवें जिनदेव। °णंदा स्त्री [°नन्दा] भगवान् महावीर की प्रथम माता। पक्ष की पनरहवीं रात्रि का नाम। °णुप्पिय पुं [°नुप्रिय] भद्र, महाशय, महानुभाव, सरल-प्रकृति। °यरिअ पुं [°चार्य] एक सुप्रसिद्ध जैन आचार्य। °रन्न देखो °रण्ण। देवों का क्रीड़ा-स्थान। °लय पुंन. स्वर्ग। °हिदेव पुं [°धिदेव] परमेश्वर, जिनदेव। °हिवइ पुं [°धिपति] इन्द्र, देव-नायक।

देव पुंन. एक देव-विमान। °कुरु स्त्री. भगवान् मुनिसुव्रत स्वामी की दीक्षा-शिविका का नाम। °च्छंदय पुंन [°च्छन्दक] कमानदार घूमटवाला दिव्य आसन-स्थान। °तमिस्स पुंन. [°तमिस्र] अन्धकार-राशि। °दिन्ना स्त्री [°दत्ता] भगवान् वासुपूज्य की दीक्षा-शिविका। °पलिक्खोभ पुं [°परिक्षोभ] कृष्णराजि, कृष्णवर्ण पुद्गलों की रेखा। °रमण पुं. नन्दीश्वर द्वीप के मध्य में पूर्व दिशा-स्थित एक अञ्जनगिरि। °वूह पुं [°व्यूह] तमस्काय।

देव देखो दइव। °न्नु वि [°ज्ञ] ज्योतिष-शास्त्र का जानकार। °पर वि. भाग्य पर ही श्रद्धा रखनेवाला।

देवइ स्त्री [देवकी] श्रीकृष्ण की माता, आगामी उत्सर्पिणी काल में होनेवाले एक तीर्थंकर-देव का पूर्व भव। देखो देवकी।

देवउप्फ न [दे] पक्व पुष्प, पका हुआ फल।

देवं देखो दा = दा का हेकृ.।

देवंग न [दे. दिव्याङ्ग] देवदूष्य वस्त्र।

देवंगण न [देवाङ्गण] स्वर्ग।

देवंधकार } पुं [देवान्धकार] अन्धकार का
देवंधगार } समूह।

देवकिब्बिस पुं [देवकिल्बिष] एक अधम देव जाति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देवकिब्बिसिया स्त्री [दैवकिल्बिषिकी] भावना-विशेष जो अधम देव-योनि में उत्पत्ति का कारण है।

देवकी देखो देवइ। °णंदण पुं [°नन्दन] श्रीकृष्ण।

देवय वि [दैव्य] देव-सम्बन्धी।

देवय न [दैवत] देव, देवता।

देवय देखो देव = देव।

देवया स्त्री [देवता] देव, अमर। परमात्मा।

देवर देखो दिअर।

देवराणी देखो देअराणी।

देवसिअ वि [दैवसिक] दिवस-सम्बन्धी।

देवसिआ स्त्री [देवसिका] एक पतिव्रता स्त्री जिसका दूसरा नाम देवसेना था।

देविंद पुं [देवेन्द्र] इन्द्र। एक प्रसिद्ध जैनाचार्य और ग्रन्थकार। °सूरि पुं. एक प्रसिद्ध जैनाचार्य और ग्रन्थकार।

देविंदय पुं [देवेन्द्रक] देवविमान-विशेष।

देविड्ढि स्त्री [देवर्द्धि] देव का वैभव। पुं.एक सुप्रसिद्ध जैन आचार्य और ग्रन्थकार।

देविय वि [दैविक] देव-सम्बन्धी।

देविल पुं. एक प्राचीन ऋषि।

देवी स्त्री. देव-स्त्री। राज-पत्नी। दुर्गा, पार्वती। सातवें चक्रवर्त्ती और अठारहवें जिन-देव की माता। दशवें चक्रवर्ती की अग्र-महिषी। एक विद्याधर कन्या।

देवीकय वि [देवीकृत] देवी से बनाया हुआ।

देवुक्कलिआ स्त्री [देवोत्कलिका] देवों की भीड़।

देवेसर पुं [देवेश्वर] इन्द्र।

देवोद पुं. समुद्र-विशेष।

देवोववाय पुं [देवोपपात] भरतक्षेत्र में आगामी उत्सर्पिणी काल में होनेवाले तेईसवें जिन-देव।

देव्व देखो दिव्व = दिव्य।

देव्व देखो दइव। °ज्ज, °ण्ण, °ण्णु वि [°ज्ञ] ज्योतिष-शास्त्र को जाननेवाला।

देव्वजाणुअ } देखो देव्व-ज्ज।
देव्वण्णुअ }

देस पुं [देश] एक सौ हाथ परिमित जमीन। °देस पुं [°देश] सौ हाथ से कम जमीन। °राग पुं. देश-विशेष।

देस सक [देशय्] कहना, उपदेश देना। बतलाना।

देस पुं [देश] अंश, भाग। देश, जनपद। अवसर। स्थान। °कहा स्त्री [°कथा] जनपद-वार्ता। °काल देखो °याल। °जइ पुं [°यति] श्रावक, उपासक, जैन गृहस्थ। °ण्णु वि [°ज्ञ] देश की स्थिति को जाननेवाला। °भासा स्त्री [°भाषा] देश की बोली। °भूसण पुं [°भूषण] एक केवलज्ञानी महर्षि। °याल पुं [°काल] प्रसंग, योग्य समय। °राय वि [°राज] देश का राजा। °वगासिय देखो °ावगासिय। °विरइ स्त्री [°विरति] श्रावक धर्म, जैन गृहस्थ का व्रत, अणुव्रत, हिंसा आदि का आंशिक त्याग। °विरय वि [°विरत] श्रावक, उपासक। न. पाँचवाँ गुण-स्थानक। °विराहय वि [°विराधक] व्रत आदि में आंशिक दूषण लगानेवाला। °विराहि वि [°विराधिन्] वही अर्थ। °ावगास न [°ावकाश] श्रावक का एक व्रत। °ावगासिय न [°ावकाशिक] वही अर्थ। °ाहिव पुं [°ाधिप] राजा। °ाहिवइ पुं [°ाधिपति] राजा।

देस देखो वेस = द्वेष।

देसंतरिअ वि [देशान्तरिक] भिन्न देश का, विदेशी।

देसग देखो देसय।

देसण न [देशन] कथन, उपदेश, प्ररूपण। वि. उपदेशक, प्ररूपक।

देसणा स्त्री [देशना] उपदेश, प्ररूपण।

देसय वि [देशक] उपदेशक, प्ररूपक।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दिखलानेवाला ।

देसराग वि [दैशराग] 'देशराग' देश में बना हुआ ।

देसि } वि [देशिन्] अंशी, आंशिक, भाग-
देसिअ } वाला । दिखलानेवाला । उपदेशक ।

देसिअ वि [देश्य, दैशिक] देश में उत्पन्न, देश-सम्बन्धी । °सद्द पुं [°शब्द] देशीभाषा का शब्द ।

देसिअ वि [देशिक] बृहत्क्षेत्र-व्यापी, विस्तीर्ण । मुसाफिर । उपदेष्टा, गुरु । प्रवास में गया हुआ । °सहा स्त्री [°सभा] धर्म-शाला ।

देसिअ देखो देवसिअ ।

देसिअव वि [देशितवत्] जिसने उपदेश दिया हो वह ।

देसिल्लग देखो देसिअ = देश्य ।

देसी स्त्री [देशी] भाषाविशेष, अत्यन्त प्राचीन प्राकृत भाषा का एक भेद । °भासा स्त्री [°भाषा] वही अर्थ ।

देसूण वि [देशोन] कुछ कम ।

देस्स वि [दृश्य] देखने-योग्य । देखने को शक्य ।

देह देखो दैवख ।

देह पुंन. शरीर । पुं. पिशाच-विशेष । °रय न [°रत] मैथुन ।

देहंबलिया स्त्री [देहबलिका] भिक्षा-वृत्ति ।

देहणी स्त्री [दे] कर्दम ।

देहरय (अप) न [देवगृहक] देव-मन्दिर ।

देहली स्त्री. चौखट ।

देहि पुं [देहिन्] आत्मा, जीव ।

देहुर (अप) न [देवकुल] मन्दिर ।

दो अ [द्विधा] दो प्रकार से ।

दो [द्वि] दो, उभय ।

दो पुं [दोस्] हाथ, बाहु ।

दोअई स्त्री [द्विपदी] छन्द-विशेष ।

दोआल पुं [दे] वृषभ ।

दोइ देखो दो = द्विधा ।

दोंबुर [दे] देखो दोबुर ।

दोकिरिय वि [द्विक्रिय] एक ही समय में दो क्रियाओं के अनुभव को माननेवाला ।

दोक्कर देखो दुक्कर ।

दोक्खर पुं [द्वि-अक्षर] नपुंसक ।

दोखंड देखो दुखंड ।

दोखंडिअ वि [द्विखण्डित] जिसके दो टुकड़े किए गए हों वह ।

दोगंछि वि [जुगुप्सिन्] घृणा करनेवाला ।

दोगच्च न [दौर्गत्य] दुर्दशा । दारिद्रय ।

दोगुंछि देखो दोगंछि ।

दोगुंदय पुंन [दोगुन्दक] एक देव-विमान ।

दोगुंदुय पुं [दौगुन्दक] उत्तम-जातीय देव-विशेष ।

दोग्ग न [दे] युग्म, युगल ।

दोग्गइ देखो दुग्गइ । °कर वि. दुर्गति-जनक ।

दोग्गच्च देखो दोगच्च ।

दोग्घट्ट }
दोग्घोट्ट } पुं [दे] हाथी ।
दोघट्ट }

दोचूड पुं [द्विचूड]विद्याधर वंश के एक राजा का नाम ।

दोच्च वि [द्वितीय] दूसरा ।

दोच्च न [दौत्य] दूत-कर्म ।

दोच्च अ [द्विस्] दो बार ।

दोच्चंग न [द्वितीयाङ्ग] दूसरा अंग । पकाया हुआ शाक । कढ़ी ।

दोजीह पुं [द्विजिह्व] दुर्जन । साँप ।

दोज्झ वि [दोह्य] दोहने-योग्य ।

दोण पुं [द्रोण] धनुर्वेद के एक सुप्रसिद्ध आचार्य । एक प्रकार का परिमाण । °मुह न [°मुख] नगर, जल और स्थल के मार्गवाला शहर । °मेह पुं [°मेघ] मेघ-विशेष, जिसकी धारा से बड़ी कलशी भर जाय वह वर्षा । °मुया स्त्री [°सुता] लक्ष्मण की स्त्री का

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नाम, विशल्या।
दोणअ पुं [दे] आयुक्त। हल जोतनेवाला।
दोणक्का स्त्री [दे] मधुमक्खी।
दोणी स्त्री [द्रोणी] नौका, छोटा जहाज। पानी का बड़ा कुण्डा।
दोत्तडी स्त्री [दुस्तटी] दुष्ट नदी।
दोत्थ न [दौस्स्थ्य] दुर्गति।
दोद्दाण वि [दुर्दान] दुःख से देने-योग्य।
दोद्दिअ पुं [दे] चर्म-कूप, चमड़े का बना हुआ भाजन-विशेष।
दोद्ध वि [दोग्धृ] दोहन-कर्ता।
दोधअ } न [दोधक] छन्द-विशेष।
दोधक }
दोधार पुं [द्विधाकार] दो भाग करना।
दोनिक्कम वि [दुर्निक्रम] अत्यन्त कष्ट से चलने-योग्य।
दोबुर पुं [दे] तुम्बुरु, स्वर्ग-गायक।
दोब्बलिय देखो दुब्बलिय।
दोब्बल्ल न [दौर्बल्य] दुर्बलता।
दोभाय वि [द्विभाग] दो भागवाला, दो खण्डवाला।
दोमणंसिय वि [दौर्मनस्यिक] खिन्न, शोक-ग्रस्त।
दोमणस्स न [दौर्मनस्य] वैमनस्य, द्वेष, मन की दुष्टता।
दोमासिअ वि [द्वैमासिक] दो मास का।
दोमिय (अप) देखो दूमिअ = दावित।
दोमिली स्त्री. लिपि-विशेष।
दोमुह वि [द्विमुख] दो मुंहवाला। पुं. नृप-विशेष। दुर्जन।
दोर पुं [दे] धागा। छोटी रस्सी। कटि-सूत्र।
दोरिया देखो दोरी।
दोरी स्त्री [दे] छोटी रस्सी।
दोल अक [दोलय्] हिलना। झूलना। संशय करना।
दोलणय न [दोलनक] झूलन, अन्दोलन।
दोलया } स्त्री [दोला] हिंडोला।
दोला }
दोलिया देखो दोला।
दोव पुं. एक अनार्य जाति।
दोवई स्त्री [द्रौपदी] राजा द्रुपद की कन्या, पाण्डव-पत्नी।
दोवयण देखो दुवयण = द्विवचन।
दोवार (अप) देखो दुवार।
दोवारिअ } पुं [दौवारिक] द्वारपाल।
दोवारिय }
दोविह देखो दुविह।
दोवेली स्त्री [दे] सायंकाल का भोजन।
दोव्वल देखो दोब्बल।
दोस देखो दूस = दूष्य।
दोस पुं [दोष] दूषण, दुर्गुण, ऐब। °न्नु वि [°ज्ञ] दोष का जानकार, विद्वान्। °ह वि [°घ्न] दोष-नाशक।
दोस पुं [दे] अर्ध। द्वेष। द्रोह।
दोस पुं. हाथ।
दोसणिज्जंत पुं [दे] चाँद।
दोसा स्त्री [दोषा] रात्रि।
दोसाकरण न [दे] कोप।
दोसाणिअ वि [दे] निर्मल किया हुआ।
दोसायर पुं [दोषाकर] चाँद। दोषों की खान। दुष्ट।
दोसारअण पुं [दे. दोषारत्न] चन्द्र।
दोसासय पुं [दोषाश्रय] दोष-युक्त, दुष्ट।
दोसिअ पुं [दौष्यिक] वस्त्र का व्यापारी।
दोसिण [दे] देखो दोसीण।
दोसिणा [दे] नीचे देखो। °भा स्त्री. चन्द्र की एक पटरानी।
दोसिणी स्त्री [दे. दोषिणी] ज्योत्स्ना।
दोसियण्ण न [दोषिकान्न] बासी अन्न।
दोसिल्ल वि [दोषवत्] दोष-युक्त।
दोसिल्ल वि [दे] द्वेषी।
दोसीण न [दे] रात का बासी अन्न।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दोसील वि [दुश्शील] दुष्ट स्वभाववाला।
दोसोलह त्रि. ब. [द्विषोडशन्] बत्तीस।
दोह सक [द्रुह्] द्रोह करना।
दोह पुं [दोह] दोहन।
दोह वि [दोह्य] दोहने-योग्य।
दोह पुं [द्रोह] ईर्ष्या, द्वेष।
दोहग्ग न [दौर्भाग्य] दुष्ट भाग्य, दुरदृष्ट, कमनसीबी।
दोहण न [दोहन] दोहना, दूध निकालना। °वाडण न [°पाटन] दोहन-स्थान।
दोहणहारी स्त्री [दे] दोहनेवाली स्त्री। पनिहारी।
दोहणी स्त्री [दे] कर्दम।
दोहय वि [दोहक] दोहनेवाला।
दोहय वि [द्रोहक] द्रोह करनेवाला, ईर्ष्यालु।
दोहल पुं [दोहद] गर्भिणी स्त्री का मनोरथ।
दोहा अ [द्विधा] दो प्रकार।
दोहाइअ वि [द्विधाकृत] जिसका दो खण्ड किया गया हो वह।
दोहासल न [दे] कटी-तट, कमर।
दोहि वि [दोहिन्] झरनेवाला, टपकनेवाला।
दोहि वि [द्रोहिन्] द्रोह करनेवाला।
दोहिण्ण वि [द्विभिन्न] द्विखण्ड, जिसका दो टुकड़ा किया गया हो वह।
दोहित्त पुं [दौहित्र] लड़की का लड़का, नाती।
दोहूअ पुं [दे] मुरदा।
°द्दोस देखो दोस = (दे)।
द्रवक्क (अप) न [दे. भय] डर, भीति।
द्रह पुं [ह्रद] बड़ा जलाशय, झील।
द्रेहि (अप) स्त्री [दृष्टि] नजर।
द्रोह देखो दोह = द्रोह।

ध

ध पुं. दन्त-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष।
धअ देखो धव।
धंख पुं [ध्वाङ्क्ष] कौआ।
धंग पुं [दे] भ्रमर।
धंत न [ध्वान्त] अँधेरा। अज्ञान।
धंत न [दे] अतिशय।
धंत वि [ध्मात] अग्नि में तपाया हुआ। शब्द-युक्त, शब्दित।
धंधा स्त्री [दे] लज्जा।
धंन्धुक्कय न [धन्धुक्कय] गुजरात का एक नगर।
धंधोलिय (अप) वि [भ्रमित] घुमाया हुआ।
धंस अक [ध्वंस्] नष्ट होना।
धंस सक [ध्वंसय्] नाश करना। दूर करना।
धंसाड सक [मुच्] त्याग करना, छोड़ना।
धंसाडिअ वि [दे] व्यपगत, नष्ट।
धगधग अक [धगधगाय्] 'धग्-धग्' आवाज करना। जलना, अतिशय जलना।
धगधग्ग देखो धगधग।
धग्गीकय वि [दे] जलाया हुआ, अत्यन्त प्रदीपित।
धज देखो धय = ध्वज।
धट्ठ देखो धिट्ठ।
धट्ठज्जुण } पुं [धृष्टद्युम्न] राजा द्रुपद का
धट्ठज्जुण्ण } एक पुत्र।
धण न [दे] गले से नीचे का शरीर।
धडहडिय न [दे] गर्जना।
धण न [धन] विभव, स्थावर-जंगम सम्पत्ति। गणिम, धरिम, मेय या परिच्छेद्य द्रव्य—गिनती से और नाप आदि से क्रय-विक्रय-योग्य पदार्थ। पुं. कुबेर। एक श्रेष्ठी। धन्य सार्थवाह का एक पुत्र। °इत्त, °इल्ल वि [°वत्] धनी। °गिरि पुं. एक जैन महर्षि जो वज्रस्वामी के पिता थे। °गुत्त पुं [°गुप्त]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एक जैन मुनि। °गोव पुं [°गोप] धन्य सार्थवाह का एक पुत्र। °ड्ढ पं [°ाढ्य] एक जैनमुनि। °णंदि पुंस्त्री [°नन्दि] दुगुना देव-द्रव्य। °णिहि पुं [°निधि]खजाना। °त्थि वि [°ार्थिन्] धन का अभिलाषी। °दत्त पुं. एक सार्थवाह। तृतीय वासुदेव के पूर्व-जन्म का नाम। °देव पुं. एक सार्थवाह, मण्डिक-गणधर का पिता। धन्य सार्थवाह का एक पुत्र। °पइ देखो °वइ। °पवर पुं [°प्रवर] एक श्रेष्ठी। °पाल पुं. धन्य सार्थवाह का एक पुत्र। देखो °वाल। °प्पभा स्त्री [°प्रभा] कुण्डलधर द्वीप की राजधानी। °मंत, °मण वि [°वत्] धनवान्। °मित्त पुं [मित्र] एक जैनमुनि। °य पुं [°द] एक सार्थवाह। एक विद्याधर राजा जो राजा रावण की मौसी का लड़का था। कुबेर। वि. धन देनेवाला। °रक्खिय पुं [°रक्षित] धन्य सार्थवाह का एक पुत्र। °वइ पुं [°पति] कुबेर। एक राजकुमार। °वई स्त्री [°वती]एक सार्थवाह-पुत्री। °वंत, °वत्त देखो °मंत। °वह पुं. एक श्रेष्ठी। एक राजा। °वाल देखो °पाल। राजा भोज के समकालिक एक जैन महाकवि। °संचया स्त्री. एक वणिग्-महिला। °सम्म पुं[°शर्मन्] एक वणिक्। °सिरी स्त्री [°श्री] एक वणिग्-महिला। °सेण पुं [°सेन] एक राजा। °ल वि [°वत्]धनी। °वह वि. धनी। पुं. एक श्रेष्ठी। एक राजा।

धणंजय पुं [धनञ्जय] अर्जुन। अग्नि। सर्प-विशेष। वायु-विशेष, शरीर-व्यापी पवन। वृक्ष-विशेष। उत्तरा भाद्रपदा नक्षत्र का गोत्र। पक्ष का नववाँ दिन। श्रेष्ठि-विशेष। एक राजा।

धणि पुं [ध्वनि] शब्द, आवाज।

धणि स्त्री [ध्राणि] सन्तोष। अतृप्ति उत्पन्न करने की शक्ति।

धणिअ पुं [धनिक] यवन-मत का प्रवर्तक पुरुष-विशेष।

धणिअ वि [धनिक] पैसादार। पुं. मालिक, स्वामी।

धणिअ न [दे] अत्यन्त, गाढ़, अतिशय।

धणिअ वि [धन्य] धन्यवाद के योग्य, प्रशंसनीय, स्तुतिपात्र।

धणिआ स्त्री [दे] प्रिया, पत्नी। धन्या, स्तुति-पात्र स्त्री।

धणिट्ठा स्त्री [धनिष्ठा] नक्षत्र-विशेष।

धणी स्त्री [दे] भार्या। पर्याप्ति। जो बँधा हुआ होने पर भी भय-रहित हो वह।

धणु पुंन [धनुष्] कार्मुक। चार हाथ का परि-माण। पुं. परमाधार्मिक देवों की एक जाति। °कुडिल न [कुटिलधनुष्]वक्र धनुष। °ग्गह पुं [°ग्रह] वायु-विशेष। °द्धय पुं [°ध्वज] नृप-विशेष। °द्धर वि [°धर] धनुर्विद्या में निपुण। °पिट्ठ न [°पृष्ठ] धनुष का पृष्ठ भाग, धनुष के पीठ के आकारवाला क्षेत्र। °पुहत्तिया स्त्री [°पृथक्त्विका] दो कोस। °वेअ, °व्वेअ पुं [°वेद] धनुर्विद्या-बोधक शास्त्र। °हर देखो °धर।

धणु पुंन [धनुस्] ज्योतिष-प्रसिद्ध एक राशि। °ल्ल वि [°मत्] धनुषवाला।

धणुक्क }
धणुह } ऊपर देखो।

धणुही स्त्री [धनुष] कार्मुक।

धणेसर पुं [धनेश्वर] एक प्रसिद्ध जैनमुनि और ग्रन्थकार।

धण्ण पुं [धन्य] एक जैनमुनि। 'अनुत्तरोपपा-तिकदसा' सूत्र का एक अध्ययन। यक्ष-विशेष। वि. कृतार्थ। धन-लाभ के योग्य। स्तुति-पात्र, प्रशंसनीय। भाग्यशाली।

धण्ण देखो धन्न = धान्य।

धण्णंतरि पुं [धन्वन्तरि] राजा कनकरथ का एक स्वनामख्यात वैद्य। देव-वैद्य।

धण्णाउस वि [दे] जिसको आशीर्वाद दिया

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जाता हो वह । पुं. आशीर्वाद ।

धत्त वि [दे] निहित, स्थापित । पुं. वनस्पति-विशेष ।

धत्त वि [धात्त] निहित, स्थापित ।

धत्तरट्ठग पुं [धार्तराष्ट्रक] हंस की एक जाति जिसके मुँह और पाँव काले होते हैं ।

धत्ती स्त्री [धात्री] उपमाता, दाई । पृथिवी, भूमि । आमलकी-वृक्ष, आँवले का पेड़ । देखो धाई ।

धत्तूर पुं [धत्तूर] धतूरा का वृक्ष । न. धतूरा का पुष्प ।

धत्तूरिअ वि [धात्तूरिक] जिसने धतूरा का नशा किया हो वह ।

धत्थ वि [ध्वस्त] ध्वंस-प्राप्त, नष्ट ।

धन्न न [धान्य] अनाज । धान्य-विशेष । धनिया । °कीड पुं [°कीट] अनाज में होनेवाला कीट । °णिहि पुंस्त्री [°निधि] कोष्ठागार । °पत्थय पुं [°प्रस्थक] धान का एक नाप । °पिडग न [°पिटक] अनाज का एक नाप । °पुंजिय न [पुञ्जितधान्य] इकट्ठा किया हुआ अनाज । °विक्खित्त न [विक्षिप्तधान्य] विकीर्ण अनाज । °विरल्लिय न [°विरल्लितधान्य] वायु से इकट्ठा किया अनाज । °संकड्ढिय न [°संकर्षितधान्य] खेत से काटकर खले–खलिहान में लाया गया धान्य । °गार न. धान रखने का गृह ।

धन्ना स्त्री [धान्य] अन्न ।

धन्ना स्त्री [धन्या] एक स्त्री का नाम ।

धम सक [ध्मा] आग में तपाना । शब्द करना । वायु पूरना ।

धमग वि [ध्मायक] धमनेवाला ।

धमण न [धमन] आग में तपाना । वायु-पूरण । वि. भस्त्रा, धमनी, भाथी ।

धमणि } स्त्री [धमनि, °नी] धौंकनी ।
धमणी } नाड़ी ।

धमधम अक [धमधमाय्] 'धम्-धम्' आवाज करना ।

धमास पुं. वृक्ष-विशेष ।

धमिअ वि [ध्मात] जिसमें वायु भर दिया गया हो वह । आग में तपाया हुआ ।

धम्म पुं [धर्म] एक देव-विमान । एक दिन का उपवास । पुंन. शुभ कर्म, कुशल जनक-अनुष्ठान, सदाचार । पुण्य । स्वभाव । गुण, पर्याय । एक अरूपी पदार्थ जो जीव को गति-क्रिया में सहायता पहुँचाता है । वर्तमान अवसर्पिणी काल में उत्पन्न पनरहवें जिन-देव । एक वणिक् । स्थिति, मर्यादा । धनुष । एक जैन मुनि । 'सूत्रकृताङ्ग' सूत्र का एक अध्ययन । आचार, रीति, व्यवहार । °उत्त पुं [°पुत्र] शिष्य । °उर न [°पुर] नगर-विशेष । °कंखिअ वि [°काङ्क्षित] धर्म की चाहवाला । °कहा स्त्री [°कथा] धर्म-सम्बन्धी बात । °कहि वि [°कथिन्] धर्म का उपदेशक । °कामय वि [°कामक] धर्म की चाहवाला । °काय पुं. धर्म का साधन-भूत शरीर । °क्खाइ वि [°ाख्यायिन्] धर्म-प्रतिपादक । °क्खाइ वि [°ख्याति] धर्म से ख्यातिवाला, धर्मात्मा । °गुरु पुं. धर्माचार्य । °गुव वि [°गुप्] धर्म-रक्षक । °घोस पुं [°घोष] कई एक जैन मुनि और आचार्य का नाम । °चक्क न [°चक्र] जिनदेव का धर्म-प्रकाशक चक्र । °चक्कवट्टि पुं [°चक्रवर्त्तिन्] जिन-देव । °चक्कि पुं [°चक्रिन्] जिन भगवान् । °जणणी स्त्री [°जननी] धर्म की प्राप्ति करानेवाली स्त्री, धर्म-देशिका । °जस पुं [°यशस्] जैन मुनि-विशेष का नाम । °जागरिया स्त्री [°जागर्या] धर्म-चिन्तन के लिए किया जाता जागरण । जन्म से छठवें दिन में किया जाता एक उत्सव । °ज्झय पुं [°ध्वज] धर्म-द्योतक ध्वज, इन्द्र-ध्वज । ऐरवत क्षेत्र के पाँचवें भावी जिन-देव । °ज्झाण न [°ध्यान] धर्म-चिन्तन, शुभ ध्यान-विशेष । °ज्झाणि वि [°ध्यानिन्]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धर्म ध्यान से युक्त। °ट्ठि वि [°र्थिन्] धर्म का अभिलाषी। °णायग वि [°नायक] धर्म का नेता। °ण्णु वि [°ज्ञ] धर्म का ज्ञाता। °तित्थयर पुं [°तीर्थंकर] जिन भगवान्। °त्थ न [°स्त्र] एक प्रकार का हथियार। °त्थि देखो °ट्ठि। °त्थिकाय पुं [°स्तिकाय] गति-क्रिया में सहायता पहुँचानेवाला एक अरूपी पदार्थ। °दय वि. धर्म की प्राप्ति करानेवाला, धर्म-देशक। °दार न [°द्वार] धर्म का उपाय। °दार पुं. ब. धर्म-पत्नी। °दास पुं. भगवान् महावीर का एक शिष्य और उपदेशमाला का कर्ता। °देव पुं. एक प्रसिद्ध जैन। °देसग, °देसय वि [°देशक] धर्म का उपदेश करनेवाला। °धुरा स्त्री. धर्मरूप धुरा। °पडिमा स्त्री [°प्रतिमा] धर्म की प्रतिज्ञा। धर्म का साधन-भूत शरीर। °पण्णत्ति स्त्री [प्रज्ञप्ति] धर्म की प्ररूपणा। °पदिणी (शौ) स्त्री [°पत्नी] धर्म-पत्नी। °पिवासय वि [°पिपासक] धर्म के लिए प्यासा। °पिवासिय वि [पिपासित] धर्म की प्यासवाला। °पुरिस पुं [°पुरुष] धर्म-प्रवर्तक पुरुष। °पलज्जण वि [°प्ररञ्जन] धर्म में आसक्त। °प्पवाइ वि [°प्रवादिन्] धर्मोपदेशक। °प्पह पुं [°प्रभ] एक जैन आचार्य। °प्पावाउय वि [°प्रावादुक] धर्म-प्रवादी, धर्मोपदेशक। °बुद्धि वि. धार्मिक, धर्म-मति। पुं. एक राजा का नाम। °मित्त पुं [°मित्र] भगवान् पद्मप्रभ का पूर्वभवीय नाम। °य वि [°द] धर्म-दाता, धर्म-देशक। °रुइ स्त्री [°रुचि] धर्म-प्रीति। वि. धर्म में रुचिवाला। पुं. एक जैन मुनि। वाराणसी का एक राजा। °लाभ पुं. धर्म की प्राप्ति। जैन साधु द्वारा दिया जाता आशीर्वाद। °लाभिअ वि. [°लाभित] जिसको 'धर्मलाभ' रूप आशीर्वाद दिया गया हो वह। °लाह देखो °लाभ। °लाहण न [°लाभन] धर्म-लाभ-रूप आशीर्वाद देना। °लाहिअ देखो °लाभिअ। °वंत वि [°वत्] धर्मवाला। °वय पुं [°व्यय] धर्मार्थ दान, धर्मादा। °वि, °विउ वि [°वित्] धर्म का जानकार। °विज्ज पुं [°वैद्य] धर्माचार्य। °व्वय देखो °वय। °सद्धा स्त्री [°श्रद्धा] धर्म-विश्वास। °सत्थ न [°शास्त्र] धर्म प्रतिपादक शास्त्र। °सन्ना स्त्री [संज्ञा] धर्म-विश्वास। धर्म-बुद्धि। °सारहि पुं [°सारथि] धर्मरथ का प्रवर्तक, धर्म-देशक। °साला स्त्री [°शाला] धर्म-स्थान। °सील वि [°शील] धार्मिक। °सीह पुं [°सिंह] भगवान् अभिनन्दन का पूर्व-भवीय नाम। एक जैन मुनि। °सेण पुं [°सेन] एक बलदेव का पूर्वभवीय नाम। °ाइगर वि [°ादिकर] धर्म का प्रथम प्रवर्तक। पुं. जिन-देव। °ाणुट्ठाण न [°ानुष्ठान] धर्म का आचरण। °ाणुण्ण वि [°ानुज्ञ] धर्म का अनुमोदन करनेवाला। °ाणुय वि [°ानुग] धर्म का अनुसरण करनेवाला। °ायरिय पुं [°ाचार्य] धर्म-दाता गुरु। °ावाय पुं [°वाद] धर्म-चर्चा। बारहवाँ जैन अंग-ग्रन्थ, दृष्टिवाद। °ाहिगरणिय पुं [°ाधिकरणिक] न्यायाधीश, न्यायकर्ता। °ाहिगारि वि [°ाधिकारिन्] धर्म-ग्रहण के योग्य।

धम्म वि [धर्म्य] धर्म-युक्त, धर्म-संगत।

धम्ममण पुं [दे] वृक्ष-विशेष।

धम्मय पुं [दे] चार अंगुल का हस्त-व्रण। चण्डी देवी की नर-बलि।

धम्मि वि [धर्मिन्] धर्म-युक्त, द्रव्य, पदार्थ। धर्म-परायण।

धम्मि वि [धर्मिन्] तर्कशास्त्र-प्रसिद्ध पक्ष।

धम्मिअ, धम्मिग } वि [धार्मिक] धर्म-तत्पर। धर्म-सम्बन्धी।

धम्मिट्ठ वि [धर्मिष्ठ] अतिशय धार्मिक।

धम्मिट्ठ वि [धर्मेष्ट] धर्म-प्रिय।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धम्मिट्ठ वि [धर्मीष्ट] धार्मिक जन को प्रिय।

धम्मिल्ल, धम्मेल्ल } पुंन [धम्मिल्ल] संयत केश, बँधा हुआ केश, स्त्रियों के बाँधे हुए बाल की 'पटिया या जूड़ा', बीच में फूल रखकर ऊपर से मोतियों की या अन्य किसी रत्न की लड़ियों से बँधा हुआ केश-कलाप। पुं. एक जैन मुनि।

धम्मीसर पुं [धर्मेश्वर] अतीत उत्सर्पिणीकाल में भरतवर्ष में उत्पन्न एक जिन-देव।

धम्मुत्तर वि [धर्मोत्तर] गुणी, गुणों से श्रेष्ठ। न. धर्म का प्राधान्य।

धम्मोवएसग, धम्मोवएसय } वि [धर्मोपदेशक] धर्म का उपदेश देनेवाला।

धय सक [धे] पान करना, स्तन-पान करना।

धय पुंस्त्री [ध्वज] ध्वजा, पताका। स्त्री. °या। °वड पुं [°पट] ध्वजा का वस्त्र।

धय पुं [दे] पुरुष।

धयण न [दे] घर।

धयरट्ठ पुं [धृतराष्ट्र] हंस पक्षी।

धर सक [धृ] धारण करना। पकड़ना।

धर सक [धरय्] पृथिवी का पालन करना।

धर न [दे] रूई।

धर पुं. भगवान् पद्मप्रभ का पिता। मथुरा नगरी का एक राजा। पर्वत।

°धर वि. धारण करनेवाला।

धरग्ग पुं [दे] कपास।

धरण पुं. नाग-कुमार देवों का दक्षिण-दिशा का इन्द्र। यदुवंशीय राजा अन्धक-वृष्णि का एक पुत्र। श्रेष्ठि-विशेष। न. धारण करना। सोलह तोले का एक परिमाण। धरना देना, लंघन-पूर्वक उपवेशन। तोलने का साधन। वि. धारण करनेवाला। °प्पभ पुं [°प्रभ] धरणेन्द्र का उत्पात-पर्वत।

धरणा स्त्री. देखो धारणा।

धरणि स्त्री. पृथिवी। भगवान् अरनाथ की शासन-देवी। भगवान् वासुपूज्य की प्रथम शिष्या। °खील पुं [°कील] मेरु पर्वत। °चर पुं. मनुष्य। °धर पुं. पहाड़। अयोध्या नगरी का एक सूर्य-वंशीय राजा। °धरप्पवर पुं [°धरप्रवर] मेरु पर्वत। °धरवइ पुं [°धरपति] मेरु पर्वत। °धरा स्त्री. भगवान् विमलनाथ की प्रथम शिष्या। °यल न [°तल] भू-तल। वइ पुं [°पति] राजा। °वट्ठ न [°पृष्ठ] भूमि-तल। हर देखो धर।

धरणिंद पुं [धरणेन्द्र] नाग-कुमारों की दक्षिण दिशा का इन्द्र।

धरणिसिंग पुं [धरणिशृङ्ग] मेरु पर्वत।

धरणी देखो धरणि।

धरा स्त्री. पृथिवी। °धर, °हर पुं [°धर] पर्वत।

धराधीस पुं [धराधीश] राजा।

धराविअ वि [धारित] पकड़ा हुआ। स्थापित।

धरिअ वि [धृत] धारणा किया हुआ। रोका हुआ।

धरिणी स्त्री [धरिणी] भूमि।

धरित्ती स्त्री [धरित्री] पृथिवी।

धरिम न. जो तराजू में तौल कर बेचा जाय वह। करजा। एक तरह का माप, तौल।

धरिस अक [धृष्] संहत होना, एकत्रित होना। प्रगल्भता करना, ढीठाई करना। मिलना, संबद्ध होना। सक. हिंसा करना, मारना। अमर्ष करना, सहन नहीं करना।

धरिस सक [धर्षय्] क्षुब्ध करना, विचलित करना।

धरिसण न [धर्षण] परिभव, अभिभव। संहति। असहिष्णुता। हिंसा, बन्धन, योजन। प्रगल्भता, धृष्टता, ढीठाई।

धव पुं. पति। वृक्ष-विशेष।

धवक्क अक [दे] धड़कना, भय से व्याकुल होना, धुकधुकाना।

धवण न [धावन] चावल आदि का धावन-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जल ।

धवल पुं [दे] स्व-जाति में उत्तम ।

धवल न लगातार सोलह दिन का उपवास। श्वेत । पुं. उत्तम बैल । पुंन. छन्द-विशेष । °गिरि पुं. कैलास पर्वत । °गेह न. महल । चंद पुं [°चन्द्र] एक जैन मुनि । °रव पुं. मंगलगीत । °हर न [°गृह] प्रासाद ।

धवल सक [धवलय्] सफेद करना ।

धवलक्क न [धवलार्क] ग्राम-विशेष ।

धवलण न [धवलन] सफेद करना ।

धवलसउण पुं [दे] हंस ।

धवला स्त्री. गैया ।

धवलाअ अक [धवलाय्] सफेद होना ।

धवलाइअ वि [धवलायित] उत्तम बैल की तरह जिसने कार्य किया हो वह । न. उत्तम वृषभ की तरह आचरण ।

धवलिम पुंस्त्री [धवलिमन्] सफेदपन ।

धवली स्त्री [धवली] श्रेष्ठ गैया ।

धव्व पुं [दे] वेग ।

धस अक [धस्] धसना । नीचे जाना । प्रवेश करना । पुं. 'धस्' ऐसी आवाज, गिरने की आवाज ।

धसक्क पुं [दे] हृदय की घबराहट की आवाज ।

धसल वि [दे] विस्तीर्ण ।

धसिअ वि [धसित] धसा हुआ ।

धा सक [धा] धारण करना ।

धा सक [ध्यै] ध्यान करना, चिन्तन करना ।

धा सक [धाव्] दौड़ना । शुद्ध करना, धोना ।

धाइअ वि [धावित] दौड़ा हुआ ।

धाइअसंड देखो धायइ-संड ।

धाई देखो धत्ती । धाई का काम करने से प्राप्त की हुई भिक्षा । छन्द-विशेष । °पिंड पुं [°पिण्ड] धाई का काम कर प्राप्त की हुई भिक्षा ।

धाई देखो धायई ।

धाउ पुं [धातु] सोना, चाँदी, ताँबा, लोहा, राँगा, सीसा और जस्ता—ये सात वस्तु । गेरु, मनसिल आदि पदार्थ । शरीर-धारक वस्तु—कफ, वात, पित्त, रस, रक्त, माँस, मेद, अस्थि, मज्जा और शुक्र । पृथिवी, जल तेज और वायु—ये चार महाभूत । व्याकरण-प्रसिद्ध शब्द-योनि, 'भू', 'पच्' आदि । स्वभाव, प्रकृति । नाट्य-शास्त्र-प्रसिद्ध आलत्तिका-विशेष । °य वि [°ज] धातु से उत्पन्न । वस्त्र-विशेष । नाम, शब्द । °वाइअ वि [°वादिक] औषधि आदि के योग से ताम्र आदि को सोना वगैरह बनानेवाला, किमियागर ।

धाउ पुं [धातु] पणपन्नि नामक व्यन्तर देवों का एक इन्द्र ।

धाउसोसण न [धातुशोषण] आयंबिल तप ।

धाड अक [निर् + सृ] बाहर निकलना ।

धाड सक [निर् + सारय्] बाहर निकालना ।

धाड सक [ध्राट्] प्रेरणा करना । नाश करना ।

धाडय न [ध्राटन] बाहर निकलना । प्रेरणा । नाश ।

धाडय वि [दे. ध्राटक] डाका डालनेवाला ।

धाडाविअ वि [निस्सारित] बाहर निकाला हुआ, निर्वासित ।

धाडि वि [दे] निरस्त, निराकृत ।

धाडिअ वि [निःसृत] बाहर निकला हुआ ।

धाडिअ पुं [दे] बगीचा ।

धाडिअ वि [निस्सारित] निर्वासित, बाहर निकाला हुआ ।

धाडी स्त्री [धाटी] डाकुओं का दल । हमला, आक्रमण, धावा ।

धाण देखो धण्ण = धन्य ।

धाणा स्त्री [धाना] धनिया, एक प्रकार का मसाला ।

धाणुक्क वि [धानुष्क] धणुर्धर, धनुर्विद्या में निपुण ।

धाणूरिअ न [दे] फल-भेद ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धाम पुंन [धामन्] अहंकार, गर्व। रस आदि में लम्पटता। वि. गर्व-युक्त। रस आदि में लम्पट।

धाम न [धामन्] बल, पराक्रम।

धामइ° } स्त्री [धातकी] धाय का पेड़। धायई } °खंड पुं [°खण्ड] स्वनाम-ख्यात एक द्वीप। °संड पुं [°षण्ड] स्वनाम-ख्यात एक द्वीप।

धाय वि [ध्रात] सन्तुष्ट। न. सुकाल।

धार सक [धारय्] धारण करना। करजा रखना।

धार न. धारा-सम्बन्धी जल। वि.धारण करनेवाला।

धार वि [दे] लघु, छोटा।

धारग वि [धारक] धारण करनेवाला।

धारण न [धारण] धारने की अवस्था। ग्रहण। रक्षण, रखना। परिधान करना। अवलम्बन।

धारणा स्त्री. मर्यादा, स्थिति। विषय-ग्रहण करनेवाली बुद्धि। ज्ञात विषय का अविस्मरण। अवधारण, निश्चय। मन की स्थिरता। घर का एक अवयव, धरनी या धरन। मकान का खम्भा। °ववहार पुं [व्यवहार] व्यवहार-विशेष।

धारणी स्त्री [धारणी] धारण करनेवाली। ग्यारहवें जिनदेव की प्रथम शिष्या। वसुदेव आदि अनेक राजाओं की रानी का नाम।

धारणीय देखो धार = धारय्।

धारय देखो धारग।

धारा स्त्री [दे] रण-भूमि का अग्रभाग।

धारा स्त्री. अस्त्र के आगे का भाग, धार। प्रवाह, पाली। अश्व की गति-विशेष। जल-धारा। वृष्टि। द्रव पदार्थों का प्रवाह रूप से पतन। एक राज-पत्नी। मालव देश की एक नगरी। °कयंब पुं [°कदम्ब] कदम्ब की एक जाति जो वर्षा से फलती-फूलती है। °धर पुं. मेघ। °वारि न. धारा से गिरता जल। °वारिय वि [°वारिक] जहाँ धारा से पानी गिरता हो वह। °हय वि [°हत] वर्षा से सिक्त। °हर देखो °धर।

धारावास पुं [दे] मेढ़क। मेघ।

धारि वि [धारिन्] धारण करनेवाला।

धारिट्ठ न [धाष्टर्य] धृष्टता, उद्दण्डता, गर्व, साहस।

धारिणी देखो धारणी।

धारी देखो धत्ती।

धारी देखो धारा।

धाव सक. दौड़ना। शुद्ध करना, धोना।

धावणय पुं [धावनक] दौड़ते हुए समाचार पहुँचाने का काम करनेवाला।

धावणया स्त्री [धान] स्तन-पान करना।

धाविर वि [धावितृ] दौड़नेवाला।

धावी देखो धाई = धात्री।

धाहा स्त्री [दे] पुकार, चिल्लाहट।

धाहाविय न [दे] पुकार, चिल्लाहट।

धाहिय वि [दे] पलायित, भागा हुआ।

धि अ [धिक्] धिक्कार, छीः।

धिइ स्त्री [धृति] धीरज। धारण। धारणा, ज्ञात विषय का अविस्मरण। धरण, अवस्थान। अहिंसा। धैर्य की अधिष्ठायिका देवी। देवी की प्रतिमा-विशेष। तिगिच्छिद्रह की अधिष्ठायिका देवी। °कूड न [°कूट] धृति-देवी का अधिष्ठित शिखर-विशेष। °धर पुं. एक अन्तकृद् महर्षि। 'अंतगड-दसा' सूत्र का एक अध्ययन। °म, °मंत वि[°मत्]धीरज-वाला।

धिइ स्त्री [धृति] तेला, लगातार तीन दिन का उपवास।

धिक्कय वि [धिक्कृत] धिक्कारा हुआ। न. तिरस्कार।

धिक्करण न [धिक्करण] तिरस्कार, धिक्कार।

°धिक्करिय वि [धिक्कृत] धिक्कारा हुआ।

धिक्कार पुं [धिक्कार] धिक्कार, तिरस्कार।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

युगलिक मनुष्यों के समय की एक दण्ड-नीति ।
धिक्कार सक [धिक् + कारय्] धिक्कारना, तिरस्कार करना ।
धिज्ज न [धैर्य] धीरज ।
धिज्ज वि [धेय] धारण करने-योग्य ।
धिज्ज वि [ध्येय] ध्यान-योग्य, चिन्तनीय ।
धिज्जाइ पुंस्त्री. [द्विजाति, धिग्जाति] ब्राह्मण ।
धिज्जाइय } पुंस्त्री [द्विजातिक, धिग्जातीय]
धिज्जाईय } ब्राह्मण ।
धिज्जीविय न [धिग्जीवित] निन्दनीय जीवन ।
धिट्ठ वि [धृष्ट] ढीठ, प्रगल्भ । निर्लज्ज ।
धिट्ठज्जुण्ण देखो धट्ठज्जुण्ण ।
धिट्ठिम पुंस्त्री [धृष्टत्व] ढीठाई ।
धिद्धी } अ [धिक् धिक्] छीः छीः ।
धिधी }
धिप्प अक [दीप्] दीपना, चमकना ।
धिय अ [धिक्] धिक्कार, छीः ।
धिरत्थु अ [धिगस्तु] धिक्कार हो ।
धिसण पुं [धिषण] बृहस्पति ।
धिसि अ [धिक्] धिक्कार, छीः ।
धी देखो धीआ ।
धी स्त्री. बुद्धि । °धण वि [°धन] बुद्धिमान्, विद्वान् । पुं. एक मन्त्री का नाम । °म, °मंत वि [°मत्] विद्वान् ।
धी अ [धिक्] धिक्कार, छीः ।
धीआ स्त्री [दुहितृ] पुत्री ।
धीइ देखो धिइ ।
धीउल्लिया स्त्री [दे] पुतली ।
धीमल न [धिङ्मल] निन्दनीय मैल ।
धीर अक [धीरय्] धीरज धरना । सक. धीरज देना, आश्वासन देना ।
धीर वि. धैर्यवाला, सुस्थिर, अचञ्चल । बुद्धिमान्, विद्वान् । विवेकी, शिष्ट, सहिष्णु । पुं. परमेश्वर, जिन-देव । गणधर-देव ।
धीर न [धैर्य] धीरज ।
धीरव सक [धीरय्] सान्त्वना देना ।
धीराअ अक [धीराय्] धीर होना, धीरज धरना ।
धीरिअ देखो धीर = धैर्य ।
धीरिम पुंस्त्री [धीरत्व] धैर्य ।
धीवर पुं. मछलीमार । वि. उत्तम बुद्धिवाला ।
धुअ देखो धुव = धाव् ।
धुअ सक [धु] कंपाना । फेंकना । त्याग करना ।
धुअ वि धुव = ध्रुव । छन्द-विशेष ।
धुअ वि [धूत] कम्पित । न. कम्प ।
धुअ वि [धुत] कम्पित । त्यक्त । उच्छलित । न कर्म । मोक्ष, मुक्ति । त्याग, संगत्याग, संयम । °वाय पुं [°वाद] कर्म-नाश का उपदेश ।
धुअगाय पुं [दे] भौंरा ।
धुअण देखो धुवण ।
धुअराय पुं [दे] ऊपर देखो ।
धुंधुमार पुं [धुन्धुमार] नृप-विशेष ।
धुंधुमारा स्त्री [दे] इन्द्राणी ।
धुक्क अक [क्षुध्] भूख लगना ।
धुक्काधुक्क अक [कम्प्] काँपना, 'धुक्-धुक्' होना ।
धुक्कुद्धुअ } वि [दे] उल्लासयुक्त ।
धुक्कुद्धुगिअ }
धुक्कुधुअ देखो धुक्काधुक्क ।
धुक्कोडिअ न [दे] संशय ।
धुगुधुग अक [धुगधुगाय्] 'धुग्-धुग्' आवाज करना ।
धुट्ठुअ देखो धुद्धुअ ।
धुण सक [धू] कँपाना, हिलाना । दूर करना, हटाना । नाश करना । परित्याग करना ।
धुणाव सक [धूनय्] कँपाना, हिलाना ।
धुणि देखो झुणि ।
धुण्ण वि [धाव्य] दूर करने-योग्य । न. पाप ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कर्म ।

धुत्त वि [धूर्त] ठग । जुआ खेलनेवाला । पुं. धतूरे का पेड़ । लोहे की काट—मैल । लवण-विशेष ।

धुत्त वि [दे] विस्तीर्ण । आक्रान्त ।

धुत्त } सक [धूर्त्तय्] ठगना ।
धुत्तार }

धुत्ति स्त्री [धूर्त्ति] बुढ़ापा ।

धुत्तिम पुंस्त्री [धूर्त्तत्व] ठगाई ।

धुत्तीरय न [धत्तूरक] धतूरे का पुष्प ।

धुद्धुअ (अप) अक [शब्दाय्] आवाज करना ।

धुप्प देखो धिप्प ।

धुम्म पुं [धूम्र] धुआँ । कपोत-वर्ण । वि. कपोत वर्णवाला । °क्ख पुं [°ाक्ष] एक राक्षस ।

धुर न. देखो धुरा ।

धुर पुं. ज्योतिष्क ग्रह-विशेष । ऋणी ।

धुरंधर वि [धुरन्धर] भार को वहन करने में समर्थ, किसी कार्य को पार पहुँचाने में शक्तिमान्, भार-वाहक । नेता, मुखिया । पुं. गाड़ी, हल आदि खींचनेवाला बैल ।

धुरा स्त्री [धुर्] गाड़ी वगैरह का अग्र भाग, धुरी । भार । चिन्ता । °धार वि. धुरा को वहन करनेवाला ।

धुरी स्त्री. अक्ष, गाड़ी का जूआ ।

धुरीण वि. धुरन्धर, मुखिया ।

धुव सक [धाव्] धोना, शुद्ध करना ।

धुव सक [धू] कँपाना, हिलाना ।

धुव वि [ध्रुव] निश्चल, स्थिर । शाश्वत । अवश्यम्भावी । निश्चित, नियत । पुं. अश्व के शरीर का आवर्त्त । मोक्ष । इन्द्रियादि-निग्रह । संसार । न. मुक्ति का कारण, मोक्षमार्ग । कर्म । अतिशय । °कम्मिय पुं [°कर्मिक] लोहार आदि शिल्पी । °चारि वि [°चारिन्] मुमुक्षु । °णिग्गह पुं [°निग्रह] आवश्यक, अवश्य करने-योग्य अनुष्ठान-विशेष । °मग्ग पुं [°मार्ग] मोक्ष-मार्ग । °राहु पुं. राहु-विशेष । °वण्ण पुं [°वर्ण] संयम । मोक्ष । शाश्वत यश । देखो धुअ = ध्रुव ।

धुवण न [धावन] प्रक्षालन । वि. कँपानेवाला ।

धुवण पुंन [धूपन] धूप देना । धूम-पान ।

धुविया स्त्री [ध्रुविता] कर्म-विशेष, ध्रुव-बन्धिनी कर्म-प्रकृति ।

धुव्व देखो धुअ = धाव् ।

धुहअ वि [दे] पुरस्कृत ।

धूअ वि [धूत] देखो धुअ = धुत ।

धूअ देखो धूव = धूप ।

धूअ न [धूत] पहले बँधा हुआ कर्म ।

धूआ स्त्री [दुहितृ] पुत्री ।

धूण पुं [दे] हाथी ।

धूणिय वि [धूनित] कम्पित ।

धूम पुं. हींग आदि बघार । क्रोध । वि. क्रोधी । धूम, अग्नि-चिह्न । अप्रीति । °इंगाल पुंब. [°ाङ्गार] द्वेष और राग । °केउ पुं [°केतु] ज्योतिष्क ग्रह-विशेष । अग्नि । अशुभ उत्पात का सूचक तारा-पुञ्ज । °चारण पुं. धूम के अवलम्बन से आकाश में गमन करने की शक्तिवाला मुनि-विशेष । °जोणि पुं [°योनि] बादल । °ज्झय देखो °द्धय । °दोस पुं [°दोष] भिक्षा का एक दोष, द्वेष से भोजन करना । °द्धय पुं [°ध्वज] वह्नि । °प्पभा, °प्पहा स्त्री [°प्रभा] पाँचवीं नरक-पृथिवी । °ल वि. धुआँवाला । °वडल पुंन [°पटल] धूम-समूह । °वण्ण वि [°वर्ण] पाण्डुर वर्णवाला । °सिहा स्त्री [°शिखा] धुएँ का अग्रभाग ।

धूमंग पुं [दे] भमरा ।

धूमण न [धूमन] धूम-पान ।

धूमद्दार न [दे] झरोखा ।

धूमद्धय पुं [दे] तालाब । महिष ।

धूमद्धयमहिसी स्त्री. ब [दे] कृत्तिका नक्षत्र ।

धूमपलियाम वि [दे] गर्त्त में डालकर आग लगाने पर भी जो कच्चा रह जाय वह ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धूममहिसी स्त्री [दे] नीहार, कुहरा।
धूमरी स्त्री [दे] नीहार। हिम।
धूमसिहा, धूमा स्त्री [दे] कुहासा।
धूमा, धूमाअ अक [धूमाय्] धुआँ करना। जलाना। धूम की तरह आचरना।
धूमाभा स्त्री. पाँचवीं नरक-पृथिवी।
धूमिअ वि [धूमित] धूमयुक्त। छौंका हुआ (शाक आदि)।
धूमिआ स्त्री [दे] नीहार।
धूयरा देखो धूआ।
धूरिअ वि [दे] लम्बा।
धूरिअवट्ट पुं [दे] अश्व।
धूलडिआ (अप) देखो धूलि।
धूलि, धूली स्त्री. धूल, रज। °कंब, °कलंब पुं [°कदम्ब] ग्रीष्म ऋतु में विकसनेवाला कदम्ब-वृक्ष। °जंघ वि [°जङ्घ] जिसके पाँव में धूल लगी हो वह। °धूसर वि. धूल से लिप्त। °धोउ वि [°धोतृ] धूल को साफ करनेवाला। °पंथ पुं [°पथ] धूलि-बहुल मार्ग। °वरिस पुं [°वर्ष] धूल की वर्षा। °हर न [°गृह] वर्षा ऋतु में लड़के लोग जो धूल का घर बनाते हैं वह।
धूलिहडी स्त्री [दे] होली का पर्व।
धूलीवट्ट पुं [दे] घोड़ा।
धूव सक [धूपय्] धूप करना।
धूव पुं [धूप] सुगन्धि द्रव्य से उत्पन्न धूम। सुगन्धि द्रव्य-विशेष। °घडी स्त्री [°घटी] धूप-पात्र। °जंत न [°यन्त्र] धूप-पात्र।
धूवण न [धूपन] धूप देना। रोग की निवृत्ति के लिए किया जाता धूम का पान। °वट्टि स्त्री [°वर्ति] अगरबत्ती।
धूविअ वि [धूपित] तापित। हींग आदि से छौंका हुआ। धूप दिया हुआ।
धूसर पुं. हलका पीला रंग। वि. धूसर रंगवाला।
धूसरिअ वि [धूसरित] धूसर वर्णवाला।
धे सक [धा] धारण करना।
धेअ, धेज्ज वि [ध्येय] ध्यान-योग्य।
धेउल्लिया देखो धीउल्लिया।
धेज्ज वि [धेय] धारण करने-योग्य।
धेज्ज न [धैर्य] धीरता।
धेणु स्त्री [धेनु] नव-प्रसूता गौ। सवत्सा गौ। दूधार गाय।
धेर देखो धीर = धैर्य।
धेवय पुं [धैवत] स्वर-विशेष।
धोअ सक [धाव्] धोना, शुद्ध करना।
धोअ वि [धौत] धोया हुआ।
धोअग वि [धावक] धोनेवाला। पुं. धोबी।
धोज्ज वि [धुर्य] धुरीण, भारवाहक। अगुआ, नेता।
धोरण न [दे] गति-चातुर्य।
धोरणि, धोरणी स्त्री. पंक्ति।
धोरिय देखो धोज्ज।
धोरुगिणी स्त्री [धोरुकिनिका] देश-विशेष में उत्पन्न स्त्री।
धोरेय वि [धौरेय] देखो धोज्ज।
धोव देखो धोअ = धाव्।
धोवय देखो धोअग।
ध्रुवु (अप) अ [ध्रुवम्] अटल, स्थिर।

न देखो ण

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प

प पुं. ओष्ठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष । पाप-त्याग ।

प अ [प्र] इन अर्थों का सूचक अव्यय—प्रकर्ष । प्रारम्भ । उत्पत्ति । प्रसिद्धि । व्यवहार । चारों ओर से । प्रस्रवण, मूत्र । फिर-फिर । गुजरा हुआ, विनष्ट ।

प° वि [प्राच्] पूर्व तरफ स्थित ।

पअंगम पुं [प्लवङ्गम] छन्द-विशेष ।

पअंघ पुं [प्रजङ्घ] राक्षस-विशेष ।

पअब्भ देखो पगब्भ = प्रगल्भ ।

पइ अ [प्रति] अपेक्षा-सूचक । लक्ष्य, तरफ, ओर ।

पइ पुं [पति] भर्ता । मालिक । रक्षक । श्रेष्ठ, उत्तम । °घर न [°गृह] ससुराल । °वया, °व्वया स्त्री [°व्रता]पति-सेवा-परायणा स्त्री, कुलवती स्त्री, सती । °हर देखो °घर ।

पइ देखो पडि ।

पइअ वि [दे] भर्त्सित, तिरस्कृत । न. पहिया ।

पइइ देखो पगइ = प्रकृति ।

पइउं पय = पच् का हेकृ. ।

पइउवचरण न [प्रत्युपचरण] प्रत्युपचार, प्रति-सेवा ।

पइऊल देखो पडिकूल ।

पइंवया देखो पइ-वया ।

पइक (अप) देखो पाइक्क ।

पइकिदि देखो पडिकिदि ।

पइक्क देखो पाइक्क ।

पइगिइ देखो पडिकिदि ।

पइच्छन्न पुं [प्रतिच्छन्न] भूत-विशेष ।

पइज्ज (अप) वि [पतित] गिरा हुआ ।

पइज्ज (अप) वि [प्राप्त] मिला हुआ । लब्ध ।

पइज्जा देखो पइण्णा ।

पइट्ठ वि [दे] जिसने रस को जाना हो वह । विरल । पुं. रास्ता ।

पइट्ठ देखो पगिट्ठ ।

पइट्ठ वि [दे] प्रेषित ।

पइट्ठ पुं [प्रतिष्ठ] भगवान् सुपार्श्वनाथ के पिता का नाम ।

पइट्ठ वि [प्रविष्ट] जिसने प्रवेश किया हो वह ।

पइट्ठव सक [प्रति-स्थापय्] मूर्ति आदि की विधि-पूर्वक स्थापना करना ।

पइट्ठवण देखो पइट्ठावण ।

पइट्ठा स्त्री [प्रतिष्ठा] आदर, सम्मान । कीर्त्ति । व्यवस्था । स्थापना । अवस्थान, स्थिति । मूर्त्ति में ईश्वर के गुणों का आरोपण । आश्रय, आधार । धारणा, वासना । समाधान शंका निरास-पूर्वक स्वपक्ष-स्थापन ।

पइट्ठाण पुं [प्रतिष्ठान] मूल प्रदेश । न. स्थिति, अवस्थान । आधार, आश्रय । महल आदि की नींव । नगर-विशेष ।

पइट्ठाण न [दे] नगर ।

पइट्ठावक, पइट्ठावग } देखो पइट्ठावय ।

पइट्ठावण न [प्रतिष्ठापन] संस्थापन । व्यव-स्थापन ।

पइट्ठावय वि [प्रतिष्ठापक] प्रतिष्ठा करने-वाला ।

पइट्ठिअ वि [प्रतिष्ठित] प्रतिबद्ध, रुका हुआ । स्थित, अवस्थित । आश्रित । व्यवस्थित । गौरवान्वित । प्रतिष्ठा-प्राप्त ।

पइणियय वि [प्रतिनियत] नियम-संगत, नियमित ।

पइण्ण वि [दे] विपुल, विस्तृत ।

पइण्ण वि [प्रतीर्ण] प्रकर्ष से तीर्ण ।

पइण्ण, पइण्णग } वि [प्रकीर्ण, °क] विक्षिप्त फेंका हुआ । अनेक प्रकार से मिश्रित । बिखरा हुआ । विस्तारित । न. तीर्थंकर-देव के सामान्य शिष्य द्वारा बनाया हुआ ग्रन्थ । °कहा स्त्री [°कथा] उत्सर्ग, सामान्य नियम । °तव पुं [°तपस्] तपश्चर्या-विशेष ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पइण्णा स्त्री [प्रतिज्ञा] शपथ। नियम। तर्क-शास्त्र-प्रसिद्ध अनुमान-प्रमाण का एक अवयव, साध्य वचन का निर्देश।
पइण्णाद (शौ) वि [प्रतिज्ञात] जिसकी प्रतिज्ञा की गई हो वह।
पइण्णि वि [प्रतिज्ञावत्] प्रतिज्ञावाला।
पइत्त देखो पउत्त = प्रवृत्त।
पइत्त वि [प्रदीप्त] जला हुआ, प्रज्ज्वलित।
पइत्त देखो पवित्त = पवित्र।
पइदि (शौ) देखो पगइ।
पइदिण न [प्रतिदिन] हर रोज।
पइदियह न [प्रतिदिवस] हर रोज।
पइद्धिय वि [प्रदिग्ध] विलिप्त।
पइनियय वि [प्रतिनियत] मुकर्रर किया हुआ, नियुक्त किया हुआ।
पइन्नग, पइन्नय देखो पइण्ण।
पइप्प देखो पलिप्प।
पइप्पईय न [प्रतिप्रतीक] हर अंग।
पइभय वि [प्रतिभय] प्रत्येक प्राणी को भय उपजानेवाला।
पइभा स्त्री [प्रतिभा] प्रत्युत्पन्न-मति।
पइभाणाण न [प्रतिभाज्ञान] प्रातिभ प्रत्यक्ष।
पइमुह वि [प्रतिमुख] सम्मुख।
पइर सक [वप्] बोना, वपन करना।
पइरिक्क वि [दे. प्रतिरिक्त] शून्य, रहित। विशाल, विस्तीर्ण। तुच्छ। प्रचुर। नितान्त। न. एकान्त स्थान।
पइल (अप) देखो पढम।
पइलाइया स्त्री [प्रतिलादिका] हाथ के बल चलनेवाली सर्प की एक जाति।
पइल्ल पुं. [दे. पदिक] ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष। रोग-विशेष, श्लीपद।
पइव पुं [प्रतिव] एक यादव का नाम।
पइवरिस न [प्रतिवर्ष] हर एक वर्ष।
पइवाइ वि [प्रतिवादिन्] प्रतिपक्षी।
पइविसिट्ठ वि [प्रतिविशिष्ट] विशेष-युक्त।
पइविसेस पुं [प्रतिविशेष] विशेष, भेद, भिन्नता।
पइस देखो पविस।
पइसमय न [प्रतिसमय] प्रतिक्षण।
पइसर देखो पविस।
पइसार सक [प्र + वेशय्] प्रवेश कराना।
पइहंत पुं [दे] इन्द्र का पुत्र जयन्त।
पइहा सक [प्रति + हा] त्याग करना।
पई° देखो पइ = पति।
पईअ वि [प्रतीत] विज्ञात। विश्वस्त। विख्यात।
पईअ न [प्रतीक] अंग, अवयव।
पईइ स्त्री [प्रतीति] विश्वास। प्रसिद्धि।
पईव देखो पलीव।
पईव पुं [प्रदीप] दीपक।
पईव वि [प्रतीप] प्रतिकूल। पुं. दुश्मन।
पईस (अप) देखो पइस।
पउ (अप) वि [पतित] गिरा हुआ।
पउअ देखो पागय = प्राकृत।
पउअ पुं [दे] दिवस।
पउअ न [प्रयुत] 'प्रयुताङ्ग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह।
पउअंग न [प्रयुताङ्ग] 'अयुत' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह।
पउंज सक [प्र + युज्] जोड़ना, युक्त करना। उच्चारण करना। प्रवृत्त करना। प्रेरणा करना। व्यवहार करना। करना। प्रयोग करना।
पउंजग वि [प्रयोजक] प्रेरणा करनेवाला।
पउंजण वि [प्रयोजन] प्रयोग करनेवाला। देखो पओअण।
पउंजणया, पउंजणा स्त्री [प्रयोजना] प्रयोग।
पउंजित्तु वि [प्रयोक्तृ] प्रवृत्ति करनेवाला।
पउंजित्तु वि [प्रयोजयितृ] प्रवृत्ति करनेवाला।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पउज्ज देखो पउंज ।

पउट्ट अ [परिवृत्य] मार कर । °परिहार पुं. मर कर फिर उसी शरीर में उत्पन्न होकर उस शरीर का परिभोग करना ।

पउट्ट वि [परिवर्त] परिवर्त, मर कर फिर उसी शरीर में उत्पन्न होना । परिवर्तवाद ।

पउट्ठ वि [प्रवृष्ट] बरसा हुआ ।

पउट्ठ पुं [प्रकोष्ठ] हाथ का पहुँचा, कलाई और केहुनी के बीच का भाग ।

पउट्ठ वि [प्रजुष्ट] विशेष सेवित । न. अति उच्छिष्ट ।

पउट्ठ वि [प्रद्विष्ट] द्वेष-युक्त ।

पउढ न [दे] गृह । पुं. घर का पश्चिम प्रदेश ।

पउण अक [प्रगुणय्] तन्दुरुस्त होना, नीरोग होना ।

पउण पुं [दे] व्रण-प्ररोह । नियम-विशेष ।

पउण वि [प्रगुण] पटु, निर्दोष ।

पउणाड पुं [प्रपुनाट] पमाड का पेड़, चकवड़ ।

पउत्त अक [प्र + वृत्] प्रवृत्ति करना ।

पउत्त वि [प्रयुक्त] जिसका प्रयोग किया गया हो वह । न. प्रयोग ।

पउत्त पुं [पौत्र] लड़के का लड़का, पोता ।

पउत्त न [प्रतोत्र] प्राजन, चाबुक, पैना ।

पउत्त वि [प्रवृत्त] जिसने प्रवृत्ति की हो वह ।

पउत्ति स्त्री [प्रवृत्ति] प्रवर्तन । वृत्तान्त । कार्य । °वाउय वि [°व्यापृत] कार्य में लगा हुआ ।

पउत्ति स्त्री [प्रयुक्ति] बात, हकीकत ।

पउत्तु [प्रयोक्तृ] प्रयोग-कर्त्ता । प्रेरणाकर्ता । कर्ता, निर्माता ।

पउत्थ न [दे] घर । वि. प्रवास में गया हुआ । °वइया स्त्री [°पतिका] जिसका पति देशान्तर गया हो वह स्त्री ।

पउद्दव्व पउंज का कृ. ।

पउप्पय देखो पओप्पय ।

पउम न [पद्म] सूर्य-विकासी कमल । देव-विमान-विशेष । 'पद्मांग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह । गन्ध-द्रव्य-विशेष । सुधर्मा सभा का एक सिंहासन । दिन का नववाँ मुहूर्त्त । दक्षिण-रुचक-पर्वत का एक शिखर । पुं. रामचन्द्र । आठवाँ बलदेव, श्रीकृष्ण के बड़े भाई । इस अवसर्पिणीकाल में उत्पन्न नववाँ चक्रवर्त्ती राजा राजा पद्मोत्तर का पुत्र । एक राजा का नाम । माल्यव नामक पर्वत का अधिष्ठाता देव । भरतक्षेत्र में आगामी उत्सर्पिणी में उत्पन्न होनेवाला आठवाँ चक्रवर्त्ती राजा । भरत क्षेत्र का भावी आठवाँ बलदेव । चक्रवर्त्ती राजा का निधि जो रोग-नाशक सुन्दर वस्त्रों की पूर्ति करता है । राजा श्रेणिक का एक पौत्र । एक जैन मुनि का नाम । एक ह्रद । पद्मवृक्ष का अधिष्ठाता देव । महापद्म नामक जिनदेव के पास दीक्षा लेनेवाला एक राजा, एक भावी राजर्षि । °गुम्म न [°गुल्म] आठवें देव-लोक में स्थित एक देव-विमान का नाम । प्रथम देवलोक में स्थित एक देव-विमान का नाम । पुं. राजा श्रेणिक का एक पौत्र । एक भावी राजर्षि, महापद्म नामक जिनदेव के पास दीक्षा लेनेवाला एक राजा । °चरिय न [°चरित] राजा रामचन्द्र की जीवनी – चरित्र । प्राकृत भाषा का एक प्राचीन ग्रन्थ, जैन रामायण । °णाभ पुं [°नाभ] वासुदेव, बिष्णु । आगामी उत्सर्पिणीकाल में भरतक्षेत्र में होनेवाला प्रथम जिन-देव का नाम । कपिल-वासुदेव के एक माण्डलिक राजा का नाम । °दल न. कमल-पत्र । °द्दह पुं [°द्रह] विविध प्रकार के कमलों से परिपूर्ण एक महान् ह्रद का नाम । °द्धय पुं [°ध्वज] एक भावी राजर्षि जो महापद्म नामक जिन-देव के पास दीक्षा लेगा । °नाह देखो °णाभ । °पुर न. एक दक्षिणात्य नगर जो आजकल 'नासिक' नाम से प्रसिद्ध है । °प्पभ पुं [°प्रभ] इस अवसर्पिणीकाल में उत्पन्न षष्ठ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जिन-देव का नाम। °प्पभा स्त्री [°प्रभा] एक पुष्करिणी का नाम। °प्पह देखो °प्पभ। °भद्द पुं [°भद्र] राजा श्रेणिक का एक पौत्र। °मालि पुं [°मालिन्] विद्याधर-वंश के एक राजा का नाम। °मुह देखो पउमाणण। °रह पुं [°रथ] विद्याधर-वंश का एक राजा। मथुरा नगरी के राजा जय-सेन का पुत्र। °राय पुं [°राग] रक्त-वर्ण मणि-विशेष। °राय पुं [°राज] धातकीखण्ड की अपरकंका नगरी का एक राजा जिसने द्रौपदी का अपहरण किया था। °रुक्ख पुं [°वृक्ष] उत्तर-कुरुक्षेत्र में स्थित एक वृक्ष। वृक्ष-सदृश बड़ा कमल। °लया स्त्री [°लता] कमलिनी। कमल के आकारवाली वल्ली। °वडिंसय, °वडेंसय न [°ावतंसक] पद्मावती-देवी का सौधर्म नामक देवलोक में स्थित एक विमान। °वरवेइया स्त्री [°वरवेदिका] कमलों की श्रेष्ठ वेदिका। जम्बू द्वीप की जगती के ऊपर रही हुई देवों की एक भोग-भूमि। °वूह पुं [°व्यूह] सैन्य की पद्माकार रचना। °सर पुं [°सरस्] कमलों से युक्त सरोवर। °सिरी स्त्री [°श्री] अष्टम चक्र-वर्त्ती सुभूमराज की पटरानी। एक स्त्री का नाम। °सेण पुं [°सेन] राजा श्रेणिक के एक पौत्र का नाम जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी। नागकुमार-जातीय एक देव का नाम। °सेहर पुं [°शेखर] पृथ्वीपुर नगर के एक राजा का नाम। °ागर पुं [°ाकर] कमलों का समूह। सरोवर। °ासण न [°ासन] पद्माकार आसन।

पउमग पुंन [पद्मक] केसर।

पउमप्पह पुं [पद्मप्रभ] विक्रम की तेरहवीं शताब्दी का एक जैन आचार्य।

पउमा स्त्री [पद्मा] लक्ष्मी। देवी-विशेष। लवँग। कुसुम्भ-पुष्प। बीसवें तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रतस्वामी की माता का नाम। सौधर्म देवलोक के इन्द्र की एक पटरानी का नाम। भीम नामक राक्षसेन्द्र की एक पटरानी। एक विद्याधर कन्या का नाम। रावण की एक पत्नी। वनस्पति-विशेष। चौदहवें तीर्थंकर श्रीअनन्तनाथ की मुख्य शिष्या का नाम। सुदर्शना-जम्बू की उत्तर दिशा में स्थित एक पुष्करिणी। दूसरे बलदेव और वासुदेव की माता का नाम। लेश्या-विशेष।

पउमाड पुं [दे] पमाड़ का पेड़, चकवड़।

पउमाणण पुं [पद्मानन] एक राजा का नाम।

पउमाभ पुं [पद्माभ] षष्ठ तीर्थंकर का नाम।

पउमार [दे] देखो पउमाड।

पउमावई स्त्री [पद्मावती] जम्बूद्वीप के सुमेरु पर्वत के पूर्व तरफ के रुचक पर्वत पर रहने-वाली एक दिक्कुमारी-देवी। भगवान् पार्श्वनाथ की शासन-देवी जो नागराज धरणेन्द्र की पटरानी है। श्रीकृष्ण की एक पत्नी का नाम। भीम-नामक राक्षसेन्द्र की एक पटरानी। शक्रेन्द्र की एक पटरानी। चम्पेश्वर राजा दधिवाहन की एक स्त्री का नाम। राजा कूणिक की एक पत्नी। अयोध्या के राजा हरिसिंह की एक पत्नी। तेतलिपुर के राजा कनककेतु की पत्नी। कोशाम्बी नगरी के राजा शतानीक के पुत्र उदयन की पत्नी। शैलकपुर के राजा शैलक की पत्नी। राजा कूणिक के पुत्र कालकुमार की भार्या का नाम। राजा महाबल की भार्या का नाम। बीसवें तीर्थंकर श्रीमुनिसुव्रतस्वामी की माता का नाम। पुण्डरीकिणी नगरी के राजा महापद्म की पटरानी। रम्यनामक विजय की राजधानी।

पउमावत्ती (अप) स्त्री [पद्मावती] छन्द-विशेष।

पउमिणी स्त्री [पद्मिनी] कमल-लता। एक श्रेष्ठी की स्त्री का नाम।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पउमुत्तर पुं [पद्मोत्तर] नववें चक्रवर्ती श्रीमहापद्मराज के पिता का नाम। मन्दर पर्वत के भद्रशाल वन का एक दिग्हस्ती पर्वत।

पउमुत्तरा स्त्री [पद्मोत्तरा] एक प्रकार की शक्कर।

पउर वि [प्रचुर] बहुत।

पउर वि [पौर] पुर-सम्बन्धी। नगर में रहने-वाला।

पउरव पुं [पौरव] पुरुनामक चन्द्र-वंशीय नृप का पुत्र।

पउराण (अप) देखो पुराण।

पउरिस वि [पौरुषेय] पुरुष-कृत।

पउरिस } पुंन [पौरुष] पुरुषत्व, पुरुषार्थ, पउरुस } वीरता।

पउल सक [पच्] पकाना।

पउलिअ वि [प्रज्ज्वलित] दग्ध।

पउल्ल देखो पउल।

पउल्ल वि [पक्क] पका हुआ।

पउल्लण न [पचनक] रसोई का पात्र।

पउविय वि [प्रकुपित] विशेष कुपित।

पउस सक [प्र + द्विष्] द्वेष करना।

पउसय वि [दे] देश-विशेष में उत्पन्न।

पउस्स देखो पउस।

पउहण (अप) देखो पवहण।

पऊढ न [दे] गृह।

पए अ [प्रगे] पहले, पूर्व।

पएणियार पुं [प्रैणीचार] व्याध की एक जाति जो हरिणों को पकड़ने के लिए हरिणी समूह को चराते एवं पालते हैं।

पएर पुं [दे] बाड़ का छिद्र। मार्ग। कंठदीनार नामक भूषण-विशेष। गले का छिद्र। आर्त्त-स्वर। वि. दुश्शील, दुराचारी।

पएस पुं [दे] पड़ोसी।

पएस पुं [प्रदेश] जिसका विभाग न हो सके ऐसा सूक्ष्म अवयव। कर्म-दल का संचय। स्थान, जगह। देश का एक भाग, प्रान्त। परिमाण-विशेष, निरंश-अवयव-परिमित माप। छोटा भाग। परमाणु। द्वयणुक। त्र्यणुक। °कम्म न [°कर्मन्] कर्म-विशेष, प्रदेश-रूप कर्म। °ग्ग न [°ाग्र] कर्मों के दलिकों का परिमाण। °घण वि [°घन] निबिड प्रदेश। °णाम न [°नामन्] कर्म-विशेष। °णाम पुं [°नाम] कर्म-द्रव्यों का परिणाम। °बंध पुं [°बन्ध] कर्म-दलों का आत्म-प्रदेशों के साथ सम्बन्धन। °संकम पुं [°संक्रम] कर्म-द्रव्यों को भिन्न स्वभाव वाले कर्मों के रूप में परिणत करना।

पएसण न [प्रदेशन] उपदेश।

पएसय वि [प्रदेशक] उपदेशक, प्रदर्शक।

पएसि पुं [प्रदेशिन्] एक राजा जो श्रीपार्श्व-नाथ भगवान् के केशि नामक गणधर से प्रबुद्ध हुआ था।

पएसिणी स्त्री [दे] पड़ोस में रहनेवाली स्त्री।

पएसिणी स्त्री [प्रदेशिनी] अंगुष्ठ के पास की उँगली, तर्जनी।

पएसिय देखो पदेसिय।

पओअ पुं [पयोद] मेघ।

पओअ देखो पओग।

पओअण न [प्रयोजन] निमित्त, कारण। कार्य। मतलब।

पओइद (शौ) वि [प्रयोजित] जिसका प्रयोग कराया गया हो वह।

पओग पुं [प्रयोग] प्रयोजन। शब्द-योजना। जीव का व्यापार, चेतन का प्रयत्न। प्रेरणा। उपाय। जीव के प्रयत्न में कारण-भूत मन आदि। वाद-विवाद, शास्त्रार्थ। °कम्म न [°कर्मन्] मन आदि की चेष्टा से आत्मप्रदेशों के साथ बँधनेवाला कर्म। °करण न. जीव के व्यापार द्वारा होनेवाला किसी वस्तु का निर्माण। °किरिया स्त्री [°क्रिया] मन आदि की चेष्टा। °फड्डय न [°स्पर्धक] मन आदि के व्यापार-स्थान की वृद्धि-द्वारा कर्म-पर-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

माणुओं में बढ़नेवाला रस । °बंध पुं [°बन्ध] जीव-प्रयत्न द्वारा होनेवाला बन्धन । °मइ स्त्री [°मति] वादविषयक-परिज्ञान । °संपया स्त्री [°संपत्] आचार्य का वाद-विषयक सामर्थ्य । °सा अ [प्रयोगेण] जीव-प्रयत्न से ।

पओज देखो पउंज = प्र + युज् ।

पओजग वि [प्रयोजक] विनिश्चायक, निर्णायक, गमक ।

पओट्ठ देखो पउट्ठ = प्रकोष्ठ ।

पओत्त न [प्रतोत्र] प्रतोद, पैना । °धर पुं. बैलगाड़ी हांकनेवाला ।

पओद पुं [प्रतोद] ऊपर देखो ।

पओप्पय पुं [प्रपौत्रक] प्रपौत्र, पौत्र का पुत्र । प्रशिष्य का शिष्य ।

पओप्पिय पुं [दे. प्रपौत्रिक] वंश-परम्परा । शिष्य-सन्तान ।

पओरासि पुं [पयोराशि] समुद्र ।

पओल पुं [पटोल] परवर, परोरा ।

पओली स्त्री [प्रतोली] नगर के भीतर का रास्ता । नगर का दरवाजा ।

पओवट्ठाव देखो पज्जवत्थाव ।

पओवाह पुं [पयोवाह] मेघ ।

पओस सक [प्र + द्विष्] द्वेष करना, वैर करना ।

पओस पुं [दे. प्रद्वेष] प्रद्वेष, प्रकृष्ट द्वेष ।

पओस पुंन [प्रदोष] सन्ध्याकाल । वि. प्रभूत दोषों से युक्त ।

पओहण (अप) देखो पवहण ।

पओहर पुं [पयोधर] स्तन । बादल । छन्द-विशेष ।

पंक पुंन [पङ्क] कीचड़ । पाप । असंयम, इन्द्रिय वगैरह का अनिग्रह । °आवलिआ स्त्री [°ावलिका] छन्द-विशेष । °प्पभा स्त्री [°प्रभा] चौथी नरक-भूमि । °बहुल वि. कर्दम-प्रचुर । पाप-प्रचुर । पुंन. रत्नप्रभा नामक नरक-भूमि का प्रथम काण्ड । °य न [°ज] कमल । °वई स्त्री [°वती] नदी-विशेष ।

पंकज देखो पंक-य ।

पंका स्त्री [पङ्का] चौथी नरक-भूमि ।

पंकाभा स्त्री [पङ्काभा] चौथी नरक-पृथिवी ।

पंकावई स्त्री [पङ्कावती] पुष्कल नामक विजय के पश्चिम तरफ की एक नदी ।

पंकिय वि [पङ्कित] कीचवाला ।

पंकिल वि [पङ्किल] कर्दमवाला ।

पंकेरुह न [पङ्केरुह] कमल ।

पंख पुंस्त्री [पक्ष] पंख । पखवाड़ा । °ासण न [°ासन] आसन-विशेष ।

पंखि पुंस्त्री [पक्षिन्] पंखी, चिड़िया ।

पंखुडिआ, पंखुडी } स्त्री [दे] पंख, पत्र ।

पंग सक [ग्रह्] ग्रहण करना ।

पंगण न [प्राङ्गण] आंगन ।

पंगु वि [पङ्गु] लंगड़ा, लूला ।

पंगुर सक [प्रा + वृ] ढकना, आच्छादन करना ।

पंगुरण न [प्रावरण] वस्त्र ।

पंगुल वि [पङ्गुल] देखो पंगु ।

पंच त्रि. ब. [पञ्चन्] पाँच । °उल न [°कुल] पंचायत । °उलिय पुं [°कुलिक] पंचायत में बैठ कर विचार करनेवाला । °कत्तिय पुं [°कृत्तिक] भगवान् कुन्थुनाथ जिनके पाँचों कल्याणक कृत्तिका नक्षत्र में हुए थे । °कप्प पुं [°कल्प] श्रीभद्रबाहुस्वामि-कृत प्राचीन ग्रन्थ का नाम । °कल्लाणय न [°कल्याणक] तीर्थङ्कर का च्यवन, जन्म, दीक्षा, केवलज्ञान और निर्वाण । काम्पिल्यपुर, जहाँ तेरहवें जिन-देव श्रीविमलनाथ के पाँचों कल्याणक हुए थे । तप-विशेष । °कोट्ठग वि [°कोष्ठक] पाँच कोष्ठों से युक्त । पुं. पुरुष । °गव्व न [°गव्य] पंचगव्य—दूध, दही, घृत, गोमय और मूत्र । °गाह न [°गाथ] गाथा छन्दवाले पाँच

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पद्म। °गुण वि. पाँचगुना। °चित्त पुं [°चित्र] षष्ठ जिनदेव श्रीपद्मप्रभ जिनके पाँचों कल्याणक चित्रा नक्षत्र में हुए थे। °जाम न [°याम] अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और त्याग—ये पाँच महाव्रत। वि. जिसमें इन पाँच महाव्रतों का निरूपण हो वह। °णउइ स्त्री [°नवति] पंचानबे। °णउय वि [°नवत] ९५ वाँ। °तालीस (अप) स्त्रीन [°चत्वारिंशत्] पैंतालीस। °तित्थी स्त्री [°तीर्थी] पाँच तीर्थों का समुदाय। °तीसइम वि [°त्रिंशत्तम] पैंतीसवाँ। °दस त्रि. ब. [दशन्] पनरह। °दसम वि [°दशम] पनरहवाँ। °दसी स्त्री [°दशी] पनरहवीं। पूर्णिमा। अमावास्या। °दसुत्तरसय वि [°दशोत्तरशततम] एक सौ पनरहवाँ। °नाणि वि [°ज्ञानिन्] मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यव और केवल—इन पाँचों ज्ञानों से युक्त, सर्वज्ञ। °पव्वी स्त्री [°पर्वी] मास की दो अष्टमी, दो चतुर्दशी और शुक्ल पंचमी—ये पाँच तिथियाँ। °पुव्वासाढ पुं [°पूर्वाषाढ] दसवें जिनदेव श्रीशीतलनाथ जिनके पाँचों कल्याणक पूर्वाषाढा नक्षत्र में हुए थे। °पूस पुं [°पुष्य] पनरहवें जिनदेव श्रीधर्मनाथ। °बाण पुं. कामदेव। °भूय न [°भूत] पृथिवी, जल, अग्नि, वायु और आकाश—ये पाँच पदार्थ। °भूयवाइ वि [°भूतवादिन्] आत्मा आदि पदार्थों को न मानकर केवल पाँच भूतों को ही माननेवाला, नास्तिक। °महव्वइय वि [°महाव्रतिक] पाँच महाव्रतोंवाला। °महव्वय न [°महाव्रत] हिंसा, असत्य, चोरी, मैथुन और परिग्रह का सर्वथा परित्याग। °महाभूय न [°महाभूत] पृथिवी, जल, अग्नि, वायु और आकाश—ये पाँच पदार्थ। °मुट्ठिय वि [°मुष्टिक] पाँच मुष्टियों का, पाँच मुष्टियों से पूर्ण किया जाता (लोच)। °मुह पुं [°मुख] सिंह, पंचानन। °यसी देखो °दसी। °रत्त, °राय पुं [°रात्र] पाँच रात। °रासिय न [°राशिक] गणित-विशेष। °रूविय वि [°रूपिक] पाँच प्रकार के वर्णवाला। °वत्थुग न [°वस्तुक] आचार्य हरिभद्रसूरि-रचित ग्रन्थ-विशेष। °वरिस वि [°वर्ष] पाँच वर्ष की अवस्था-वाला। °विह वि [°विध] पाँच प्रकार का। °वीसइम वि [°विंशतितम] पचीसवाँ। °संगह पुं [°संग्रह] आचार्य श्रीहरिभद्रसूरि-कृत एक जैन ग्रन्थ। °संवच्छरिय वि [°सांवत्सरिक] पाँच वर्ष परिमाण-वाला, पाँच वर्ष की आयु-वाला। °सट्ठ वि [°षष्ट] पैंसठवाँ। °सट्ठि स्त्री [°षष्टि] पैंसठ। °समिय वि [°समित] पाँच समितियों का पालन करनेवाला। °सर पुं [°शर] कामदेव। °सीस पुं [°शीर्ष] देव-विशेष। °सुण्ण न [°शून्य] पाँच प्राणिवध-स्थान। °सुत्तग न [°सूत्रक] आचार्य-श्रीहरिभद्रसूरि-निर्मित एक जैन ग्रन्थ। °सेल, °सेलग, °सेलय पुं [°शैल, °क] लवणोदधि में स्थित और पाँच पर्वतों से विभूषित एक छोटा द्वीप। °सोगंधिअ वि [°सौगन्धिक]इलायची, लवंग, कपूर, कंक्कोल और जातीफल—जायफल इन पाँच सुगन्धित वस्तुओं से संस्कृत। °हत्तर वि [°सप्तत] पचहत्तरवाँ। °हत्तरि स्त्री [°सप्तति] संख्या-विशेष, ७५। जिनकी संख्या पचहत्तर हो वे। °हत्थुत्तर पुं [°हस्तोत्तर] भगवान् महावीर जिनके पाँचों कल्याणक उत्तरा-फाल्गुनी-नक्षत्र में हुए थे। °ाउह पुं [°ायुध] कामदेव। °ाणाउइ स्त्री [°नवति] पंचानबे। जिनकी संख्या पंचानबे हो वे। °ाणउय वि [°नवत] पंचानवाँ। °ाणाण पुं [°ानन] सिंह। °ाणुव्वइय वि [°ाणुव्रतिक] हिंसा, असत्य, चोरी, मैथुन और परिग्रह का आंशिक त्यागवाला। °ायाम देखो °जाम। °ास

स्त्रीन [°ाशत्] पचास। जिनको संख्या पचीस हो वे। °ासग न [°ाशक] आचार्य श्रीहरिभद्रसूरिकृत एक जैन ग्रन्थ। °ासीइ स्त्री [°ाशीति] अस्सी और पाँच। जिनकी संख्या पचासी हो वे। °ासीइम वि [°ाशीतितम] पचासीवाँ।

पंचअण्ण देखो पंचजण्ण।

पंचंग न [पञ्चाङ्ग] दो हाथ, दो जानु और मस्तक—ये पाँच शरीरावयव। वि. पूर्वोक्त पाँच अंगवाला (प्रणाम आदि)।

पंचंगुलि पुं [दे] एरण्ड-वृक्ष।

पंचंगुलि पुं [पञ्चागुलि] हाथ।

पंचंगुलिआ स्त्री [पञ्चाङ्गुलिका] वल्ली-विशेष।

पंचग वि [पञ्चक] पाँच (रुपया आदि) की कीमत। न. पाँच का समूह।

पंचजण्ण पुं [पाञ्चजन्य] श्रीकृष्ण का शंख।

पंचत्त } न [पञ्चत्व] पाँचपन, पञ्चरूपता।
पंचत्तण } मौत।

पंचपुंड वि [पञ्चपुण्ड्र] पाँच स्थानों में पुण्ड्र-चिह्न (सफेदी) वाला।

पंचपुल पुंन [दे] मत्स्य-बन्धन-विशेष, मछली पकड़ने का जाल-विशेष।

पंचम वि [पञ्चम] पाँचवाँ। पुं. स्वर-विशेष। °धारा स्त्री. अश्व की एक तरह की गति।

पंचमहब्भूइअ वि [पाञ्चमहाभूतिक] पाँच महाभूतों को माननेवाला, सांख्यमत का अनुयायी।

पंचमासिअ वि [पाञ्चमासिक] पाँच मास की उम्र का। पाँच मास में पूर्ण होनेवाला (अभिग्रह आदि)।

पंचमिय वि [पाञ्चमिक] पाँचवाँ।

पंचमी स्त्री [पञ्चमी] पाँचवीं। पंचमी तिथि। व्याकरण-प्रसिद्ध अपादान विभक्ति।

पंचयन्न देखो पंचजण्ण।

पंचलोइया स्त्री [पञ्चलौकिका] हाथ से चलने वाले सर्प-जातीय प्राणी की एक जाति।

पंचवडी स्त्री [पञ्चवटी] पाँच वट-वृक्षवाला एक स्थान, जहाँ श्रीरामचन्द्रजी ने अपने वनवास के समय आवास किया था।

पंचवयण पुं [पञ्चवदन] सिंह।

पंचामय न [पञ्चामृत] ये पाँच वस्तु—दही, दूध, घी, मधु तथा शक्कर।

पंचाल पुं [पाञ्चाल] कामशास्त्र-प्रणेता एक ऋषि।

पंचाल पुं.ब. [पञ्चाल, पाञ्चाल] पञ्जाब देश। पुं. पञ्जाब देश का राजा। छन्द-विशेष।

पंचालिआ स्त्री [पञ्चालिका] पुतली, काष्ठादि-निर्मित छोटी प्रतिमा।

पंचालिआ स्त्री [पाञ्चालिका] द्रौपदी। गान का एक भेद।

पंचावण्ण स्त्रीन [दे. पञ्चपञ्चाशत्] पचपन। जिनकी संख्या पचपन हो वे।

पंचावन्न वि [दे. पञ्चपञ्चाश] पचपनवाँ।

पंचिंदिय } वि [पञ्चेन्द्रिय] वह जीव
पंचिंद्रिय } जिसको त्वचा, जीभ, नाक, आँख और कान—ये पाँचों इन्द्रियाँ हों। न. त्वचा आदि पाँच इन्द्रियाँ।

पंचिया स्त्री [पञ्चिका] पाँच की संख्या-वाला। पाँच दिन का।

पंचुंबर स्त्रीन [पञ्चोदुम्बर] वट, पीपल, उदुम्बर, प्लक्ष और काकोदुम्बरी का फल।

पंचुत्तरसय वि [पञ्चोत्तरशततम] एक सौ पाँचवाँ।

पंचेडिय वि [दे] विनाशित।

पंचेसु पुं [पञ्चेषु] कामदेव।

पंछि पुं [पक्षिन्] पक्षी, चिड़िया।

पंजर पुंन [पञ्जर] आचार्य, उपाध्याय, प्रवर्त्तक आदि मुनि-गण। उन्मार्ग-गमन-निषेध, सन्मार्ग-प्रवर्त्तन। स्वच्छन्दता-प्रतिषेध। न. पिंजरा।

पंजरिअ पुं [दे] जहाज का कर्मचारी-विशेष।

पंजल वि [प्राञ्जल] सीधा, ऋजु।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंजलि पुंस्त्री [प्राञ्जलि] प्रणाम करने के लिए जोड़ा हुआ कर-सम्पुट, संयुक्त कर-द्वय। °उड पुं [°पुट] अञ्जलि-पुट। °उड, °कड वि [कृतप्राञ्जलि] जिसने प्रणाम के लिए हाथ जोड़ा हो वह।

पंजिअ न [दे] मुँह-माँगा दान।

पंड वि [पाण्ड्य] देश-विशेष में उत्पन्न।

पंड, पंडग, पंडय } पुं [पण्ड, °क] नपुंसक। न. मेरु पर्वत का एक वन।

पंडय देखो पंडव।

पंडर पुं [पाण्डर] क्षीरवर नामक द्वीप का अधिष्ठाता देव। सफेद रंग। वि. श्वेतवर्ण-वाला। °भिक्खु पुं [°भिक्षु] श्वेताम्बर जैन सम्प्रदाय का मुनि।

पंडर देखो पंडुर।

पंडरंग पुं [दे] महादेव।

पंडरंगु पुं [दे] गाँव का अधिपति।

पंडरिय देखो पंडुरिअ।

पंडव पुं [पाण्डव] राजा पाण्डु के पुत्र—युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, सहदेव और नकुल।

पंडव पुं [दे] अश्व-रक्षक (?)।

पंडविअ वि [दे] जलार्द्र।

पंडिअ वि [पण्डित] शास्त्रों के मर्म को जाननेवाला, बुद्धिमान्, तत्वज्ञ। संयत, साधु। °मरण न. साधु का मरण, शुभमरण-विशेष। °माण वि [°म्मन्य] विद्याभिमानी, निज को पण्डित माननेवाला, दुर्विदग्ध, अधपका, मूर्ख। °माणि वि [°मानिन्] देखो पूर्वोक्त अर्थ। °वीरिअ न [°वीर्य] संयत का आत्म-बल।

पंडिच्च, पंडित्त } न [पाण्डित्य] पण्डिताई, विद्वत्ता।

पंडिच्चमाणि वि [पाण्डित्यमानिन्] विद्वत्ता का घमण्ड।

पंडी देखो पंड = पाण्ड्य।

पंडीअ (अप) देखो पंडिअ।

पंडु पुं [पाण्डु] नृप-विशेष, पाण्डवों का पिता। पाण्डु-रोग। शुक्ल और पीत वर्ण। श्वेत वर्ण। वि. शुक्ल और पीत वर्णवाला। सफेद। पाण्डुकम्बला नामक शिला। °कंबल-सिला स्त्री [°कम्बलशिला] मेरु पर्वत के पाण्डक वन के दक्षिण छोर पर स्थित एक शिला जिस पर जिन-देवों का जन्माभिषेक किया जाता है। °कंबला स्त्री [°कम्बला] वही पूर्वोक्त अर्थ। °तणय पुं [°तनय] पाण्डव। °भद्द पुं [°भद्र] एक जैन मुनि जो आर्य सम्भूति-विजय के शिष्य थे। °मट्टिया, °मत्तिया स्त्री [°मृत्तिका] एक प्रकार की सफेद मिट्टी। °महुरा स्त्री [°मथुरा] दक्षिण तरफ की एक नगरी। °राय पुं [°राज] राजा पाण्डु। °सुय पुं [°सुत] पाण्डव। °सेण पुं [°सेन] पाण्डवों का द्रौपदी से उत्पन्न एक पुत्र।

पंडुइय वि [पाण्डुकित] श्वेत रंग का किया हुआ।

पंडुग, पंडुय } पुं [पाण्डक] चक्रवर्ती का धान्यों की पूर्ति करनेवाला एक निधि। सर्प की एक जाति। न. मेरु पर्वत पर स्थित एक वन, पाण्डक वन।

पंडुर पुं [पाण्डुर] सफेद रंग। पीत-मिश्रित श्वेत वर्ण। वि. सफेद वर्णवाला। श्वेत-मिश्रित पीत वर्णवाला। °ज्जा स्त्री [°ार्या] एक जैन साध्वी का नाम। °त्थिय [°ास्थिक] एक गाँव का नाम।

पंडुरंग पुं [पाण्डुराङ्ग] संन्यासी की एक जाति, भस्म लगानेवाला संन्यासी।

पंडुरग, पंडुरय } पुं [पाण्डुरक] शिव-भक्त संन्यासियों की एक जाति। देखो पंडुर।

पंडुरिअ, पंडुल्लइय } वि [पाण्डुरित] पाण्डुर वर्ण-वाला बना हुआ।

पंडुल पुं. [पाण्डुर] देखो पंडुर।

पंत वि [प्रान्त] अन्तवर्त्ती, अन्तिम। अशोभन।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इन्द्रिय-प्रतिकूल। असभ्य, अशिष्ट। अपसद, नीच, दुष्ट। दरिद्र। जीर्ण, फटा-टूटा। विनष्ट। नीरस, सूखा। भुक्तावशिष्ट। पर्युषित, बासी। °कुल न. नीच कुल। °चर वि. नीरस आहार की खोज करनेवाला तपस्वी। °जीवि वि [°जीविन्] नीरस आहार से शरीर-निर्वाह करनेवाला। °हार वि. रूखा-सूखा आहार करनेवाला।

पंताव सक [दे] मारना।

पंति स्त्री [पङ्क्ति] कतार। जिसमें एक हाथी, एक रथ, तीन घोड़े और पाँच पदाती हों—ऐसी सेना।

पंति स्त्री [दे] केश-रचना।

पंतिय स्त्रीन [पङ्क्ति] श्रेणी।

पंथ पुं [पन्थ, पथिन्] मार्ग।

पंथ पुं [पान्थ] मुसाफिर। °कुट्टण न [°कुट्टन] मार-पीटकर मुसाफिरों को लूटना। °कोट्ट पुं [°कुट्ट] वही अर्थ। °कोट्टि स्त्री [°कुट्टि] वही अर्थ।

पंथग पुं [पान्थक] एक जैन मुनि।

पंथाण देखो पंथ = पन्थ, पथिन्।

पंथिअ पुं [पन्थिक, पथिक] मुसाफिर।

पंथुच्छुहणी स्त्री [दे] श्वशुर-गृह से पहली बार आनीत स्त्री।

पंपुअ वि [दे] दीर्घ, लम्बा।

पंफुल्ल वि [प्रफुल्ल] विकसित।

पंफुल्लिअ वि [दे] गवेषित।

पंस सक [पांसय्] मलिन करना।

पंसण वि [पांसन] कलंकित करनेवाला, दूषण लगानेवाला।

पंसु पुं [पांसु, पांशु] धूली, रज। °कोलिय, °क्कीलिय वि [°क्रीडित] बचपन का दोस्त। °पिसाय पुंस्त्री [°पिशाच] जो रेणु-लिप्त होने के कारण पिशाच के तुल्य मालूम पड़ता हो वह। °मूलिय पुं [°मूलिक] विद्याधर, मनुष्य-विशेष।

पंसु पुं [पर्शु] कुठार, फरसा।

पंसु देखो पसु।

पंसुखार पुं [पांशुक्षार] ऊषर लवण।

पंसुल पुं [दे] कोयल। जार। वि. रुद्ध।

पंसुल पुं [पांसुल] परस्त्री-लम्पट। वि. धूलि-युक्त।

पंसुला स्त्री [पांसुला] व्यभिचारिणी स्त्री।

पंसुलिआ स्त्री [दे. पांशुलिका] पार्श्व की हड्डी।

पंसुली स्त्री [पांसुली] कुलटा।

पकंथ देखो पगंथ।

पकंथग पुं [प्रकन्थक] अश्व-विशेष।

पकंप पुं [प्रकम्प] काँपना।

पकड वि [प्रकृत] प्रस्तुत, प्रक्रान्त, उपस्थित, असली, सच्चा। निर्मित।

पकड देखो पगड = प्रकट।

पकड्ढ देखो पगड्ढ।

पकड्ढ वि [प्रकृष्ट] प्रकर्ष-युक्त। खींचा हुआ।

पकड्ढण न [प्रकर्षण] आकर्षण, खींचाव।

पकत्थ सक [प्र + कत्थ्] प्रशंसा करना।

पकप्प अक [प्र + क्लृप्] उपयोग में आना। काटना, छेदना।

पकप्प सक [प्र + कल्पय्] करना, बनाना। संकल्प करना।

पकप्प पुं [प्रकल्प] उत्तम आचरण। बाधक नियम। 'आचारांग' सूत्र का एक अध्ययन। व्यवस्थापन। कल्पना। प्ररूपणा। विच्छेद, प्रकृष्ट छेदन। जैन साधुओं का एक प्रकार का आचार, स्थविरकल्प। एक महाग्रह, ज्योतिष देव-विशेष। °गंथ पुं [°ग्रन्थ] एक प्राचीन जैन ग्रन्थ, 'निशीथ' सूत्र। °जइ पुं [°यति] 'निशीथ' अध्ययन का जानकार साधु। °धर वि. 'निशीथ' अध्ययन का जानकार। देखो पगप्प = प्रकल्प।

पकप्पणा स्त्री [प्रकल्पना] प्ररूपणा, व्याख्या। कल्पना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पकप्पधारि वि [प्रकल्पधारिन्] 'निशीथ' सूत्र का जानकार ।
पकप्पि वि [प्रकल्पिन्] ऊपर देखो ।
पकप्पिअ वि [प्रकल्पित] संकल्पित । निर्मित । न. पूर्वोपार्जित द्रव्य । काटा हुआ ।
पकय वि [प्रकृत] कार्य में लगा हुआ ।
पकर सक [प्र+कृ] करने का प्रारम्भ करना । प्रकर्ष से करना । करना ।
पकर देखो पयर = प्रकर ।
पकरणया स्त्री [प्रकरणता] करण, कृति ।
पकहिअ वि [प्रकथित] जिसने कहने का प्रारम्भ किया हो वह ।
पकाम न [प्रकाम]अत्यर्थ, अत्यन्त । पुं. प्रकृष्ट अभिलाष ।
पकाव (अप) सक [पच्] पकाना ।
पकास देखो पयास = प्रकाश ।
पकिट्ठ देखो पगिट्ठ ।
पकिण्ण वि [प्रकीर्ण] उप्त, बोया हुआ । दत्त । पइण्ण = प्रकीर्ण ।
पकित्तिअ वि [प्रकीर्त्तित] वर्णित, कथित ।
पकिदि देखो पगइ = प्रकृति ।
पकिदि (शौ) देखो पइइ = प्रकृति ।
पकिरण न [प्रकिरण] देने के लिए फेंकना ।
पकुण देखो पकर = प्र+कृ ।
पकुप्प अक [प्र+कुप्] गुस्सा करना ।
पकुप्पित (चूपै) वि [प्रकुपित] क्रुद्ध, कुपित ।
पकुविअ ऊपर देखो ।
पकुव्व सक [प्र+कृ, प्र+कुर्व्] करने का प्रारम्भ करना । प्रकर्ष से करना । करना ।
पकुव्वि वि [प्रकारिन्, प्रकुर्विन्] करनेवाला, कर्ता । पुं. प्रायश्चित्त देकर शुद्धि कराने में समर्थ गुरु ।
पकूविअ वि [प्रकूजित] ऊँचे स्वर से चिल्लाया हुआ ।
पकोट्ठ देखो पओट्ठ ।
पकोव पुं [प्रकोप] गुस्सा ।
पक्क वि [पक्व] पका हुआ ।
पक्क वि [दे] दृप्त, गर्वित । समर्थ, पक्का, पहुँचा हुआ ।
पक्कंत वि [प्रक्रान्त] प्रस्तुत ।
पक्कग्गाह पुं [दे] मगरमच्छ । पानी में बसनेवाला सिंहाकार जल-जन्तु ।
पक्कण वि [दे] असहिष्णु । समर्थ । पुं. चाण्डाल । एक अनार्य देश । पुंस्त्री. अनार्य देश-विशेष में रहनेवाली एक मनुष्य-जाति । पुं. एक नीच जाति का घर, शबर-गृह । °उल न [°कुल] चाण्डाल का घर । एक गर्हित कुल ।
पक्कणि वि [दे] अतिशय शोभमान । भग्न, भाँगा हुआ । प्रियभाषी ।
पक्कणिय पुंस्त्री. [दे] एक अनार्य देश में रहनेवाली मनुष्य-जाति ।
पक्कन्न न [पक्वान्न] केवल घी में बनी हुई वस्तु, मिठाई आदि ।
पक्कम सक [प्र+कम्] प्रकर्ष से समर्थ होना ।
पक्कम सक [प्र+क्रम्] प्रकर्ष से जाना, चला जाना । अक. प्रयत्न होना । प्रवृत्ति होना ।
पक्कम पुं [प्रक्रम] प्रस्ताव, प्रसंग ।
पक्कमणी स्त्री [प्रक्रमणी] विद्या-विशेष ।
पक्कल वि [दे] शक्त । दर्प-युक्त, गर्वित । प्रौढ ।
पक्कस देखो वक्कस ।
पक्कसावअ पुं [दे] शरभ । व्याघ्र ।
पक्काइय वि [पक्वीकृत] पकाया हुआ ।
पक्किर सक [प्र+कृ] फेंकना ।
पक्कीलिय वि [प्रक्रीडित] जिसने क्रीड़ा का प्रारम्भ किया हो वह ।
पक्ख पुं [पक्ष] वेदिका का एक भाग । पखवारा । शुक्ल और कृष्ण पक्ष । पार्श्व, पाँजर, कन्धा के नीचे का भाग । पक्षियों का अवयव-विशेष, पंख । तर्कशास्त्र-प्रसिद्ध अनुमान-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रमाण का एक अवयव, साध्यवाली वस्तु। तरफ, ओर। जत्था, दल, टोली। मित्र। शरीर का आधा भाग। तरफदार। तीर का पंख। तरफदारी। °ग वि. पक्ष-गामी, पक्ष-पर्यन्त स्थायी। °पिंड पुंन [°पिण्ड] आसन-विशेष—जानु और जाँघपर वस्त्र बाँध कर बैठना। °य पुं [°क]पंख, तालवृन्त। °वंत वि [°वत्] तरफदारीवाला। °वाइल्ल वि [°पातिन्] पक्षपात करनेवाला, तरफदारी करनेवाला। °वाद पुं [°पात] तरफदारी। °वादि (शौ) देखो °वाइल्ल। °वाय देखो °वाद। °वाय पुं [°वाद] पक्ष-सम्बन्धी विवाद। °वाह पुं. वेदिका का एक देश-विशेष। °विडिअ वि [°पतित] पक्षपाती। °वाइया स्त्री [°वापिका] होम-विशेष।

पक्खंत न [पक्षान्त] अन्यतर इन्द्रिय-जात।

पक्खंतर न [पक्षान्तर] दूसरा पक्ष।

पक्खंद सक [प्र + स्कन्द्] आक्रमण करना। दौड़कर गिरना। अध्यवसाय करना।

पक्खंदोलग पुं [पक्ष्यन्दोलक] पक्षी का हिंडोला।

पक्खज्जमाण वि [प्रखाद्यमान] जो खाया जाता हो वह।

पक्खडिअ वि [दे] प्रस्फुरित, विजृम्भित, समुत्पन्न।

पक्खर सक [सं + नाहय्] सन्नद्ध करना, अश्व को कवच से सज्जित करना।

पक्खर पुं [प्रक्षर] क्षरण, टपकना।

पक्खर पुं [दे] जहाज की रक्षा का एक उपकरण, सामग्री। पाखर, घोड़े का कवच।

पक्खरा स्त्री [दे] अश्व-संनाह।

पक्खल अक [प्र + स्खल्] गिरना, पड़ना, स्खलित होना।

पक्खाउज्ज न [पक्षातोद्य] पखावज, एक प्रकार का बाजा, मृदंग।

पक्खाय वि [प्रख्यात] प्रसिद्ध, विश्रुत।

पक्खारिण पुं [प्रक्षारिण] अनार्य देश-विशेष। पुंस्त्री. उस देश का निवासी मनुष्य।

पक्खाल सक [प्र + क्षालय्] शुद्ध करना, धोना।

पक्खासण न [पक्ष्यासन] जिसके नीचे अनेक प्रकार के पक्षियों का चित्र हो ऐसा आसन।

पक्खि पुंस्त्री [पक्षिन्] पक्षी। °बिराल पुंस्त्री. पक्षि-विशेष। °राय पुं [°राज] गरुड। नीचे देखो।

पक्खिअ पुंस्त्री [पक्षिक] ऊपर देखो। वि. पक्षपाती, तरफदारी करनेवाला।

पक्खिअ वि [पाक्षिक] स्वजन, ज्ञाति का। पाख में होनेवाला। अर्धमास-सम्बन्धी। न. पर्व-विशेष, चतुर्दशी। °पक्खिअ पुं [°पक्षिक] जिसको एक पाख में तीव्र विषयाभिलाष होता हो और एक पक्ष में अल्प—ऐसा नपुंसक।

पक्खिकायण न [पाक्षिकायन] गोत्र-विशेष जो कौशिक गोत्र की एक शाखा है।

पक्खिण देखो पक्खि।

पक्खित्त वि [प्रक्षिप्त] फेंका हुआ।

पक्खिनाह पुं [पक्षिनाथ] गरुड पक्षी।

पक्खिव वि [प्र + क्षिप्] फेंक देना। त्यागना। डालना।

पक्खीण वि [प्रक्षीण] अत्यन्त क्षीण।

पक्खुडिअ वि [प्रखण्डित] खण्डित, असम्पूर्ण।

पक्खुब्भ अक [प्र + क्षुभ्] क्षोभ पाना। वृद्ध होना, बढ़ना।

पक्खेव पुं [प्रक्षेप] शास्त्र में पीछे से किसी के द्वारा डाला या मिलाया हुआ वाक्य। °हार पुं. कवलाहार।

पक्खेव, पक्खेवग } पुं [प्रक्षेप, °क] क्षेपण, फेंकना। पूर्ति करनेवाला द्रव्य, पूर्ति के लिए पीछे से डाली जाती वस्तु।

पक्खोड सक [वि + कोशय्] खोलना। फैलाना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पक्खोड सक [शद्] कँपाना। झाड़कर गिराना।

पक्खोड सक [प्र + छादय्] ढकना, आच्छादन करना।

पक्खोड सक [प्र + स्फोटय] खूब झाड़ना। बारम्बार झाड़ना। कँपाना।

पक्खोड पुं [प्रस्फोट] प्रमार्जन, प्रतिलेखन की क्रिया-विशेष।

पक्खोभ सक [प्र + क्षोभय्] क्षुब्ध करना, क्षोभ उत्पन्न कर हिला देना।

पक्खोलण न [शदन] स्खलित होनेवाला। वि. रुष्ट होनेवाला।

पखल वि [प्रखर] प्रचण्ड, तीव्र, तेज।

पखोड देखो पक्खोड = प्रस्फोट।

पगइ स्त्री [प्रकृति] स्वभाव। प्रस्तुत अर्थ। साधारण जन-समूह। कुम्भकार आदि अठारह मनुष्य-जातियाँ। कर्मों का भेद। सत्व, रज और तम की साम्यावस्था। बलदेव के एक पुत्र का नाम। °बंध पुं [°बन्ध] कर्म-पुद्गलों में भिन्न-शक्तियों का पैदा होना। देखो पगडि।

पगंठ पुं [प्रकण्ठ] पीठ-विशेष। अन्त का अवनत प्रदेश।

पगंथ सक [प्र + कथय्] निन्दा करना।

पगड वि [प्रकट] व्यक्त, खुला, स्पष्ट, प्रत्यक्ष।

पगड वि [प्रकृत] विनिर्मित।

पगड पुं [प्रगर्त्त] बड़ा गड्ढा या गड़हा।

पगडण न [प्रकटन] प्रकाश करना, खुला करना।

पगडि स्त्री [प्रकृति] भेद, प्रकार। देखो पगइ।

पगडीकय वि [प्रकटीकृत] व्यक्त किया हुआ, स्पष्ट किया हुआ।

पगड्ढ सक [प्र + कृष्] खींचना।

पगप्प देखो पकप्प = प्र + कल्पय्।

पगप्प देखो पकप्प = प्र + क्लृप्।

पगप्प वि. [प्रकल्प] उत्पन्न होनेवाला। देखो पकप्प = प्रकल्प।

पगप्पिअ वि [प्रकल्पित] प्ररूपित, कथित।

पगप्पित्तु वि [प्रकल्पयितृ, प्रकर्तयितृ] काटनेवाला।

पगब्भ अक [प्र + गल्भ्] धृष्टता करना। समर्थ होना।

पगब्भ वि [प्रगल्भ] धृष्ट, ढीठ। समर्थ।

पगब्भ न [प्रागल्भ्य] धृष्टता, ढीठाई।

पगब्भणा स्त्री [प्रगल्भना] प्रगल्भता, धृष्टता।

पगब्भा स्त्री [प्रगल्भा] भगवान् पार्श्वनाथ की एक शिष्या।

पगब्भिअ वि [प्रगल्भित] धृष्टता-युक्त।

पगब्भित्तु वि [प्रगल्भितृ] काटनेवाला।

पगय न [प्रकृत] प्रस्ताव, प्रसंग। पुं. गाँव का अधिकारी।

पगय वि [प्रकृत] प्रस्तुत।

पगय वि [प्रगत] प्राप्त। जिसने गमन करने का प्रारम्भ किया हो वह, संगत। न. प्रस्ताव, अधिकार।

पगय न [दे] पाँव।

पगर पुं [प्रकर] समूह।

पगरण न [प्रकरण] अधिकार, प्रस्ताव। ग्रन्थ-खण्ड-विशेष। किसी एक विषय को लेकर बनाया हुआ छोटा ग्रन्थ।

पगरिअ वि [प्रगलित] कुष्ठ-विशेष की बीमारी-वाला।

पगरिस पुं [प्रकर्ष] उत्कर्ष, श्रेष्ठता। आधिक्य, अतिशय।

पगल अक [प्र + गल्] झरना, टपकना।

पगहिय वि [प्रगृहीत] ग्रहण किया हुआ।

पगाइय वि [प्रगीत] जिसने गाने का प्रारम्भ किया हो वह।

पगाढ वि [प्रगाढ] अत्यन्त गाढ़।

पगाम देखो पकाम।

पगामसो अ [प्रकामस्] अतिशय।

पगार पुं [प्रकार] भेद। रीति। वगैरह।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पगास देखो पयास = प्र + काशय् ।
पगास पुं [प्रकाश] प्रभा, चमक । ख्याति । आविर्भाव, प्रादुर्भाव । उद्‌द्योत, आतप । क्रोध । वि. प्रकट, व्यक्त ।
पगासग देखो पगासय ।
पगासण देखो पयासण ।
पगासणया स्त्री [प्रकाशनता] आलोक ।
पगासणा स्त्री [प्रकाशना] प्रकटीकरण ।
पगासय वि [प्रकाशक] प्रकाश करनेवाला ।
पगिइ देखो पगइ ।
पगिज्झ अक [प्र + गृध्] आसक्ति का प्रारम्भ होना ।
पगिज्झिय देखो पगिण्ह ।
पगिट्ठ वि [प्रकृष्ट] मुख्य । उत्तम ।
पगिण्ह सक [प्र + ग्रह्]ग्रहण करना । उठाना । धारण करना । करना ।
पगीअ वि [प्रगीत] गाया हुआ । जिसकी गीत गाई गई हो वह ।
पगीय वि [प्रगीत] जिसने गाने का प्रारम्भ किया हो वह ।
पगुण देखो पउण ।
पगुणीकर सक [प्रगुणी + कृ] प्रगुण करना । सज्ज करना ।
पगे अ [प्रगे] सुबह ।
पग्ग सक [ग्रह्] ग्रहण करना ।
पग्गल वि [दे] पागल, उन्मत्त ।
पग्गह पुं [प्रग्रह] खाने के लिए उठाया हुआ भोजन-पान । उपधि, उपकरण । लगाम । पशुओं को नाक में लगाई जाती डोरी, नाथ । पशुओं को बाँधने की डोरी, रस्सी । मुखिया । ग्रहण, उपादान । योजन, जोड़ना ।
पग्गहिअ वि [प्रगृहीत] अभ्युपगत, सम्यक् स्वीकृत । प्रकर्ष से गृहीत । उठाया हुआ ।
पग्गहिय वि [प्राग्रहिक] ऊपर देखो ।
पग्गिम } (अप) अ [प्रायस्] बहुधा ।
पग्गिम्व }
पग्गेज्ज पुं [दे] समूह ।
पघंस सक [प्र + घृष्] फिर-फिर घिसना ।
पघोल अक [प्र + घूर्णय्] मिलना, संगत होना ।
पघोस पुं [प्रघोष] उद्‌घोषणा ।
पच सक [पच्] पकाना ।
पच (अप) देखो पंच । °आलीस, °तालीस स्त्रीन [°चत्वारिंशत्] पैंतालीस । पैंतालिस संख्या जिनकी हो वे ।
पचंकमणग न [प्रचङ्क्रमण, °क] पाँव से चलना ।
पचंकमावण न [प्रचङ्क्रमण]पाँव से संचारण, पाँव से चलाना ।
पचंड देखो पयंड ।
पचलिय देखो पयलिय = प्रचलित ।
पचार सक [प्र + चारय्] चलाना ।
पचार पुं [प्रचार] विस्तार, फैलाव । देखो पयार = प्रचार ।
पचाल सक [प्र + चालय्] खूब चलाना ।
पचिय वि [प्रचित] समृद्ध ।
पचीस (अप) स्त्रीन [पञ्चविंशति] पचीस की संख्या । जिसकी संख्या पचीस हो वे ।
पचुण्णिय वि [प्रचूर्णित] चूर-चूर किया हुआ ।
पचेलिम वि [पचेलिम] पक्व, पका हुआ ।
पचोइअ वि [प्रचोदित] प्रेरित ।
पच्चइग देखो पच्चइय = प्रत्ययिक ।
पच्चइय वि [प्रत्ययिक] विश्वासी । ज्ञानवाला, प्रत्ययवाला । न. श्रुत-ज्ञान, आगम-ज्ञान ।
पच्चइय वि [प्रत्ययित] विश्वस्त ।
पच्चइय वि [प्रात्ययिक] प्रत्यय से उत्पन्न, प्रतीति से संजात ।
पच्चंग न [प्रत्यङ्ग] हर एक अवयव ।
पच्चंगिरा स्त्री [प्रत्यङ्गिरा] विद्यादेवी-विशेष ।
पच्चंत पुं [प्रत्यन्त] अनार्यदेश । वि. समीपस्थ देश । भाग ।
पच्चंतिग देखो पच्चंतिय = प्रत्यन्तिक ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पच्चंतिय वि [प्रत्यन्तिक] समीप-देश में स्थित ।

पच्चंतिय वि [प्रात्यन्तिक] प्रत्यन्त देश से आया हुआ ।

पच्चक्ख न [प्रत्यक्ष] इन्द्रिय आदि की सहायता के बिना ही उत्पन्न होनेवाला ज्ञान । इन्द्रियों से उत्पन्न होनेवाला ज्ञान । वि. प्रत्यक्ष ज्ञान का विषय ।

पच्चक्ख } सक [प्रत्या + ख्या] त्याग करना,
पच्चक्खा } त्याग करने का नियम करना ।

पच्चक्खाण न [प्रत्याख्यान] परित्याग करने की प्रतिज्ञा । जैन ग्रन्थांश-विशेष, नववाँ पूर्व-ग्रन्थ । निंद्य कर्मों से निवृत्ति । °वरण पुं. सावद्य-विरति का प्रतिबन्धक क्रोध-आदि कषाय ।

पच्चक्खाणी स्त्री [प्रत्यख्यानी] भाषा-विशेष, प्रतिषेधवचन ।

पच्चक्खाय वि [प्रत्याख्यात] त्यक्त ।

पच्चक्खायय वि [प्रत्याख्यायक] त्याग करनेवाला ।

पच्चक्खाव सक [प्रत्या + ख्यापय्] त्याग कराना, किसी विषय का त्याग करने की प्रतिज्ञा कराना ।

पच्चक्खि वि [प्रत्यक्षिन्] प्रत्यक्ष ज्ञानवाला ।

पच्चक्खिय देखो पच्चक्खाय ।

पच्चक्खीकर सक [प्रत्यक्षी + कृ] प्रत्यक्ष करना, साक्षात् करना ।

पच्चक्खीकिद (शौ) वि [प्रत्यक्षीकृत] प्रत्यक्ष किया हुआ, साक्षात् जाना हुआ ।

पच्चक्खीभू अक [प्रत्यक्षी + भू] प्रत्यक्ष होना, साक्षात् होना ।

पच्चक्खेय देखो पच्चक्खा का कृ. ।

पच्चग्ग वि [प्रत्यग्र] प्रधान, मुख्य । श्रेष्ठ, सुन्दर । नया ।

पच्चच्छिम देखो पच्चत्थिम ।

पच्चच्छिमा देखो पच्चत्थिमा ।

पच्चच्छिमिल्ल वि [पाश्चात्य] पश्चिम दिशा में उत्पन्न, पश्चिम दिशा-सम्बन्धी ।

पच्चच्छिमुत्तरा देखो पच्चत्थिमुत्तरा ।

पच्चड अक [क्षर्] झरना, टपकना ।

पच्चड्ड सक [गम्] जाना, गमन करना ।

पच्चड्डिया स्त्री [दे. प्रत्यड्डिका] मल्लों का एक प्रकार का करण ।

पच्चणीय वि [प्रत्यनीक] विरोधी, दुश्मन ।

पच्चणुभव सक [प्रत्यनु + भू] अनुभव करना ।

पच्चणुहो देखो पच्चणुभव ।

पच्चत्त वि [प्रत्यक्त] जिसका त्याग करने का प्रारम्भ किया गया हो वह ।

पच्चत्तर न [दे] खुशामद ।

पच्चत्थरण न [प्रत्यास्तरण] बिछौना । देखो पल्हत्थरण ।

पच्चत्थि वि [प्रत्यर्थिन्] प्रतिपक्षी, दुश्मन ।

पच्चत्थिम वि [पाश्चात्य, पश्चिम] पश्चिम दिशा तरफ का, पश्चिम का । न. पश्चिम दिशा ।

पच्चत्थिमा स्त्री [पश्चिमा] पश्चिम दिशा ।

पच्चत्थिमिल्ल वि [पाश्चात्य] पश्चिम दिशा का ।

पच्चत्थिमुत्तरा स्त्री [पश्चिमोत्तरा] पश्चिमोत्तर दिशा, वायव्य कोण ।

पच्चत्थुय वि [प्रत्यास्तृत] आच्छादित । बिछाया हुआ ।

पच्चद्ध न [पश्चार्ध] उत्तरार्ध ।

पच्चद्धचक्कवट्टि पुं [प्रत्यर्धचक्रवर्तिन्] वासुदेव का प्रतिपक्षी राजा, प्रतिवासुदेव ।

पच्चप्पण न [प्रत्यर्पण] लौटा देना ।

पच्चप्पिण सक [प्रति + अर्पय्] वापस देना । सौंपे हुए कार्य को करके निवेदन करना ।

पच्चबलोक्क वि [दे] आसक्त-चित्त, तल्लीन-मनस्क ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पच्चब्भास पुं [प्रत्याभास] निगमन, प्रत्युच्चारण।

पच्चभिआण देखो पच्चभिजाण।

पच्चभिजाण सक [प्रत्यभि+ज्ञा] पहिचानना, पहिचान लेना।

पच्चभिजाणिअ वि [प्रत्यभिज्ञात] पहिचाना हुआ।

पच्चभिणाण न [प्रत्यभिज्ञान] पहिचान।

पच्चभिन्नाय देखो पच्चभिजाणिअ।

पच्चय पुं [प्रत्यय] प्रतीति, ज्ञान। निर्णय, निश्चय। हेतु। शपथ, विश्वास उत्पन्न करने के लिए किया या कराया जाता तप्त-माष आदि का चर्वण वगैरह। ज्ञान का कारण। ज्ञान का विषय, ज्ञेय पदार्थ। प्रत्यय-जनक। विश्वास, श्रद्धा। शब्द, आवाज। छिद्र। आधार, आश्रय। व्याकरण-प्रसिद्ध प्रकृति में लगता शब्द-विशेष।

पच्चल वि [दे] पक्का, समर्थ, पहुँचा हुआ। असहिष्णु।

पच्चलिउ } (अप) अ [प्रत्युत] वैपरीत्य,
पच्चल्लिउ } वरञ्च, वरन्।

पच्चवणद (शौ) वि [प्रत्यवनत] नमा हुआ।

पच्चवत्थय वि [प्रत्यवस्तृत] बिछाया हुआ। आच्छादित।

पच्चवत्थाण न [प्रत्यवस्थान] शङ्कापरिहार, समाधान। प्रतिवचन, खण्डन।

पच्चवर न [दे] मुसल।

पच्चवाय पुं [प्रत्यवाय] विघ्न, व्याघात। दोष, दूषण। पाप। दुःख, पीड़ा। नाश का कारण। अनर्थ।

पच्चवेक्खिद (शौ) वि [प्रत्यवेक्षित] निरीक्षित।

पच्चह न [प्रत्यह] हररोज।

पच्चहिजाण } देखो पच्चभिजाण।
पच्चहियाण }

पच्चा स्त्री [दे] तृण-विशेष, बल्वज।

°पिच्चियय न [दे] बल्वज तृण की कूटी हुई छाल का बना हुआ रजोहरण—जैन साधु का एक उपकरण।

पच्चा देखो पच्छा।

पच्चाअच्छ सक [प्रत्या+गम्] वापस आना।

पच्चाअद (शौ) देखो पच्चागय।

पच्चाइक्ख देखो पच्चक्ख = प्रत्या+ख्या।

पच्चाउट्टणया स्त्री [प्रत्यावर्त्तनता] अवाय—संशय-रहित निश्चयात्मक मति-ज्ञान।

पच्चाएस पुंन [प्रत्यादेश] दृष्टान्त। देखो पच्चादेस।

पच्चागय वि [प्रत्यागत] वापस आया हुआ। न. प्रत्यागमन।

पच्चाचक्ख सक [प्रत्या+चक्ष्] परित्याग करना।

पच्चाणयण न [प्रत्यानयन] वापस ले आना।

पच्चाणि° } सक [प्रत्या+णी] वापस ले
पच्चाणी } आना।

पच्चाणीद (शौ) वि [प्रत्यानीत] वापस लाया हुआ।

पच्चाथरण न [प्रत्यास्तरण] सामने होकर लड़ना।

पच्चादिट्ठ वि [प्रत्यादिष्ट] निरस्त, निराकृत।

पच्चादेस पुं [प्रत्यादेश] निराकरण। देखो पच्चाएस।

पच्चापड अक [प्रत्या+पत्] लौटकर आ पड़ना।

पच्चामित्त पुंन [प्रत्यमित्र] दुश्मन। मित्र-शत्रु।

पच्चाय सक [ति+आयय्] प्रतीति कराना। विश्वास कराना। ज्ञान कराना।

पच्चाय° देखो पच्चाया।

पच्चायय वि [प्रत्यायक] निर्णय-जनक। विश्वास-जनक।

पच्चाया अक [प्रत्या+जन्] उत्पन्न होना,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जन्म लेना ।

पच्चाया अक [प्रत्या + या] ऊपर देखो ।

पच्चायाइ स्त्री [प्रत्याजाति, प्रत्यायाति] उत्पत्ति, जन्म-ग्रहण ।

पच्चायाय वि [प्रत्यायात] उत्पन्न ।

पच्चार सक [उपा + लम्भ्] उलाहना देना ।

पच्चारण न [उपालम्भन] प्रतिभेद ।

पच्चारिअ वि [प्रचारित] चलाया हुआ ।

पच्चालिय वि [दे. प्रत्यार्दित] आर्द्र किया हुआ ।

पच्चालीढ न [प्रत्यालीढ] वाम पाद को पीछे हटा कर और दक्षिण पाँव को आगे रखकर खड़े रहनेवाले धानुष्क की स्थिति, धनुषधारियों का पैंतरा ।

पच्चावड पुं [प्रत्यावर्त्त] आवर्त्त के सामने का आवर्त्त, पानी का भँवर ।

पच्चावरण्ह पुं [प्रत्यापराह्ण] तीसरा पहर ।

पच्चासण्ण वि [प्रत्यासन्न] समीप में स्थित, सन्निकट ।

पच्चासत्ति स्त्री [प्रत्यासत्ति] सामीप्य ।

पच्चासा स्त्री [प्रत्याशा] अभिलाषा । निराशा के बाद की आशा । लोभ, लालच ।

पच्चासि वि [प्रत्याशिन्] वान्त या क्य किया हुआ वस्तु का भक्षण करनेवाला ।

पच्चाह सक [प्रति + ब्रू] उत्तर देना ।

पच्चाहर सक [प्रत्या + हृ] उपदेश देना ।

पच्चाहुत्त क्रिवि [पश्चान्मुख] पीछे, पीछे की तरफ ।

पच्चिम देखो पच्छिम ।

पच्चुअ (दे) देखो पच्चुहिअ ।

पच्चुअआर देखो पच्चुवयार ।

पच्चुग्गच्छणया स्त्री [प्रत्युद्गमनता] अभिमुख गमन ।

पच्चुच्चार पुं [प्रत्युच्चार] अनुवाद, अनुभाषण ।

पच्चुच्छुहणी स्त्री [दे] ताजी दारू ।

पच्चुज्जीविअ वि [प्रत्युज्जीवित] पुनर्जीवित ।

पच्चुट्ठिअ वि [प्रत्युत्थित] जो सामने खड़ा हुआ हो वह ।

पच्चुण्णम अक [प्रत्युद् + नम्] थोड़ा ऊँचा होना ।

पच्चुत्त वि [प्रत्युप्त] फिर से बोया हुआ ।

पच्चुत्तर सक [प्रत्यव + तृ] नीचे आना ।

पच्चुत्तर न [प्रत्युत्तर] जवाब ।

पच्चुत्थ वि [दे] फिर से बोया हुआ ।

पच्चुत्थय, पच्चुत्थुय } वि [प्रत्यवस्तृत] आच्छादित ।

पच्चुद्धरिअ वि [दे] सम्मुखागत ।

पच्चुद्धार पुं [दे] सम्मुख आगमन ।

पच्चुप्पण्ण वि [प्रत्युत्पन्न] वर्त्तमान काल-सम्बन्धी । पुं. वर्त्तमान काल । °नय पुं. वर्त्तमान वस्तु को ही सत्य माननेवाला पक्ष, निश्चय नय ।

पच्चुप्फलिअ वि [प्रत्युत्फलित] वापस आया हुआ ।

पच्चुब्भड वि [प्रत्युद्भट] अतिशय प्रबल ।

पच्चुरस न [प्रत्युरस] हृदय के सामने ।

पच्चुल्लं अ [दे. प्रत्युत] उलटा ।

पच्चुवकार देखो पच्चुवयार ।

पच्चुवगच्छ सक [प्रत्युप + गम्] सामने जाना ।

पच्चुवगार, पच्चुवयार } पुं [प्रत्युपकार] उपकार के बदले उपकार ।

पच्चुवेक्ख सक [प्रत्युप + ईक्ष्] निरीक्षण करना । अवलोकन करना ।

पच्चुहिअ वि [दे] प्रस्तुत, प्रक्षरित, अच्छी तरह चूने या टपकनेवाला ।

पच्चूढ न [दे] भोजन करने का पात्र, बड़ी थाली ।

पच्चूस [दे] देखो पच्चूह = (दे) ।

पच्चूस, पच्चूह } पुं [प्रत्यूष] प्रभात काल ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पच्चूह पुंन [प्रत्यूह] विघ्न।
पच्चूह पुं [दे] सूर्य।
पच्चेअ न [प्रत्येक] हर एक।
पच्चेड न [दे] मुसल।
पच्चेल्लिउ (अप) देखो पच्चल्लिउ।
पच्चोगिल सक [प्रत्यव + गिल्] आस्वादन करना।
पच्चोणामिणी स्त्री [प्रत्यवनामिनी] विद्या-विशेष जिसके प्रभाव से वृक्ष आदि फल देने के लिए स्वयं नीचे नमते हैं।
पच्चोणियत्त वि [प्रत्यवनिवृत्त] ऊँचा उछल कर नीचे गिरा हुआ।
पच्चोणिवय अक [प्रत्यवनि + पत्] उछल कर नीचे गिरना।
पच्चोणी [दे] देखो पच्चोवणी।
पच्चोयड न [दे] तट के समीप का ऊँचा प्रदेश। वि. आच्छादित।
पच्चोयर सक [प्रत्यव + तॄ] नीचे उतरना।
पच्चोरुभ } सक [प्रत्यव + रुह्] नीचे
पच्चोरुह } उतरना।
पच्चोवणिअ वि [दे] सम्मुख आया हुआ।
पच्चोवणी स्त्री [दे] सम्मुख आगमन।
पच्चोसक्क अक [प्रत्यव + ष्वष्क्] नीचे उतरना। पीछे हटना।
पच्छ सक [प्र + अर्थय्] प्रार्थना करना।
पच्छ वि [पथ्य] रोगी का हितकारी आहार। हितकारक।
पच्छ न [पश्चात्] चरम, शेष। पीछे, पृष्ठ भाग। पश्चिम दिशा। °ओ अ [°तस्] पीछे, पीठ की ओर। °कम्म न [°कर्मन्] बाद की क्रिया। यतियों की भिक्षा का एक दोष, दातृ-कर्तृक दान देने के बाद की पात्र को साफ करना आदि क्रिया। °त्ताअ पुं [°ताप] अनुताप। °द्ध न [°अर्ध] उत्तरार्ध। °वत्थुक्क न [°वास्तुक] घर का पिछला हिस्सा। °याव पुं [°ताप] पश्चात्ताप। देखो पच्छा = पश्चात्।
पच्छइ } (अप) अ [पश्चात्] ऊपर देखो।
पच्छए } °ताव पुं [°ताप] अनुताप।
पच्छंद सक [गम्] जाना, गमन करना।
पच्छंभाग पुं [पश्चाद्भाग] दिवस का पिछला भाग। पुंन. चन्द्र पृष्ठ देकर जिसका भोग करता है वह नक्षत्र।
पच्छण स्त्रीन [प्रतक्षण] त्वक् का बारीक बिदारण, चाकू आदि से पतली छाल निकालना।
पच्छण्ण वि [प्रच्छन्न] गुप्त, अप्रकट। °पइ पुं [°पति] जार।
पच्छद देखो पच्छय।
पच्छदण न [प्रच्छदन] आस्तरण, चादर—शय्या के ऊपर का आच्छादन वस्त्र।
पच्छय पुं [प्रच्छद] दुपट्टा, पिछौरी।
पच्छयण देखो पत्थयण।
पच्छलिउ (अप) देखो पच्चलिउ।
पच्छा अ [पश्चात्] अनन्तर। परलोक। पर-जन्म। पिछला भाग, पृष्ठ। चरम, शेष। पश्चिम दिशा। °उत्त वि [°आयुक्त] जिसका आयोजन पीछे से किया गया हो वह। °कड पुं [°कृत] साधुपन को छोड़कर फिर गृहस्थ बना हुआ। °कम्म देखो °पच्छकम्म। °णुताव पुं [°अनुताप] पश्चात्ताप। °णुपुव्वी स्त्री [°आनुपूर्वी] उलटा क्रम। °ताव पुं [°ताप] अनुताप। °ताविय वि [°तापिक] पश्चात्तापवाला। °निवाइ वि [निपातिन्] पीछे से गिर जानेवाला। चारित्र ग्रहण कर बाद में उससे च्युत होनेवाला। °भाग पुं पिछला भाग। °मुह वि [°मुख] पराङ्मुख, जिसने मुँह पीछे की तरफ फेर लिया हो वह। °यव, °याव देखो °ताव। °यावि वि [°तापिन्] पश्चात्ताप करनेवाला। °वाय पुं [°वात] पश्चिम दिशा का पवन। पीछे का पवन। °संखडि स्त्री [दे. संस्कृति]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पिछला संस्कार। मरण के उपलक्ष्य में ज्ञाति—कुटुम्बी वगैरह प्रभूत मनुष्यों के लिए पकायी जाती रसोई। °संथव पुं [°संस्तव] पिछला सम्बन्ध, स्त्री, पुत्री वगैरह का सम्बन्ध। जैन मुनियों के लिए भिक्षा का एक दोष, श्वशुर आदि पक्ष में अच्छी भिक्षा मिलने की लालच से पहले भिक्षार्थ जाना। °संथुय वि [°संस्तुत] पिछले सम्बन्ध से परिचित। °हुत्त वि [°दे] पीछे की तरफ का।

पच्छा स्त्री [पथ्या] हरीतकी।

पच्छाअ सक [प्र+छदय्] ढकना। छिपाना।

पच्छाअ वि [प्रच्छाय] प्रचुर छायावाला।

पच्छाग पुं [प्रच्छादक] पात्र बाँधने का कपड़ा।

पच्छाडिद (शौ) वि [प्रक्षालित] धोया हुआ।

पच्छाणिअ [दे] देखो पच्चोवणिअ।

पच्छाणुताविअ वि [पश्चादनुतापिक] पश्चात्ताप-युक्त, पछतावा करनेवाला।

पच्छायण न [पथ्यदन] पाथेय, रास्ते में खाने का भोजन।

पच्छायण न [प्रच्छादन] आच्छादन, ढकना। वि. आच्छादन करनेवाला। °या स्त्री [°ता] आच्छादन।

पच्छाल देखो पक्खाल।

पच्छि स्त्री [दे] पिटिका, पिटारी, वेत्रादि-रचित भाजन-विशेष। °पिडय न [°पिटक] 'पच्छी' रूप पिटारी।

पच्छि (अप) देखो पच्छइ।

पच्छित्त न [प्रायश्चित्त] पाप की शुद्धि करनेवाला कर्म। मन को शुद्ध करनेवाला कर्म।

पच्छित्ति वि [प्रायश्चित्तिन्] प्रायश्चित्त का भागी, दोषी।

पच्छिम न [पश्चिम] पश्चिम दिशा। वि. पश्चिम दिशा का, पाश्चात्य। पिछला, बाद का। अन्तिम। °द्ध न [°ार्ध] उत्तरार्ध। °सेल पुं [°शैल] अस्ताचल पर्वत।

पच्छिमा स्त्री [पश्चिमा] पश्चिम दिशा।

पच्छियापिडय देखो पच्छि-पिडय।

पच्छिल (अप) देखो पच्छिम।

पच्छुत्ताव पुं [पश्चादुत्ताप] पछतावा।

पच्छुत्ताविअ (अप)वि [पश्चात्तापित] जिसको पश्चात्ताप हुआ हो वह।

पच्छेकम्म देखो पच्छ-कम्म।

पच्छेणय न [दे] पाथेय, रास्ते में निर्वाह करने की भोजन-सामग्री, कलेवा।

पच्छोववण्णग } वि [पश्चादुपपन्न] पीछे से उत्पन्न।
पच्छोववन्नक }

पजंप सक [प्र+जल्प्] बोलना।

पजंपावण न [प्रजल्पन] बोलाना, कथन कराना।

पजणण वि [प्रजनन] उत्पादक। न. लिंग, पुरुष-चिह्न।

पजल अक [प्र+ज्वल्] अतिशय दग्ध होना। चमकना।

पजह सक [प्र+हा] त्याग करना।

पजाला स्त्री [प्रज्वाला] अग्नि-शिखा।

पजीवण न [प्रजीवन] आजीविका।

पजुत्त देखो पउत्त=प्रयुक्त।

पजूहिअ वि [प्रयूथिक] यूथ या समूह को दिया हुआ, याचक-गण को अर्पित।

पजेमण न [प्रजेमन] भोजन लेना।

पज्ज सक [पायय्] पिलाना, पान कराना।

पज्ज न [पद्य] छन्दो-बद्ध वाक्य।

पज्ज न [पाद्य] पाद-प्रक्षालन जल।

पज्ज देखो पज्जत्त।

पज्जंत पुं [पर्यन्त] सीमा, प्रान्त भाग।

पज्जण न [दे] पान, पीना।

पज्जणुओग } पुं [पर्यनुयोग] प्रश्न।
पज्जणुजोग }

पज्जण्ण देखो पजणण।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पज्जण्ण पुं [पर्जन्य] बादल ।

पज्जत वि [पर्याप्त] 'पर्याप्ति' वाला । समर्थ । लब्ध । यथेष्ट, उतना जितने से काम चल जाय । न. तृप्ति । सामर्थ्य । निवारण । योग्यता । जिसके उदय से जीव अपनी अपनी 'पर्याप्तियों' से युक्त होता है वह कर्म । °णाम न [°नामन्] अनन्तर उक्त कर्म-विशेष ।

पज्जतर वि [दे] दलित, विदारित ।

पज्जत्त न [पर्याप्त] लगातार चौंतीस दिन का उपवास ।

पज्जत्तर [दे] देखो पज्जतर ।

पज्जत्ति स्त्री [पर्याप्ति] सामर्थ्य । जीव की वह शक्ति जिनके द्वारा पुद्गलों को ग्रहण करने तथा उनको आहार, शरीर आदि के रूप में बदल देने का काम होता है, जीव की पुद्गलों को ग्रहण करने तथा परिणमाने या पचाने की शक्ति । पूर्ण प्राप्ति । तृप्ति । पूर्त्ति, पूर्णता । अन्त, अवसान ।

पज्जन्न पुं [पर्जन्य] मेघ-विशेष जिसके एक बार बरसने से भूमि में एक हजार वर्ष तक चिकनाहट रहती है ।

पज्जय पुं [दे. प्रार्यक] प्रपितामह ।

पज्जय पुं [पर्यय] उत्पत्ति के प्रथम समय में सूक्ष्म-निगोद के लब्धिअपर्याप्त जीव को जो कुश्रुत का अंश होता है उससे दूसरे समय में ज्ञान का जितना अंश बढ़ता है वह श्रुतज्ञान । देखो पज्जाय । °समास पुं. श्रुतज्ञान का एक भेद, अनन्तर उक्त पर्यय-श्रुत का समुदाय ।

पज्जयण न [पर्ययन] निश्चय, अवधारण ।

पज्जर सक [कथय्] कहना, बोलना ।

पज्जरय पुं [प्रजरक] रत्नप्रभा-नामक नरक-पृथिवी का एक नरकावास । °मज्झ पुं [°मध्य] एक नरकावास । °ावट्ट पुं [°ावर्त्त] नरकावास-विशेष । °ासिट्ठ पुं [°ावशिष्ट] नरक-स्थान-विशेष ।

पज्जल देखो पजल ।

पज्जलण वि [प्रज्वलन] जलानेवाला ।

पज्जलिअ पुं [प्रज्वलित] तीसरी नरक-भूमि का एक नरक-स्थान ।

पज्जलिय वि [प्रज्वलित] जलाया हुआ । देदीप्यमान ।

पज्जलीढ वि [प्रर्यवलीढ] भक्षित ।

पज्जव पुं [पर्यव] परिच्छेद, निर्णय । देखो पज्जाय । °कसिण न [°कृत्स्न] चतुर्दश पूर्व-ग्रन्थ तक का ज्ञान, श्रुतज्ञान-विशेष । °जाय वि [°जात] भिन्न अवस्था को प्राप्त । ज्ञान आदि गुणोंवाला । न. विषयोपभोग का अनुष्ठान । °जाय वि [°यात] ज्ञान-प्राप्त । °ट्ठिय पुं [स्थित, °र्थिक, °ास्तिक] नय-विशेष, द्रव्य को छोड़कर केवल पर्यायों को ही मुख्य माननेवाला पक्ष । °णय, पुं [°नय] वही अनन्तर उक्त अर्थ ।

पज्जवत्थाव सक [पर्यव + स्थापय्] अच्छी अवस्था में रखना । विरोध करना । प्रतिपक्ष के साथ वाद करना ।

पज्जवसाण न [पर्यवसान] अन्त, अवसान ।

पज्जवसिअ न [पर्यवसित] अवसान, अन्त ।

पज्जा देखो पण्णा ।

पज्जा स्त्री [पद्या] रास्ता ।

पज्जा स्त्री [दे] सीढ़ी ।

पज्जा स्त्री [पर्याय] अधिकार, प्रबन्ध-भेद ।

पज्जा देखो पया ।

पज्जाअर पुं [प्रजागर] जागरण, निद्रा का अभाव ।

पज्जाउल वि [पर्याकुल] व्याकुल ।

पज्जाभाय सक [पर्या + भाजय्] भाग करना ।

पज्जाय पुं [पर्याय] समान अर्थ का वाचक शब्द । पूर्ण प्राप्ति । पदार्थ धर्म, वस्तु-गुण । पदार्थ का सूक्ष्म या स्थूल रूपान्तर । क्रम । प्रकार, भेद । अवसर । निर्माण । तात्पर्य, भावार्थ, रहस्य । देखो पज्जय तथा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पज्जव।

पज्जाल सक [प्र+ज्वालय्] जलाना। सुलगाना।

पज्जिआ स्त्री [दे. प्रार्यिका] परनानी। परदादी।

पज्जुच्छुअ वि [पर्युत्सुक] अति उत्सुक।

पज्जुट्ठ वि [पर्युष्ट] फड़फड़ाया हुआ।

पज्जुणसर न [दे] ऊख के तुल्य एक प्रकार का तृण।

पज्जुण्ण पुं [प्रद्युम्न] श्रीकृष्ण के एक पुत्र का नाम। कामदेव। वैष्णव शास्त्र में प्रतिपादित चतुर्व्यूह रूप विष्णु का एक अंश। एक जैनमुनि। वि. श्रीमंत।

पज्जुत्त वि [प्रयुक्त] जटित, खचित। देखो पज्झुत्त।

पज्जुदास पुं [पर्युदास] निषेध।

पज्जुवट्ठा सक [पर्युप+स्था] उपस्थित होना।

पज्जुवट्ठिय वि [पर्युपस्थित] मौजूद, हाजिर, तत्पर।

पज्जुवास सक [पर्युप+आस्] सेवा करना। उपासना करना, भक्ति करना।

पज्जुवासय वि [पर्युपासक] सेवा करनेवाला।

पज्जुसण
पज्जुसवण
पज्जुस्सवण
पज्जूसण } न. देखो पज्जुसणा।

पज्जुसणा स्त्री [पर्युषणा] देखो पज्जोसवणा।

पज्जुस्सुअ
पज्जूसुअ } वि [पर्युत्सुक] अति उत्सुक।

पज्जोअ पुं [प्रद्योत] प्रकाश, उद्द्योत। उज्जयिनी नगरी का एक राजा। °गर वि [°कर] प्रकाश-कर्त्ता।

पज्जोय सक [प्र+द्योतय्] प्रकाशित करना।

पज्जोयण पुं [प्रद्योतन] एक जैन आचार्य।

पज्जोसव अक [परि+वस्] वास करना, रहना। जैनागम-प्रोक्त पर्युषणा-पर्व मनाना।

पज्जोसवण न. देखो पज्जोसवणा।

पज्जोसवणा स्त्री [पर्युषणा] एक ही स्थान में वर्षा-काल व्यतीत करना। वर्षा-काल। पर्व-विशेष, भाद्रपद के आठ दिनों का एक प्रसिद्ध जैन पर्व। °कप्प पुं [°कल्प] पर्युषणा में करने-योग्य शास्त्र-विहित आचार, वर्षाकल्प।

पज्जोसवणा स्त्री [पर्योसवना, पर्युपशमना] ऊपर देखो।

पज्जोसविय वि [पर्युषित] स्थित, रहा हुआ।

पज्झंझ अक [प्र+झञ्झ्] आवाज करना।

पज्झट्टिआ स्त्री [पज्झट्टिका] छन्द-विशेष।

पज्झर अक [क्षर्, प्र+क्षर्] झरना, टपकना।

पज्झर पुं [प्रक्षर] प्रवाह-विशेष।

पज्झल देखो पज्झर = क्षर्।

पज्झलिआ देखो पज्झट्टिआ।

पज्झाय न [प्रध्यात] अतिशय चिन्तन। वि. चिन्तित, सोचा हुआ।

पज्झुत्त वि [दे] खचित, जड़ित। देखो पज्जुत्त।

पझुंझ देखो पज्झंझ।

पटउडी स्त्री [पटकुटी] तम्बू, वस्त्र-गृह।

पटल देखो पडल = पटल।

पटह देखो पडह।

पटिमा (पै. चूपै) देखो पडिमा।

पटोला स्त्री. कोशातकी, क्षारवल्ली।

पट्ट सक [पा] पीना, पान करना।

पट्ट पुं. पहनने का कपड़ा। रथ्या, मुहल्ला। पाषाण आदि का तख्ता, फलक। ललाट पर से बाँधी जाती एक प्रकार की पगड़ी। पट्टा, किसी प्रकार का अधिकार-पत्र। रेशम। पाट, सन। रेशमी कपड़ा। सन का कपड़ा। सिंहासन, गद्दी, पाट। कलाबत्तू। पट्टी, फोड़ा आदि पर बाँधा जाता लम्बा वस्त्रांश, शाक-विशेष। °इल्ल पुं [°वत्] पटेल, गाँव का मुखिया। °उडी स्त्री [°कुटी] तम्बू,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वस्त्र-गृह। °करि पुं [°करिन्] प्रधान हस्ती। °कार पुं. तन्तुवाय, जुलाहा। °वासिआ स्त्री [°वासिता] एक शिरो-भूषण। °साला स्त्री [°शाला] उपाश्रय। °सुत्त न [°सूत्र] रेशमी सूता। °हत्थि पुं [°हस्तिन्] प्रधान हाथी।

पट्टइल पुं [दे] पटेल, गाँव का मुखिया।

पट्टंसुअ न [पट्टांशुक] रेशमी वस्त्र। सन का वस्त्र।

पट्टग देखो पट्ट।

पट्टण न [पत्तन] नगर, शहर।

पट्टदेवी स्त्री [पट्टदेवी] पटरानी।

पट्टय देखो पट्ट।

पट्टसुत्त न [पट्टसूत्र] रेशमी वस्त्र।

पट्टाढा स्त्री [दे] पट्टा, घोड़े की पेटी, कसन।

पट्टिय वि [पट्टिक] पट्टे पर दिया जाता गाँव वगैरह।

पट्टिया स्त्री [पट्टिका] छोटा तख्ता, पाटी। देखो पट्टी।

पट्टिस पुं [दे. पट्टिश] एक प्रकार का हथियार।

पट्टी स्त्री. धनुर्यष्टि। हाथ पर की पट्टी।

पट्टुअ पुंन. देखो पट्टुया।

पट्टुया स्त्री [दे] पाद-प्रहार। देखो पड्डुआ।

पट्टुहिअ न [दे] कलुषित जल।

पट्ठ वि [प्रष्ठ] अग्रगामी। कुशल, निपुण। प्रधान, मुखिया।

पट्ठ वि[स्पृष्ट]जिसका स्पर्श किया गया हो वह।

पट्ठ न [पृष्ठ] पीठ, शरीर के पीछे का भाग। तल, ऊपर का भाग। °चर वि. अनुयायी, अनुगामी।

पट्ठ वि [पृष्ट] जिसको पूछा गया हो वह। न. प्रश्न।

पट्ठव सक [प्र + स्थापय्] प्रस्थान कराना, भेजना। प्रवृत्ति कराना। प्रारम्भ करना। प्रकर्ष से स्थापना करना। प्रायश्चित्त देना। स्थिर करना। व्यवस्था करना।

पट्ठवग देखो पट्ठवय।

पट्ठवय वि [प्रस्थापक] प्रवर्त्तक। प्रारम्भ करनेवाला।

पट्ठविइया } स्त्री [प्रस्थापिता] प्रायश्चित-
पट्ठविया } विशेष, अनेक प्रायश्चित्तों में जिसका पहले प्रारम्भ किया जाय वह।

पट्ठाअ देखो पट्ठाव।

पट्ठाण न [प्रस्थान] प्रयाण।

पट्ठाव देखो पट्ठव।

पट्ठि स्त्री. देखो पट्ठ = पृष्ठ। °मंस न [°मांस] पीठ का मांस।

पट्ठिअ वि [प्रस्थित] जिसने प्रस्थान किया हो वह, प्रयात।

पट्ठिअ वि [दे] विभूषित।

पट्ठिउकाम वि [प्रस्थातुकाम] प्रयाण का इच्छुक।

पट्ठिसंग न [दे] ककुद, डिल्ला।

पट्ठी देखो पट्ठि।

पट्ठीवंस पुं [पृष्ठवंश] घर के मूल दो खम्भों पर तिरछा रखा जाता बड़ा खम्भा।

पठ देखो पढ।

पठग देखो पाढग।

पड अक [पत्] पड़ना, गिरना।

पड पुं [पट] वस्त्र। °कार देखो °गार। °कुडी स्त्री [°कुटी]तम्बू। °गार पुं [°कार] तन्तुवाय। °बुद्धि वि. प्रभूत सूत्रार्थों को ग्रहण करने में समर्थ बुद्धिवाला। °मंडव पुं [°मण्डप]तम्बू, वस्त्र-मण्डप। °मा वि [°वत्] पटवाला, वस्त्रवाला। °वास पुं. वस्त्र में डाला जाता कुंकुम-चूर्ण आदि सुगन्धित पदार्थ। °साडय पुं [°शाटक] कपड़ा। धोती, पहनने का लम्बा वस्त्र। धोती और दुपट्टा।

पडंचा स्त्री [दे. प्रत्यञ्चा] धनुष की डोरी।

पडंसुअ देखो पडिसुद।

पडंसुआ स्त्री [प्रतिश्रुत्] प्रतिध्वनि। प्रतिज्ञा।

पडंसुआ स्त्री [दे] धनुष की डोरी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पडंसुत्त देखो पडिंसुद ।
पडच्चर पुं [दे] साला जैसा विदूषक आदि ।
पडच्चर पुं [पटच्चर] चोर ।
पडज्झमाण देखो पडह = प्र+दह् का कवकृ. ।
पडण न [पतन] पात, गिरना ।
पडणीअ वि [प्रत्यनीक] प्रतिपक्षी ।
पडपुत्तिया स्त्री [पटपुत्रिका] छोटा वस्त्र, रुमाल ।
पडम देखो पढम ।
पडल न [पटल] समूह । जैन साधुओं का एक उपकरण, भिक्षा के समय पात्र पर ढका जाता वस्त्र-खण्ड ।
पडल न [दे] नीव्र, नरिया, मिट्टी का बना हुआ एक प्रकार का खपड़ा जिससे मकान छाए जाते हैं ।
पडलग, पडलय } स्त्रीन [दे. पटलक] गठरी ।
पडवा स्त्री [दे] पट-कुटी, पट-मण्डप, तम्बू ।
पडह सक [प्र + दह्] जलाना ।
पडह पुं [पटह] नगाड़ा, ढोल ।
पडहत्थ वि [दे] पूर्ण भरा हुआ ।
पडहिय पुं [पाटहिक] ढोली ।
पडहिया स्त्री [पटहिका] छोटा ढोल ।
पडाअ देखो पलाय = परा + अय् ।
पडाइअ वि [पलायित] भागा हुआ ।
पडाइया स्त्री [पताकिका] छोटी पताका, अन्तर-पताका ।
पडाग पुं [पटाक, पताक] ध्वजा ।
पडागा, पडाया } स्त्री [पताका] ध्वज । °इपडाग पुं [°तिपताक] मत्स्य की एक जाति । पताका के ऊपर की पताका । °हरण न. विजय-प्राप्ति ।
पडागार न. नौका में लगनेवाला वस्त्र ।
पडायाण देखो पल्लाण ।
पडायाणिय वि [पर्याणित] जिस पर पर्याण बाँधा गया हो वह ।
पडाली स्त्री [दे] पंक्ति, श्रेणी । घर के ऊपर की चटाई आदि की कच्ची छत ।
पडास देखो पलास ।
पडि वि [पटिन्] वस्त्रवाला ।
पडि अ [प्रति] इन अर्थों का सूचक अव्यय— प्रकर्ष । सम्पूर्णता । विरोध । विशेष, विशिष्टता । वीप्सा, व्याप्ति । वापस, पीछे । सम्मुखता । प्रतिदान, बदला । फिर से । प्रतिनिधिपन । निषेध । प्रतिकूलता, विपरीतता । स्वभाव । सामीप्य । आधिक्य, अतिशय । सादृश्य । लघुता, छोटाई । श्लाघा । साम्प्रतिकता, वर्तमानता । निरर्थक भी इसका प्रयोग होता है ।
पडि देखो परि ।
पडिअ वि [दे] विघटित, वियुक्त ।
पडिअ वि [पतित] गिरा हुआ । जिसने चलने को प्रारम्भ किया हो वह ।
पडिअंकिअ वि [प्रत्यङ्कित] विभूषित । उपलिप्त ।
पडिअंतअ पुं [दे] नौकर ।
पडिअग्ग सक [अनु + व्रज्] अनुसरण करना, पीछे जाना ।
पडिअग्ग सक [प्रति + जागृ] सम्हालना । भक्ति करना । शुश्रूषा करना ।
पडिअग्गिअ वि [दे] परिभुक्त । जिसको बधाई दी गयी हो वह । पालित, रक्षित ।
पडिअज्झअ पुं [दे] उपाध्याय, विद्या-दाता गुरु ।
पडिअट्टलिअ वि [दे] घिसा हुआ ।
पडिअत्त देखो परि + वत्त = परि + वृत् ।
पडिअत्तण न [परिवर्त्तन] फेरफार, हेरफेर ।
पडिअमित्त पुं [प्रत्यमित्र] मित्र-शत्रु, मित्र होकर पीछे से जो शत्रु हुआ हो वह ।
पडिअम्मिय वि [प्रतिकर्मित] विभूषित ।
पडिअर सक [प्रति + चर्] बीमार की सेवा करना । आदर करना । निरीक्षण करना ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिहार करना।

पडिअर सक [प्रति + कृ] बदला चुकाना। इलाज करना। स्वीकार करना।

पडिअर पुं [दे] चुल्हे का मूल भाग।

पडिअर पुं [परिकर] परिवार।

पडिअरग वि [प्रतिचारक] सेवा -शुश्रूषा करनेवाला।

पडिअरणा स्त्री[प्रतिचरणा] बीमार की सेवा-शुश्रूषा। भक्ति, आदर, सत्कार। आलोचना, निरीक्षण। प्रतिक्रमण, पाप-कर्म से निवृत्ति। सत्-कार्य में प्रवृत्ति।

पडिअलि वि [दे] त्वरित, वेग-युक्त।

पडिआइय सक [प्रत्या + पा] फिर से पान करना।

पडिआइय सक [प्रत्या + दा] फिर से ग्रहण करना।

पडिआगय वि [प्रत्यागत] वापस आया हुआ, लौटा हुआ। न. प्रत्यागमन, वापस आना।

पडिआयण न [प्रत्यापन] फिर से पान।

पडिआयण न [प्रत्यादान] फिर से ग्रहण।

पडिआर पुं [प्रतिकार] चिकित्सा। बदला, शोध पूर्वाचरित कर्म का अनुभव।

पडिआर पुं [प्रत्याकार] तलवार की म्यान।

पडिआर पुं [प्रतिचार] सेवा-शुश्रूषा।

पडिआरय वि [प्रतिचारक] सेवा-शुश्रूषा करनेवाला।

पडिइ सक [प्रति + इ] पीछे लौटना, वापस आना।

पडिइ स्त्री [पतिति] पतन, पात।

पडिइंद पुं [प्रतीन्द्र] देव-राज इन्द्र। इन्द्र के तुल्य वैभववाला देव। वानर-वंश के एक राजा का नाम।

पडिइंधण न [प्रतीन्धन] इन्धनास्त्र का प्रतिपक्षी अस्त्र।

पडिइक्क देखो पडिक्क।

पडिउंचण न [दे] अपकार का बदला।

पडिउंबण न [परिचुम्बन] संगम, संयोग।

पडिउच्चार सक [प्रत्युत् + चारय्] उच्चारण करना, बोलना।

पडिउज्जम अक [प्रत्युद् + यम्] सम्पूर्ण प्रयत्न करना।

पडिउट्ठिअ वि [प्रत्युत्थित] जो फिर से खड़ा हुआ हो वह।

पडिउण्ण देखो परिपुण्ण।

पडिउत्तर न [प्रत्युत्तर] जवाब।

पडिउत्तरण न [प्रत्युत्तरण] पार उतरना।

पडिउत्ति स्त्री [दे] खबर, समाचार।

पडिउत्थ वि [पर्युषित] सम्पूर्ण रूप से अवस्थित।

पडिउद्ध वि [प्रतिबुद्ध] जागृत। प्रकाश-युक्त।

पडिउवयार पुं [प्रत्युपकार] उपकार का बदला, प्रतिफल।

पडिउस्सस अक [प्रत्युत् + श्वस्] पुनर्जीवित होना।

पडिऊल देखो पडिकूल।

पडिएत्तए देखो पडिइ का हेकृ.।

पडिएल्लिअ वि [दे] कृतार्थ।

पडिओसह न [प्रत्यौषध] एक औषध का प्रतिपक्षी औषध।

पडिंसुआ देखो पडंसुआ = प्रतिश्रुत्।

पडिंसुद वि [प्रतिश्रुत] स्वीकृत।

पडिकंटय वि [प्रतिकण्टक] प्रतिस्पर्धी।

पडिकंत देखो पडिक्कंत।

पडिकत्तु वि [प्रतिकर्तृ] इलाज करनेवाला।

पडिकप्प सक [प्रति + कृप्] सजावट करना।

पडिकम देखो पडिक्कम।

पडिकमय न. देखो पडिक्कमय।

पडिकम्म न [प्रतिकर्मन्, परिकर्मन्] देखो परिकम्म।

पडिकय वि [प्रतिकृत] जिसका बदला चुकाया गया हो वह। न. प्रतीकार, बदला।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पडिकाउं } पडिअर = प्रति + कृ के
पडिकाऊण } कृदन्त ।

पडिकामणा देखो पडिक्कामणा ।

पडिकाय पुं [प्रतिकाय] प्रतिबिम्ब, प्रतिमा ।

पडिकिदि स्त्री [प्रतिकृति] इलाज । बदला । प्रतिबिम्ब, मूर्त्ति ।

पडिकिय न [प्रतिकृत] ऊपर देखो ।

पडिकिरिया स्त्री [प्रतिक्रिया] प्रतीकार, बदला ।

पडिकुट्ठ } वि [प्रतिकुष्ट] निषिद्ध ।
पडिकुट्ठिल्लग } प्रतिकूल ।

पडिकुट्ठेल्लग देखो पडिकुट्ठिल्लग ।

पडिकूड देखो पडिकूल = प्रतिकूल ।

पडिकूल सक [प्रतिकूलय्] प्रतिकूल आचरण करना ।

पडिकूल वि [प्रतिकूल] विपरीत । अनभिमत । विपक्ष ।

पडिकूवग पुं [प्रतिकूपक] कूप के समीप का छोटा कूप ।

पडिकेसव पुं [प्रतिकेशव] वासुदेव का प्रतिपक्षी राजा, प्रतिवासुदेव ।

पडिकोस सक [प्रति + क्रुश्] आक्रोश करना, कोसना, शाप या गाली देना ।

पडिकोह पुं [प्रतिक्रोध] गुस्सा ।

पडिक्क न [प्रत्येक] हर एक ।

पडिक्कंत वि [प्रतिक्रान्त] पीछे हटा हुआ । निवृत्त ।

पडिक्कम अक [प्रति + क्रम्] निवृत्त होना, पीछे हटना ।

पडिक्कम पुं [प्रतिक्रम] देखो पडिक्कमण ।

पडिक्कमण न [प्रतिक्रमण] निवृत्ति, व्यावर्त्तन । प्रमाद-वश शुभ योग से गिर कर अशुभ योग को प्राप्त करने के बाद फिर से शुभ योग को प्राप्त करना । अशुभ व्यापार से निवृत्त होकर उत्तरोत्तर शुद्ध योग में वर्तन । मिथ्या-दुष्कृत-प्रदान किए हुए पाप का पश्चात्ताप । जैन साधु और गृहस्थों का सुबह और शाम को करने का एक आवश्यक अनुष्ठान ।

पडिक्कमय वि [प्रतिक्रामक] प्रतिक्रमण करनेवाला ।

पडिक्कमिउं देखो पडिक्कम । °काम वि. प्रतिक्रमण करने की इच्छावाला ।

पडिक्कय पुं [दे] प्रतिक्रिया, प्रतीकार ।

पडिक्कामणा स्त्री [प्रतिक्रमणा] देखो पडिक्कमण ।

पडिक्कूल देखो पडिकूल ।

पडिक्ख सक [प्रति + ईक्ष्] प्रतीक्षा करना । अक. स्थिति करना ।

पडिक्खअ वि [प्रतीक्षक] बाट जोहनेवाला ।

पडिक्खंभ पुं [प्रतिस्तम्भ] आगल ।

पडिक्खण न [प्रतीक्षण] प्रतीक्षा ।

पडिक्खर वि [दे] क्रूर । प्रतिकूल ।

पडिक्खल अक [प्रति + स्खल्] हटना । गिरना । रुकना । सक. रोकना ।

पडिक्खलण न [प्रतिस्खलन] पतन । अवरोध ।

पडिक्खलिअ वि [प्रतिस्खलित] परावृत्त, पीछे हटा हुआ । रुका हुआ । देखो पडिखलिअ ।

पडिक्खाविअ वि [प्रतीक्षित] स्थापित ।

पडिक्खित्त वि [परिक्षिप्त] विस्तारित ।

पडिखंध न [दे] जल-वहन, जल भरने का दृति आदि पात्र ।

पडिखंधी स्त्री [दे] ऊपर देखो ।

पडिखद्ध वि [दे] हत, मारा हुआ ।

पडिखल देखो पडिक्खल ।

पडिखिज्ज अक [परि + खिद्] खिन्न होना, क्लान्त होना ।

पडिगमण न [प्रतिगमन] व्यावर्तन, पीछे लौटना ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पडिगय पुं [प्रतिगज] प्रतिपक्षी हाथी ।
पडिगय पुं [प्रतिगत] पीछे लौटा हुआ ।
पडिगह देखो पडिग्गह ।
पडिगाह सक [प्रति + ग्रह्] ग्रहण करना, स्वीकार करना ।
पडिगाहग वि [प्रतिग्राहक] ग्रहण करनेवाला ।
पडिग्गह पुं [पतद्ग्रह, प्रतिग्रह] पात्र, भाजन । वह प्रकृति जिसमें दूसरी प्रकृति का कर्म-दल परिणत होता है । °धारि वि [°धारिन्] पात्र रखनेवाला ।
पडिग्गहिअ वि [प्रतिग्रहिन्, पतद्ग्रहिन्] पात्रवाला ।
पडिग्गहिद (शौ) वि [प्रतिगृहित, परिगृहीत] स्वीकृत ।
पडिग्गाह देखो पडिगाह ।
पडिग्गाह सक [प्रति + ग्राहय्] ग्रहण कराना ।
पडिग्गाहय वि [प्रतिग्राहक] वापस लेनेवाला ।
पडिग्घाय पुं [प्रतिघात] निरोध, अटकाव । विनाश ।
पडिघाय पुं [प्रतिघात] नाश, विनाश । निराकरण, निरसन ।
पडिघायग वि [प्रतिघातक] प्रतिघात करनेवाला ।
पडिघोलिर वि [प्रतिघूर्णितृ] डोलनेवाला, हिलनेवाला ।
पडिचंद पुं [प्रतिचन्द्र] द्वितीय चन्द्र जो उत्पात आदि का सूचक है ।
पडिचक्क न [प्रतिचक्र] अनुरूप चक्र-समुदाय । देखो पडियक्क = प्रतिचक्र ।
पडिचर देखो पडिअर = प्रति = चर् ।
पडिचर सक [प्रति + चर्] परिभ्रमण करना ।
पडिचरग पुं [प्रतिचरक] जासूस ।
पडिचरणा देखो पडिअरणा ।
पडिचार पुं [प्रतिचार] कला-विशेष । ग्रह आदि की गति का परिज्ञान । रोगी की सेवा-शुश्रूषा का ज्ञान ।
पडिचारय पुंस्त्री [प्रतिचारक] नौकर ।
पडिचोइय वि [प्रतिचोदित] प्रेरित । प्रतिभणित, जिसको उत्तर दिया गया हो वह ।
पडिचोएत्तु वि [प्रतिचोदयितृ] प्रेरक ।
प्रतिचोय सक [प्रति + चोदय्] प्रेरणा करना ।
पडिचोयणा स्त्री [प्रतिचोदना] प्रेरणा । निर्भर्त्सना, निष्ठुरता से प्रेरणा ।
पडिच्चारग देखो पडिचारय ।
पडिच्छ देखो पडिक्ख ।
पडिच्छ सक [प्रति + इष्] ग्रहण करना ।
पडिच्छंद पुंन [प्रतिच्छन्द] मूर्त्ति, प्रतिबिम्ब । तुल्य, समान । °किय वि [°कृत] समान किया हुआ ।
पडिच्छंद पुं [दे] मुख ।
पडिच्छग वि [प्रत्येषक] ग्रहण करनेवाला ।
पडिच्छण न [प्रतीक्षण] प्रतीक्षा, बाट ।
पडिच्छण न [प्रत्येषण] आदान । उत्सारण, विनिवारण ।
पडिच्छण्ण वि [प्रतिच्छन्न] आच्छादित, ढका हुआ ।
पडिच्छय पुं [दे] समय, काल ।
पडिच्छय देखो पडिच्छग ।
पडिच्छयण न [प्रतिच्छदन] देखो पडिच्छायण ।
पडिच्छा स्त्री [प्रतीच्छा] ग्रहण, अंगीकार ।
पडिच्छायण न [प्रतिच्छादन] आच्छादन-वस्त्र । आच्छादन, आवरण ।
पडिच्छाया स्त्री [प्रतिच्छाया] परछाई ।
पडिच्छिअ वि [प्रतीष्ट, प्रतीप्सित] गृहीत, स्वीकृत । विशेष रूप से वाञ्छित ।
पडिच्छिआ स्त्री [दे] प्रतिहारी । चिरकाल से

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ब्यायी हुई भैंस।

पडिच्छिर वि [प्रतीक्षितृ] बाट देखनेवाला।

पडिच्छिय वि [प्रातीच्छिक] अपने दीक्षा-गुरु की आज्ञा लेकर दूसरे गच्छ के आचार्य के पास उनकी अनुमति से शास्त्र पढ़नेवाला मुनि।

पडिच्छिर वि [दे] सदृश।

पडिछंद देखो पडिच्छंद।

पडिछा स्त्री [प्रतीक्षा] प्रतीक्षण, बाट।

पडिछाया देखो पडिच्छाया।

मत्थ } पुंन [मस्त, °क] सिर। °त्थ वि [°स्थ] सिर में स्थित। °मणि पुं. शिरोमणि, प्रधान, मुख्य।
मत्थय }

मत्थय पुंन [मस्तक] गर्भ, फल आदि का।

मत्थयधोय वि [दे. धौतमस्तक] दासत्व से मुक्त, गुलामी से मुक्त किया हुआ।

मत्थुलुंग } न [मस्तुलुङ्ग] मस्तक-स्नेह, सिर में से निकलता चिकना पदार्थ। मेद का फिप्फिस आदि।
मत्थुलुय }

मथ देखो मह।

मद देखो मय।

मदण देखो मयण।

मदणसला(गा) देखो मयणसलागा।

मदणा देखो मयणा = मदना।

मदणिज्ज वि [मदनीय] कामोद्दीपक।

मदि देखो मइ = मति।

मदीअ देखो मईअ।

मदुवी देखो मउई।

मदोली स्त्री [दे] दूती।

मद्द सक [मृद्] चूर्ण करना। मालिश करना, मसलना, मलना। मर्दन करना।

मद्दण न [मर्दन] अंग-चप्पी, मालिश। हिंसा करना। वि. मर्दन करनेवाला।

मद्दल पुं [मर्दल] वाद्य-विशेष, मुरज, मृदंग।

मद्दलिअ वि [मार्दलिक] मृदंग बजानेवाला।

मद्दव न [मार्दव] मृदुता, नम्रता, विनय।

मद्दी स्त्री [माद्री] राजा शिशुपाल की माँ। राजा पाण्डु की एक स्त्री।

मद्दुअ पुं [मद्दुक] भगवान् महावीर का राजगृह-निवासी एक उपासक।

मद्दुग पुं [मद्गु, °क] देखो मग्गु।

मद्दुग देखो मुदुग।

मधु देखो महु।

मधुधाद पुं [मधुघात] एक म्लेच्छ-जाति।

मधुर देखो महुर।

मधुसित्थ देखो महुसित्थ।

मधूला स्त्री [दे. मधूला] पाद-गण्ड।

मन अ [दे] निषेधार्थक अव्यय, मत, नहीं।

मन्न देखो माण = मानय्।

मन्ना स्त्री [मनन] मति, बुद्धि। आलोचन, चिन्तन।

मन्ना स्त्री [मान्या] अभ्युपगम, स्वीकार।

मन्नाय देखो माण = मानय्।

मन्नु पुं [मन्यु] क्रोध, दैन्य। अहंकार। शोक। यज्ञ।

मन्नुइय वि [मन्यवित] मन्यु-युक्त, कुपित।

मन्नुसिय वि [दे] उद्विग्न।

मप्प न [दे] माप, बाँट।

मब्भीसडी } (अप) स्त्री [माभैषीः] अभय-वचन।
मब्भीसा }

ममकार पुं [ममकार] ममत्व, मोह, प्रेम।

ममच्चय वि [मदीय] मेरा।

ममत्त } न [ममत्व] मोह, स्नेह। स्त्री [ममता]।
ममया }

ममा सक [ममाय्] ममता करना।

ममाय [दे] ग्रहण करना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ममाय वि [ममाय] ममत्व करनेवाला।
ममि वि [मामक] मेरा, मदीय।
ममूर सक [चूर्णय्] चूरना।
मम्म पुंन [मर्मन्] जीवन-स्थान। सन्धि-स्थान। मरण का कारण-भूत वचन आदि। गुप्त बात। तात्पर्य। °य वि [°ग] मर्म-वाचक (शब्द)।
मम्मक्क पुं [दे] गर्व, अहंकार।
मम्मक्का स्त्री [दे] उत्कण्ठा।
मम्मण न [मन्मन] अव्यक्त वचन। वि. अव्यक्त वचन बोलनेवाला।
मम्मण पुं [दे] मदन। रोष।
मम्मणिआ स्त्री [दे] नील मक्षिका।
मम्मर पुं [मर्मर] शुष्क पत्तों की आवाज।
मम्मह पुं [मन्मथ] कामदेव।
मम्मी स्त्री [दे] मामी।
मय न [मत] मनन, ज्ञान। अभिप्राय। दर्शन, धर्म। वि. माना हुआ। अभीष्ट। °न्नु वि [°ज्ञ] दार्शनिक।
मय पुं. ऊँट, खच्चर। एक विद्याधर-नरेश। °हर पुं [°धर] ऊँटवाला।
मय वि [मृत] मरा हुआ, जीव-रहित। °किच्च न [°कृत्य] मरण के उपलक्ष में किया जाता श्राद्ध आदि कर्म।
मय पुंन [मद] अभिमान। हाथी के गण्ड-स्थल से झरता प्रवाही। आमोद। कस्तूरी। मत्तता। नद। शुक्र। °करि पुं [°करिन्] मदवाला हाथी। °गल वि [°कल] मद से उत्कट। पुं. हाथी। छन्द-विशेष। °णासणी स्त्री [°नाशनी] विद्या-विशेष। °धम्म पुं [°धर्म] विद्याधर-वंश का एक राजा। °मंजरी स्त्री [°मञ्जरी] एक स्त्री। °वारण पुं. मदवाला हाथी।
मय पुं [मृग] हरिण। पशु। हाथी की एक जाति। नक्षत्र-विशेष। कस्तूरी। मकर-राशि। अन्वेषण। याचन। यज्ञ-विशेष। °च्छी स्त्री [°क्षी] हरिण के समान-नेत्र-वाली। °णाह पुं [°नाथ] सिंह। °णाहि पुंस्त्री [°नाभि] कस्तूरी। °तण्हा स्त्री [°तृष्णा]। °तण्हिआ स्त्री [°तृष्णिका]। °तिण्हा। °तिण्हिआ धूप में जल-भ्रान्ति। °धुत्त पुं [°धूर्त्त] सियार। °राय पुं [°राज] सिंह। °लंछण पुं [°लाञ्छन] चन्द्रमा। °लोअणा स्त्री [°रोचना] गोरोचन, पीत-वर्ण द्रव्य-विशेष। °ारि पुं. सिंह। °ारिदमण पुं [°ारिदमन] राक्षस-वंश का एक लंका-पति। °ाहिव पुं [°ाधिप] सिंह। देखो मिअ, मिग = मृग।
मयंक, मयंग } देखो मिअंक।
मयंग देखो मायंग = मातंग।
मयंग पुं [मृदङ्ग] वाद्य-विशेष।
मयंगय पुं [मतङ्गज] हाथी।
मयंगा स्त्री [मृतगङ्गा] जहाँ पर गंगा का प्रवाह रुक गया हो।
मयंतर न [मतान्तर] अन्य मत।
मयंद देखो मइंद = मृगेन्द्र।
मयंध वि [मदान्ध] मद से अन्धा बना हुआ।
मयग वि [मृतक] मरा हुआ। न. मुर्दा। °किच्च न [°कृत्य] श्राद्ध आदि कर्म।
मयड पुं [दे] बगीचा।
मयण पुं [मदन] कन्दर्प। लक्ष्मण का एक पुत्र। एक वणिक्-पुत्र। छन्द का एक भेद। वि. मादक। न. मोम। °घरिणी स्त्री [°गृहिणी] रति। °तालंक पुं [°तालङ्क] छन्द-विशेष। °तेरसी स्त्री [°त्रयोदशी] चैत्र मास की शुक्ल त्रयोदशी। °दुम पुं [°द्रुम] वृक्ष-विशेष। °फल न. मैनफल। °मंजरी स्त्री [°मञ्जरी] राजा चण्डप्रद्योत की एक स्त्री। एक श्रेष्ठि-कन्या। °रेहा स्त्री [°रेखा] एक युवराज की पत्नी। °वेय पुं [°वेग] पुरुष-विशेष। °सुंदरी स्त्री [°सुन्दरी] राजा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्रीपाल की पत्नी । °हरा स्त्री [गृह] छन्द-विशेष । °हल देखो °फल ।

मयणंकुस पुं [मदनाङ्कुश] श्रीरामचन्द्र का एक पुत्र, कुश ।

मयणसलागा, मयणसलाया, मयणसाला } स्त्री [दे. मदनशलाका] सारिका । स्त्री [दे. मदन-शाला] ।

मयणा स्त्री [दे. मदना] मैना ।

मयणा स्त्री [मदना] वैरोचन बलीन्द्र की पटरानी । शक्र के लोकपाल की स्त्री ।

मयणाय पुं [मैनाक] एक द्वीप, एक पर्वत ।

मयणिज्ज देखो मदणिज्ज ।

मयणिवास पुं [दे] कामदेव ।

मयर पुं [मकर] राहु । मगर-मच्छ । मकर राशि । रावण का एक सुभट । छन्द-विशेष । °केउ पुं [°केतु] । °द्धय पुं [°ध्वज] । °लंछण पुं [°लाञ्छन] । °हर पुंन [°गृह] कंदर्प ।

मयरंद पुं [दे. मकरन्द] पुष्प-पराग ।

मयरंद पुं [मकरन्द] पुष्प-मधु ।

मयल देखो मइल=मलिन ।

मयल्लिगा स्त्री [मतल्लिका] प्रधान, श्रेष्ठ ।

मयह देखो मगह । °सामिय पुं [°स्वामिन्] मगध देश का राजा । °पुर न [°पुर] राज-गृह नगर । °हिवइ पुं[°धिपति] मगध देश का राजा ।

मयहर पुं [दे] ग्राम-प्रवर, गाँव का मुखिया । वि. वडील, नायक ।

मयाई स्त्री [दे] शिरो-माला ।

मयार पुं [मकार] 'म' अक्षर । मकारादि अश्लील—अवाच्य शब्द ।

मयाल (अप) देखो मराल ।

मयालि पुं. एक अन्तकृद् मुनि । एक अनुत्तर-गामी मुनि ।

मयाली स्त्री [दे] निद्राकारी लता ।

मर अक [मृ] मरना ।

मर पुं [दे] मशक । उल्लू, घूक ।

मरअद, मरगय } पुंन [मरकत] नील वर्णवाला रत्न-विशेष, पन्ना ।

मरजीवय पुं [दे. मरजीवक] समुद्र के भीतर जो वस्तु निकालने का काम करता है वह ।

मरट्ट पुं [दे] अहंकार ।

मरट्टा स्त्री [दे] उत्कर्ष ।

मरट्ठ (अप) देखो मरहट्ठ ।

मरढ देखो मरहट्ट ।

मरण पुंन. मौत ।

मरल सक. मराल =मराल, हंस ।

मरह सक [मृष्] क्षमा करना ।

मरहट्ठ पुंन [महाराष्ट्र] बड़ा देश । एक देश, मराठा । सुराष्ट्र । पुं. महाराष्ट्र देशवासी । छन्द-विशेष ।

मरहट्ठी स्त्री [महाराष्ट्री] महाराष्ट्र की रहने-वाली स्त्री । प्राकृत भाषा का एक भेद ।

मराल वि [दे] मन्द, आलसी ।

मराल पुं. हंस पक्षी । छन्द-विशेष ।

मराली स्त्री [दे] सारसी । दूती । सखी ।

मरिअ वि [दे] त्रुटित, टूटा हुआ । विस्तीर्ण ।

मरिअ देखो मिरिअ ।

मरिइ देखो मरीइ ।

मरिस सक [मृष्] सहन या क्षमा करना ।

मरिसावणा स्त्री [मर्षणा] क्षमा ।

मरीइ पुं [मरीचि] भगवान् ऋषभदेव का पौत्र और भरत चक्रवर्ती का पुत्र, जो भगवान् महावीर का जीव था । पुंस्त्री. किरण ।

मरीइया स्त्री [मरीचिका] किरण-समूह । मृग-तृष्णा ।

मरीचि देखो मरीइ ।

मरीचिया देखो मरीइया ।

मरु पुं [मरुत्] पवन, देवता । सुगन्धी वृक्ष, मरुवा । हनुमान् का पिता । °णंदण पुं [°नन्दन] । °स्सुय पुं [°सुत] हनूमान् ।

मरु, मरुअ } पुं [मरु, °क] निर्जल देश । मारवाड़ । पर्वत, ऊँचा पहाड़ । ब्राह्मण । एक नृप-वंश । मरु-वंशीय राजा ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मरु-निवासी। कंतार न [°कान्तार] निर्जल जंगल। °त्थली स्त्री [°स्थली]। °भू स्त्री. मरु-भूमि। °य वि [°ज] मरु देश में उत्पन्न।

मरुअ देखो मरु = मरुत्। एक देव-जाति। °कुमार पुं. वानरद्वीप का एक राजा। °वसभ पुं [°वृषभ] इन्द्र।

मरुआ स्त्री [मरुता] श्रेणिक की एक पत्नी।

मरुइणी स्त्री [मरुकिणी] ब्राह्मणी।

मरुंड देखो मुरुंड।

मरुकुंद पुं [दे. मरुकुन्द] मरुआ।

मरुदेव पुं [मरुदेव] ऐरवत क्षेत्र के एक जिन-देव। एक कुलकर पुरुष।

मरुदेवा, मरुदेवी, मरुद्देवा स्त्री [मरुदेवा, °वी] भ. ऋषभदेव की माता। श्रेणिक की पत्नी, जिसने भ. महावीर के पास दीक्षा लेकर मुक्ति पाई थी।

मरुल पुं [दे] भूत-पिशाच।

मरुव देखो मरुअ।

मरुस देखो मरिस।

मल सक [मल्] धारण करना।

मल देखो मड्ड।

मल पुं [दे] पसीना।

मल पुंन. मैल। पाप। कर्म।

मलपिअ वि [दे] अहंकारी।

मलय पुं [दे. मलक] आस्तरण-विशेष।

मलय पुं [दे. मलय] पहाड़ का एक भाग। उद्यान।

मलय पुं [मलय] दक्षिण का एक पर्वत। देश-विशेष। छन्द-विशेष। देवविमान-विशेष। न. श्रीखण्ड, चन्दन। पुंस्त्री. मलय का निवासी। °केउ पुं [°केतु] एक राजा। °गिरि पुं. एक जैन आचार्य और ग्रन्थकार। °चंद पुं [°चन्द्र] एक जैन उपासक। °द्दि पुं [°ाद्रि] पर्वत-विशेष। °भव वि. मलय देश में उत्पन्न। न. चन्दन। °मई स्त्री [°मती] राजा मलयकेतु की स्त्री। °य [°ज] देखो °भव। °रुह पुं. चन्दन का पेड़। न. चन्दन-काष्ठ। °ाचल पुं. मलय-पर्वत। °ाणिल पुं [°ानिल] मलयाचल से बहता शीतल पवन। °ायल देखो °ाचल।

मलय वि [मालय] मलय देश में उत्पन्न। न. चन्दन।

मलवट्टी स्त्री [दे] तरुणी, युवति।

मलहर पुं [दे] तुमुल-ध्वनि।

मलिअ न [दे] लघु-क्षेत्र। कुण्ड।

मलिण वि [मलिन] मैला, मल-युक्त।

मलीमस वि [मलीमस] मलिन, मैला।

मलेच्छ देखो मिलिच्छ।

मल्ल सक [मल्ल्] देखो मल = मल्।

मल्ल पुं. पहलवान। बाहु-योद्धा। पात्र। भीत का अवष्टम्भन-स्तम्भ। छप्पर का आधार-भूत काष्ठ। °जुद्ध न [°युद्ध] कुश्ती। °दिन्न पुंन [°दत्त] एक राजकुमार। °वाइ पुं [°वादिन्] जैन आचार्य और ग्रन्थकार।

मल्ल न [माल्य] पुष्प। फूल की माला। मस्तक-स्थित पुष्पमाला। एक देव-विमान। बलि।

मल्लइ पुं [मल्लकि, °किन्] नृप-विशेष।

मल्लग, मल्लय न [दे. मल्लक] पात्र-विशेष, शराव। चपक।

मल्लय न [दे] एक तरह का पूआ। वि. कुसुम्भ से रक्त।

मल्लाणी स्त्री [दे] मातुलानी। मामी।

मल्लि स्त्री. उन्नीसवें जिन-देव का नाम। मोतिया का गाछ। °णाह पुं [°नाथ] उन्नी-सवें जिन-देव।

मल्लि स्त्री. पुष्प-विशेष।

मल्लिअज्जुण पुं [मल्लिकार्जुन] एक राजा।

मल्लिआ स्त्री [मल्लिका] पुष्प-वृक्ष-विशेष। पुष्प विशेष। छन्द-विशेष।

मल्लिहाण न [माल्याधान] पुष्प-बन्धन-स्थान। केश-कलाप।

मल्ली देखो मल्लि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मल्ह अक [दे] मौज मानना, लीला करना।
मव सक [मापय्] मापना, नापना।
मविय वि [मापित] मापा हुआ।
मश्चली (मा) स्त्री [मत्स्य] मछली।
मस } पुं [मश, °क] शरीर पर का तिलाकार काला दाग, तिल। मच्छड़।
मसअ }
मसक्कसार न [मसक्कसार] इन्द्रों का एक स्वयं आभाव्य विमान।
मसग देखो मसअ।
मसण वि [मसृण] स्निग्ध। सुकुमार, अकर्कश। मन्द, धीमा।
मसरक्क सक [दे] सकुचना, समेटना।
मसाण न [श्मशान] मसान।
मसार पुं [दे. मसार] मसृणता-संपादक पाषाण-विशेष, कसौटी का पत्थर।
मसारगल्ल पुं. एक रत्न-जाति।
मसि स्त्री. काजल। स्याही।
मसिहार पुं [मसिहार] क्षत्रिय-परिव्राजक।
मसिण देखो मसण।
मसिण वि [दे] रम्य।
मसिणिअ वि [मसृणित] शुद्ध किया हुआ, मार्जित। स्निग्ध किया हुआ। विलुलित, विमर्दित।
मसी देखो मसि।
मसूर } पुंन [मसूर, °क] धान्य-विशेष, मसूरि। ओसीसा। वस्त्र या चर्म का वृत्ताकार आसन।
मसूरय }
मस्सु देखो मंसु।
मस्सूरग देखो मसूर।
मह सक [काङ्क्ष्] चाहना, वाञ्छना।
मह सक [मथ्] मथना, विलोड़न करना। मारना। घर्षण करना।
मह सक [मह्] पूजना।
मह पुंन. उत्सव।
मह पुं [मख] यज्ञ।
मह वि [महत्] बड़ा, वृद्ध। विपुल, विस्तीर्ण। उत्तम। स्त्री. °ई। °एवी स्त्री [°देवी] पटरानी। °कंतजस पुं [°कान्तयशस्] राक्षस वंश का एक लंका-पति। °कमलंग न [°कमलाङ्ग] ८४ लाख कमल की संख्या। °कव्व न [°काव्य] सर्ग-बद्ध उत्तम काव्य-ग्रंथ। °काल देखो महा-काल। °गइ पुं [°गति] राक्षस वंश का एक लंकेश। °ग्गह देखो महा-गह। °ग्घ वि [°अर्घ] महा-मूल्य। °ग्घविअ वि [°अर्घित] महँगा, दुर्लभ। विभूषित। सम्मानित। °ग्घिम(अप) वि [अर्घित] बहु-मूल्य। °चंद पुं [°चंद्र] राजकुमार-विशेष। एक राजा। °च्च वि [°अर्च] बड़ा ऐश्वर्य-वाला। बड़ी पूजा—सत्कारवाला। °च्च वि [°अर्च्य] अति पूज्य। °च्छरिय न [°आश्चर्य] बड़ा आश्चर्य। °जक्ख पुं [°यक्ष] भ. अजित-नाथ का शासन देव। °जाला स्त्री [°ज्वाला] विद्यादेवी-विशेष। °ज्जुइय वि [°द्युतिक] महान् तेजवाला। °ड्ढि स्त्री [°ऋद्धि] महान् वैभव। °ड्ढीअ वि [°ऋद्धिक] विपुल वैभव वाला। °ण्णव पुं [°अर्णव] महा-सागर। °ण्णवा स्त्री [°अर्णवा] बड़ी नदी। °तुडियंग न [त्रुटिताङ्ग] ८४ लाख त्रुटित की संख्या। °त्तण न [°त्व] बड़ाई, महत्ता। °त्तर वि [°तर] बहुत बड़ा। मुखिया, प्रधान। अन्तःपुर का रक्षक। °त्थ वि [°अर्थ] महान् अर्थवाला। °त्थ न [°अस्त्र] बड़ा हथियार। °त्थिम पुंस्त्री [°र्थत्व] महार्थता। °दलिल्ल वि [°दलिल] बड़ा दलवाला। °द्दह पुं [°द्रह] बड़ा ह्रद। °द्दि स्त्री [°अद्रि] बड़ी याचना। परिग्रह। °द्दुम पुं [°द्रुम] महान् वृक्ष। वैरोचन इन्द्र के एक पदाति-सैन्य का अधिपति। °द्धि वि [°ऋद्धि] बड़ी ऋद्धिवाला। °धूम पुं. बड़ा धुआँ। °पाण न [°प्राण] ध्यान-विशेष। °पुंडरीअ पुं [°पुंडरीक] ग्रह-विशेष। °प्प पुं [°आत्मन्] महा-पुरुष। °प्फल वि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[°फल] महान् फलवाला। °बाहु पुं. राक्षस-वंशी एक लंका-पति। °बोह पुं [°अबोध] महा-सागर। °ब्बल पुं [°बल] एक राज-कुमार। वि. विपुल बलवाला। देखो महाबल। °ब्भय वि [°भय] महाभय-जनक। °ब्भूय न [°भूत] पृथिवी आदि पाँच द्रव्य। °मरुय पुं [°मरुत] एक अन्तकृद् मुनि-विशेष। °मास पुं [°अश्व] महान् अश्व। °यर देखो °त्तर। °रव पुं. राक्षसवंशी एक लंका-पति। °रिसि पुं [°ऋषि] महर्षि, महामुनि। °रिह वि [°अर्ह] बड़े के योग्य, बहु-मूल्य। °वाय पुं [°वात] महान् पवन। °व्वइय वि [°व्रतिक] महाव्रतवाला। °व्वय पुंन [°व्रत] महान् व्रत। °व्वय पुं [°व्यय] विपुल खर्च। °सलाग स्त्री [°शलाका] पल्य-विशेष, एक प्रकार की नाप। °सिव पुं [°शिव] एक राजा, षष्ठ बलदेव और वासुदेव का पिता। °सुक्क देखो महासुक्क। °सेण पुं [°सेन] आठवें जिनदेव का पिता। एक राजा। एक यादव। न. वन-विशेष। देखो महा-सेण। देखो महा°।

महअर पुं [दे] गह्वर-पति, निकुञ्ज का मालिक।

महइ° अ [महाति] अति बड़ा। अत्यन्त विपुल। °जड वि [°जट] अति बड़ी जटा-वाला। °महाइंदइ पुं [°महेन्द्रजित्] इक्ष्वाकु-वंश का एक राजा। °महापुरिस पुं [°महापुरुष] सर्वोत्तम पुरुष। जिनदेव। °महालय वि [°महत्] अत्यन्त।

महई देखो मह = महत्।

महंग पुं [दे] ऊँट।

महंत देखो मह = महत्।

महच्च न [माहत्य] महत्त्व। महत्त्ववाला।

महण न [दे] पिता का घर।

महण पुं[महन]राक्षस वंश का एक लंका-पति।

महति° देखो महइ°।

महती स्त्री. सौ तांत वाली वीणा।

महत्थार न [दे] भाण्ड, भाजन। भोजन।

महप्पुर पुं [दे] माहात्म्य, प्रभाव।

महमह देखो मघमघ।

महम्मह देखो महमह।

महया° देखो महा°।

महर वि [दे] असमर्थ।

महलयपक्ख देखो महालवक्ख।

महल्ल वि [दे. महत्] वृद्ध, बड़ा। पृथुल, विशाल, विस्तीर्ण।

महल्ल वि [दे] मुखर, वाचाट। पुं. समुद्र। समूह।

महव देखो मघव।

महा स्त्री [मघा] नक्षत्र-विशेष।

महा° देखो मह = महत्। °अडड न [°अटट] ८४ लाख महाअटटांग की संख्या। °अडडंग न [°अटटाङ्ग] ८४ लाख अटट। °आल देखो °काल। °ऊह न. ८४ लाख महाऊहांग की संख्या। °कइ पुं [°कवि] श्रेष्ठ कवि। °कंदिय पुं [°क्रन्दित] व्यन्तर देवों की एक जाति। °कच्छ पुं. महाविदेह वर्ष का एक विजयक्षेत्र--प्रान्त। देव-विशेष। °कच्छा स्त्री. इन्द्र अतिकाय की अग्र-महिषी। °कण्ह पुं [°कृष्ण] श्रेणिक का पुत्र। °कण्हा स्त्री [°कृष्णा] राजा श्रेणिक की एक पत्नी। °कप्प पुं [°कल्प] जैन ग्रन्थ-विशेष। काल का एक परिमाण। °कमल न. चौरासी लाख महाकमलांग की संख्या। °कव्व देखो °मह-कव्व। °काय पुं. महोरग देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र। वि. महान् शरीरवाला। °काल पुं. महाग्रह-विशेष, एक ग्रह-देवता। दक्षिणलवण-समुद्र के पाताल-कलश का अधि-ष्ठायक देव। पिशाच-निकाय का उत्तर दिशा का इन्द्र। परमाधार्मिक देवों की एक जाति। वायु-कुमार देवों का एक लोकपाल। वेलम्ब

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इन्द्र का एक लोकपाल। एक निधि, जो धातुओं की पूर्त्ति करता है। सातवीं नरक-भूमि का नरकावास। पिशाच देवों की एक जाति। उज्जयिनी नगरी का जैन मन्दिर। शिव। उज्जयिनी का एक श्मशान। श्रेणिक का पुत्र। न. एक देवविमान। °काली स्त्री. एक विद्या-देवी। भ. सुमतिनाथ की शासन-देवी। श्रेणिक की एक पत्नी। °किण्हा स्त्री [°कृष्णा] एक महा-नदी। °कुमुद, °कुमुय न [°कुमुद] एक देव-विमान। चौरासी लाख महाकुमुदांग की संख्या। °कुमुयअंग न [°कुमुदाङ्ग] कुमुद को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या हो। °कुम्म पुं [°कूर्म] कूर्मावतार। °कुल न. श्रेष्ठ कुल। वि. उसमें उत्पन्न। °गंगा स्त्री [°गङ्गा] परिमाण-विशेष। °गह पुं [°ग्रह] सूर्य आदि ज्योतिष्क। °गह वि [°आग्रह] हठी। °गिरि पुं. एक जैन महर्षि। बड़ा पर्वत। °गोव पुं [°गोप] महान् रक्षक। जिन भगवान्। °घोस पुं [°घोष] ऐरवत क्षेत्र के भावी जिनदेव। स्तनित कुमार देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र। कुलकर पुरुष। परमाधार्मिक देव-जाति। न. देवविमान-विशेष। °चंद पुं [°चन्द्र] ऐरवत वर्ष के भावी तीर्थंकर। °जणिअ पुं [°जनिक] सार्थवाह आदि नगर के गण्य-मान्य लोग। °जलहि पुं [°जलधि] महा-सागर। °जस पुं [°यशस्] भरत चक्रवर्ती का पौत्र। ऐरवत क्षेत्र के चतुर्थ भावी तीर्थंकर-देव। वि. महान् यशस्वी। °जाइ स्त्री [°जाति] गुल्म-विशेष। °जाण न [°यान] बड़ा यान। चारित्र, संयम। एक विद्याधर नगर। पुं. मोक्ष। °जुद्ध न[°युद्ध] बड़ी लड़ाई। °जुम्म पुंन [°युग्म] महान् राशि। °ण देखो °यण। °णई स्त्री [°नदी] बड़ी नदी। °णंदियावत्त पुं [°नन्द्यावर्त] घोष नामक इन्द्र का लोकपाल। न. एक देवविमान। °णील न [°नील] रत्न-विशेष। वि. अति नील वर्णवाला। °णुभाअ, °णुभाग वि [°अनुभाग]। °णुभाव वि[°अनुभाव] महानुभाव, महाशय। °तमपहा स्त्री [°तमःप्रभा]। °तमा स्त्री. सप्तम नरक-पृथिवी। °तीरा स्त्री. नदी-विशेष। °तुडिय न [°त्रुटित] महात्रुटितांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या हो। °दामट्ठि पुं [°दामास्थि]। °दामड्ढि पुं [°दामर्द्धि] ईशानेन्द्र के वृषभ-सैन्य का अधिपति। °दुम देखो मह-द्दुम। न. एक देव-विमान। °दुमसेण पुं [°द्रुमसेन] श्रेणिक का पुत्र जिसने महावीर के पास दीक्षा ली थी। °देव पुं. श्रेष्ठ देव, जिन-देव। गौरी-पति। °देवी स्त्री. पटरानी। °धण पुं [°धन] एक वणिक्। °धणु पुं [°धनुष्] बलदेव का एक पुत्र। °नई स्त्री [°नदी] बड़ी नदी। °नंदिआवत्त देखो °णंदियावत्त। °नगर न. बड़ा शहर। °नय पुं [°नद] ब्रह्मपुत्र आदि बड़ी नदी। °नलिण न [°नलिन] महानलिनांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या हो। एक देव-विमान। °नलिणंग न [°नलिनाङ्ग] नलिन को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या हो। °निज्जामय पुं [°निर्यामक] श्रेष्ठ कर्णधार। °निद्दा स्त्री [°निद्रा] मृत्यु। °निनाद, °निनाय वि [°निनाद] प्रख्यात। °निसीह न [°निशीथ] एक जैन आगम-ग्रन्थ। °नीला स्त्री [°नीला] एक महानदी। °पउम पुं [°पद्म] भरतक्षेत्र का भावी प्रथम तीर्थंकर। पुंडरीकिणी नगरी का राजा और पीछे राजर्षि। भारतवर्ष का नववाँ चक्रवर्त्ती राजा। भरतक्षेत्र का भावी नववाँ चक्रवर्त्ती राजा। एक राजा। एक निधि। एक द्रह। श्रेणिक का एक पौत्र। देव-विशेष। वृक्ष-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विशेष। न. महापद्मांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या हो। एक देव-विमान। °पउमअंग न [°पद्माङ्ग] पद्म को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या हो। °पउमा स्त्री [°पद्मा] श्रेणिक की पुत्र-वधू। °पंडिय वि [°पण्डित] श्रेष्ठ विद्वान्। °पट्टण न [°पत्तन] बड़ा शहर। °पण्ण वि [°प्रज्ञ] श्रेष्ठ बुद्धि वाला। °पभ न [°प्रभ] एक देव-विमान। °पभा स्त्री [°प्रभा] एक राज्ञी। °पम्ह पुं [°पक्ष्म] महाविदेह वर्ष का एक प्रान्त। °परिण्णा स्त्री [°परिज्ञा] आचारांग के प्रथम श्रुतस्कन्ध का सातवाँ अध्ययन। °पसु पुं [°पशु] मनुष्य। °पह पुं [°पथ] बड़ा रास्ता, राज-मार्ग। °पाण न [°प्राण] ब्रह्मलोक-स्थित एक देव-विमान। °पायाल पुं [°पाताल] बड़ा पाताल-कलश। °पालि स्त्री. बड़ा पल्य। सागरोपम-परिमित आयु। °पिउ पुं [°पितृ] पिता का बड़ा भाई। °पीढ पुं [°पीठ] एक जैन महर्षि। °पुंख न [°पुङ्ख] एक देव-विमान। °पुंड न [°पुण्ड्र] एक देव-विमान। °पुंडरीय न [°पुण्डरीक] विशाल श्वेत कमल। पुं. ग्रह-विशेष। देव-विशेष। देखो पुंडरीअ। °पुर न. एक विद्याधर नगर। नगर-विशेष। °पुरा स्त्री [°पुरी] महापक्ष्म-विजय की राजधानी। °पुरिस पुं [°पुरुष] श्रेष्ठ पुरुष। किंपुरुष-निकाय का उत्तर दिशा का इन्द्र। °पुरी देखो [°पुरा]। °पोंडरीअ न [°पुण्डरीक] एक देव-विमान। देखो °पुंडरीय। °फल देखो मह-प्फल। °फलिह न [°स्फटिक] शिखरी पर्वत का एक उत्तर-दिशा स्थित कूट। °बल वि. महान् बलशाला। पुं. ऐरवत क्षेत्र का भावी तीर्थंकर। चक्रवर्त्ती भरत के वंश में उत्पन्न राजा। सोमवंशीय नर-पति। पाँचवें बलदेव का पूर्वजन्मीय नाम। भारतवर्ष का भावी छठवाँ वासुदेव। °बाहु पुं. भारतवर्ष का भावी चतुर्थ वासुदेव। रावण का सुभट। अपर विदेह-वर्ष में उत्पन्न वासुदेव। °भद्द न [°भद्र] तप-विशेष। °भद्दपडिमा स्त्री [°भद्र-प्रतिमा]। °भद्दा स्त्री [°भद्रा] कायोत्सर्ग-ध्यान का एक व्रत। °भय देखो मह-ब्भय। °भाअ, °भाग वि [°भाग] महानुभाव, महाशय। °भीम पुं. राक्षसों का उत्तर दिशा का इन्द्र। भारतवर्ष का भावी आठवाँ प्रतिवासुदेव। वि. बड़ा भयानक। °भीमसेण पुं [°भीम-सेन] एक कुलकर पुरुष। °भुअ पुं [°भुज] देव-विशेष। °भुअंग पुं [°भुजङ्ग] शेष-नाग। °भोया स्त्री [°भोगा] एक महा-नदी। °मउंद पुंन [°मुकुन्द] वाद्य-विशेष। °मंति पुं [°मन्त्रिन्] प्रधान-मन्त्री। हस्ति-सैन्य का अध्यक्ष। °मंस न [°मांस] मनुष्य का मांस। °मच्च पुं [°अमात्य] प्रधान-मंत्री। °मत्त पुं [°मात्र] हस्तिपक। °मरुया स्त्री [°मरुता] श्रेणिक की एक पत्नी। °मह पुं [°मह] महोत्सव। °महंत वि [°महत्] अति बड़ा। °माई (अप) स्त्री [°माया] छन्द-विशेष। °माउया स्त्री [°मातृका] माता की बड़ी बहन। °माढर पुं [°माठर] ईशानेन्द्र के रथ-सैन्य का अधि-पति। °माणसिआ स्त्री [°मानसिका] एक विद्यादेवी। °माहण पुं [ब्राह्मण] श्रेष्ठ ब्राह्मण। °मुणि पुं [°मुनि] श्रेष्ठ साधु। °मेह पुं [°मेघ] बड़ा मेघ। °मेह वि [°मेध] बुद्धिमान्। °मोक्ख वि [°मूर्ख] बड़ा बेव-कूफ। °यण पुं [°जन] श्रेष्ठ लोग। °यस देखो °जस। °रक्खस पुं [राक्षस] धनवाहन का पुत्र, लंका नगरी का राजा। °रह पुं [°रथ] बड़ा रथ। वि. बड़ा रथ-वाला। बड़ा योद्धा, दस हजार योद्धाओं से अकेला जूझनेवाला। °रहि वि [°रथिन्] देखो पूर्व का २रा और

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३रा अर्थ। °राय पुं [°राज] बड़ा राजा, राजाधिराज। समान ऋद्धिवाला सामानिक देव। लोकपाल देव। °रिट्ठ पुं [°रिष्ठ] बलि नामक इन्द्र का एक सेनापति। °रिसि पुं [°ऋषि] बड़ा मुनि, श्रेष्ठ साधु। °रिह, °रुह देखो मह-रिड्। °रोरु पुं, अप्रतिष्ठान नरकेन्द्रक की उत्तर दिशा में स्थित नरकावास। °रोरुअ पुं [°रोरुक, °रौरव] सातवीं नरक-भूमि का नरकावास। °रोहिणी स्त्री [°रोहिणी] एक महा-विद्या। °लंजर पुं [°अलञ्जर] बड़ा जल-कुम्भ। °लच्छी स्त्री [°लक्ष्मी] एक श्रेष्ठि-भार्या। छन्द-विशेष। श्रेष्ठ लक्ष्मी। लक्ष्मी-विशेष। °लयंग न [°लताङ्ग] लता नामक संख्या को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या हो। °लया स्त्री [°लता] महालतांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या हो। °लोहिअक्ख पुं. [°लोहिताक्ष] बलीन्द्र के महिष-सैन्य का अधिपति। °वक्क न [°वाक्य] परस्पर-सम्बद्ध अर्थ वाले वाक्यों का समुदाय। °वच्छ पुं [°वत्स] विदेह वर्ष का एक प्रान्त। °वच्छा स्त्री [°वत्सा] वही। °वण न [°वन] मथुरा के पास एक वन। °वण पुन [°आपण] बड़ी दूकान। °वप्प पुं [°वप्र] विजयक्षेत्र-विशेष। °वय देखो मह-व्वय। °वराह पुं. विष्णु का एक अवतार। बड़ा सूअर। °वह देखो °पह। °वाउ पुं [°वायु] ईशानेन्द्र के अश्व-सैन्य का अधिपति। °वाड पुं [°वाट] बड़ा बाड़ा, महान् गोष्ठ। °विगइ स्त्री [°विकृति] अति विकार जनक। मधु, मांस, मद्य और माखन। °विजय वि. बड़ा विजयवाला। °विदेह पुं. वर्ष-विशेष, क्षेत्र-विशेष। °विमाण न [°विमान] श्रेष्ठ देव-गृह। °विल न [°बिल] कन्दरा आदि बड़ा विवर। °वीर पुं. वर्तमान समय के अन्तिम तीर्थंकर। वि. महान् पराक्रमी। °वीरिअ पुं [°वीर्य] इक्ष्वाकुवंश के एक राजा। °वीहि, °वीही स्त्री [°वीथि, °थी] बड़ा बाजार। श्रेष्ठ-मार्ग। °वेग पुं. भूतों की एक प्रकार की देव-जाति। °वेजयंती स्त्री [°वैजयन्ती] बड़ी पताका, विजय-पताका। °सई स्त्री [°सती] उत्तम पतिव्रता स्त्री। °सउणि स्त्री [°शकुनि] एक विद्याधर-स्त्री। °सड्ढि वि [°श्रद्धिन्] बड़ा श्रद्धावाला। °सत्त वि [°सत्त्व] पराक्रमी। °समुद्द पुं [°समुद्र] महासागर। °सयग, °सयय पुं [°शतक] भगवान् महावीर का एक उपासक। °सामाण न [°सामान] एक देव-विमान। °साल पुं [°शाल] एक युवराज। °सिलाकंटय पुं [°शिलाकण्टक] राजा कूणिक और चेटकराज की लड़ाई। °सीह पुं [°सिंह] एक राजा, षष्ठ बलदेव और वासुदेव का पिता। °सीहणिक्कीलिय, °सीहनिकीलिय न [°सिंहनिक्रीडित] तप-विशेष। °सीहसेण पुं [°सिंहसेन] महावीर के पास दीक्षा ले अनुत्तर देवलोक में उत्पन्न राजा श्रेणिक का पुत्र। °सुक्क पुं [°शुक्र] सातवाँ देवलोक। सातवें देवलोक का इन्द्र। न. एक देव-विमान। °सुमिण पुं [°स्वप्न] उत्तम फलसूचक स्वप्न। °सुर पुं [°असुर] बड़ा दानव। दानवों का राजा हिरण्यकशिपु। °सुव्वय, °सुव्वया स्त्री [°सुव्रता] भगवान् नेमिनाथ की मुख्य श्राविका। °सूला स्त्री [°शूला] फाँसी। °सेअ पुं [°श्वेत] कूष्माण्ड नामक वानव्यन्तर देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र। °सेण पुं [°सेन] ऐरवत क्षेत्र के एक भावी जिन-देव। श्रेणिक का पुत्र जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी। एक राजा। एक यादव। न. एक वन। देखो मह-सेण। °सेणकण्ह पुं [°सेनकृष्ण] श्रेणिक का पुत्र। °सेणकण्हा स्त्री [°सेनकृष्णा] श्रेणिक की पत्नी। °सेल पुं [°शैल]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बड़ा पर्वत। न. नगर-विशेष। °सोआम, °सोदाम पुं [°सौदाम] वैरोचन बलीन्द्र के अश्व-सैन्य का अधिपति। °हरि पुं. एक नर-पति, दसवें चक्रवर्ती का पिता। °हिमव, °हिमवंत पुं [°हिमवत्] पर्वत-विशेष। देव-विशेष।

महाअत्त वि [दे] आढ्य, श्रीमन्त।

महाइय पुं [दे] महात्मा।

महाणड पुं [दे. महानट] रुद्र, महादेव।

महाणस न [महानस] रसोई-घर।

महाणसिय वि [महानसिक] रसोइया।

महाबिल न [दे. महाबिल] आकाश।

महामंति पुं [महामन्त्रिन्] महावत।

महारिय (अप) वि [मदीय] मेरा।

महाल पुं [दे] जार।

महालक्ख वि [दे] तरुण।

महालय देखो मह = महत्।

महालय पुंन. उत्सवों का स्थान। बड़ा आलय। बड़ा शरीरवाला।

महालवक्ख पुं [दे. महालयपक्ष] श्राद्ध-पक्ष, आश्विन मास का कृष्णपक्ष।

महावल्ली स्त्री [दे] कमलिनी।

महाविजय पुं. एक देवविमान।

महासउण पुं [दे] उल्लू, घूक-पक्षी।

महासद्दा स्त्री [दे] शृगाली।

महासेल वि [माहाशैल] महाशैल नगर का। °महि देखो मही। °अल न[°तल]भूमि-पृष्ठ। °गोयर पुं [गोचर] मनुष्य। °पट्ट न [पृष्ठ] भूमितल। °पाल पुं. राजा। °मंडल न [मण्डल] भू-मण्डल। °रमण पुं [°रमण]राजा। °वइ पुं [°पति]राजा। °वट्ठ देखो °पट्ठ। °वल्लह पुं [°वल्लभ] राजा। °वाल पुं [°पाल] राजा। एक व्यक्ति। °वेढ पुं [°वेष्ट, °पीठ] मही-तल। °सामि पुं [°स्वामिन्] राजा। °हर पुं [°धर] पर्वत। राजा।

महिअ वि [महित] पूजित, सत्कृत। न. एक देव-विमान। पूजा, सत्कार।

महिअ वि [महीयस्] बड़ा, गुरु।

महिअद्दुअ न [दे] घी का किट्ट।

महिआ स्त्री [महिका] अल्प मेघ, सूक्ष्म वर्षा। धुन्ध, कुहरा, मेघ-समूह। देखो मिहिआ।

महिंद पुं [महेन्द्र] बड़ा इन्द्र। पर्वत-विशेष। अति महान्। एक राजा। ऐरवत वर्ष का भावी १५वाँ तीर्थंकर। पुंन. एक देव-विमान। °कंत न [कान्त] एक देव-विमान। °केउ पुं [°केतु] हनूमान के मातामह। °ज्झय पुं [°ध्वज] बड़ा ध्वज। इन्द्र के ध्वज के समान ध्वज। बड़ा इन्द्र-ध्वज। न. एक देव-विमान। °दुहिया स्त्री [°दुहिता] अञ्जना-सुन्दरी, हनूमान की माता। °विक्कम पुं [°विक्रम] इक्ष्वाकुवंश का राजा। °सीह पुं [°सिंह] कुरु देश का राजा। सनत्कुमार चक्रवर्ती का मित्र।

महिंद वि [माहेन्द्र] महेन्द्र-सम्बन्धी। उत्पात-विशेष।

महिंदुत्तरवडिंसय न [महेन्द्रोत्तरावतंसक] एक देव-विमान।

महिगा देखो महिआ।

महिच्छ स्त्री [महेच्छा] महत्त्वाकांक्षी।

महिट्ठ वि [दे] तक्र-संस्कारित।

महिड्ढि, महिड्ढीय वि [महर्द्धि, °क] बड़ी ऋद्धि-वाला, महान् वैभववाला।

महिम पुंस्त्री [महिमन्] महत्त्व, माहात्म्य, योगी का एक ऐश्वर्य।

महिला देखो मिहिला।

महिला स्त्री [महिला] नारी। महिलिया स्त्री [महिलिका, महिला]। थूभ पुं [स्तूप] कूप आदि का किनारा।

महिलिया स्त्री [मिथिलिका] देखो मिहिला।

महिस पुं [महिष] भैंसा। °सुर पुं. एक दानव।

महिसंद पुं [दे] शिग्रु का पेड़।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महिसिअ वि [महिषिक] भैंसवाला, भैंस चराने वाला।

महिसिक्क न [दे] महिषी-समूह।

महिसी स्त्री [महिषी] राज-पत्नी।

महिस्सर पुं [महेश्वर] भूतवादि-देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र। देखो महेसर।

मही स्त्री. पृथिवी। एक नदी। छन्द-विशेष। °नाह पुं [°नाथ]। °पहु पुं [°प्रभु]। °पाल पुं. राजा। °रुह पुं. वृक्ष। °व पुं [°पति] राजा। °वीढ न [°पीठ] भूमि-तल। °स पुं [°श]। °सक्क पुं [°शक्र] राजा। देखो महि°।

महु पुं [मधु] एक दैत्य। वसन्त ऋतु। चैत्र मास। पाँचवाँ प्रति-वासुदेव राजा। एक राजा। मथुरा का एक राज-कुमार। चक्रवर्ती का एक देव-कृत महल। महुआ का गाछ। अशोक-वृक्ष। न. दारू। शहद। पुष्प-रस। मधुर-रस। जल। छन्द-विशेष। मधुर, मिष्ट वस्तु। °अर पुंस्त्री [°कर] भ्रमर। °अरवित्ति स्त्री [°करवृत्ति] भिक्षा-वृत्ति। [°अरीगीय] न [°करीगीत] नाट्य विधि-विशेष। °आसव वि [°आश्रव] जिसके प्रभाव से वचन मधुर लगे ऐसी लब्धिवाला। °गुलिया स्त्री [°गुटिका] शहद की गोली। °पडल न [°पटल] मधुपुडा। °भार पुं. छन्द-विशेष। °मक्खिया, °मच्छिआ स्त्री [°मक्षिका] शहद की मक्खी। °मय वि. मधु से भरा। °मह पुं [°मथ] विष्णु, वासुदेव, उपेन्द्र। भ्रमर। °मह पुं. वसन्त का उत्सव। °महण पुं [°मथन] विष्णु। समुद्र। सेतु। °मास पुं. चैत मास। °मित्त पुंन [°मित्र] कामदेव। °मेहण न [°मेहन] मधु-प्रमेह। °मेहि पुं [°मेहिन्] मधु-प्रमेह रोगवाला। °राय पुं [°राज] एक राजा। °लट्ठि स्त्री [°यष्टि] जेठी मधु। ओषधि। इक्षु। °वक्क पुं [°पर्क] दधियुक्त मधु। षोडशोपचार पूजा का छठवाँ उपचार। °वार पुं. मद्य। °सिंगी स्त्री [°शृंगी] वनस्पति-विशेष। °सूयण पुं [°सूदन] विष्णु।

महुअ पुं [मधूक] महुआ वृक्ष (न. फल)।

महुअ पुं [दे] श्रीवद पक्षी। स्तुति-पाठक।

महुण सक [मथ्] देखो मह।

महुत्त (अप) देखो मुहुत्त।

महुप्पल न [महोत्पल] कमल।

महुमुह पुं [दे.मधुमुख] पिशुन, दुर्जन।

महुर पुं. अनार्य देश-विशेष। उस देश में रहने वाली अनार्य मनुष्य-जाति।

महुर वि [मधुर] मीठा। कोमल। °भासि वि [°भाषिन्] प्रिय-भाषी।

महुरा स्त्री [मथुरा] भारत की एक नगरी। °मंगु पुं [°मङ्गु] एक जैनाचार्य। °हिव पुं [°धिप] मथुरा का राजा।

महुरालिअ वि [दे] परिचित।

महुरिम पुंस्त्री [मधुरिमन्] माधुर्य।

महुरेस पुं [मथुरेश] मथुरा का राजा।

महुला स्त्री [दे] रोग-विशेष, पाद-गण्ड।

महुसित्थ न [मधुसिक्थ] मदन, मोम। पंक-विशेष, स्त्री के पैर में लगा हुआ अलता तक लगनेवाला कादा। कला-विशेष।

महुस्सव देखो महूसव।

महूअ देखो महुअ = मधूक।

महूसव पुं [महोत्सव] बड़ा उत्सव।

महेंद देखो महिंद।

महेड्ड पुं [दे] पंक।

महेब्भ पुं [महेभ्य] बड़ा सेठ।

महेभ पुं [महेभ] बड़ा हाथी।

महेला स्त्री [महेला] स्त्री।

महेस } पुं [महेश]।
महेसर } [महेश्वर] महादेव। जिनदेव। श्रीमन्त। भूतवादी देवों के उत्तर दिशा का इन्द्र। °दत्त पुं एक पुरोहित।

महेसि देखो मह-रिसि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महोअर पुं [महोदर] रावण का एक भाई। वि. बहु-भक्षी।
महोअहि पुं [महोदधि] महासागर। °रव पुं. वानर-वंश का एक राजा।
महोच्छव देखो महूसव।
महोदहि देखो महोअहि।
महोरग पुं [महोरग] व्यन्तर देवों की एक जाति। बड़ा साँप। महा-काय सर्प की एक जाति। °त्थ न [°स्त्र] अस्त्र-विशेष।
महोरगकंठ पुं [महोरगकण्ठ] रत्न-विशेष।
महोसव देखो महूसव।
महोसहि स्त्री [महौषधि] श्रेष्ठ औषधि।
मा अ. नहीं।
मा स्त्री. लक्ष्मी, दौलत। शोभा।
मा, माअ } अक [मा] समाना, अटना। सक. माप करना। निश्चय करना, जानना।
माअडि पुं [मातलि] इन्द्र का सारथि।
माअरा देखो माइ = मातृ।
माअलि देखो माअडि।
माअलिआ स्त्री [दे] मातृष्वसा।
माअही स्त्री [मागधी] काव्य की एक रीति। देखो मागहिआ।
माआरा, माइ } स्त्री [मातृ] जननी। देवता, देवी। नारी। माया। भूमि। विभूति। लक्ष्मी। रेवती। आखुकर्णी। जटामांसी। इन्द्र-वारुणी, इन्द्रायण। °घर न [°गृह] देवी-मन्दिर। °ट्ठाण, °ठाण न [°स्थान] माया-स्थान। माया, कपट-दोष। °मेह पुं [°मेध] जिसमें माता का वध किया जाय वह यज्ञ। °हर देखो °घर। देखो माउ, माया = मातृ।
माइ वि [मायिन्] माया-युक्त, मायावी।
माइ अ [मा] मत, नहीं।
माइ, माइअ } वि [दे] रोमवाला, प्रभूत बालों से युक्त। मयूरित, पुष्प-विशेषवाला।
माइअ वि [मायिक] मायावी।
माइअ वि [मात्रिक] मात्रा-युक्त, परिमित।
माइं देखो माइ = मा।
माइंगण न [दे] वृन्ताक।
माइंद [दे] देखो मायंद।
माइंद पुं [मृगेन्द्र] सिंह।
माइंदजाल, माइंदयाल } न [मायेन्द्रजाल] माया-कर्म, बनावटी प्रपञ्च।
माइंदा स्त्री [दे] आमलकी, आमला का गाछ।
माइण्हिआ स्त्री [मृगतृष्णिका] धूप में जल की भ्रान्ति।
माइलि वि [दे] मृदु, कोमल।
माइल्ल देखो माइ = मायिन्।
माइवाह, माईवाह } पुंस्त्री [दे. मातृवाह] द्वीन्द्रिय जन्तु-विशेष, क्षुद्र कीट-विशेष।
माउ देखो माइ = मातृ। °ग्गाम पुं [°ग्राम] स्त्री-वर्ग। °च्छा देखो °सिआ। °पिउ पुं [°पितृ] माँ-बाप। °म्महो स्त्री [°मही] नानी। °सिआ, °सी, °स्सिआ स्त्री [°ष्वसृ] मौसी।
माउ, माउअ } वि [मातृ, °क] प्रमाण-कर्ता, सत्य ज्ञानवाला। परिमाण-कर्ता, नापनेवाला। पुं. जीव। आकाश।
माउअ वि [मातृक] माता-सम्बन्धी।
माउअ पुंन [मातृक, °का] अकार आदि छयालीस अक्षर। स्वर। करण। नीचे देखो।
माउआ स्त्री [मातृका] माता। ऊपर देखो। °पय पुंन [°पद] शास्त्रों के सार-भूत शब्द—उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य।
माउआ स्त्री [दे. मातृका] दुर्गा, पार्वती, उमा।
माउआ स्त्री [दे] सहेली। मूंछ।
माउआपय न [मातृकापद] मूलाक्षर, 'अ' से 'ह' तक के अक्षर।
माउक्क वि [मृदु, °क] कोमल।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

माउक्क न [मृदुत्व] कोमलता ।
माउच्छा स्त्री [दे. मातृष्वसृ] देखो माउ-च्छा ।
माउच्छा स्त्री [दे] सखी ।
माउच्छ वि [दे] मृदु, कोमल ।
माउत्त देखो माउक्क = मृदुत्व ।
माउल पुं [मातुल] माँ का भाई, मामा ।
माउलिअ देखो मउलिअ ।
माउलिंग देखो माहुलिंग ।
माउलिंगा } स्त्री [मातुलिङ्गा, °ङ्गी]
माउलिंगी } बीजौरे का गाछ ।
माउलुंग देखो माहुलिंग ।
मागंदिअ पुं [माकन्दिक] °पुत्त पुं [°पुत्र] माकन्दिकपुत्र जैन-मुनि ।
मागसीसी स्त्री [मार्गशीर्षी] अगहन मास की पूर्णिमा । अगहन की अमावस्या ।
मागह } वि [मागध, °क] मगध देश में
मागहय } उत्पन्न, मगध देश का । पुं स्तुति-पाठक, चारण । °भासा स्त्री [°भाषा] देखो मागहिआ का पहला अर्थ ।
मागहिआ स्त्री [मागधिका] मगध देश की प्राकृत भाषा । कला-विशेष । छन्द-विशेष ।
माघवई } स्त्री [माघवती] सातवीं नरक-
माघवा } भूमि । [माघवा, °वी] ।
माघवी }
माज्जार देखो मज्जार ।
माडंबिअ पुं [माडम्बिक] 'मडंब' का अधिपति । सीमा-प्रान्त का राजा ।
माडंबिय वि [माडम्बिक] चित्र-मंडप का अध्यक्ष ।
माडिअ न [दे] गृह ।
माढर पुं [माठर] सौधर्मेन्द्र के रथ-सैन्य का अधिपति । न. गोत्र-विशेष । शास्त्र-विशेष ।
माढर पुंस्त्री [माठर] माठर-गोत्र में उत्पन्न ।
माढरी स्त्री [माठरी] वनस्पति-विशेष ।
माढिअ वि [माठित] सन्नाह-युक्त, वर्मित ।

माढी स्त्री [माठी] कवच, वर्म, बख्तर ।
माण सक [मानय्] सम्मान करना । अनुभव करना ।
माण पुंन [मान] अहंकार । माप, परिमाण । नापने का साधन, बाट—बटखरा आदि । प्रमाण । आदर । पुं. एक श्रेष्ठि-पुत्र । °इंत, °इत्त, °इल्ल वि [°वत्] मानवाला । °तुंग पुं [°तुङ्ग] एक प्राचीन जैन कवि । °वई स्त्री [°वती] मानवाली स्त्री । रावण की एक पत्नी । °संघ न. एक विद्याधर-नगर । °वाइ वि [°वादिन्] अहंकारी ।
माण वि [मान] मान-सम्बन्धी ।
माण न [दे] दस सेर की नाप ।
माणंसि वि [दे] मायावी । स्त्री. चन्द्र-वधू ।
माणंसि देखो मणंसि ।
माणण न [मानन] आदर, सत्कार । मानना । अनुभव । सुख का अनुभव ।
माणय देखो माण = (दे) ।
माणव पुं [मानव] मनुष्य, मर्त्य । भगवान् महावीर का एक गण ।
माणवग } पुं [मानवक] अस्त्र-शस्त्रों की
माणवय } पूर्ति करनेवाली निधि । ज्योतिष्क महाग्रह । सौधर्म देवलोक का एक चैत्य-स्तम्भ ।
माणवी स्त्री [मानवी] एक विद्या-देवी ।
माणस न [मानस] सरोवर-विशेष । मन । वि. मन का । पुं. भूतानन्द के गन्धर्व-सैन्य का नायक ।
माणसिअ वि [मानसिक] मन-सम्बन्धी ।
माणसिआ स्त्री [मानसिका] एक विद्या-देवी ।
माणि वि [मानिन्] मानवाला । पुं. रावण का एक सुभट । पर्वत-विशेष । कूट-विशेष ।
माणिअ वि [दे. मानित] अनुभूत ।
माणिक्क न [माणिक्य] रत्न-विशेष ।
माणिण देखो माणि ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

माणिभद्द पुं [माणिभद्र] यक्ष-निकाय के उत्तर दिशा का इन्द्र। यक्षदेवों की एक जाति। देव-विशेष। शिखर-विशेष। एक देव-विमान।

माणिम देखो माण = मानय्।

माणी स्त्री [मानिका] २५६ पलों का माप।

माणुस पुंन [मानुष] मनुष्य। वि. मनुष्य-सम्बन्धी।

माणुसी स्त्री [मानुषी] स्त्री-मनुष्य। मनुष्य से सम्बन्ध रखनेवाली।

माणुसुत्तर, माणुसोत्तर } पुं [मानुषोत्तर] मनुष्यलोक का सीमाकारक पर्वत। न. एक देव-विमान।

माणुस्स देखो माणुस।

माणुस्स, माणुस्सय } न [मानुष्य, °क] मनुष्यत्व।

माणुस्सी देखो माणुसी।

माणूस देखो माणुस।

माणेसर पुं [माणेश्वर] माणिभद्र यक्ष।

माणोरामा (अप) स्त्री [मनोरामा] छन्द-विशेष।

मातंग देखो मायंग।

मातंजण देखो मायंजण।

मातुलिंग देखो माहुलिंग।

मादलिआ स्त्री [दे] माता।

मादु देखो माउ = स्त्री।

माधवी देखो माहवी = माधवी।

माभाइ, माभीसिअ } पुंस्त्री [दे] अभय-दान, अभय। न [दे]।

माम अ. कोमल आमन्त्रण का सूचक अव्यय।

माम पुं [दे] माँ का भाई।

मामग, मामय } वि [मामक] मदीय, मेरा। ममतावाला।

मामा स्त्री [दे] मामी।

मामाय वि [मामाक] 'मा' 'मा' बोलनेवाला, निवारक।

मामास पुं [मामाष] अनार्य देश-विशेष। अनार्य देश में रहनेवाली मनुष्य-जाति।

मामि अ. सखी आमन्त्रण का अव्यय।

मामिया, मामी } स्त्री [दे] मामा की बहू।

माय वि [मात] समाया हुआ।

माय वि [मायावत्] कपटवाला।

माय देखो मेत्त = मात्र।

माय° देखो माया = माया।

माय° देखो मत्ता = मात्रा। °न्न वि [°ज्ञ] परिमाण का जानकार।

मायइ स्त्री [दे] वृक्ष-विशेष।

मायंग पुं [मातङ्ग] भ. सुपार्श्वनाथ का शासन-यक्ष। भ. महावीर का शासन-यक्ष। हाथी। चाण्डाल, डोम।

मायंगी स्त्री [मातङ्गी] चाण्डालिन। एक विद्या।

मायंजण पुं [मातञ्जन] पर्वत-विशेष।

मायंड पुं [मार्तण्ड] सूर्य।

मायंद पुं [दे. माकन्द] आम का पेड़।

मायंदिअ देखो मागंदिअ।

मायंदी स्त्री [माकन्दी] नगरी-विशेष।

मायंदी स्त्री [दे] श्वेताम्बर साध्वी।

मायण्हिया स्त्री [मृगतृष्णिका] किरण में जल की भ्रान्ति, मरु-मरीचिका।

मायण्हिय (अप) देखो मायण्हिया।

माया = देखो माइ = मातृ। °पिइ, °पिति पुंन [°पितृ] माँ-बाप। °मह पुं. माँ का बाप। °वित्त देखो °पिइ।

माया देखो मत्ता = मात्रा।

माया स्त्री [माया] कपट, धोखा। इन्द्रजाल। मन्त्राक्षर 'ह्रीँ'। छन्द-विशेष। °णर पुं. [°नर] पुरुष-वेश-धारी स्त्री-आदि। °बीय न [°बीज] 'ह्रीँ' अक्षर। °मोस पुंन [°मृषा] कपट-पूर्वक असत्य वचन। °वत्तिअ, °वत्तीय वि [°प्रत्ययिक] छल-मूलक। °वि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वि [°विन्] मायायुक्त।
मार सक [मारय्] ताड़न या हिंसा करना।
मार पुं ताड़न। मरण, मौत। यम। कामदेव। चौथा नरक का एक नरकावास। वि. मारनेवाला। °वहू स्त्री [°वधू] रति।
मार पुं. मणि का एक लक्षण।
मारग वि [मारक] मारनेवाला।
मारणअ (अप) वि [मारयितृ] मारनेवाला।
मारणंतिअ वि [मारणान्तिक] मरण के अन्त समय का।
मारय देखो मारग।
मारा स्त्री. प्राणि-वध का स्थान, सूना।
मारि स्त्री. मृत्यु-दायक रोग। मारण। मौत।
मारि मार = मारय् का संकृ.।
मारिज्ज पुं [मारीच] रावण का एक सुभट। ऋषि-विशेष।
मारिज्जि देखो मरिइ।
मारिलग्गा स्त्री [दे] कुत्सित स्त्री।
मारिव पुंन [दे] गौरव।
मारिस वि [मादृश] मेरे जैसा।
मारी स्त्री. देखो मारि।
मारीअ पुं [मारीच] देखो मारिज्ज।
मारीइ } मारीजि } पुं [मारीचि] एक विद्याधर सामन्त राजा। रावण का एक सुभट।
मारुअ पुं [मारुत] पवन। हनुमान का पिता। °तणय पुं [°तनय] हनूमान। °त्थ न [°अस्त्र] वातास्त्र।
मारुअ वि [मारुक] मरु देश का।
मारुइ पुं [मारुति] हनूमान।
माल अक [माल्] शोभना। वेष्टित होना।
माल पुं [दे] बगीचा। मञ्च, आसन-विशेष। वि. मञ्जु।
माल पुं [दे. माल] देश-विशेष। तला, मंजिल। वनस्पति-विशेष।
माल° देखो माला। °गार वि [°कार] माली।
मालइ° } मालई } स्त्री [मालती] लता-विशेष। पुष्प-विशेष। छन्द-विशेष।
मालंकार पुं [मालङ्कार] वैरोचन बलीन्द्र के हस्ति-सैन्य का अधिपति।
मालव पुं. देश-विशेष। उसका निवासी। म्लेच्छ-विशेष, आदमी को उठा ले जानेवाली एक चोर जाति।
मालवंत पुं [माल्यवत्] पर्वत-विशेष। एक राजकुमार। °परियाग, °परियाय पुं [°पर्याय] पर्वत-विशेष।
मालविणी स्त्री [मालविनी] लिपि-विशेष।
माला स्त्री. फूल आदि का हार। पंक्ति। समूह। छन्द-विशेष। °इल्ल वि [°वत्] मालावाला। °कारि वि [°कारिन्]। °गार वि [°कार] माली। °धर पुं. प्रतिमा के ऊपर की रचना-विशेष। °यार, °र देखो °कार। °हरा स्त्री [°धरा] छन्द-विशेष।
माला स्त्री [दे] ज्योत्स्ना।
मालाकुंकुम न [दे] प्रधान कुंकुम।
मालि पुंस्त्री. वृक्ष-विशेष।
मालि } मालिअ } पुं [मालिन्] पाताल-लंका का राजा। [मालिक]। देश-विशेष। वि. माली। शोभनेवाला।
मालिआ स्त्री [मालिका, माला] देखो माला।
मालिज्ज न [मालीय] एक जैन मुनि-कुल।
मालिणी स्त्री [मालिनी] माली की स्त्री। शोभनेवाली। छन्द-विशेष। मालावाली।
मालिण्ण न [मालिन्य] मलिनता।
मालुग } मालुय } पुं [मालुक] त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष। वृक्ष-विशेष।
मालुया स्त्री [मालुका] वल्ली। वल्ली-विशेष।
मालुहाणी स्त्री [मालुधानी] लता-विशेष।
मालूर पुं [दे. मालर] कपित्थ।
मालूर पुं. बेल का गाछ। न. बेल का फल।
माविअ वि [मापित] मापा हुआ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मास देखो मंस = मांस।

मास पुं. महीना। काल। पर्व—वनस्पति-विशेष। °उस देखो °तुस। °कप्प पुं [°कल्प] एक स्थान में महीना तक रहने का आचार। °खमण न [°क्षपण] एक मास का उपवास। °गुरु न. एकाशन तप। °तुस पुं [°तुष] एक जैन मुनि। °पुरी स्त्री. भंगी या वर्त देश की राजधानी। °पूरिया स्त्री [°पूरिका] जैन मुनि-शाखा। °लहु न [°लघु] 'पुरिमड्ढ' तप।

मास पुं [माष] अनार्य-देश। उसकी मनुष्य-जाति। उड़द। परिमाण-विशेष, मासा। °पण्णी स्त्री [°पर्णी] वनस्पति-विशेष।

मासल देखो मंसल।

मासाहस पुं [मासाहस] पक्षि-विशेष।

मासिअ पुं [दे] पिशुन, दुर्जन।

मासिअ वि [मासिक] मास-सम्बन्धी।

मासिआ स्त्री [मातृष्वसृ] माँ की बहिन।

मासु देखो मंसु = श्मश्रु।

मासुरी स्त्री [दे] दाढी-मूँछ।

माह पुं [माघ] माघ महीना। संस्कृत का एक कवि। शिशुपालवध काव्य।

माह न [दे] कुन्द का फूल।

माहण पुंस्त्री [माहन, ब्राह्मण] अहिंसक—मुनि, साधु, ऋषि। श्रावक, जैन-उपासक। ब्राह्मण। °कुंड न [कुण्ड] मगध देश का ग्राम।

माहप्प } पुंन [माहात्म्य] महत्त्व, गौरव।
माहप्पया } प्रभाव। स्त्री.।

माहय पुं [दे] चतुरिन्द्रिय कीट-विशेष।

माहव पुं [माधव] श्रीकृष्ण, नारायण। वसन्त ऋतु। वैशाख मास। °पणइणी स्त्री [°प्रणयिनी] लक्ष्मी।

माहविआ } स्त्री [माधविका] [माधवी]
माहवी } लता-विशेष। एक राज-पत्नी।

माहारयण न [दे] कपड़ा। वस्त्र-विशेष।

माहिंद पुं [माहेन्द्र] एक-देवलोक। उसका स्वामी। ज्वर-विशेष। दिन का एक मुहूर्त्त। वि. महेन्द्र-सम्बन्धी।

माहिंदफल न [माहेन्द्रफल] इन्द्रयव।

माहिल पुं [दे] भैंस चरानेवाला।

माहिवाय पुं [दे] शिशिर या माघ का पवन।

माहिसी देखो महिसी।

माही स्त्री [माघी] माघ मास की पूर्णिमा। माघ की अमावस्या।

माहुर वि [माथुर] मथुरा का।

माहुर न [दे] शाक।

माहुर वि [माधुर] मधुर रसवाला।

माहुरिअ न [माधुर्य] मधुरता।

माहुलिंग पुं [मातुलिङ्ग] बीजपूर वृक्ष। न. बीजौरे का फल।

माहेसर वि [माहेश्वर] महेश्वर-भक्त। न. नगर-विशेष।

माहेसरी स्त्री [माहेश्वरी] लिपि-विशेष। नगरी-विशेष।

मि (अप) देखो अवि—अपि।

मि° स्त्री [मृत्] मिट्टी। °प्पिंड पुं [°पिण्ड] मिट्टी का पिंडा। °म्मय वि [°मय] मिट्टी का बना।

मिअ देखो मय = मृग। °चक्क न [°चक्र] ग्राम-प्रवेश आदि में मृगों के दर्शन से शुभाशुभ फल जानने की विद्या। °णअणी, °नयणा स्त्री [°नयना] देखो मय-च्छी। °मय पुं [°मद] कस्तूरी। °रिउ पुं [°रिपु] सिंह। °वाहण पुं [°वाहन] भरतक्षेत्र के एक भावी तीर्थंकर।

मिअ पुं [मृग] हरिण के जैसा पशु जो हरिण से छोटा और जिसका पुच्छ लम्बा होता है। °लोमिअ वि [°लोमिक] उसके बालों से बना।

मिअ देखो मित्त = मित्र।

मिअ वि [दे] विभूषित।

मिअ वि [मित] परिमित। थोड़ा। °वाइ वि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[°वादिन्] आत्मा आदि पदार्थों को परिमित माननेवाला ।
मिअ देखो मिव = इव ।
मिअ° देखो मिआ । °ग्गाम पुं [°ग्राम] ग्राम-विशेष ।
मिअआ स्त्री [मृगया] शिकार ।
मिअंक पुं [मृगाङ्क] चाँद । चन्द्र-विमान । इक्ष्वाकुवंश का राजा । °मणि पुं. चन्द्रकान्त मणि ।
मिअंग देखो मयंग = मृदंग ।
मिअसिर देखो मगसिर ।
मिआ स्त्री [मृगा] राजा विजय या बलभद्र की पत्नी । °उत्त, °पुत्त पुं [°पुत्र] राजा विजय का पुत्र । राजा बलभद्र का पुत्र, बलश्री । °वई स्त्री [°वती] प्रथम वासुदेव की माता । राजा शतानीक की पटरानी ।
मिइ स्त्री [मिति] मान, परिमाण ।
मिइ देखो मिउ = मृत् ।
मिइंग देखो मयंग = मृदंग ।
मिइंद देखो मइंद = मृगेन्द्र ।
मिउ स्त्री [मृद्] मिट्टी ।
मिउ वि [मृदु] कोमल । मनोज्ञ ।
मिंचण न [दे] मीचना ।
मिंज°, मिंजा, मिंजिय } स्त्री [मज्जा] हाड़ के बीच का अवयव-विशेष । मध्यवर्त्ती अवयव ।
मिंठ, मिंठिल } पुं [दे] हाथी का महावत । देखो मेंठ ।
मिंढ पुंस्त्री [मेढ्र] मेंढा, भेड़ । न. पुरुष-लिंग । °मुह पुं [°मुख] अनार्यदेश । न. एक नगर । देखो मेंढ ।
मिंढिय पुं [मेण्ढिक] ग्राम-विशेष ।
मिग देखो मय = मृग । °गंध पुं [°गन्ध] युगलिक मनुष्य की जाति । °नाह पुं [°नाथ] । °वइ पुं [°पति] सिंह । °वालुंकी स्त्री [°वालुङ्की] वनस्पति-विशेष । °रि पुं. । °ाहिव पुं [°ाधिप] सिंह ।
मिगया, मिगव्व } स्त्री [मृगया] शिकार । न. [मृगव्य] ।
मिगसिर देखो मगसिर ।
मिगावई देखो मिआ-वई ।
मिगी स्त्री [मृगी] हरिणी । विद्या-विशेष । °पद न. स्त्री-योनि ।
मिच्चु देखो मच्चु ।
मिच्छ (अप) देखो इच्छ = इष् ।
मिच्छ पुं [म्लेच्छ] यवन, अनार्य मनुष्य । °पहु पुं [°प्रभु] म्लेच्छों का राजा । °पिय न [प्रिय]प्याज, लशुन । °ाहिव पुं [°ाधिप] यवनों का राजा ।
मिच्छ न [मिथ्य] असत्य वचन । वि. झूठा । मिथ्यादृष्टि, तत्त्व का अश्रद्धालु ।
मिच्छ° देखो मिच्छा । °कार पुं. मिथ्याकरण । °त्त न [°त्व] सत्य धर्म का अविश्वास । °द्दिट्ठि, °दिट्ठीय, °द्दिट्ठि, °द्दिट्ठिय वि [°दृष्टि, क°] सत्य धर्म पर श्रद्धा नहीं रखनेवाला, जिन-धर्म से भिन्न धर्म माननेवाला ।
मिच्छा अ [मिथ्या] असत्य । मिथ्यात्व-मोहनीय कर्म । प्रथम गुण-स्थानक । °दंसण न [°दर्शन] सत्य तत्त्व पर अश्रद्धा । असत्य धर्म । °नाण न [°ज्ञान] विपरीत ज्ञान, अज्ञान । °सुअ न [°श्रुत] असत्य-मिथ्यादृष्टि-प्रणीत शास्त्र ।
मिज्ज अक [मृ] मरना ।
मिज्झ वि [मेध्य] शुचि ।
मिट सक [दे] मिटाना, लोप करना ।
मिट्ठ वि [मिष्ट, मृष्ट] मीठा, मधुर ।
मिण सक [मा, मी] परिमाण करना । नापना, तोलना । जानना, निश्चय करना ।
मिणाय न. बलात्कार, जबरदस्ती ।
मिणाल देखो मुणाल ।
मित्त पुं [मित्र] सूर्य । अनुराधा नक्षत्र का

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अधिष्ठायक देव। अहोरात्र का मुहूर्त। एक राजा। पुंन. दोस्त। °केसी स्त्री [°केशी] रुचक पर्वत पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी। °गा स्त्री. वैरोचन बलीन्द्र की अग्र-महिषी, एक इन्द्राणी। °णंदि पुं [°नन्दिन्] एक राजा। °दाम पुं. एक कुलकर पुरुष। °देवा स्त्री. अनुराधा नक्षत्र। °व वि[°वत्] मित्रवाला। °सेण पुं [°सेन] एक पुरोहित-पुत्र।

मित्त देखो मेत्त = मात्र।

मित्तल पुं [दे] कन्दर्प।

मित्ति स्त्री [मति] मान, परिमाण। सापेक्षता।

मित्तिआ स्त्री [मृत्तिका] मिट्टी। °वई स्त्री [°वती] दशार्ण देश की राजधानी।

मित्तिज्ज अक [मित्रीय्] मित्र को चाहना।

मित्तिय न [मैत्रेय] वत्स गोत्र की एक शाखा। पुंस्त्री. उसमें उत्पन्न।

मित्तिवय पुं [दे] पति का बड़ा भाई।

मित्ती स्त्री [मैत्री] दोस्ती।

मिथुण देखो मिहुण।

मिदु देखो मिउ।

मिरिअ पुंन [मिरिच] मिरच, मिर्चा।

मिरिआ स्त्री [दे] झोंपड़ी।

मिरिइ
मिरी
मिरीइ } पुंस्त्री [मरीचि] किरण, प्रभा।
मिरीय

मिल अक [मिल्] मिलना। एकत्रित होना।

मिलक्खु पुंन. देखो मिच्छ = म्लेच्छ।

मिला
मिलाअ } अक [म्लै] म्लान होना, निस्तेज होना।

मिलाण वि [म्लान] निस्तेज, विच्छाय।

मिलाण न [दे] पर्याण (?)।

मिलाणि स्त्री [म्लानि] विच्छायता।

मिलिअ वि [मिलित] मिला हुआ। [मेलित] मिलाया हुआ।

मिलिच्छ देखो मिच्छ = म्लेच्छ।

मिलिट्ठ वि [म्लिष्ट] अस्पष्ट वाक्यवाला। म्लान। न. अस्पष्ट वाक्य।

मिलिमिलिमिल अक [दे] चमकना।

मिलीण देखो मिलिअ।

मिल्ल सक [मुच्] छोड़ना, त्यागना।

मिल्लाविअ वि [मोचित] छुड़ाया हुआ।

मिल्लिअ (अप) देखो मिलिअ।

मिल्ह देखो मिल्ल।

मिव देखो इव।

मिस सक [मिस्] शब्द करना।

मिस न [मिष] बहाना, छल, व्याज।

मिसमिस अक [दे] खूब जलना या चमकना।

मिसल (अप) सक [मिश्रय्] मिश्रण करना।

मिसल (अप) देखो मोस, मीसालिअ।

मिसिमिस देखो मिसमिस।

मिसिमिसिय वि [दे] उद्दीप्त, उत्तेजित।

मिस्स सक [मिश्रय्] मिश्रण करना।

मिस्स देखो मीस = मिश्र।

°मिस्स पुं [°मिश्र] पूज्य।

मिस्साकूर पुंन [मिश्राकूर] खाद्य-विशेष।

मिह अक [मिध्] स्नेह करना।

मिह देखो मिस = मिष।

मिह देखो मिहो।

मिहिआ स्त्री [दे] मेघ-समूह।

मिहिआ स्त्री [मिघिका], देखो महिआ।

मिहिर पुं. सूर्य।

मिहिला स्त्री [मिथिला] नगरी-विशेष।

मिहु
मिहुं } देखो मिहो।

मिहुण न [मिथुन] स्त्री-पुरुष का युग्म। ज्योतिष-प्रसिद्ध एक राशि।

मिहो अ [मिथस्] आपस में।

मीअ न [दे] समकाल, उसी समय।

मीण पुं [मीन] मछली। राशि-विशेष।

मीत देखो मित्त = मित्र।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मीमंस सक [मीमांस्] विचार करना ।
मीमंसा स्त्री [मीमांसा] जैमिनीय दर्शन ।
मीरा स्त्री [दे] दीर्घ चुल्ली, बड़ा चुल्हा ।
मील अक [मील्] मीचाना, सकुचाना ।
मील देखो मिल ।
मीलच्छीकार पुं [मोलच्छीकार] यवन देश-विशेष । एक यवन राजा ।
मीस सक [मिश्रय्] मिश्रण करना ।
मीस वि [मिश्र] संयुक्त, मिला हुआ । न. लगातार तीन दिनों का उपवास ।
मीसालिअ वि [मिश्र] संयुक्त, मिला हुआ ।
मुअ सक [मोदय्] खुश करना ।
मुअ सक [मुच्] छोड़ना ।
मुअ वि [मृत] मरा हुआ । °वहण न [°वहन] शव यान, ठठरी, अरथी ।
मुअ वि [स्मृत] याद किया हुआ ।
मुअंक देखो मिअंक ।
मुअंग देखो मिअंग ।
मुअंगी स्त्री [दे] कीटिका, चींटी ।
मुअग्ग पुं [दे] बाह्य और अभ्यन्तर पुद्‌गलों से बना आत्मा ऐसा मिथ्या-ज्ञान ।
मुअण न [मोचन] छुटकारा, छोड़ना ।
मुअल (अप) देखो मुअ = मृत ।
मुआ स्त्री [मृत्] मिट्टी ।
मुआ स्त्री [मुद्] हर्ष, आनन्द ।
मुआइणी स्त्री [दे] डोमिन, चाण्डालिन ।
मुइ वि [मोचिन्] छोड़नेवाला ।
मुइअ वि [मुदित] हर्षित । पुं. रावण का सुभट ।
मुइअ वि [दे] योनि-शुद्ध, निर्दोष मातावाला ।
मुइअंगा देखो मुअंगी ।
मुइंग देखो मिअंग । °पुक्खर पुंन [°पुष्कर] मृदंग का ऊपरवाला भाग ।
मुइंगलिया } स्त्री [दे] कीटिका, चींटी ।
मुइंगा }
मुइंगि वि [मृदङ्गिन्] मृदंग बजानेवाला ।
मुइंद देखो मइंद = मृगेन्द्र ।
मुइज्जंत मुअ = मोदय् का कवकृ. ।
मुइर वि [मोक्तृ] छोड़नेवाला ।
मुउ देखो मिउ ।
मुउंद पुं [मुचुकुन्द] नृप-विशेष । पुष्पवृक्ष-विशेष ।
मुउंद पुं [मुकुन्द] विष्णु, नारायण ।
मुउर देखो मउर = मुकुर ।
मुउल देखो मउल = मुकुल ।
मुंगायण न [मृङ्गायण] विशाखा नक्षत्र का गोत्र ।
मुंच देखो मुअ = मुच् ।
मुंज पुंन [मुञ्ज] मूंज तृण । °मेहला स्त्री [°मेखला] मूंज का कटिसूत्र ।
मुंजइ न [मौञ्जकिन्] गोत्र-विशेष । पुंस्त्री. गोत्र में उत्पन्न ।
मुंजकार पुं [मुञ्जकार] मूंज की रस्सी बनानेवाला शिल्पी ।
मुंजायण पुं [मौञ्जायन] ऋषि-विशेष ।
मुंजि पुं [मौञ्जिन्] ऊपर देखो ।
मुंट वि [दे] हीन शरीरवाला ।
मुंड सक [मुण्डय्] मूंडना । दीक्षा देना ।
मुंड पुंन [मुण्ड] सिर । वि दीक्षित । °परसु पुं [°परशु] नंगा या तीक्ष्ण कुठार ।
मुंडा स्त्री [दे] मृगी ।
मुंडी स्त्री [दे] नीरङ्गी, शिरो-वस्त्र, घूंघट ।
मुंढ } पुं [मूर्धन्] मस्तक । देखो मुद्ध =
मुंढाण } मूर्धन् ।
मुकलाव सक [दे] भेजवाना ।
मुकुर पुं. दर्पण, आईना ।
मुक्क (अप) सक [मुच्] छोड़ना ।
मुक्क वि [मूक] गूंगा ।
मुक्क देखो मुक्कल ।
मुक्क वि [मुक्त] त्यक्त । मोक्षप्राप्त । पाँच दिन का उपवास । देखो मुत्त = मुक्त ।
मुक्कय न [दे] दुलहिन के अतिरिक्त अन्य निम-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

न्त्रित कन्याओं का विवाह।

मुक्कल वि [दे] उचित। स्वैर, बन्धन-मुक्त।

मुक्कलिअ वि [दे] बन्धन-मुक्त। अनियन्त्रित।

मुक्कुंडी स्त्री [दे] जूट।

मुक्कुरुड पुं [दे] राशि, ढेर।

मुक्केलय देखो मुक्क = मुक्त।

मुक्ख पुं [मोक्ष] निर्वाण। छुटकारा।

मुक्ख वि [मूर्ख] अज्ञानी, बेवकूफ।

मुक्ख वि [मुख्य] प्रधान, नायक।

मुक्ख पुंन [मुष्क] अण्डकोष। वृक्ष-विशेष। चोर। वि. मांसल, पुष्ट।

मुक्खणी स्त्री [मोक्षणी] स्तम्भन से छुटकारा करनेवाली विद्या-विशेष।

मुख देखो मुह = मुख।

मुख पुं. एक म्लेच्छ-जाति। गाड़ी के ऊपर का ढक्कन।

मुग देखो मुग्ग।

मुगुंद देखो मउंद = मुकुन्द।

मुगुंस पुंस्त्री [दे] हाथ से चलनेवाले जन्तु की एक जाति। देखो मंगुस, मुग्गस।

मुग्ग पुं [मुद्ग] मूँग। रोग-विशेष। जल-काक। °पण्णी स्त्री [°पर्णी] वनस्पति-विशेष। °सेल पुं [°शैल] कभी नहीं भींगने-वाला एक पर्वत।

मुग्गड पुं [दे] मोगल, म्लेच्छ-जाति-विशेष। व्यन्तर-विशेष। देखो मोग्गड।

मुग्गर न [मुद्गर] देखो मोग्गर।

मुग्गरय न [दे. मुग्धारत] मुग्धा के साथ रमण।

मुग्गल देखो मुग्गड।

मुग्गस पुं [दे] नकुल।

मुग्गाह अक [प्र + सृ] फैलना।

मुग्गिल } पुं [दे] पर्वत-विशेष।
मुग्गिल्ल }

मुग्गुसु देखो मुग्गस।

मुग्घड देखो मुग्गड।

मुग्घुरुड देखो मुक्कुरुड।

मुचकुंद देखो मुउकुंद।

मुच्छ अक [मूर्च्छ्] मूर्छित होना। आसक्त होना। बढ़ना।

मुच्छणा स्त्री [मूर्च्छना] गान का एक अंग।

मुच्छा स्त्री [मूर्च्छा] मोह। बेहोशी। गृद्धि, आसक्ति। मूर्च्छना, गीत का एक अंग।

मुच्छिअ वि [मूर्च्छित] मूर्च्छा-युक्त। पुं. नरकावास-विशेष।

मुच्छिम पुं [मूर्च्छिम] मत्स्य-विशेष।

मुज्झ अक [मुह्] मोह करना। घबड़ाना।

मुट्टिम पुंस्त्री [दे] गर्व। देखो मोट्टिम।

मुट्ठ वि [मुष्ट] जिसकी चोरी हुई हो।

मुट्ठि पुंस्त्री [मुष्टि] मूठी, मुक्का। °जुज्झ न [°युद्ध] मुष्टि की लड़ाई, मूका-मूकी। °पुत्थय न [°पुस्तक] चार अंगुल वृत्ताकार या चतुष्कोण पुस्तक।

मुट्ठिअ पुं [मौष्टिक] अनार्य-देश या मनुष्य-जाति। मुट्ठी-मल्ल। वि. मुष्टि-सम्बन्धी।

मुट्ठिअ पुं [मुष्टिक] मल्ल-विशेष, जिसको बलदेव ने मारा था। अनार्य देश या मनुष्य-जाति।

मुट्ठिका स्त्री [दे] हिक्का, हिचकी।

मुड्ढ देखो मुंढ।

मुड्ढ वि [मुग्ध, मूढ] मूर्ख, बेवकूफ।

मुण सक [ज्ञा, मुण्] जानना।

मुणमुण सक [मुणमुणाय्] बड़बड़ाना।

मुणाल पुंन [मृणाल] पद्मकन्द के ऊपर की लता। पद्मनाल। पद्म आदि के नाल का तन्तु। वीरण का मूल। कमल।

मुणालि पुं [मृणालिन्] पद्म-समूह। कमल-वाला स्थान।

मुणालिआ } स्त्री [मृणालिका, °ली] बिस-तन्तु, बिस का अंकुर। कमलिनी। देखो मणालिया।
मुणाली }

मुणि पुं [मुनि] राग-द्वेष-रहित मनुष्य, संत,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

साधु, ऋषि, यति। अगस्त्य ऋषि। सात की संख्या। छन्द-विशेष। °चंद पुं [°चन्द्र] जैन आचार्य और ग्रंथकार, वादी देवसूरि के गुरु। एक राज-पुत्र। °नाह पुं [°नाथ] साधुओं का नायक। °पुंगव पुं [पुङ्गव] श्रेष्ठ-मुनि। °राय पुं [°राज]। °वइ पुं [°पति]मुनि-नायक। °वर पुं.। °वेजयंत पुं [वैजयन्त]। °सीह पुं [°सिंह]श्रेष्ठ मुनि। °सुव्वय पुं [°सुव्रत] वर्तमान काल के भारतवर्ष के बीसवें तीर्थंकर। भारतवर्ष के भावी तीर्थंकर।

मुणि पुं [दे. मुनि] अगस्ति-द्रुम।

मुणिअ वि [दे. मुणिक] ग्रह-गृहीत, पागल।

मुणिंद पुं [मुनीन्द्र] श्रेष्ठ मुनि।

मुणीस } पुं [मुनीश] मुनि-नायक।
मुणीसर } [मुनीश्वर]।

मुणीसिम (अप) पुंन [मनुष्यत्व] मनुष्यपन। पुरुषार्थ।

मुत्त सक [मूत्रय्] पेशाब करना।

मुत्त देखो मुक्क = मुक्त। °लय पुंस्त्री. मुक्त जीवों की ईषत्प्राग्भारा पृथिवी।

मुत्त वि [मूर्त] मूर्तिवाला, रूपवाला, आकारवाला। कठिन। मूढ़। मूर्च्छा-युक्त। एक उपवास। एक प्राण।

मुत्त° देखो मुत्ता।

मुत्ता स्त्री [मुक्ता] मोती। °जाल न. मुक्ता-समूह या माला। °दाम न[°दामन] मोतियों की माला। °वलि, °वली स्त्री. मोती का हार। तप, द्वीप या समुद्र-विशेष। °सुत्ति स्त्री [°शुक्ति]मोती की सीप। मुद्रा-विशेष। °हल न [°फल] मोती। °हल्लिल वि [°फलवत्] मोतीवाला।

मुत्ति स्त्री [मूर्ति] रूप, आकार। प्रतिबिम्ब, प्रतिमा, शरीर। काठिन्य। °मंत वि[°मत्] मूर्तिवाला, मूर्त, रूपी।

मुत्ति स्त्री [मुक्ति] मोक्ष। निर्लोभता, संतोष। ईषत्प्राग्भारा पृथ्वी। निस्संगता।

मुत्ति वि [मूत्रिन्] बहु-मूत्र रोगवाला।

मुत्ति वि [मौक्तिन्] मोती पिरोने या गूँथने वाला।

मुत्तिअ न [मौक्तिक] देखो मोत्तिअ।

मुत्तोली स्त्री [दे] मूत्राशय। ऊपर नीचे संकीर्ण और मध्य में विशाल। छोटा कोठा।

मुत्थ त्रि [मुस्त] मोथा, नागरमोथा।

मुदग्ग देखो मुअग्ग।

मुदा स्त्री [मुद्] खुशी। °गर वि [°कर] हर्षजनक।

मुदुग पुं [दे] ग्राह-विशेष। जल-जन्तु-जाति।

मुद्द सक [मुद्रय्] मोहर लगाना। बन्द करना। अंकन करना।

मुद्दंग पुं [दे] उत्सव। सम्मान।

मुद्दग पुं [मुद्रिका] अँगूठी।

